www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025 । वर्ष – 66 । अंक –346 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



नवरात्रि के सातवें दिन माता कालरात्रि को गुड़ अतिप्रिय है, मां को गुड़ से बना हलवा का भोग लगाना चाहिए

- 'नागरिकों के सिर की छत ऐसे नहीं गिराई जा सकती'
- ट्रम्प के टैरिफ पर केनेडा, मैक्सिको और चीन से भारत सबक ले

पृष्ठ 6

- प्रधानमंत्री मोदी को थाई पीएम ने गिफ्ट किया बौद्ध धर्मग्रंथ
- दिलों व परंपराओं को जोड़ती है रामायण : मोदी

पृष्ठ 7

ऑरेंज कैप की रेस में निकोलस पूरन

पृष्ठ 8

# राज्यसभा से भी वक्फ संशोधन विधेयक पारित

**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। विधेयक के पक्ष में 128 वोट और विपक्ष में 95 वोट पड़े। विधेयक पर 12 घंटे से भी ज्यादा पक्ष-विपक्ष में चर्चा चली। राज्यसभा में वक्फ संशोधन पर वोटिंग के समय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी समेत तमाम बड़े नेता सदन में मौजूद थे। विपक्ष की ओर से बिल में संशोधन के कई प्रस्ताव पेश किए गए, लेकिन एक के बाद एक सभी संशोधन ध्वनिमत से खारिज हुए।

राज्यसभा में वक्फ बिल पर विपक्ष के आरोपों पर किरेन रिजिजू ने जवाब दिया। जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हमने विपक्ष के कई सुझावों को माना है। सरकार ने विपक्ष के सभी सवालों के जवाब दिए हैं। इस दौरान विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो बहुमत में होता है वो सरकार चलाता है और लोकतंत्र बहुमत से चलता है। उन्होंने



कहा कि विपक्ष ने कहा कि ट्रिब्यूनल में तीन मेंबर होने चाहिए, हमने वो बात मानी है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार वक्फ संशोधन विधेयक का मसौदा तैयार किया गया था और जो विधेयक हम अब पारित कर रहे हैं, उसमें बहुत सारे बदलाव हैं। अगर हमने किसी के सुझाव नहीं माने होते तो यह विधेयक पूरी तरह से अलग होता ।उन्होंने कहा कि सेंट्रल वक्फ काउंसिल में 22 मेंबर होंगे. एक्स ऑफिशियो मेंबर को मिला कर 4

## पक्ष में 128 वोट
## विपक्ष में 95 वोट

> यह विधेयक देश में एक नया सवेरा लेकर आया है और इसीलिए इस एक्ट का नाम 'उम्मीद' रखा गया है :
> **किरेन रिजिजू**, अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे.वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम नहीं होंगे. यह साफ तौर पर बताया जा चुका है। जे. पी. सी. के सदस्य स्वयं जे. पी. सी. में बैठते हैं और आरोप लगाते हैं कि जे. पी. सी. में उनकी बात नहीं सुनी गई। जितना आप चाहते हैं, उतना स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगर जेपीसी में बहुमत को मंजूरी मिल गई है, तो हम क्या कर सकते हैं?

कांग्रेस सांसद नसीर हुसैन ने कहा भाजपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर रही है। हमें दूसरे दर्ज का नागरिक बनाने की कोशिश की जा रही है। संजय सिंह ने भाजपा पर दंगे भड़काने का आरोप लगाया। मंदिर ट्रस्टों में 80 फीसदी आरक्षण की मांग की। बीजेडी सांसद मुजीबुल्ला ने पूछा मुसलमान कैसे साबित करेगा अपना धर्म। नड्डा ने कहा कि मोदी ने मुसलमानों को मुख्य धारा में ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### समाज को बांट रही सरकार : सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। श्रीमती गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। श्रीमती गांधी ने गुरुवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में पार्टी के संसदीय दल की आम बैठक को संबोधित किया। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है।

### बिल को लेकर नीतीश की पार्टी में कलह

वक्फ संशोधन विधेयक का जेडीयू ने समर्थन किया है। पार्टी के इस समर्थन से मुस्लिम नेता नाराज हैं। जेडीयू एमएलसी गुलाम गौस और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम रसूल बलियावी ने नाराजगी भी जताई है। इस बीच खबर है कि जेडीयू नेता और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे मोहम्मद कासिम ने सीएम नीतीश कुमार की पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मोहम्मद कासिम ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना त्यागपत्र भेजा है।

# प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों पर 10-10 लाख का जुर्माना

**रायपुर**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के तीन निजी मेडिकल कॉलेजों में छात्रों से ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और मेस के नाम पर अधिक राशि लिए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर इन मेडिकल कॉलेजों पर 10-10 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। छात्रों से ली गई अधिक राशि एक माह के भीतर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित छात्रों को लौटाने के निर्देश दिए हैं।

- ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल एवं मेस के नाम पर छात्रों से अत्यधिक राशि लिये जाने की शिकायत जांच में पाई गई सही
- छात्रों से ली गई अधिक राशि एक माह के भीतर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित छात्रों के खाते में जमा करने के निर्देश

प्रवेश तथा फीस नियामक समिति के अध्यक्ष जस्टिस (सेनि.) प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया कि शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, जुनवानी, भिलाई (छ.ग.), बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, मोवा, रायपुर (छ.ग.) एवं रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, भानसोज, ग्राम-गोढ़ी, रायपुर (छ.ग.) में एम.बी.बी.एस., एम.डी. एम.एस. पाठ्यक्रमों के संचालन में ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल एवं मेस के नाम पर अत्यधिक राशि प्रत्येक छात्र से लिये जाने की शिकायतों को जांच में सही पाया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों निजी मेडिकल कॉलेजों को जुर्माने की राशि शासन के पक्ष में एक माह के भीतर जमा करने को कहा गया है। यदि एक माह के भीतर राशि जमा न की जाए तो शासन को तीनों ही मेडिकल कॉलेजों की मान्यता निरस्त करने की अनुशंसा भी की गई है।

जस्टिस शास्त्री ने बताया कि इन तीनों निजी मेडिकल कॉलेजों द्वारा छात्रों से अत्यधिक राशि लेने की बहुत सी शिकायतें प्राप्त होने पर समिति द्वारा संबंधित तीनों मेडिकल कॉलेजों को सुनवाई का पूर्ण अवसर देकर और उनसे खाते के विवरण आदि की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् समिति ने यह पाया कि तीनों ही कॉलेज ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल एवं मेस के लिये जिसे वे केवल 'न लाभ-न हानि' के रूप में ही संचालित कर सकते हैं अर्थात् वास्तविक खर्च को ही लेने की अधिकारिता उन्हें हैं, लेकिन उनकी ओर से मनमानी राशि छात्रों से ली जा रही है।

जांच में निम्नानुसार तथ्य पाये गए - शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस जुनवानी भिलाई द्वारा ट्रांसपोर्टेशन मद में 2.50 लाख रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 4,635 रूपए है। इसी तरह हॉस्टल मद में 2.46 लाख रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 53,337 रूपए है। मेस चार्ज के रूप में 56,700 रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 51,015 रूपए है। इस तरह छात्र से 4,43,713 रूपए अधिक राशि ली जा रही हैं। इसी तरह बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस मोवा रायपुर द्वारा तीनों मद में 5.50 लाख रूपए राशि ली जा रही है, जबकि ट्रांसपोर्टेशन मद में वास्तविक राशि 13,719 रूपए, वास्तविक राशि 50,583 रूपए तथा मेस चार्ज की वास्तविक राशि 27,476 रूपए है। इस प्रकार 4,58,222 रूपए अधिक राशि छात्रों से ली जा रही है।

इसी तरह रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस भानसोज, ग्राम गोढ़ी रायपुर द्वारा तीनों मद में 5.50 लाख रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि ट्रांसपोर्टेशन मद में वास्तविक राशि 13,384 रूपए, वास्तविक राशि 37,748 रूपए तथा मेस चार्ज की वास्तविक राशि 45,275 रूपए है। इस प्रकार 4,53,593 रूपए अधिक राशि छात्रों से ली जा रही है। उपरोक्त आधार ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## सार संक्षेप

### म्यांमार में भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,085 हुई

**बीजिंग।** म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,085 हो गई है। चीन के राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम के मुताबिक कुल 4,715 लोग घायल हुए हैं और 341 लोग लापता हैं। 28 मार्च को म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने अगले दिन बताया कि भूकंप से भूमिगत तेल पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचा है, साथ ही उन्होंने बताया कि बिजली की लाइनें भी कट गई हैं।

### 2 मई से खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम की यात्रा 2 मई से शुरू होने वाली है। इससे पहले जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित टीमें यात्रा की तैयारियों में जुट गई हैं। मकसद है कि कपाट खुलने से पहले सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएं, ताकि यात्रा सुगम और भव्य तरीके से चल सके। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि सड़क मार्ग से लेकर केदारनाथ के पैदल रास्तों को तेजी से ठीक किया जा रहा है।

### बिहार में लोक आस्था के महापर्व चैती छठ की धूम

**पटना।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ को लेकर गुरुवार को पटना के गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। चैती छठ के तीसरे दिन व्रतियों ने गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। पटना सहित बिहार के विभिन्न स्थानों पर गंगा तट से लेकर विभिन्न जलाशयों के किनारे श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की। चैती छठव्रती भक्तिभाव से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर एकत्र हुए।

### वक्फ संशोधन बिल धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला : मौलाना कश्मीरी

**मुंबई।** लोकसभा में बुधवार को पास हुए वक्फ संशोधन बिल को लेकर हांडी वाली मस्जिद के मौलाना एजाज कश्मीरी ने तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने इसे अपने धर्म, इबादत और धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह उन सभी राजनीतिक पार्टियों का समर्थन करते हैं, जिन्होंने इस बिल के खिलाफ वोट किया है और उन्हें मुबारकबादी पेश करते हैं।

# पावर प्लांट में 50 फीट ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत

**बालोद**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में स्थित श्री जगन्नाथ स्टील एंड पावर प्लांट में एक दर्दनाक हादसा हो गया. बीती रात काम करने के दौरान 50 फीट ऊंचाई से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई. ऊंचाई से गिरने के बाद घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 42 वर्षीय श्रवण चौहान के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला था. घटना के बाद प्लांट में तनावपूर्ण माहौल बन गया. काम से निकाले गए हड़ताल पर बैठे मजदूरों पर आरोप है कि उन्होंने प्लांट में घुसकर दूसरे राज्यों से आए मजदूरों से मारपीट की. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई. थाना प्रभारी तुलसिह पट्टावी ने बताया कि मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवा दिया गया है. आगे की कार्रवाई कल की जाएगी. मजदूर यूनियन और प्लांट प्रबंधन के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को शांत किया है. फिलहाल माहौल नियंत्रण में है।

**ममता बनर्जी सरकार को लगा झटका**

# 25 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां होंगी रद्द

**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 25,000 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर गुरुवार को मुहर लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। पीठ ने अपने फैसले में पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित किया। अदालत ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया हेरफेर और धोखाधड़ी से दूषित थी और इसे सुधारा नहीं जा सकता। न्यायालय ने कहा कि इस प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता को नष्ट कर दिया गया है। ऐसे में दागी उम्मीदवारों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई वैध आधार नहीं है। पीठ ने कहा, चूंकि नियुक्तियां धोखाधड़ी और जालसाजी से हुई हैं, इसलिए हमें हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं दिखता। शीर्ष न्यायालय ने हालांकि कुछ निर्देशों में संशोधन किया।

# ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले, मोदी अच्छे दोस्त, पर टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं

**वाशिंगटन**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा- भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा, भारत अमेरिका पर 52 फीसदी तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाएगा। अन्य देश हमसे जितना टैरिफ वसूल रहे, हम उनसे लगभग आधे टैरिफ लेंगे। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों के लिए कठिन होता। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे। इसे लेकर भारतीय अधिकारियों का कहना है कि वे

### भारत ने कहा टैरिफ का आकलन कर रहे



ट्रम्प के लगाए टैरिफ का आकलन कर रहे हैं। भारत का फोकस जवाबी टैरिफ लगाने पर नहीं, बल्कि बातचीत के जरिए अमेरिका की चिंताओं को दूर करने पर है।

**चीन पर 34 फीसदी टैरिफ लगाएगा**

भारत के अलावा चीन पर 34 फीसदी, यूरोपीय यूनियन पर 20 फीसदी, साउथ कोरिया पर 25 फीसदी, जापान पर 24 फीसदी, वियतनाम पर 46 फीसदी और ताइवान पर 32 फीसदी टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

**9 अप्रैल से लागू होंगे टैरिफ**

अमेरिका में आने वाले सभी सामान पर 10 फीसदी बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।

### चीन जवाबी कदम उठाएगा

बीजिंग। चीन ने कहा है कि वह अमेरिकी आयात शुल्क का कड़ा विरोध करता है और अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाएगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बयान में कहा, चीन इसका कड़ा विरोध करता है और अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाएगा।

# चीन ने हमारी जमीन कब्जाई, विदेश सचिव केक काट रहे : राहुल



**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा कि हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।

**बर्बाद कर देगा ट्रंप का टैरिफ**-मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा- एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ लगा दिया। इससे देश की ऑटो, फार्मास्यूटिकल और एग्रीकल्चर इंडस्ट्री पूरी तरह से तबाह हो जाएगी। राहुल ने कहा कि विदेश नीति के मामले में मैं बाएं या दाएं नहीं

# भारत- थाईलैंड रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत

**बैंकॉक**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत और थाईलैंड ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और थाईलैंड की पीएम पैतोंगतार्न शिनावात्रा के बीच व्यापक चर्चा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की। बाद में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत-थाईलैंड सामरिक साझेदारी की स्थापना पर संयुक्त घोषणा के अलावा, डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता हुआ। इस संबंध में थाईलैंड के डिजिटल अर्थव्यवस्था और समाज मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सागरमाला डिविजन तथा थाईलैंड के ललित कला विभाग, संस्कृति मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास को लेकर है।



**बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे मोदी**- प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं। वह 4 अप्रैल को क्षेत्रीय नेताओं के साथ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। बिम्सटेक एक क्षेत्रीय समूह है जिसमें बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के सात सदस्य देश शामिल हैं।

# बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं के घरों पर हमला

ढाका, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को एक बार फिर निशाना बनाया गया। पूर्व मेयर अनवरुज्जमां चौधरी और पूर्व सांसद शफीउल आलम चौधरी नादेल के घरों पर कथित तौर पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के छात्र दल के बैनर तले भीड़ ने हमला किया और तोड़फोड़ की। स्थानीय मीडिया आउटलेट 'यूएनबी' की रिपोर्ट के अनुसार, सिलहट एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) सैयद अनिसुर रहमान ने कहा कि छात्रों और आम लोगों के एक उग्र समूह ने नादेल के आवास पर हमला किया, जिससे नुकसान हुआ।

# संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है। जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। सबसे पहले 1997 में, तत्कालीन सीजेआई जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें जजों से अपेक्षा की गई कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी। 2009 में सूचना के अधिकार के तहत दबाव और पारदर्शिता की बढ़ती मांग के कारण, कुछ जजों ने अपनी मर्जी से संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की थी।

**रिपोर्ट** सीएमआईई के अध्ययन में दावा

# 42 लाख लोगों की नौकरियों पर मंडरा रहा खतरा

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। आलम यह है कि मार्च, 2025 में भारतीय श्रम बाजार सिकुड़ गया, जिससे 42 लाख लोगों की नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है। इनमें से कुछ लोगों की नौकरी चली गई है और कइयों ने रोजगार की तलाश बंद कर दी है।**

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में देश का श्रम बल 45.77 करोड़ से 42 लाख घटकर मार्च में 45.35 करोड़ रह गया। यह नवंबर, 2024 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है। वहीं, रोजगार की संख्या भी फरवरी के 41.91 करोड़ से घटकर मार्च में 41.85 करोड़ रह गई। दिसंबर, 2024 के बाद से लगातार तीन महीनों तक रोजगार में गिरावट देखने को मिली है।

**अर्थव्यवस्था में मंदी का संकेत**

श्रम बल और रोजगार में यह निरंतर गिरावट अर्थव्यवस्था में मंदी का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च में बेरोजगारों की संख्या 3.86 करोड़ से घटकर 3.5 करोड़ रह गई। फरवरी की तुलना में मार्च में करीब 36 लाख कम लोग सक्रिय रूप से नौकरी तलाश कर रहे थे। ये 36 लाख लोग संभवत: रोजगार के अवसरों की कमी के चलते मार्च में श्रम बाजारों से बाहर निकल गए।

**बेरोजगारी के साथ रोजगार भी घट रहा**

रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य तौर पर हर महीने बेरोजगारों की संख्या में करीब 10 लाख की शुद्ध वृद्धि होती है। मार्च, 2021 से मार्च, 2025 के दौरान हर महीने औसत शुद्ध वृद्धि 9.90 लाख थी। बेरोजगारों की संख्या में कमी आने के कारण बेरोजगारी दर फरवरी के 8.4 फीसदी की तुलना में मार्च में घटकर 7.7 फीसदी रह गई। बेरोजगारी दर में गिरावट का मतलब है कि आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। लेकिन, स्थिति एकदम उलट है, क्योंकि बेरोजगारी दर के साथ रोजगार के अवसर भी कम हो रहे हैं। दिसंबर, 2024 में कामकाजी आयु वर्ग की 38 फीसदी से अधिक आबादी के पास रोजगार था, जबकि मार्च, 2025 में ऐसे लोगों की संख्या घटकर 37.7 फीसदी रह गई। ऑफिस में काम करने वालों की भर्ती के रुझान में मार्च, 2024 की तुलना में इस साल मार्च में 1.4 फीसदी की मामूली गिरावट आई है।

# देश

**उवाच**

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदहाल है और वहां दलितों की सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाने चाहिए। संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में हाल ही में एक दलित युवक सनी कुमार की हिरासत के दौरान मृत्यु हो गई। हिरासत में मौतों के मामले में यह प्रदेश सर्वोपरि है।

-धर्मेन्द्र यादव, समाजवादी नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 20.0 |
| मुंबई | 34.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें सभी सांसद प्रतिनिधि : जगदीप धनखड़

## राज्यसभा दिवस के अवसर पर सांसद सदस्यों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की। धनखड़ ने गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्यसभा, हमारे संसदीय लोकतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है।



राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्यसभा, हमारे संसदीय लोकतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन, बुजुर्गों के सदन के रूप में है प्रतिष्ठित : जगदीप धनखड़

उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है जहां प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्यसभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। हमारा अटल ध्रुव तारा जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है, तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थायी निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूं। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधायी निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे रचनात्मक विचार-विमर्श, विद्वत्तापूर्ण चर्चा और सहयोगात्मक शासन कला के प्रति अपनी पवित्र प्रतिज्ञा की पुष्टि करें।

### कार्यवाही से हटाए गए अंश को एक्स पर पोस्ट करने पर धनखड़ ने डेरेक को चेताया

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही से हटाए गए अंश को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर डालने के लिए तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओ बायन को कड़ी चेतावनी देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह के मामले में वह कठोर कार्रवाई कर सकते हैं। सदन के विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग ठाकुर की उस टिप्पणी पर भारी रोष जताए जाने पर धनखड़ ने तृणमूल कांग्रेस के सदस्य का नाम लेते हुए यह चेतावनी दी। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान खरगे पर वक्फ की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया था, लेकिन कांग्रेस सदस्यों के विरोध के कारण उन्होंने अपनी टिप्पणी वापस ले ली थी।

# अनुराग ठाकुर मांगे माफी : खरगे

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग ठाकुर द्वारा बुधवार को लोकसभा में वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप पर गुरुवार को सदन में भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ठाकुर इसके लिए माफी मांगे नहीं तो अपने आरोप को सही साबित करें। खरगे ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर ठाकुर की टिप्पणी पर अपना रोष जताते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर इस टिप्पणी को वापस ले लिया गया था, लेकिन इससे उनकी छवि को जो नुकसान होना था हो गया। इसको लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया है, लेकिन सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में यह चल रहा है। उन्होंने राजनीति में अपने लंबे करियर का हवाला दिया और निराशा व्यक्त की। उन्होंने माफी की मांग की और कहा अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वे आरोप साबित कर देते हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।



■ वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप पर जताया रोष

उन्होंने कहा कि यह साबित किया जाना चाहिए कि वह या उनके परिवार के सदस्यों ने किसी वक्फ जमीन पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा कि वह डरते नहीं हैं और वह झुकेंगे नहीं। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू कुछ कहने लगे तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन बोलने लगे जिस पर रिजिजू बैठ गए। खरगे ने विधानसभा में पहले की उन घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस तरह के मामले में उनसे माफी मांग चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के नेता ठाकुर की ओर से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोपों से वह झुकने वाले नहीं है। वह झुकेंगे नहीं बल्कि टूट सकते हैं।

# संसद से

### लोस में गूंजा सरकारी भर्ती का मामला

भारतीय जनता पार्टी की कलाबेन मोहनभाई देलकर ने गुरुवार को लोकसभा में सरकारी भर्ती का मामला उठाते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र दादरा नगर हवेली में वर्षों से सरकारी भर्तियां रुकी हुई हैं। देलकर ने शून्यकाल के दौरान कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र दादरा नगर में सरकारी भर्तियां वर्षों से रुकी हुई है। प्रशासन की ओर से भर्ती की अधिसूचना जारी की जाती है लेकिन परीक्षाएं नहीं होती हैं जिसके कारण शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन-ब- दिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं की उम्र की सीमा समाप्त हो रही है और उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। जो भी भर्ती हो रही वह भी निविदा के आधार पर हो रही है और उन्हें भी कई महीनों वेतन नहीं मिले हैं।

### सम्राट अशोक की जयंती समारोहपूर्वक मनाई जाए : नीरज मौर्य

लोकसभा में सपा के नीरज मौर्य ने महान सम्राट अशोक की जयंती पर पांच अप्रैल को अवकाश घोषित करने और इसे समारोहपूर्वक मनाने की मांग की। महान सम्राट अशोक योगदान और सराहनीय कार्यों को देखते हुए उनकी जयंती समारोहपूर्वक मनाई जानी चाहिए। जयंती पर पांच अप्रैल को अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। निर्दलीय शेख रशीद ने कश्मीर के लोगों की समस्याएं सुने जाने व उसके अनुरूप कार्यक्रम एवं योजनाएं बनाए जाने की मांग की। लालजी वर्मा ने अंबेडकरनगर मेडिकल कालेज में एमडी व एमएस की कक्षाएं शुरू करने की मांग की।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाएं। सपा के बाबू सिंह कुशवाह ने तालाबों के संरक्षण का मुद्दा उठाया व कहा कि सरकार को इस दिशा में विशेष कदम उठाए जाने चाहिए।

### भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए : राजा वारिंग

कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने शहीदे आजम भगत सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। राजा वारिंग ने शून्य काल में कहा कि बहुत से लोगों को सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है, लेकिन शहीदे आजम भगत सिंह को अब तक न तो शहीद का दर्जा दिया गया है और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। सपा की इकरा हसन ने सदन में उनके कैराना संसदीय क्षेत्र में यमुना के घाटों को विकसित करने की मांग की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन घाटों पर आने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसलिए इन घाटों को सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। इनके विकसित करने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।

### खाद्य की गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं : पासवान

सरकार ने कहा कि वह खाद्य उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर गंभीर है और इसके साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कहा कि खाद्य उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जब भी खाद्य को लेकर कोई मामला आया उसे और सशक्त बनाने का प्रावधान किया गया है। पासवान ने कहा कि फिलहाल देशभर में 205 फूड टेस्टिंग लैब है जो लगभग 503 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। इनमें से 169 प्रोजेक्ट पूरे हो गए हैं।

### बीएसएनएल ने 18 वर्ष में पहली बार मुनाफा अर्जित किया : सिंधिया

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने 18 वर्ष में पहली बार मुनाफा अर्जित किया है। सिंधिया ने सदन में प्रश्न काल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बीएसएनएल में अक्टूबर दिसंबर 2024 की तिमाही में 262 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले वर्ष 2007 में शुद्ध लाभ दर्ज किया था। उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि देश में 5- जी का दायरा विश्व में सबसे तेजी के साथ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत ऐसा पांचवा देश है जो अपनी संचार प्रणाली में स्वदेश निर्मित उपकरणों का प्रयोग कर रहा है।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में बीएसएफ कांस्टेबल ने की आत्महत्या

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक त्रेहगाम कुपवाड़ा में तैनात 139 बीएसएफ बटालियन के राकेश कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कुमार हाल ही में छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटे थे। उन्होंने बताया कि घटना के आसपास की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### मणिपुर में दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत थोंगजू पार्ट-2 लीराक माचा से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) की एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत वेटिंग शेड के पास संजेनबाम खुल्लेन से प्रतिबंधित संगठन पीएलए के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

### मुंबई का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री पहुंचा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में शुक्रवार के बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। मुंबई में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक है। भारतीय मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। शहर में बुधवार को येलो अलर्ट जारी करने के बावजूद बारिश नहीं हुई, जिससे शहर में पूरे दिन अधिकतम तापमान में वृद्धि देखी गई। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, कल सांताक्रूज वेधशाला में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि कोलाबा तटीय वेधशाला में 34.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### तेलंगाना में वामपंथी छात्र समूहों ने किया प्रदर्शन

**हैदराबाद।** वामपंथी छात्र संगठनों ने तेलंगाना में कांचा गाचीबोवली भूमि की रक्षा के लिए गुरुवार को राज्य सचिवालय को घेरने का प्रयास किया। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया और पीडीएसयू समेत छात्र संगठनों के नेताओं ने धरने में हिस्सा लिया। सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस ने हस्तक्षेप किया और उन्हें हिरासत में लेकर दूसरे थाने में भेज दिया। इस बीच हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विरोध प्रदर्शन जारी है। उन्होंने एचसीयू के मुख्य द्वार को फांद कर परिसर में घुसने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

# मध्य प्रदेश में 900 करोड़ रुपए का एंबुलेंस घोटाला

## जयवर्धन सिंह का सनसनीखेज खुलासा

**भोपाल,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने मध्य प्रदेश सरकार में एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश करने का दावा किया। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पिछले ढाई साल में दो हजार एंबुलेंस के लिए 900 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी है, जो एक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। इस मामले को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ढाई साल में एंबुलेंस के लिए किराये के तौर पर छत्तीसगढ़ की एक निजी कंपनी को जो पैसा दिया है, वह एंबुलेंस की कीमत से तीन गुना ज्यादा है। हर सरकार का दायित्व होता है कि राज्य में चिकित्सा सुविधाओं पर नियंत्रण हो और उसकी गुणवत्ता अच्छी हो। मैंने विस में एक सवाल पूछा था कि एंबुलेंस के लिए प्रदेश सरकार ने अब तक कितना भुगतान किया है। मुझे जानकारी मिली कि पिछले ढाई साल में छत्तीसगढ़ की एक निजी कंपनी जय अम्बे इमरजेंसी सर्विसेज को 900 करोड़ का भुगतान किया गया है।



# कानूनों में स्पष्टता व सरलता जरूरी : ओम बिरला



अच्छा विधायी प्रारूपण ही प्रभावी कानून का आधार : ओम बिरला

■ 536वें अंतरराष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया संबोधित

■ प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 13 देशों के कुल 28 प्रतिभागियों ने की शिरकत

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि विधायी प्रारूपण विधि का आधार है। विधि निर्माण में स्पष्टता और सरलता पर जोर देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि चूंकि कानून लंबे समय तक समाज और लोगों को प्रभावित करते हैं, इसलिए कानून स्पष्ट और सरल होने चाहिए ताकि आम लोग उन्हें समझ सकें। इससे न्यायालयों में वादों की संख्या में कमी आएगी, साथ ही संसाधनों की भी बचत होगी। अच्छा विधायी प्रारूपण ही प्रभावी कानून का आधार है। इसलिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए बहुत उपयोगी हैं। विश्व में तेजी से हो रहे सामाजिक-आर्थिक बदलाव को देखते हुए, विधि निर्माताओं और अधिकारियों के लिए विधायी प्रारूपण से सुपरिचित होना बहुत आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों की आवश्यकताएं पूरी हों।

### 22 अप्रैल तक आयोजित होगा कार्यक्रम

विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 अप्रैल तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को भारत के संविधान, विधायी प्रक्रिया, संसदीय विशेषाधिकार, प्रशासनिक विधि, उपभोक्ता संरक्षण और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रतिभागियों को विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा राज्य विधानमंडलों के साथ भी सम्बद्ध किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रतिभागियों ने लोकसभा और राज्य सभा की कार्यवाही भी देखी। वे दिल्ली न्यायिक अकादमी तथा अन्य दर्शनीय स्थलों का दौरा भी करेंगे।

# दीर्घकालिक व अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाए सेना : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है। सिंह ने गुरुवार को यहां सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी। हाइब्रिड युद्ध सहित अपरंपरागत और असममित युद्ध भविष्य के पारंपरिक



युद्धों का हिस्सा होंगे। साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बन गए हैं। यह आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को योजना बनाते और रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा। बदलती गतिशील भू-रणनीतिक परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के साथ चल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए एक गतिशील परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करनी चाहिए।

### रक्षा मंत्री ने सैनिकों पर जताया भरोसा

उत्तरी सीमाओं पर वर्तमान स्थिति पर रक्षा मंत्री ने सैनिकों पर पूरा भरोसा जताया और सशस्त्र बलों को दृढ़ता और सतर्कता के साथ खड़े रहने के लिए बधाई दी और कहा कि इसे जारी रहना चाहिए। सिंह ने बीआरओ के प्रयासों की सराहना की, जिसके कारण कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संचार में भारी सुधार हुआ है। पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति का उल्लेख करते हुए, उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारतीय सेना की प्रतिक्रिया की सराहना की।

# जदयू नेता कासिम अंसारी ने दिया इस्तीफा

**पटना,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता कासिम अंसारी ने वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जदयू के समर्थन दिए जाने के विरोध में गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अंसारी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे अपने इस्तीफे में कहा कि विधेयक का समर्थन मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने मुस्लिम नेताओं और संगठनों के अनुरोध को नजरअंदाज करते हुए केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार को लोकसभा में विधेयक पारित कराने में मदद की। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि मुस्लिम नेताओं और संगठनों के बार-बार अनुरोध के बावजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधेयक का समर्थन किया। इससे नरेंद्र मोदी सरकार के लिए इसे पारित कराना आसान हो गया। उन्होंने विशेष रूप से जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की सदन में विधेयक का समर्थन करने की आलोचना करते हुए इसे मुस्लिम समुदाय के लिए निराशाजनक और परेशान करने वाला बताया।

वक्फ विधेयक के विरोध में उठाया कदम

## कवायद — जम्मू संभाग में आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों पर लगाम लगाने की कवायद तेज

# सुरक्षाबलों ने चलाया 'तलाश करो और मार डालो' अभियान

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में, खासकर जम्मू संभाग में एक बार आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों और उनके हमलों को नेस्तनाबूद करने की खातिर सुरक्षाबलों ने जो 'तलाश करो और मार डालो' अभियान पूरे प्रदेश में छेड़ा है उसकी गूंज सीमा पार तक सुनाई देने की कवायद तेज की गई है।**

बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है जिनका कहना था कि इंटरनेशनल बार्डर पर गैप को भरने की खातिर सिर्फ जम्मू सीमा पर बीएसएफ की दो अतिरिक्त बटालियनों की तैनाती की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि इस उद्देश्य के लिए कई सुरक्षा एजेंसियां कड़ी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार की गर्मियां बहुत महत्वपूर्ण होने वाली हैं। हालांकि वे कहते थे कि जम्मू क्षेत्र के पहाड़ों में छिपे आतंकियों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चला है कि वे तीन से चार के समूह में हैं और अलग-अलग ठिकानों पर छिपे हुए हैं। ये ठिकाने या तो प्राकृतिक गुफाएं हो सकती हैं या फिर कुछ खाली पड़े ढोक। सेना, अर्धसैनिक बलों, जेकेपी और एसओजी के अतिरिक्त जवानों को पहले ही तैनात किया जा चुका है। सभी संवेदनशील इलाकों में नए शिविर, चौकियां



■ बीएसएफ की दो अतिरिक्त बटालियन की गईं तैनात

व पिकेट बनाए गए हैं, जहां से आतंकियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी। बताया जा रहा है कि आतंकी अधिकतर पाकिस्तानी हैं और सीमा पार से घुसपैठ कर कठुआ, उधमपुर, किश्तवाड़, डोडा, राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों के पहाड़ी इलाकों में पहुंचने के लिए पहाड़ों पर चढ़ाई करते हैं। उन्हें राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान करके जीवित रहने के लिए ओवर ग्राउंड वर्कर्स द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है। हाल ही में, जम्मू पुलिस ने आतंकवादियों के समर्थन आधार तंत्र को ध्वस्त करने के लिए लगभग पूरे क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई शुरू की, जिसके दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया और उनमें से दो महिलाओं सहित कुछ पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी स्थानीय समर्थन के बिना जीवित नहीं रह सकते क्योंकि वे भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए ओजीडब्ल्यू पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि एक बार यह सहायता प्रणाली ध्वस्त हो जाने पर आतंकवादी अपंग हो जाएंगे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हाल ही में पाकिस्तानी रेंजर्स की सहायता से आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ के प्रयासों को विफल करने के लिए क्षेत्र के जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दो अतिरिक्त बटालियनों को तैनात किया था क्योंकि पिछले ऐसी खबरें थीं कि आतंकवादी कठुआ और उधमपुर और फिर किश्तवाड़ और डोडा जिलों में घुसपैठ के लिए इस मार्ग का उपयोग कर रहे थे।

**कला के सबसे महंगे रूपों में से एक है फिल्म निर्माण : जैकी भगनानी**

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी का मानना है कि फिल्म निर्माण कला के सबसे महंगे रूपों में से एक है और इसके लिए कलात्मकता की आवश्यकता होती है। जैकी का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री कला और कॉमर्स के संगम पर काम करती है। फिल्म निर्माण कला के सबसे महंगे रूपों में से एक है और इसके लिए ऐसी कलात्मकता की आवश्यकता होती है जो आर्थिक रूप से व्यवहार्य भी हो। रचनात्मकता के साथ फिल्म बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के साथ-साथ आवश्यक निवेश और प्रोजेक्ट के संभावित रिटर्न दोनों का आकलन करना जरूरी है। आज सभी निर्माताओं को एक स्थायी मॉडल बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

# शाकाहारियों के लिए 'प्रोटीन की खान' है हरी मूंग की दाल

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। हरी मूंग की दाल मतलब शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन की खान। हरी मूंग की दाल खाने से प्रोटीन की कमी को दूर किया जा सकता है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि दाल में चिकन-मटन से ज्यादा प्रोटीन होता है। प्रोटीन की भरपूर मात्रा बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को तंदुरुस्त बनाए रखती है।

हरी मूंग की दाल की पौष्टिकता और उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों पर रोशनी डालते हुए पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बीएएमएस, एमडी डॉक्टर प्रमोद आनंद तिवारी ने बताया कि हरी मूंग दाल का सेवन सप्ताह में दो से तीन बार जरूर करना चाहिए। इस दाल में नॉनवेज से भी ज्यादा प्रोटीन होती है। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि मूंग दाल के सेवन से मांसपेशियों के साथ ही हड्डियों को भी मजबूती मिलती है। इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन के साथ ही फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन बी, बी6, फोलेट, कॉपर, जिंक और पोटैशियम भी पाए जाते हैं, जिसका सेवन करना फायदेमंद होता है।



- मूंग के सेवन से मिलेगी खूब ताकत
- फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन बी, बी6, फोलेट, कॉपर, जिंक जैसे तत्व

उन्होंने बताया कि हरी मूंग की दाल के सेवन से टिशू की मरम्मत जल्दी होती है। इसमें मौजूद फाइबर की वजह से पाचन तंत्र ठीक से काम करता है। यदि आपको कब्ज की समस्या है, तो मूंग दाल का सेवन इस परेशानी से मुक्ति दिला सकता है। इसके पचने में ज्यादा समय नहीं लगता, जबकि चिकन-मटन खाते हैं, तो उसके पाचन में काफी समय लगता है। आयुर्वेदाचार्य का मानना है कि हरी मूंग की दाल के सेवन से कई समस्याओं को लंबी छुट्टी पर भेजा जा सकता है। यह कब्ज की समस्या से मुक्ति दिलाने के साथ ही हृदय के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। दाल में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ने नहीं देते हैं। इसका सेवन काफी सरल होता है। इसे नाश्ते में लेने के साथ ही खाने में भी शामिल कर सकते हैं।

# पुरुषों में मोटापे से संबंधित कैंसर में बीएमआई से ज्यादा कमर की चौड़ाई बढ़ाती है जोखिम

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। कमर की परिधि यानी वेस्ट सरकम्फ्रेंस (डब्ल्यूसी) पुरुषों में मोटापे से जुड़े कैंसर का बड़ा संकेतक हो सकती है, जबकि महिलाओं में ऐसा नहीं पाया गया, एक नए अध्ययन में यह बताया गया है। बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) आमतौर पर शरीर के आकार को मापता है, लेकिन यह शरीर में चर्बी कहां-कहां फैली हुई है, यह नहीं बताता है। इसके विपरीत, कमर की चौड़ाई पेट की चर्बी से अधिक जुड़ी होती है।



- इंसुलिन प्रतिरोध, इंफ्लेमेशन और खून में असामान्य वसा स्तर जैसी स्वास्थ्य समस्या
- उम्र, धूम्रपान की आदतें, शिक्षा, आय, जन्म स्थान और वैवाहिक स्थिति जैसे कई

डॉ. मिंग सन, डॉ. जोसेफ फ्रिट्ज और डॉ. तान्जा स्टॉक्स द्वारा किए गए अध्ययन में बताया गया है कि यह अंतर बहुत महत्वपूर्ण है। पेट के अंदर के अंगों के चारों ओर जमा होने वाली चर्बी, जिसे विसरल फैट कहते हैं, शरीर में अधिक मेटाबोलिक एक्टिव होती है और यह इंसुलिन प्रतिरोध, इंफ्लेमेशन और खून में असामान्य वसा स्तर जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। इसलिए, एक जैसे बॉडी मास इंडेक्स वाले लोगों में भी, शरीर में चर्बी का बंटवारा अलग होने की वजह से, कैंसर का खतरा भी अलग-अलग हो सकता है। इस अध्ययन में स्वीडन में 1981 से 2019 तक 3,39,190 लोगों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया, जिनकी बीएमआई और कमर की चौड़ाई मापी गई थी। इनमें से 61 प्रतिशत माप डॉक्टरों द्वारा ली गईं, जबकि 39 प्रतिशत लोगों ने खुद अपनी जानकारी दी इन लोगों की औसत उम्र 51.4 वर्ष थी। कैंसर से जुड़ी जानकारी स्वीडन के कैंसर रजिस्टर से ली गई। शोधकर्ताओं ने बीएमआई और कमर की चौड़ाई के आधार पर मोटापे से जुड़े कैंसर के जोखिम की तुलना की। इसमें उम्र, धूम्रपान की आदतें, शिक्षा, आय, जन्म स्थान और वैवाहिक स्थिति जैसे कई कारकों को ध्यान में रखा गया। करीब 14 साल के औसत अध्ययन काल में 18,185 मोटापे से जुड़े कैंसर के मामले सामने आए। जब बीएमआई को ध्यान में रखते हुए विश्लेषण किया गया, तब भी पुरुषों में अधिक कमर की चौड़ाई कैंसर के खतरे से जुड़ी रही। इसका मतलब है कि पेट की चर्बी से कैंसर का खतरा केवल बड़े शरीर के कारण नहीं, बल्कि विशेष रूप से पेट में जमा चर्बी के कारण होता है।

# 'विदाउट प्रेजुडिस' भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ गीत बनाने का मेरा पहला प्रयास : गुरु रंधावा

**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। मशहूर गायक-रैपर गुरु रंधावा ने हाल ही में अपना पहला एल्बम 'विदाउट प्रेजुडिस' लॉन्च किया है। रंधावा ने बताया कि 'विदाउट प्रेजुडिस' भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ गीत बनाने का उनका पहला प्रयास है, जिसे लेकर वह रोमांचित हैं। उन्होंने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ मिलकर भारतीय संगीत और ग्लोबल संगीत के बीच की खाई को पाटने का काम किया है। अपने एल्बम पर प्रकाश डालते हुए रंधावा ने कहा कि यह नए अंदाज में एक भारतीय गीत है और इसे हर कोई पसंद करेगा। नौ ट्रैक वाले एल्बम के बारे में उन्होंने बताया कि इस बार मेरे गायन में बहुत कुछ नया है और यह कह सकते हैं कि मेरे गायन का प्रवाह बदल चुका है। गीत में इस्तेमाल होने वाले कंटेंट यूनिवर्सल हैं। यह एल्बम भारतीय शास्त्रीय संगीत के तत्वों के साथ गीत बनाने का मेरा पहला प्रयास है।



रंधावा पिटबुल, द चेनस्मोकर्स और जे सीन जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। गायक ने इस बात पर जोर दिया कि अब देश के साथ ही विदेशों में भी भारतीय संगीत कलाकारों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अब अवसर और भी बढ़ चुके हैं और वे भारतीय संगीत के बारे में जानते हैं।

# ट्यूलिप गार्डन में फूलों को निहारने वालों की लगी भीड़

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। ईद-उल-फितर के पहले दो दिनों में करीब 75,000 लोग जबरवान पर्वत की तलहटी में स्थित ट्यूलिप गार्डन देखने आए थे और 26 मार्च को इसके खुलने के बाद से अब तक कुल पर्यटकों की संख्या 1.56 लाख के आंकड़े को पार कर गई है।

ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी जाविद मसूद ने पत्रकारों के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि मंगलवार (ईद-उल-फितर के दूसरे दिन) को 44,651 पर्यटकों की भारी भीड़ दर्ज की गई, जबकि सोमवार (ईद-उल-फितर के पहले दिन) को 30,000 से 35,000 लोग गार्डन देखने आए। वे कहते थे कि 26 मार्च को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा औपचारिक रूप से गार्डन का उद्घाटन किए जाने के बाद से पिछले सात दिनों में कुल 1,56,000 पर्यटकों की आमद दर्ज की गई है।



उन्होंने बताया कि हर दिन बढ़ती भीड़ के साथ, हमें पिछले साल के रिकार्ड को पार करने की उम्मीद है। वे कहतजे थे कि पर्यटकों के सहयोग और नियमों का पालन करने के कारण सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि ई-टिकटिंग की शुरुआत फायदेमंद रही है, जिससे टिकट संग्रह के लिए उद्यान के बाहर भीड़ में काफी कमी आई है। उन्होंने आगे बताया कि जब तक ट्यूलिप खिलते रहेंगे, उद्यान खुला रहेगा। वे कहते थे कि अगर मौसम अनुकूल रहा, तो उद्यान एक महीने तक खुला रह सकता है।

- ई-टिकटिंग की शुरुआत फायदेमंद
- पर्यटकों की संख्या 1.56 लाख के आंकड़े के पार

याद रहे 1.7 मिलियन ट्यूलिप बल्बों के साथ, उद्यान 26 मार्च को जनता के लिए खोला गया था। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन में इस साल नीदरलैंड से आयातित दो अतिरिक्त ट्यूलिप किस्में हैं। पर्यटकों के लिए उद्यान को तैयार करने के लिए 100 माली और दिहाड़ी मजदूरों की एक टीम ने बड़े पैमाने पर काम किया। उद्घाटन के दिन (26 मार्च) उद्यान में जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें 17,259 पर्यटकों की अभूतपूर्व संख्या दर्ज की गई। पिछले साल, उद्यान ने 4.5 लाख पर्यटकों का स्वागत किया, जिसने एक नया रिकार्ड बनाया।



# दिल्ली में 'केसरी चैप्टर 2' का ट्रेलर लॉन्च

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आखिरकार, बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' का ट्रेलर आउट हो ही गया। 'केसरी चैप्टर 2' का यह ट्रेलर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द इंपीरियल होटल में आयोजित कार्यक्रम में लॉन्च किया गया। अभिनेता अक्षय कुमार और आर माधवन ने अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। बता दें कि कार्यक्रम में मुख्य अभिनेताओं से सजा फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। 'केसरी चैप्टर 2' फिल्म वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी शंकरन नायर के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी। ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में 'केसरी चैप्टर 2' के निर्माताओं करण जौहर, अपूर्व मेहता, अमृतपाल बिंद्रा के साथ फिल्म के निर्देशक करण सिंह त्यागी भी मौजूद थे। फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए अक्षय कुमार ने भी लिखा, '1650 गोलियां, 10 मिनट और एक आदमी, जो इसके खिलाफ दहाड़ता है। भारत को हिला देने वाले भयानक नरसंहार के पीछे की सच्चाई को देखें।'

# 'पंचायत 4' की रिलीज डेट आई सामने, लौट रही फुलेरा गांव की मंडली

**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकप्रिय वेब सीरीज 'पंचायत' ने रिलीज के 5 साल पूरे कर लिए हैं। इसी बीच प्राइम वीडियो ने कॉमेडी-ड्रामा के बहुप्रतीक्षित सीजन 4 की घोषणा की है। एक बार फिर से फुलेरा गांव के सचिव जी अपनी मंडली के साथ दर्शकों को एंटरटेनमेंट का फुल डोज देने के लिए तैयार हैं। साल 2020 में ग्रामीण जीवन पर बनी सीरीज 'पंचायत' का सफर शुरू हुआ था। अपने तीन शानदार पड़ाव पूरे कर चुका सीरीज का सीजन 4 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 2 जुलाई को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें पसंदीदा किरदारों और उनके जीवन की कहानी का मजेदार सफर देखने को मिलेगा।

सामने आए लेटेस्ट सीजन के वीडियो में सचिव जी, प्रधान जी और फुलेरावासियों को नई चुनौतियों का सामना करते और कुछ अनोखे कारनामों को अंजाम देते दिखाया जाएगा। 'पंचायत' में जितेंद्र कुमार 'सचिव जी' की भूमिका



में हैं, साथ ही रघुबीर यादव, नीना गुप्ता, संविका, चंदन रॉय, फैसल मलिक, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवर और पंकज झा जैसे बेहतरीन कलाकारों ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। पंचायत ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित दिल को छू लेने वाली कॉमेडी और मनोरंजन से भरपूर सीरीज है। यह शो अभिषेक (जितेंद्र कुमार) के जीवन पर आधारित है, जिसे फुलेरा गांव में ग्राम पंचायत का सचिव नियुक्त किया जाता है। गांव के जीवन से नाखुश अभिषेक पंचायत कार्यालय में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर देता है। अपनी यात्रा के दौरान अभिषेक प्रधान-पति (रघुबीर यादव), गांव की प्रधान (नीना गुप्ता), प्रह्लाद चा (फैसल मलिक) और ग्राम पंचायत के कार्यालय सहायक विकास (चंदन रॉय) का खास दोस्त बन जाता है।

द वायरल फीवर ने 'पंचायत' को दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार के साथ मिलकर बनाया है। चंदन कुमार ने सीरीज की पटकथा भी तैयार की है और निर्देशन का भार दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने संभाला है। ग्रामीण भारतीय पृष्ठभूमि पर बनी यह सीरीज शहरों और गांव की जिंदगी के बीच लोगों के हर दिन की चुनौतियों और राजनीतिक दांव-पेंच में उलझी कहानियों को दिखाती है। जिसमें आपके लिए संदेश भी है और यह भी बताने की कोशिश है कि आगे बढ़ते जाने का नाम ही जिंदगी है।

# बिंदास, बेबाक, खूबसूरत और सफल, फिर भी अधूरी रही परवीन की प्रेम कहानी



**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। 'रात बाकी, बात बाकी' बिंदास, बेबाक, बेहद खूबसूरत अभिनेत्री थीं परवीन बॉबी एक समय था जब फिल्म इंडस्ट्री में उन्हीं का सिक्का चलता था और वह छाई रहती थीं। वह जब पर्दे पर आती थीं तो दर्शक उनकी खूबसूरती और अभिनय की कला के कायल हो जाते थे। लेकिन सफल अभिनेत्री की जिंदगी प्यार के मामले में बेहद अधूरी थी। 4 अप्रैल को जन्मीं दिवंगत अभिनेत्री की जयंती पर आइए उनकी अधूरी प्रेम कहानी के बारे में पढ़ते हैं। सफल और खूबसूरत अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार रहीं परवीन बॉबी का पूरा नाम परवीन वली मोहम्मद अली खान बॉबी था। उन्हें जिंदगी में कई लोगों से प्यार हुआ। उनकी प्रेम की किताब में कभी डैनी डेन्जोंगपा, कभी कबीर बेदी, तो कभी महेश भट्ट चैप्टर जुड़ता गया। हालांकि, जिंदगी की कड़ी परीक्षा में वह पराजित हुईं और प्यार में असफल रहीं। कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं परवीन के प्रेम के किस्से काफी चर्चा में रहे। वह अपनी कहानी को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती थी। हालांकि, जिंदगी के अंतिम दिनों में वह एकदम अकेली थीं। वह किसी से भी मिलना-जुलना तक बंद कर दी थीं। परवीन बॉबी की लव लाइफ उनके सुनहरे दिनों में काफी चर्चा में रही। डैनी डेन्जोंगपा - परवीन की जिंदगी का पहला प्यार अभिनेता डैनी डेन्जोंगपा थे। परवीन ने उनके साथ 1974 में डेटिंग शुरू की थी, लेकिन उनका रिश्ता तीन से चार साल में खत्म हो गया। कबीर बेदी - इसके बाद परवीन मशहूर अभिनेता कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। पहले रिश्ते के टूटने से आहत परवीन को कबीर ने संभाला था। हालांकि, दोनों के रिश्ते विवादों में घिरे रहते थे, क्योंकि कबीर पहले से ही शादीशुदा थे। दोनों का साथ करीब तीन साल तक रहा।

# भारत की क्रिएटर इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं : राजीव लक्ष्मण

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। रोडीज और स्प्लिट्सविला जैसे आइकॉनिक यूथ फॉर्मेट शो के सह-निर्माण के लिए फेमस राजीव लक्ष्मण अब इनफिनिटम नेटवर्क सॉल्यूशंस के साथ 'कंटेंट क्रिएशन' के भविष्य को नया आकार देने की राह पर हैं। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंटेंट नेटवर्क में से एक इनफिनिटम नेटवर्क सॉल्यूशंस ने हाल ही में एक नई साझेदारी की घोषणा की है।



राजीव अब बौद्धिक संपदा के समूह प्रमुख के रूप में काम करेंगे। मीडिया इंडस्ट्री में 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, वे कंटेंट क्रिएशन के भविष्य को आकार देने में मदद करेंगे।

कंटेंट क्रिएशन को लोकतांत्रिक बनाने की प्रतिबद्धता के साथ, इनफिनिटम नेटवर्क सॉल्यूशंस का लक्ष्य उन बाधाओं को तोड़ना है, जो परंपरागत रूप से युवा प्रतिभाओं के लिए परेशानी बनती आई हैं। साथ ही, यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बैकग्राउंड से आने वाले क्रिएटर के पास उसकी सफलता के लिए पर्याप्त संसाधन और सपोर्ट हो। 'इनफिनिटम नेटवर्क सॉल्यूशंस' राजीव के अनुभव का लाभ उठाकर अगली जनरेशन के क्रिएटर्स, खासकर मेट्रो शहरों से दूर रहने वाले क्रिएटर्स को सशक्त बनाएगा। इनफिनिटम नेटवर्क सॉल्यूशंस के संस्थापक सत्यदेव चड्डा कृष्णा ने कहा कि अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले भारतीय दर्शकों के साथ तालमेल बिठाने वाले फॉर्मेट बनाने में राजीव का असाधारण ट्रैक रिकॉर्ड, गैर-मेट्रो, टियर 2 और टियर 3 शहरों से टैलेंटेड क्रिएटर्स को आगे बढ़ने और उनकी आवाज को वैश्विक मंच पर लाने में मदद करने के हमारे मिशन को पूरा करने में मददगार होगा।

कृष्णा ने राजीव को लेकर आगे कहा कि भारतीय युवा संस्कृति की भावना को दर्शाने वाले आईपी को विकसित करने में उनकी विशेषज्ञता भारतीय कहानियों को दुनिया भर में ले जाने के हमारे मिशन को गति देगी, साथ ही बच्चों के कार्यक्रमों से लेकर थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी तक के लिए एक बहुमुखी कंटेंट पोर्टफोलियो का निर्माण करेगी।

अपने तीन दशक लंबे सफर के बारे में बात करते हुए राजीव ने कहा कि मैंने क्रिएटर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के तौर पर कैमरे के पीछे 30 साल से ज्यादा समय बिताया है। लोग मुझे मेरी ऑन-स्क्रीन मौजूदगी के लिए पहचानते हैं, लेकिन मेरा असली जुनून हमेशा से ही टैलेंट को निखारना और प्रभावशाली कंटेंट बनाना रहा है।

उन्होंने कहा कि इनफिनिटम नेटवर्क सॉल्यूशंस में, मैं युवा क्रिएटर्स के साथ मिलकर काम करना चाहता हूं और उन्हें डिजिटल स्पेस में चमकने के लिए सही टूल मुहैया कराना चाहता हूं। रियलिटी शो में राजीव के अनुभव ने उन्हें टैलेंट को पहचानने की अनोखी और गहरी नजर दी है। राजीव ने कहा कि ये शो शहरी युवाओं पर केंद्रित थे, लेकिन फिर भी ये टियर 2 और टियर 3 शहरों तक पहुंचे।

# संजीवनी बूटी से कम नहीं अगस्त्य का पेड़

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। आयुर्वेद में कई ऐसे पेड़-पौधे हैं, जिनका इस्तेमाल किसी भी तरह के इलाज में किया जाता है। इन्हीं में से एक है 'अगस्त्य का पेड़', जो एक खास और प्राचीन पेड़ है। इसमें खूबियां ऐसी हैं कि अगर इसकी तुलना संजीवनी बूटी से की जाए तो कम नहीं है। 'अगस्त्य के पेड़' का फूल हो या पत्तियां,या जड़ या फिर छाल, हर एक चीज काफी फायदेमंद होती है। इससे जुड़ी खासियतों के बारे में बताते हैं।

'अगस्त्य के पेड़' का उल्लेख शास्त्रों में मिलता है, जिससे मान्यता अनुसार पितृदोष का निवारण हो जाता है। आयुर्वेद के अनुसार अगस्त्य पेड़ शरीर से विषैले तत्वों को निकालने का काम भी करता है। इसके पंचांग, यानि फूल, फल, पत्ते, जड़ और छाल का उपयोग किया जाता है। इस पेड़ में आयरन, विटामिन, प्रोटीन, कैल्शियम



**सिरदर्द, डायबिटीज समेत इन बीमारियों का रामबाण इलाज**

और कार्बोहाइड्रेट पर्याप्त मात्रा में होते हैं।

'अगस्त्य के पेड़' को अगस्ति या गाछ मूंगा के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम सेस्बानिया ग्रैंडिफ्लोरा है और यह तेजी के साथ उगने वाला पौधा है। यह मूल रूप से मलेशिया से उत्तर ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र में पाया जाता है। 'अगस्त्य के पेड़' पर उगने वाले फूल स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होते हैं, जो एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटी अल्सर गुणों से युक्त होते हैं। डायबिटीज, सिरदर्द, खुजली सहित कई समस्याओं के लिए 'अगस्त्य के फूल' फायदेमंद माने जाते हैं। इनका इस्तेमाल अर्क या पाउडर के रूप में होता है। आयुर्वेदिक विशेषज्ञों के मुताबिक सिरदर्द होने पर इसके फूलों का अर्क बनाकर पीया जा सकता है, जिससे सिरदर्द में राहत मिलती है। इसके अलावा, जुकाम की समस्या को भी 'अगस्त्य के फूल' दूर करने का काम करते हैं।

यही नहीं, पेट संबंधित समस्या के लिए भी 'फूल' का अर्क कारगर है। इसके एंटी अल्सर गुण पेट के अल्सर को दुरुस्त करने में फायदेमंद साबित होते हैं। साथ ही, इसका अर्क गैस, पेट के दर्द और आंतों की सूजन के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। ये खुजली की समस्या से भी निजात दिलाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण होने की वजह से स्किन इंफेक्शन को खत्म करने का काम करता है।

साथ ही, इसे डायबिटीज में भी लाभकारी माना गया है। इसका अर्क टाइप-2 डायबिटीज को कंट्रोल करने में फायदेमंद होता है। इसके अलावा, इसका काढ़ा पीने से ब्लड शुगर कंट्रोल होता है। इसके फूलों में एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी आर्थराइटिस गुण पाए जाते हैं, जो आर्थराइटिस रोगियों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। आर्थराइटिस के दौरान होने वाली सूजन और दर्द को कम करने में मदद करता है। खासियतों का खजाना है लेकिन जब भी इस्तेमाल करें तो विशेषज्ञ की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## संविधान से बड़ी छेड़छाड़ का रास्ता खुला

अपनी संख्या बल के आधार पर चाहे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली नेशनल डेमोक्रेटिक एलांयस (एनडीए) की सरकार ने देश के वक्फ़ कानून में अपनी मर्जी का बदलाव करने में सफलता पा ली हो, लेकिन जो संदेश इसे पारित करने के लिये, खासकर लोकसभा में हुए मतदान ने जनता को दिया है उससे सम्भवत: देश के अल्पसंख्यकों को यह जानने में मदद मिलेगी कि उनकी जगह क्या है, उनके खैरख्वाह कौन हैं और कौन अहित चाहते हैं। लोकसभा ने बुधवार को 288 के मुकाबले 232 वोटों के बहुमत से वक्फ़ संशोधन विधेयक, 2024 को पारित कर दिया तथा गुरुवार को राज्यसभा में दिन भर से इस पर चर्चा जारी है। इस सदन में 236 सदस्य हैं। बिल को पास करने के लिये 119 सदस्य चाहिये जबकि भाजपा के इसमें 98 सदस्य हैं। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में विरोधी खेमे के 5 सदस्यों के वोट पड़े थे। राज्यसभा में भाजपा आवश्यक आंकड़ा प्राप्त करती है या नहीं, यह देखना होगा। हालांकि इस सदन में प्रस्ताव गिर भी जाये तो भी सरकार को फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि बाद में उसे दोबारा भेजकर संवैधानिक नियमों के तहत पारित करा ही लिया जायेगा। इसे उच्च सदन पूरी तरह से रोक नहीं पायेगा।

इस कानून के एक तरह से अस्तित्व में आ जाने के बाद अब वक्त है कि अल्पसंख्यक, विशेषकर मुस्लिम सोचें कि उन्हें आगे क्या करना है। यह ऐसा समय है जब उन्हें समझना होगा कि कौन से राजनीतिक दल और व्यक्ति उनका वाकई भला चाहते हैं और किन दलों ने इस विधेयक को पारित कराने में सहयोग देकर उन्हें कमजोर करने का मार्ग प्रशस्त किया है। वैसे तो मतदान का जो पैटर्न दिखा तथा विधेयक के पक्ष-विपक्ष में जो तर्क दिये गये, वे बता देते हैं कि कौन सा दल उनके पक्ष में खड़ा है। कोई यह न सोचे कि यह पैटर्न वक्फ़ कानून पर मतदान तक ही सीमित रहेगा। पहली बार 8 अगस्त, 2024 को जब यह विधेयक संसद में पेश हुआ था, तब उस पर हुई चर्चा, तत्पश्चात उसे संयुक्त संसदीय समिति में भेजे जाने तक कुछ दलों का रवैया आश्चर्यजनक ढंग से तथा उम्मीदों के विपरीत भाजपा के प्रति सहयोगात्मक रहा। ये वे दल हैं जो वक्फ़ कानून पर सरकार से बात कर सकते थे। इनमें से कम से कम दो तो ऐसी पार्टियां हैं ही जो अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षक मानी जाती रही हैं और उन्हीं पर सरकार टिकी हुई है। यदि एक बार भी वे समर्थन वापसी की धमकी देते तो यह विधेयक भाजपा सरकार अलमारी में बन्द कर देती। ये दोनों दल हैं- आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी और बिहार की जनता दल यूनाइटेड जिसके क्रमश: 16 और 12 सदस्य हैं। दोनों ही अल्पसंख्यक समर्थक पार्टियां कहलाती हैं लेकिन इस विधेयक को उनके मिले समर्थन ने यह भरम तोड़ दिया।

इस विधेयक पर चर्चा ने सियासी समीकरणों को तथा सत्ता के लिये विचारधारा की कुर्बानियों को और भी स्पष्ट कर दिया है। इस कानून को पारित कराकर भाजपा यह बताने में कामयाब रही है कि इस लोकसभा के चुनाव में उसे चाहे कम सीटें मिली हों लेकिन जनता अब भी उसके साथ है तथा एनडीए को कोई खतरा नहीं है। जेडीयू व टीडीपी के सांसदों के अलावा राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी एवं जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान से भी अल्पसंख्यकों व धर्मनिरपेक्षता में यकीन करने वालों को उम्मीद थी कि वे उनके पक्ष वाली लाइन पर चलेंगे लेकिन वे भी सरकार के साथ रहे। इनमें से कई मंत्री व सांसद तो अपने भाषणों में भाजपा ही नहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी मात देते हुए नज़र आये।

कोई यह न समझे कि संदेश केवल अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित इस विधेयक तक ही सीमित है। यही हाल दलितों व ओबीसी से सम्बन्धित किसी भी फैसले के वक्त होगा- फिर चाहे वह उनके खिलाफ ही क्यों न हो। यह अवसर न केवल अल्पसंख्यकों को राजनीतिक विचारधारा तथा सियासी दलों के साथ अपनी प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने का है, बल्कि दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, अति पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के बारे में यह कहा जा सकता है। सत्ता सुख के लिये ये पार्टियां वक्फ़ कानून का समर्थन दे सकती हैं तो आश्चर्य नहीं होगा अगर ये दल दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के हितों पर कुठाराघात करने वाले निर्णयों पर भी सरकार का साथ दें।

इस विधेयक ने अल्पसंख्यकों, दलितों, ओबीसी तथा आदिवासियों को यह सोचने का अवसर भी दिया है कि वे देखें कि उन्होंने अपनी नुमाइंदगी किन लोगों और सियासी दलों के हाथों में सौंप रखी है। एनडीए के उन दलों को वक्फ़ कानून पर न्यूनतम सतर्कता बरतनी चाहिये थी जिनका सामाजिक न्याय में विश्वास है, परन्तु वे यदि वक्फ़ कानून में आये इन बदलावों के दुष्परिणामों को समझने में नाकाम हैं तो उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे आगे किसी भी मामले में नरेन्द्र मोदी को आंखें दिखा सकेंगे। इस विधेयक के पारित होने से विपक्षी गठबन्धन की एकता की आवश्यकता पुन: प्रतिपादित हुई है। पहले कई बार सोचा जाता था कि अल्पमत वाली मोदी सरकार अल्पसंख्यकों, दलितों, ओबीसी, आदिवासियों आदि से सम्बन्धित कानूनों व प्रावधानों को छूकर अपने लिए मुसीबत मोल नहीं लेगी; लेकिन इस सफलता से वह उत्साहित होकर संविधान से बड़ी छेड़छाड़ भी कर सकती है।

# 'नागरिकों के सिर की छत ऐसे नहीं गिराई जा सकती'

एक आठ साल की बच्ची बुलडोज़र से ढहते और जलते हुए घर से अपनी किताबें निकालकर दौड़ती है ताकि यह तबाही उसकी पढ़ाई को न रौंद दे। यह दृश्य वाक़ई बहुत क्रूर है, संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन है और भारत का कानून कभी इसकी अनुमति नहीं देता है। क़ानून इस बात की भी इजाज़त नहीं देता है कि पुलिस मुठभेड़ में मार दिए गए आरोपी के परिवार के घरों को शासन का अमला ज़मींदोज़ कर दे और फिर प्रचारित करे कि यह हमारा 'बुलडोज़र जस्टिस' है। यह भारतीय संविधान की उस भावना की भी अवहेलना है जो मानती है कि अपराध साबित होने तक हर आरोपी निर्दोष है, किसी एक के अपराध की सज़ा उसके परिवार को नहीं दी जा सकती। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के दो जज जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की संयुक्त पीठ ने कहा- 'नागरिकों के सिर की छत ऐसे नहीं गिराई जा सकती।' ये मामले हमारे विवेक को झकझोर देते हैं। यह क़ानून और मानवता के ख़िलाफ़ है।' कोर्ट ने 'बुलडोज़र न्याय' को बुलडोज़र अन्याय साबित करते हुए प्रत्येक परिवार को दस-दस लाख रुपए मुआवज़ा देने का आदेश भी दिया। केवल आरोप और शक के आधार पर किसी का घर बुलडोज़ कर देने की यह बीमारी भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के साथ छूत की तरह अन्य राजनीतिक दलों को भी लग रही है। सवाल यह है कि यह लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकारें ऐसे तमाम फंडे क्यों अपनाने लग जाती हैं कि लगता है जैसे देश में क़ानून का राज समाप्त हो गया हो? उत्तर प्रदेश सरकार के वकील का तर्क था कि दस लाख के मुआवज़े की कोई ज़रूरत नहीं है क्योंकि अपील करने वालों के पास नए घर हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग फटकार लगाते हुए कहा कि 'इससे प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को ग़लती का एहसास होगा और प्राधिकरण भविष्य में कानूनी प्रक्रिया का पालन करना याद रखेगा।' वैसे देखने में यही आया है कि सरकारें ऐसी घटनाओं को ग़लत नहीं मानतीं। तभी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी कह दिया है कि बुलडोज़र का उपयोग ज़रूरत है, कोई उपलब्धि नहीं।

मामला करीब चार साल पुराना है। मार्च 2021 में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने लूकरगंज क्षेत्र के मकानों को केवल एक दिन के नोटिस पर बुलडोज़र से ढहा दिया। इसका वायरल वीडियो, जिसमें एक आठ साल की बच्ची आग और बुलडोज़र से अपनी किताबों को बचा रही है, वह पिछले माह का है। दृश्य, जिसने सर्वोच्च अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया था, उसमें उत्तरप्रदेश के अंबेडकर नगर के अरई गांव की बच्ची अनन्या यादव है। वह पहली कक्षा में पढ़ती है। उस दिन 24 मार्च को उसने रोज़ की तरह स्कूल से आकर अपने छप्पर में बस्ता रखा ही था कि आग लग गई। उस छप्पर में अनन्या का परिवार जानवरों को बांधता है। एक तरफ़ आग लगी थी, दूसरी ओर पुलिस तथा नगर निगम का अमला उसके घर को ज़मींदोज़ करने में लगा था। बच्ची ने एक रिपोर्टर को बताया कि उसे डर था कि अगर उसकी किताबें जल गई तो दोबारा नहीं मिलेंगी। इसके लिए वह आग में भी चली गई। नाम के मुताबिक यह बच्ची अनन्या (उस जैसा कोई नहीं) ही है लेकिन यह कितना डरावना है कि सरकारें कोई भी हों, अतिक्रमण हटाने के नाम पर आए दिन घरों को उजाड़ती हैं। ये दस्ते जब इन जगहों पर पहुंचते हैं तो चीत्कार का आलम होता है। इनके बुलडोज़रों के आगे घर की महिलाएं लेट जाती हैं, हाथ जोड़ती हैं, आंसुओं से विनती करती हैं; लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजता। ये सब जैसे एक राक्षस में तब्दील होकर हुकुम की तामील में लग जाते हैं। इन पीड़ितों के चेहरे उन चेहरों से कतई अलग नहीं होते जो युद्ध और दंगा पीड़ितों के होते हैं। इनकी आखों में उसी भय और पीड़ा को पढ़ा जा सकता है। अफ़सोस कि प्रशासन के दिल और दिमाग़ भी इन्हीं बुलडोज़रों जैसे सख़्त होते हैं और अब सख़्ती को ही उन्होंने अपना शगल बना लिया है। सवाल यही है कि इस शासन के पीछे जो नेता हैं वे क्यों जनता के समर्थन से जीतने के बाद जनता का ही दमन करने लगते हैं?

पूछने पर इस सवाल का प्रभावी जवाब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आता है। उसके मुताबिक बहुत बार ऐसा होता है कि लोकतांत्रिक तरीके से ही तानाशाह भी सत्ता में आ जाते हैं। अपनी हार के डर से वे संवैधानिक संस्थाओं को कमज़ोर करते हैं, विपक्ष की आवाज़ को दबाते हैं और स्वतंत्र मीडिया को मौन कर देते हैं। आलोचकों और विरोधियों को चुप करने के लिए कानूनी पेंचों का इस्तेमाल करते हैं और कभी-कभार क़ानून बदलकर अपनी ताक़त बढ़ाते हैं। मकसद केवल एक होता है- सत्ता लंबे वक्त तक उनकी बनी रहे। कोई-कोई तो हमेशा के लिए। देशों की बात करें तो रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्ष आजीवन पद पर बने रहने का इंतज़ाम कर चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी अमेरिकी संविधान में संशोधन करना चाहते हैं ताकि तीसरी बार सत्ता संभाल सकें। क़ायदे से वहां एक व्यक्ति केवल दो बार राष्ट्रपति बन सकता है। यह अलग बात है कि वहां के लोग अब पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भी तीसरी बार पद पर देखने की ख्वाहिश ज़ाहिर कर रहे हैं।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> बुलडोज़र राज पर लौटते हैं। आखिर छह महीने पहले भी क्यों सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा था कि एक पखवाड़े तक बुलडोज़र नहीं चलेगा तो कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा? न्यायालय की टिप्पणी थी कि, 'कानून दरअसल किसी के भी घर को महज इसलिए गिराए जाने की आज्ञा नहीं देता कि वे किसी मामले में आरोपी हैं; और ऐसा तो किसी दोषी के मामले में भी नहीं किया जा सकता।'

बुलडोज़र राज पर लौटते हैं। आखिर छह महीने पहले भी क्यों सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा था कि एक पखवाड़े तक बुलडोज़र नहीं चलेगा तो कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा? न्यायालय की टिप्पणी थी कि, 'कानून दरअसल किसी के भी घर को महज इसलिए गिराए जाने की आज्ञा नहीं देता कि वे किसी मामले में आरोपी हैं; और ऐसा तो किसी दोषी के मामले में भी नहीं किया जा सकता।' न्यायपालिका उस राजनीतिक प्रतीकवाद से बेख़बर नहीं रह सकती जिसमें बुलडोज़र प्रशासन द्वारा दंगाई बताये गये लोगों को सामूहिक दंड देने का उपकरण बन गया है। बीते साल छह राज्यों में 1933 आरोपियों की संपत्ति पर बुलडोज़र चले हैं। इनमें सबसे ज़्यादा 1535 कार्रवाइयां उत्तरप्रदेश में हुई हैं। उसके बाद मध्यप्रदेश (259), हरियाणा (64), गुजरात (55), राजस्थान (10) और दिल्ली (10) हैं। उत्तरप्रदेश में 2017 में पहली बार बुलडोज़र चला था तब 13 बाहुबलियों के मकान ढहा दिए गए थे। इसके बाद 8 पुलिसकर्मियों की हत्या के गैंगस्टर विकास दुबे की 100 करोड़ से भी ज़्यादा की संपत्ति को मिट्टी में मिला दिया गया। त्वरित न्याय का चस्का सत्ता को ऐसा लगा कि फिर विकास दुबे को ही मुठभेड़ में मार दिया गया। कानपुर के बाद यही प्रयागराज में हुआ। इस मामले में गैंगस्टर अतीक़ पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। एक पल के लिए मान भी लिया जाए कि वे दुर्दांत अपराधी रहे होंगे, लेकिन क्या फिर इसी न्याय व्यवस्था को हमारे गणतंत्र की व्यवस्था मान लिया जाए? आमजन में डर पैदा करना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का मकसद कैसे हो सकता है? ऐसी व्यवस्था में बड़े हुए बच्चे कैसे नागरिक बनेंगे? अनन्या यादव अधिकारी बनना चाहती है लेकिन ऐसे हादसे कैसे उसे सहज और मज़बूत रखेंगे?

अच्छी बात यही है कि छह अपीलकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट ने मुआवज़े का निर्देश दिया है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष अली अहमद फ़ातमी, जिनका घर बुलडोज़र से ढहा दिया था, उनकी लाइब्रेरी और सैकड़ों किताबें भी इस कार्रवाई में ज़मींदोज़ कर दी गईं थीं, कहते हैं-'जिस घर में रह रहे थे, उसका गिरना बहुत दर्द भरा था लेकिन बहुत शुक्रगुज़ार हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने इस दर्द को समझा।'

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# ट्रम्प के टैरिफ पर केनेडा, मैक्सिको और चीन से भारत सबक ले

■ डॉ. नीलांजन बानिक

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीनी आयात पर 20 प्रतिशत और केनेडाई और मैक्सिकन वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। केनेडा ने 20.7अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की। यदि 21 दिनों के बाद ट्रम्प टैरिफ में कटौती नहीं करते हैं, तो इस प्रतिशोध को 86.2अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के सामानों तक बढ़ाने की संभावना है। चीन ने पहले भी विभिन्न अमेरिकी निर्यातों पर 10 से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की है। भारत पर टैरिफ 2 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले हैं। अमेरिका केनेडा का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसलिए, केनेडा अत्यधिक असुरक्षित है। विशुद्ध रूप से संख्याओं (विशेष रूप से जीडीपी के प्रतिशत के रूप में व्यापार) के आधार पर, यह स्पष्ट है कि केनेडा और मैक्सिको को ट्रम्प के टैरिफ से सबसे अधिक नुकसान होने की संभावना है। विशेष रूप से, स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ और एल्युमीनियम उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ के साथ-साथ विभिन्न अन्य वस्तुओं पर टैरिफ के कारण।

यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको-केनेडा समझौते (यूएसएमसीए) के तहत, इन देशों को व्यापार में न्यूनतम बाधाओं के साथ अमेरिकी बाजार में अपेक्षाकृत खुली पहुंच प्राप्त थी। टैरिफ के कारण केनेडाई निर्माताओं की लागत बढ़ गयी, जिससे उनके ऑटोमोबाइल जैसे सामान अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी हो गये।

जवाबी कार्रवाई में, केनेडा ने सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, केचप, व्हिस्की और गद्दे जैसे उत्पादों सहित 12अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाया, जिससे केनेडाई निर्यात पर निर्भर अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ गयी। केनेडा अमेरिकी ईवी निर्माता टेस्ला पर 100 प्रतिशत कर लगाने पर सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। देश अमेरिकी ग्राहकों को बिजली पर अधिभार लगाने की भी योजना बना रहा है।

> डील के विपरीत, केनेडा को यूरोपीय संघ और चीन से दुर्लभ खनिज सामग्री मिलेगी। अमेरिकी टैरिफ नीति अंततः आर्थिक अलगाव की ओर ले जा सकती है और समय के साथ रणनीतिक खतरों के खत्म होने के बाद टैरिफ पर अंतिम विराम भी लग सकता है। वास्तव में, टैरिफ अमेरिका के लिए कभी काम नहीं किया।

चीनी और केनेडाई निर्मित ऑटोमोबाइल घटकों पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प के फैसले से अन्य अमेरिकी कार निर्माता भी प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह, मेक्सिको को भी महत्वपूर्ण व्यापार व्यवधानों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ ने मैक्सिकन उद्योगों को प्रभावित किया, जो इन कच्चे माल के अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं।

दूसरी ओर, चीन ने रणनीतिक रूप से अपने उत्पादन आधार को मेक्सिको में स्थानांतरित कर दिया, जिससे उन पर लगाये गये टैरिफ के शुरुआती प्रभाव को प्रभावी ढंग से कम किया जा सका। चीन ने ट्रम्प 1.0 से अपने सबक सीखे। इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और उपभोक्ता उत्पादों सहित उद्योगों में सैकड़ों अरबों डॉलर के चीनी निर्यात पर 2018 में लगाये गये अमेरिकी टैरिफ से चीन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

बदले में, चीन ने सोयाबीन, मांस और मुर्गी, कार और रसायनों जैसे अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की। इसके बजाय, वे अब अपने अधिकांश सूअर के मांस को स्पेन, जर्मनी और फ्रांस से खरीदते हैं, और ब्राजील और वेनेजुएला से सोयाबीन और कॉफी जैसी कृषि वस्तुओं की खरीद करते हैं।

2018 में अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बढ़ने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह से बाधित हुई, खास तौर पर इन दोनों देशों से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला। तब से, चीन ने अपने उत्पादन आधार को रणनीतिक रूप से बदलना शुरू कर दिया। चीन ने अमेरिका पर अपनी व्यापार निर्भरता को सफलतापूर्वक कम कर दिया है।

कुल अमेरिकी व्यापार में चीन की हिस्सेदारी- जिसे निर्यात और आयात के योग के रूप में मापा जाता है- 2018 में 15.7 प्रतिशत से घटकर 2024 में 10.9 प्रतिशत हो गयी। इसी अवधि में चीन के कुल व्यापार में अमेरिका की हिस्सेदारी 13.7 प्रतिशत से घटकर 11.2 प्रतिशत हो गयी।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने चीन पर अपने स्टील उत्पादों को मैक्सिकन के रूप में फिर से भेजने का आरोप लगाया, ताकि अवैध रूप से अमेरिकी बाजार में प्रवेश किया जा सके। 2023 में मैक्सिकन वस्तुओं का कुल अमेरिकी आयात .475अरब था, जो 2022 के आंकड़े से लगभग .20अरब अधिक है। 2023 में चीन से अमेरिका द्वारा आयातित वस्तुओं की कुल मात्रा 427अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर कम है।

कुल परिणाम: कम से कम 30 चीनी फर्म वर्तमान में मेक्सिको से काम कर रही हैं, जिनमें बीवाईडी और चेरी इंटरनेशनल जैसी चीनी ऑटोमोबाइल प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में मेक्सिको में 30 प्रतिशत अधिक एफडीआई डाला है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चीनी अधिक आक्रामक हैं, खुले तौर पर कह रहे हैं कि वे व्यापार युद्ध में शामिल होने से डरते नहीं हैं।

भारत के लिए, अमेरिका पर व्यापार निर्भरता केनेडा और मेक्सिको की अमेरिका के साथ व्यापार निर्भरता के स्तर की तुलना में उतनी अधिक नहीं है। अमेरिका को भारत द्वारा किये जाने वाले मुख्य निर्यात में परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न और आभूषण, परिधान और वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान और दवा उत्पाद शामिल हैं। इनमें से, ट्रम्प ने दवाइयों की वस्तुओं पर टैरिफ लगाने का उल्लेख किया, जो अंततः उल्टा पड़ सकता है क्योंकि इससे अमेरिका में दवा की लागत बढ़ जायेगी।

इस बार ट्रम्प का टैरिफ काम नहीं कर रहा है, इसके स्पष्ट संकेत हैं। नवीनतम अमेरिकी आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में 4 प्रतिशत से फरवरी 2025 में अमेरिका में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.1 प्रतिशत हो गयी। इस वृद्धि का श्रेय व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और संघीय सरकार के व्यय में भारी कटौती को दिया जा सकता है।

वॉल स्ट्रीट तब से क्रैश हो गयी है। केनेडा अपने कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस चीन और यूरोपीय संघ को बेचने की उम्मीद कर रहा है, जो मूल रूप से अमेरिका के लिए निर्धारित था। मेक्सिको भी अमेरिकी रिफाइनरियों को भेजे जाने वाले कच्चे तेल की कीमतों पर अंकुश लगाने पर विचार कर रहा है।

डील के विपरीत, केनेडा को यूरोपीय संघ और चीन से दुर्लभ खनिज सामग्री मिलेगी। अमेरिकी टैरिफ नीति अंततः आर्थिक अलगाव की ओर ले जा सकती है और समय के साथ रणनीतिक खतरों के खत्म होने के बाद टैरिफ पर अंतिम विराम भी लग सकता है।

वास्तव में, टैरिफ अमेरिका के लिए कभी काम नहीं किया। आंकड़े दिखाते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रम्प द्वारा प्रमुख टैरिफ घोषणा के बाद भी चीन के साथ अमेरिकी व्यापार घाटा बढ़ता रहा। बराक ओबामा के कार्यकाल (2009-2016) के दौरान हर साल चीन के साथ अमेरिका का औसत व्यापार घाटा 311अरब अमेरिकी डॉलर था। ट्रम्प के पहले कार्यकाल (2017-2020) में यह औसत व्यापार घाटा 361अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया। इसके बाद जब जो बाइडेन राष्ट्रपति बने (2021-2024) तो यह घटकर 327अरब अमेरिकी डॉलर रह गया।

भारत के लिए सबक बहुत स्पष्ट है। देश को ट्रम्प के साथ कड़ी बातचीत करनी होगी। आदर्श रूप से, भारत को ईवी पर भारतीय टैरिफ में एकतरफा कटौती करने या स्टारलिंक को देश में संचालन करने की पूरी छूट देने के बजाय भारत पर लक्षित ट्रम्प के टैरिफ को लागू होने देना चाहिए। अब यह स्पष्ट है कि ट्रम्प-मस्क की जोड़ी की अगुआई में अमेरिकी वार्ता, भारतीय बाजार में अधिक पहुंच के लिए प्रयास करेगी। हालांकि, यह तभी दिया जाना चाहिए जब भारतीय सेवा निर्यात को अमेरिकी बाजार में अधिक पहुंच मिले।

इस बात के संकेत पहले से ही मिल रहे हैं कि ट्रम्प टैरिफ लगाने की अपनी योजना से पीछे हट रहे हैं, क्योंकि उन्होंने केनेडा के स्टील और धातु आयात पर अमेरिकी टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को धमकी देने के कुछ ही घंटों बाद रोक दिया है। ट्रम्प बस स्थिति का जायजा ले रहे हैं, और एक सच्चे व्यवसायी के रूप में, अगर वे अपने व्यापारिक साझेदारों को आक्रामक तरीके से जवाब देते हुए देखेंगे तो वे अपना रुख नरम कर लेंगे।

## आपके पत्र

### समुद्र की अतल गहराइयों में छिपी अद्भुत दुनिया

प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में एक रहस्यमयी दुनिया छिपी हुई है। मैरियाना ट्रेंच पृथ्वी के महासागरों की सबसे गहरी जगह है। यहां गहराई लगभग 11,000 मीटर तक है। इतनी गहराई पर दाब बहुत अधिक, ठंड अकल्पनीय और अंधकार भी घटाटोप होता है। ये परिस्थितियां इस जगह को पृथ्वी की सबसे प्रतिकूल और दूभर परिस्थितियों में शुमार करती हैं। लेकिन हाल ही में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि इन परिस्थितियों में भी जीवन की हैरतअंगेज़ विविधता मौजूद है। यह विविधता गहरे समुद्र की पारिस्थितिकी के बारे में हमारी वर्तमान समझ को ललकारती है।

हाल ही में, चीन के वैज्ञानिकों ने फेंडोज़े पनडुब्बी के ज़रिए मैरियाना ट्रेंच की गहराइयों में गोता लगाया है। जैसे-जैसे वे नीचे उतरे, उन्होंने अंधकार में दीप्ति बिखेरने वाले जीव देखे; जो हरी, पीली और नारंगी चमक बिखेर रहे थे। समुद्र के पेंदे पर पहुंचने पर टीम ने जब रोशनी चालू की, तो उन्हें एक विस्मयकारी नीली दुनिया दिखाई दी, जहां प्लवकों की भरमार थी।

यह खोज मैरियाना ट्रेंच पर्यावरण और पारिस्थितिकी अनुसंधान परियोजना का हिस्सा है, जिसके तहत किए गए अध्ययन सेल पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। इस शोध की सबसे चौंकाने वाली खोज 7000 से अधिक नए सूक्ष्मजीवों की पहचान है, जिनमें से 89 प्रतिशत विज्ञान के लिए पूरी तरह नए हैं। ये सूक्ष्मजीव हैडल ज़ोन (6000 से 11,000 मीटर की गहराई) की कठोर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए विकसित हैं।

आगे के इस अध्ययन में एम्फिपॉड्स (छोटे झींगे जैसे जीव) पर ध्यान दिया गया, जो समुद्री खाइयों में बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि ये जीव गहरे समुद्र में रहने वाले बैक्टीरिया के साथ सहजीवी सम्बंध रखते हैं। उनकी आंतों में सायक्रोमोनास नामक बैक्टीरिया काफी संख्या में मिले, जो ट्राइमेथिइलएमाइन एन-ऑक्साइड नामक एक यौगिक का निर्माण करने में मदद करते हैं। ञ्ह्ल गहरे समुद्र के अत्यधिक दाब से जीवों की रक्षा करने में अहम भूमिका निभाता है। शोध के तीसरे चरण में यह समझने की कोशिश की गई कि गहरे समुद्र की मछलियां अत्यधिक दाब और ठंडे तापमान में कैसे जीवित रहती हैं। जेनेटिक विश्लेषण से पता चला कि 3000 मीटर से अधिक गहराई में रहने वाली मछलियों में एक विशेष जेनेटिक परिवर्तन होता है, जो उनकी कोशिकाओं को अधिक कुशलता से प्रोटीन बनाने में मदद करता है। यह अनुकूलन उन्हें समुद्री दाब से बचने में सहायता करता है। शोध से यह भी पता चला कि विभिन्न जीवों ने गहरे समुद्र में कब शरण ली होगी। मसलन, ईल मछलियां शायद लगभग 10 करोड़ साल पहले गहरे समुद्र में चली गई होंगी जिसकी वजह से वे डायनासौर विलुप्ति वाली घटना से बच गई होंगी। इसी तरह स्नेलफिश लगभग 2 करोड़ साल पहले समुद्र की गहरी खाइयों में पहुंच गई होंगी। यह वह समय था जब पृथ्वी पर टेक्टोनिक हलचल सबसे अधिक थी यानी धरती के भूखंड तेज़ी से इधर-उधर भटक रहे थे।

इन रोमांचक खोजों के साथ-साथ वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में कुछ चिंताजनक चीज़ें भी देखीं; उन्हें मैरियाना और याप ट्रेंच में प्लास्टिक बैग, बीयर की बोतलें, सोडा कैन और एक टोकरी भी मिली है। यह दर्शाता है कि मानव गतिविधियों का असर दूरस्थ और दुगर्म क्षेत्रों तक पहुंच चुका है।

बहरहाल, समुद्र की अधिकांश गहराइयां अब भी अनदेखी हैं। संभव है कि वहां भी असंख्य अनजाने जीव हैं। स्ब्श्ब्रक्र की योजना आगे भी ऐसे अध्ययन जारी रखने की है। **(स्रोत फीचर्स)**



## ललित सुरजन की कलम से

### जेएनयू :सत्ताधीशों के इरादे ?

'हम जानते हैं कि संघ का एजेंडा भारत को हिन्दूराष्ट्र बनाने का है। इस उपक्रम में उनकी कोशिश देश के शैक्षणिक संस्थानों पर कब्जा जमाने की है। लेकिन यह भारत देश धर्म की संकीर्ण परिभाषा से बहुत बड़ा है। आज भले ही शास्त्रार्थ की परंपरा शिथिल पड़ गई हो, विश्वविद्यालयों में अध्यापक वर्ग की काहिली के चलते स्वतंत्र चिंतन का वातावरण न बन पा रहा हो, लेकिन अपने अनजाने में संघ व सरकार ने विश्वविद्यालयों की सुप्त चेतना में सिहरन पैदा कर दी है। इसके परिणाम आगे चलकर अच्छे ही आएंगे। आज भले ही तात्कालिक विजय पर जिसे खुश होना है हो लें।'

**(देशबन्धु में 18 फरवरी 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/02/blog-post_17.html

## आज जयंती

### प्रखर राष्ट्रवादी कवि:पं. माखनलाल चतुर्वेदी

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीयवादी कविता के प्रमुख कवि माने जाते हैं। उनकी पत्रकारिता स्वाधीनता आंदोलन की प्रखर उद्घोषक रही हैं। इन दो पक्षों ने आम जनता की दृष्टि से उनके नाटक, निबंध, संस्मरण और लघु कथात्मक स्मरणों को ओझल ही रखा, रचनाधर्मी साहित्यकार का संपूर्ण रचना संसार उसके साहित्य व्यक्तित्व को उद्घाटित करता है। उसे खंडों में बांटने से मूल चेतना का स्वर दबा-दबा सा लगने लगता है। माखनलाल चतुर्वेदी का संपूर्ण साहित्य लगभग पांच हजार किताबी पृष्ठों में प्रकाशित हो सका, उनके अग्रलेखों और सम्पादकीय टिप्पणियों के अलावा उनकी प्रखर राष्ट्रीय दृष्टि भविष्य का संकेत देती वर्तमान को सहेजती राष्ट्र को अपनी ललकार से जगाती कर्मवीर की सामग्री, ज्वालापुंज सी अनुभव होती है।

एक भारतीय आत्मा के जीवन की माखनलाल चतुर्वेदी चक्र परिधि न केवल भारत बल्कि संपूर्ण मानवता ही रही है। उस चक्र के केंद्रीय स्थान से अनेक कालखंड निकलकर वक्र के संपूर्ण व्यास को अपनी जकड़ में ले लेते हैं। ऐसा ही कुछ माखनलाल चतुर्वेदी के साथ था, देश की स्वतंत्रता, स्वाधीनता और स्वराज सुराज उनके जीवन चक्र का केंद्र था, पत्रकारिता, निबंध, संस्मरण, कहानी, तो उसके कालखंड थे। यदि माखनलाल चतुर्वेदी के उद्देश्य केंद्र को समझा जा सके। संकेतों में उनके संपूर्ण साहित्य को हमारी मन:स्थिति के रंग बदल सकती है।

कर्म है अपना जीवन प्राण
कर्म में बसते हैं भगवान।
कर्म है मातृभूमि का मान
कर्म पर आओ हो बलिदान।।

राष्ट्रीयता व राष्ट्रवाद विवादों के घेरे में रहा है और अभी हैं। राष्ट्रवाद की जो संकुचित मानवता विरोधी, बीभत्स कवि, भारतीयों ने अंग्रेजी शासनकाल में देखा अनुभव की, उसने चतुर्वेदीजी को विवश किया कि राष्ट्रीयता को हम वैसे परिभाषित न करें जैसे अंग्रेज अपनी राष्ट्रीयता को करते रहे और सिखाने का प्रयत्न करते रहे। यूरोपीय लोगों के नजर में राष्ट्रीयता का वही अर्थ है कि उनके देश की सीमा में जितने लोग जन्मे-पले, बड़े हुए उन्हीं की सुख सुविधा का ध्यान रखना उनकी राष्ट्रीयता की पहली पहचान है। अपने देश के बाहर वे चाहें तो अन्य देश को गुलाम बनाएं, वहां की जनता को गरीबी, भुखमरी से मरने को बाध्य करें, उनकी संस्कृति को नष्ट करें। माखनलालजी ने तिलक और गांधी जैसे उऋणतुल्य देशभक्त, मनीषियों के संपर्क में भारतीय संस्कृति के मर्म को छू लिया। तिलक, गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आदि क्रांतिदृष्टा महान व्यक्तियों के संस्मरण चतुर्वेदीजी ने उस आत्मीयता से लिखे जो उन आत्माओं में अपनी आत्मा की एकरुपता महसूस करने के बाद ही लेखनी में उतरते हैं।

आजादी के दीवानों और सामाजिक विचारकों में उनका नाम विस्मय पर गंभीरता से लिया जाने लगा था। उन्हें तब कर्मवीर भी कहा जाने लगा था, ठीक ऐसे ही मध्य प्रांत में हिंदी साहित्य और कांग्रेस का नेतृत्व युवा माखनलाल जी को अपना उत्तराधिकार सौंपने लगा था।

माखनलाल जी का संपादक और पत्रकार मानव और समाज की सेवा निष्काम भाव से करता रहता है, उसे प्रशंसा और प्रसिद्धि की चाह नहीं होती, सम्मान अपने पांव चलकर आए तो वह उसका सत्कार करता है। उसे पाने के तिकड़मी गलियारों की राह पकड़ना तो दूर उनका पता जानने की भी कोशिश नहीं करता, वह अट्टालिका पत्थर होने की सार्थकता पाना चाहता है और यदि उसे अनायास किसी अच्छे स्थान पर लगा दिया जाए तो शिल्पी का विनम्र आभार मानता है। जैसे मनस्वी माखनलाल जी ने कहा था, 'मैं वह पत्थर हूं जिसे शिल्पियों ने अयोग्य समझकर अलग कर दिया था किंतु सुंदर पत्थरों की कमी पड़ गई तो सर्वोत्तम स्थान पर ला दिया, आज जरूरत है कि हर पत्रकार और पत्रकारिता का इच्छुक हर व्यक्ति अपने में माखनलालजी के विमल, विनम्र, सुविज्ञ, सुदृण, लोकसेवी, प्रचार परान्मुखी, सजग और संवेदनशील पत्रकार की खोज करें और न मिले तो वैसा बनने का संकल्प लें।

मुझे तोड़ लेना वनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक!
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक!!

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# देश विदेश

## बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा का दौर जारी, अवामी लीग के नेताओं के घरों पर हमला

**ढाका,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को एक बार फिर निशाना बनाया गया। पूर्व मेयर अनवरुज्जमां चौधरी और पूर्व सांसद शफीउल आलम चौधरी नादेल के घरों पर कथित तौर पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के छात्र दल के बैनर तले भीड़ ने हमला किया और तोड़फोड़ की। सिलहट एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) सैयद अनिसुर रहमान ने कहा कि छात्रों और आम लोगों के एक उग्र समूह ने नादेल के आवास पर हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुधवार को 70-80 बाइकों पर सवार होकर छात्र दल के सदस्यों का एक समूह नादेल के आवास पर पहुंचा। उन्होंने घर में घुसकर सीसीटीवी कैमरे और लैपटॉप को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी को थाई पीएम ने गिफ्ट किया बौद्ध धर्मग्रंथ

**बैंकॉक,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को बैंकॉक में द्विपक्षीय चर्चा के बाद थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने एक बेहद खास गिफ्ट दिया। उन्होंने पीएम मोदी को पवित्र ग्रंथ 'द वर्ल्ड तिपिटका : सज्जया फोनेटिक एडिशन' भेंट किया। तिपिटका (पाली में) या त्रिपिटक (संस्कृत में) भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का एक प्रतिष्ठित संकलन है, जिसमें 108 खंड हैं और इसे प्रमुख बौद्ध धर्मग्रंथ माना जाता है।

**भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का एक प्रतिष्ठित संकलन है त्रिपिटक**

प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किया गया संस्करण पाली और थाई लिपियों में लिखा गया है, जो नौ मिलियन से अधिक अक्षरों का सटीक उच्चारण सुनिश्चित करता है।

यह विशेष संस्करण 2016 में थाई सरकार ने विश्व तिपिटका परियोजना के हिस्से के रूप में राजा भूमिबोल अदुल्यादेज और रानी सिरीकित के 70 साल के शासनकाल की स्मृति में प्रकाशित किया था। पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री शिनावात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया और मैंने भगवान बुद्ध की भूमि भारत की ओर से हाथ जोड़कर इसे स्वीकार किया। पिछले वर्ष भारत ने भगवान बुद्ध और उनके दो



प्रमुख शिष्यों के पवित्र अवशेष थाईलैंड भेजे थे। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि करीब चार मिलियन लोगों ने इन अवशेषों को नमन किया।

विश्लेषकों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी को त्रिपिटक भेंट करना भारत के आध्यात्मिक नेतृत्व और बौद्ध देशों के साथ उसके स्थायी संबंधों का प्रमाण है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक पहुंचने पर रामायण के थाई संस्करण रामकियेन को देखा। रामकियेन भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।

पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि एक अद्वितीय सांस्कृतिक जुड़ाव! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। उन्होंने लिखा, रामायण एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका स्वागत मोदी मोदी और वंदे मातरम के जोशीले नारों से किया। थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट ने कई शीर्ष अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

## 18वीं सदी की रामायण के भित्ति चित्रों पर आधारित विशेष डाक टिकट जारी



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री मोदी की थाईलैंड यात्रा के दौरान एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया है। यह डाक टिकट 18वीं सदी की रामायण के भित्ति चित्रों पर आधारित है। पीएम मोदी ने कहा, मैं थाईलैंड सरकार का आभारी हूं कि मेरी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वी शताब्दी की 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित एक विशेष डाक-टिकट जारी किया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक पहुंचने पर रामायण के थाई संस्करण रामकियेन को देखा। रामकियेन भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।

## दिलों व परंपराओं को जोड़ती है रामायण : मोदी



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक पहुंचने पर रामायण के थाई संस्करण रामकियेन को देखा। रामकियेन भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि एक अद्वितीय सांस्कृतिक जुड़ाव! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। उन्होंने लिखा कि रामायण एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है। थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट ने कई शीर्ष अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। होटल पहुंचने पर उनका स्वागत गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य के साथ किया गया। पारंपरिक परिधान पहने हुए भारतीय प्रवासी बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए। सिख, गढ़वाली और गुजराती समुदाय के लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं। वह 4 अप्रैल को क्षेत्रीय नेताओं के साथ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी भारत-थाईलैंड संबंधों को मजबूत करने के लिए थाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 4 अप्रैल, 2025 चैत्र शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष - विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में रखेगी। नौकरी- व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतियोगी वातावरण रहेगा, इसमें से बाहर आने का प्रयत्न सफल साबित होगा। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

वृषभ - मन की दुविधा के कारण ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी। इसके परिणाम स्वरूप हाथ में आए हुए अवसर खो सकते हैं। शर्मीले व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

मिथुन - आज के दिन की शुरूआत तन-मन की ताजगी के साथ होगी। घर या कहीं बाहर दोस्तों तथा परिवार के लोगों के साथ मनपसंद खाना खाने का अवसर मिल सकता है। कहीं बाहर जाने की योजना बनेगी।

कर्क - आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता हैं। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च हो सकता है। वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज किसी भी बात पर दृढ़ मन से निर्णय नहीं ले सकने के कारण आप मिले हुए मौके का फायदा नहीं उठा सकेंगे। विचारों में ही आपका मन अटका रहेगा। दोस्तों खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ मिलेगा।

कन्या - अभी आप सफलतापूर्वक नए कार्य कर सकेंगे। व्यापारी वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन लाभदायी है। उच्च अधिकारियों की कृपा दृष्टि से पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में लाभ मिल सकता है।

तुला - व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक - अभी समय शांतिपूर्वक व्यतीत करना लाभदायी होगा। अपने क्रोध को काबू में रखें। अनैतिक कार्यों से दूर रहें। नए संबंध बनाने से पहले सोचें। धन खर्च ज्यादा होने से आर्थिक परेशानी का अनुभव होगा।

धनु - आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ प्रवास, पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

मकर - व्यापार में विकास के लिए आज का दिन बहुत लाभकारी रहेगा। व्यापार में आप अपने आयोजन के अनुसार काम कर सकेंगे। धन के लेन-देन में भी सफलता मिलेगी। व्यापार से संबंधित कामों में बाधा आएगी।

कुंभ - आप की वाणी तथा विचारों में जल्दी-जल्दी परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा से आप जुड़े रहेंगे। लेखन तथा रचनात्मक कामों से आपको फायदा मिलेगा। आकस्मिक खर्च की संभावना है।

मीन - आज आप में उत्साह तथा ताज़गी की कमी दिखाई देगी। परिजनों के साथ विवाद में न उतरने की सलाह आपको दी जाती हैं। शारीरिक तथा मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। कई अप्रिय घटना से मन दुखी रह सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## युगांडा की मलेरिया के खिलाफ लड़ाई, 1.1 मिलियन बच्चों को लगाए जाएंगे टीके

**कंपाला,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। युगांडा ने एक ऐतिहासिक मलेरिया टीकाकरण अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य दो साल से कम उम्र के 1.1 मिलियन बच्चों को टीका लगाना है, जो अब तक का सबसे बड़ा अभियान है।

प्रधानमंत्री रोबिनाह नब्बांजा ने बुधवार को उत्तरी युगांडा के अपाक जिले के बूमा ग्राउंड्स में टीकाकरण अभ्यास के आधिकारिक शुभारंभ की अध्यक्षता की। अभियान का उद्देश्य छह से 18 महीने की उम्र के बच्चों को आर21/मैट्रिक्स-एम इंजेक्शन योग्य टीका लगाना है।

नब्बांजा ने कार्यक्रम में कहा कि यह हमारे देश को मलेरिया के भारी बोझ से मुक्त करने की दिशा में एक साहसिक कदम है, एक ऐसी बीमारी जिसने बहुत लंबे समय से हमारे बच्चों के भविष्य को छीन लिया है, हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को कमजोर कर दिया है और हमारी सामाजिक-आर्थिक प्रगति में बाधा उत्पन्न की है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मलेरिया और अन्य रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण, अपने बच्चे को जीवन भर सुरक्षित रखें थीम के तहत अभियान उच्च से मध्यम मलेरिया ट्रांसमिशन रेट्स वाले 146 में से 105 जिलों में चलाया जाएगा। 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन



**युगांडा अपने बच्चों की सुरक्षा, जीवन बचाने व एक स्वस्थ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए साहसिक कदम उठा रहा है : डब्ल्यूएचओ**

(डब्ल्यूएचओ) द्वारा इसकी पूर्व-योग्यता और अनुशंसा के बाद से, यह टीका मलेरिया की रोकथाम में एक आवश्यक उपकरण साबित हुआ है। युगांडा में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि कासोंडे मविंगा ने लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित टीकाकरण में मलेरिया के टीके को शामिल करके, युगांडा अपने बच्चों की सुरक्षा, जीवन बचाने और एक स्वस्थ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक साहसिक कदम उठा रहा है।

## म्यांमार दो एयरपोर्ट का फिर से परिचालन शुरू करने को तैयार

**यांगून,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। विनाशकारी भूकंप के बाद म्यांमार के ने प्यी ताव इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मांडले इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्थानीय यात्रा सेवाएं फिर से शुरू होने वाली हैं।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने गुरुवार को म्यांमार रेडियो और टेलीविजन से मिली जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि भूकंप के बाद दोनों एयरपोर्ट पर अस्थायी रूप से उड़ानें रोक दी गईं।

नागरिक उड्डयन विभाग के अनुसार, मांडले इंटरनेशनल एयरपोर्ट 4 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे फिर से खुलेगा। इसके अलावा ने प्यी ताव इंटरनेशनल एयरपोर्ट 5 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे परिचालन दोबारा शुरू करेगा। म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद के भी झटकों (आफ्टरशॉक) का सिलसिला जारी है। देश के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग के अनुसार, गुरुवार सुबह तक 2.8 से 7.5 तीव्रता के 66 झटके महसूस किए गए।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**राज्यसभा में...**

लाया। मुस्लिम देश ऐसा कर रहे हैं तो भारत में क्या दिक्कत है। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने बिल के नियमों पर आपत्ति जताई। कहा पहले सीईओ का मुसलमान होना अनिवार्य था। राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विधेयक अल्पसंख्यकों को तबाह करने वाला है। बिल की खामियों पर गौर करे। यह अल्पसंख्यकों को परेशान करने वाला है। सुधांशु त्रिवेदी ने वक्फ बोर्ड की विशेष शक्तियां गिनाई। जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि बिल से गरीब मुसलमानों को सही मायने में प्रतिनिधित्व मिलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा ने कहा कि बिल का समर्थन करना गरीब मुसलमानों को अमीरों से बचाने के लिए जरूरी है। आरएलएम प्रमुख ने उपेन्द्र कुशवाहा ने विपक्ष से बिल का समर्थन करने की अपील की।

**प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों...**

पर तीनों मेडिकल कॉलेजों को छात्रों से ली गई अधिक राशि को एक माह के भीतर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित छात्रों के खाते में जमा करने एवं तीनों ही कॉलेजों पर 10-10 लाख रूपये का जुर्माना भी आरोपित किया गया है, जो शासन के पक्ष में एक माह के भीतर जमा किया जाए। यदि एक माह के भीतर राशि जमा नहीं की जाएगी, तो शासन को तीनों ही मेडिकल कॉलेजों की मान्यता निरस्त करने की अनुशंसा भी की गई है।

## जॉर्डन व मिस्र ने की गाजा में स्थायी युद्धविराम के प्रयासों पर चर्चा

**अम्मान,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने गाजा में स्थायी युद्धविराम सुनिश्चित करने के प्रयासों पर चर्चा की। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बुधवार को फोन पर हुई बातचीत के दौरान दोनों मंत्रियों ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों और पश्चिमी तट में उसकी बढ़ती गतिविधियों को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने तत्काल अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया, ताकि गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी क्रॉसिंग खोलने, चल रहे मानवीय संकट का समाधान करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि संयुक्त राष्ट्र और मानवीय संगठन अपने कर्मचारियों की सुरक्षा करते हुए बिना किसी बाधा के काम कर सकें, इजरायल पर दबाव डाला जा सके।

उन्होंने उत्तरी गाजा के जबालिया



शरणार्थी शिविर में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी के चिकित्सा क्लिनिक को इजरायल द्वारा निशाना बनाए जाने की निंदा की तथा इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून, अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून तथा युद्ध के समय नागरिकों की सुरक्षा पर 1949 के जिनेवा कन्वेंशन का उल्लंघन बताया। सफादी और अब्देलट्टी ने इजरायल की बढ़ती कार्रवाइयों के गंभीर परिणामों की भी चेतावनी दी। उन्होंने इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इटमार बेन-ग्वीर द्वारा अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर हमला करने जैसी चल रही इजरायली उकसावे की कार्रवाई की निंदा की।

**मामला** *पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई शुरू*

# एसीसी धारकों सहित अवैध विदेशियों को किया गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिकों के खिलाफ एक बड़ी राष्ट्रव्यापी कार्रवाई शुरू की है। इसके तहत अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों सहित सैकड़ों अवैध विदेशियों को गिरफ्तार किया गया, और फिर उन्हें अफगानिस्तान वापस भेजने के लिए शिविरों में भेज दिया गया। पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की स्वैच्छिक वापसी के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय-सीमा के बाद सैकड़ों अफगान नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और उनके परिवारों के साथ उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।**

दिलचस्प बात यह है कि सुरक्षा बलों को जारी निर्देशों से पता चलता है कि यदि कोई भी अफगान नागरिक आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो पूरे परिवार को निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। काबुल में तालिबान सरकार ने इस्लामाबाद से पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया में देरी का अनुरोध किया था, लेकिन इस्लामाबाद इसमें ढील देने के मूड में नहीं है।

अफगान सरकार ने कहा कि उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने नए सिरे से कार्रवाई की घोषणा की है, जिसमें कहा गया कि वह बिना कानूनी निवास परमिट वाले व्यक्तियों को निर्वासित करेगा, जबकि वैध कार्डधारकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान में



■ **सैकड़ों अफगानी को पकड़ कर शिविरों में भेजा**

यूएनएचसीआर की प्रतिनिधि फिलिप कैंडलर ने कहा कि पाकिस्तान से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह अनिश्चित काल तक अफगान शरणार्थियों की मेजबानी की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाए। मानवीय सहायता की जरूरत है, न केवल अल्पकालिक राहत के लिए बल्कि दीर्घकालिक विकास पहलों को समर्थन देने के लिए भी। समय सीमा को आगे न बढ़ाने और कार्रवाई शुरू करने का निर्णय पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन रजा नकवी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया।

सरकारी प्राधिकारियों ने कड़ी चेतावनी जारी की थी कि 31 मार्च तक देश नहीं छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में अफगान शरणार्थियों को रखने के लिए कम से कम 43 शिविर स्थापित किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारी छापेमारी करेंगे और देश में अवैध रूप से रह रहे अफगानों को हिरासत में लेंगे, जिन्हें फिर शरणार्थी शिविरों में स्थानांतरित किया जाएगा। फिर उन्हें प्रत्यावर्तन के लिए तोरखम पाक-अफगान सीमा पर लांडी कोटल क्षेत्र में ले जाने से पहले सूचीबद्ध किया जाएगा।

## आज का इतिहास

1716-रूस और प्रशिया की सेनाओं ने उत्तर जर्मनी के विस्मार पर कब्जा किया।
1721-रॉबर्ट वाल्पोल ग्रेट ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने।
1818-अमेरिकी संसद में राष्ट्रीय ध्वज में लाल रंग की 13 पट्टी और 20 स्टार रखने का फैसला लिया गया।
1857-एंग्लो और फ़ारसी युद्ध समाप्त हुआ।
1873-यूनाइटेड किंगडम में दुनिया का पहला केनेल क्लब स्थापना।
1887-सुसाना मेडोरा साल्टर पहली अमेरिका में महिला महापौर बनी।
1889-मशहूर हिन्दी कवि, लेखक, नाटककार एवं पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी का मध्यप्रदेश में जन्म।
1905-हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में भूकंप से करीब 20000 लोगों की मौत।
1909-फुटबॉल टीम स्पोर्ट क्लब इंटरनेशनल पोर्टो एलेग्रे ब्राजील में स्थापित किया गया।
1910-दार्शनिक श्री अरविन्दो पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) पहुंचे जहां उन्होंने योग और आध्यात्मिक केन्द्र खोला।
1916-अमेरिकी सीनेट ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की।
1929-ब्यूजु में रोमानिया के नजदीक एक रेलगाड़ी के पटरी से उतरी, 20 लोग मारे गए और 59 घायल हुए।
1932-वैजिस्लाव मरिन्कोविक यूगोस्लाविया के प्रधानमंत्री बने।
1946-स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोपा का निधन।
1949-भारतीय अभिनेत्री परवीन बॉबी का जन्म।
1949-उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना हुई।
1960-अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की।
1968-अमेरिकी राजनीतिज्ञ मार्टिन लूथर किंग का निधन।

## सुडोकू 6872

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 3 | 2 | |
| | | 2 | | 7 | | | 8 | 1 |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | 7 | | 1 | | | 3 |
| | | 9 | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| 6 | 1 | | | 4 | | 7 | | |
| | 7 | 3 | | | | | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6872

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. अतृप्त, अप्रसन्न
३. कोषालय, खजाना
५. पागल, विक्षिप्त
६. किसी वस्तु के बनाने में होने वाला खर्च
७. क्षतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति की राशि (उर्दू)
९. अंजन
१०. वह कथित पर्वत जिसके पीछे सूर्य का डूबना माना जाता है
१२. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य अन्य पद
१३. प्रारब्ध, भाग्य
१४. किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाने वाला राजकीय पत्र (चार्टर)
१६. अंत:करण, चित्त
१८. कांटा
२०. रामचंद्र
२१. एक प्रसिद्ध रूसी उपन्यास लेखक तथा लमाज सुधारक
२३. सोने का कमरा

**ऊपर से नीचे:-**
१. मुनाफाखोरी
२. फौरन
३. शोरगुल
४. बोलने का ढंग, बोलचाल (उर्दू)
५. बचपन
८. जिसकी कामनाएं पूरी न हुई हों
१०. बड़ा भाई
११. आचरण, स्वभाव, शील
१२. आखिरी
१३. बिलकुल, पूरी तरह
१४. जिसका शासन काल सुखमय और खुशहाली का हो (उपमा)
१५. दूसरे के अधीन, पराधीन
१७. जिसकी नाक कटी हुई हो
१८. स्त्रियों के हाथ में पहनने का एक गहना
१९. व्यंग्य, ताना
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6871

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ले | दे | २ क | र | ■ | ■ | ३ वि | धि | ४ व | त |
| श | ■ | ल | ■ | ५ ग | र्ज | ना | ■ | ह | ■ |
| ६ मा | न | म | र्दि | त | ■ | ७ य | त्न | शी | ८ ल |
| त्र | ■ | बं | ■ | ९ का | लि | क | ■ | ■ | ची |
| ■ | १० बे | द | ११ ख | ल | ■ | ■ | १२ वि | षै | ला |
| ■ | का | ■ | प | ■ | १३ मं | जू | षा | ■ | प |
| १४ ब | बू | १५ सा | ना | ■ | ग | ■ | १६ द | १७ फ | न |
| रा | ■ | व | ■ | १८ ग | ल | १९ त | ■ | रे | ■ |
| २० ब | हु | धा | ■ | ण | ■ | २१ र | ह | ब | २२ र |
| र | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन ने उपग्रह थ्येनपिंग-3ए 02 का किया सफल प्रक्षेपण

**बीजिंग,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने थाइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च 6 वाहक रॉकेट का इस्तेमाल कर उपग्रह थ्येनपिंग-3ए 02 को गुरुवार को लॉन्च किया। इस उपग्रह ने पूर्व निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। इस बार का प्रक्षेपण मिशन पूर्णत: सफल रहा। उपग्रह थ्येनपिंग-3ए 02 का उपयोग मुख्य रूप से ग्राउंड रडार उपकरणों के लिए अंशांकन करने और आरसीएस माप करने के लिए किया जाता है, जो भू-ऑप्टिकल उपकरण इमेजिंग प्रयोगों और निम्न-कक्षा अंतरिक्ष पर्यावरण का पता लगाने व निगरानी करने के प्रयोगों के लिए सहायता प्रदान करेगा और वायुमंडलीय अंतरिक्ष पर्यावरण माप व कक्षा भविष्यवाणी मॉडल सुधार के लिए सेवाएं प्रदान करेगा। यह मिशन लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेटों की श्रृंखला की 568वीं उड़ान है।



# खेल जगत

## उंगली में चोट लगने के बावजूद विराट ठीक है : एंडी फ्लावर

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ फील्डिंग के दौरान उंगली में चोट लगने के बावजूद विराट कोहली ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। जीटी द्वारा दिए गए 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान, 12वें ओवर में कोहली ने एक चौका रोकने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनकी उंगली पर लगी और सीमा रेखा के पार चली गई। दर्द के कारण कोहली परेशान दिखे, जिसके बाद टीम का फिजियो उनका इलाज करने मैदान पर आया। हालांकि, कोहली मैदान से बाहर चले गए, लेकिन उनकी उंगली में दर्द बना रहा। जीटी ने यह मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। मैच के बाद एंडी फ्लावर ने कहा कि विराट बिल्कुल ठीक हैं, चिंता की कोई बात नहीं है।



## मुंबई इंडियंस अब लखनऊ को भी हरा जीत का सिलसिला आगे बढ़ाने उतरेगी



■ बड़ा सवाल क्या लखनऊ अब मुंबई को रोक खुद जीत की राह पर लौटेगी?

■ तेज गेंदबाज आकाशदीप के फिट होने से लखनऊ का हौसला बढ़ा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मौजूदा संस्करण के सबसे महंगे 27 करोड़ रुपय में खरीदे अपने कप्तान ऋषभ पंत का शुरू के तीन मैचों में मात्र 17 रन बना बल्ले से नाकाम रहना लखनउ सक्षपर जायंटस को आईपीएल 2025 में बुरी तरह अखर रहा है। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली लगातार दो हार के बाद रफ्तार की नई सनसनी बाएं हाथ के 23 वर्षीय तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार के गेंद के 'चौके' की बदौलत अपने घर मुंबई में मौजूदा चैम्पियन केकेआर को आठ विकेट से हरा जीत की राह पर लौटी मुंबई इंडियंस ने चोट के चलते बाहर अपने भारत और दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के उपलब्ध न होने के बावजूद बेशक राहत महसूस की है। मुंबई इंडियंस की अब शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंटस के खिलाफ कोशिश जीत का सिलसिला आगे बढ़ाने की होगी। बड़ा सवाल यह रहेगा क्या लखनऊ सुपर जायंटस अब तिलक वर्मा, सूर्य कुमार यादव, नाकाम रहने वाले रोहित शर्मा और रंग में लौट चुके सलामी बल्लेबाज रेयन रिकल्टन से सज्जित मुंबई इंडियंस को रोक खुद जीत की राह पर वापस लौट पाएगी। लखनऊ के शीर्ष तेज गेंदबाज मयंक यादव, मोहसिन खान, आवेश खान और आकाशदीप की चोटों के चलते मौजूदा सीजन के शुरू में बाहर रहने के बाद आवेश खान के बाद अब आकाशदीप को भी बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने फिट घोषित कर दिया और ये दोनों शार्दूल ठाकुर के साथ लखनऊ को मुंबई इंडियंस के शुक्रवार के मैच के लिए उपलब्ध होंगे। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए हौसला बढ़ाने वाली बात यह है कि उसके मुंबई इंडियंस से अपने पिछले पाच में चार मैच जीते हैं।

### 'हम पंजाब के खिलाफ हार से सबक लेकर आगे बढ़ेंगे'

पंजाब खिलाफ हमारा पिछला मैच अपने घरेलू मैदान पर हमारा पहला मैच था। हमने पंजाब के खिलाफ 20-25 रन कम बनाए। यह खेल का हिस्सा है और हम अभ भी स्थितियों का आकलन कर रहे हैं। हमें शुरु में विकेट खोना अखरा। जब आप शुरू में जल्द विकेट गंवा देते हैं तो फिर बड़ा स्कोर बनाना मुश्किल हो जाता है। अब हर चीज पर नियंत्रण नहीं रख सकते।, पर हर खिलाड़ी मैच को आगे ले जाने की कोशिश कर रहा है। हमारी सोच साफ थी चूंकि हमारा यह पहला घरेलू मैच है पिच धीमी होनी चाहिए लेकिन गेंद कुछ रुक कर आई। हमारे लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ दिन अच्छा नहीं रहा। हम पंजाब के खिलाफ हार से सबक लेकर आगे बढ़ेंगे हार के बावजूद हमारे लिए काफी कुछ सकारात्मक रहा।अभी मौजूदा आईपीएल का शुरुआती चरण है और हम अभी भी टीम के लिए बहुत सी चीजों का पता लगा रहे हैं। उम्मीद है आगे हमारे लिए चीजे बेहतर होंगी: **ऋषभ पंत**

### 'हमारी पास जैसी टीम है, मुझे चिंतित होने की जरूरत नहीं'

'केकेआर के खिलाफ अपने घरेलू मैदानी पर हमारी जीत बेहद संतोषजनक रही। टीम की इस जीत में हर किसी ने एक इकाई के रूप में योगदान किया और मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता। टीम में किसी एक खिलाड़ी को चुनना आसान नहीं होता। हमारी टीम उन खिलाड़ियों के साथ खड़ी है जो हमारे पास हैं। केकेआर के खिलाफ मैच में हमें लगा कि इस पिच पर हम अश्विनी को शामिल कर सकते है उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। इस सबका श्रेय खिलाड़ियों की तलाशने वाली हमारे जोहरियों को है। वे अलग अलग जाकर अश्विनी सरीखे नौजवानों को चुनते हैं। हम अभ्यास मैच खेले और उसमें अश्विनी की गेंद तेज तो आई ही देर से स्विंग भी हुई। अश्विनी का बाएं हाथ के गेंदबाज के रूप में एक अलग एक्शन है। हमने अश्विनी का समर्थन किया और उन्होंने रसेल का अहम विकेट निकाला ही क्विंटन डी कॉक का अहम कैच जिस तरह उन्होंने लपका वह शानदार था। हमारे पास जिस तरह की टीम है वह नौजवान और अनुभवी खिलाड़ियें का बढ़िया तालमेल है और मुझे ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है।अभी मौजूदा आईपीएल का शुरुआती दौर है और हर कोई योगदान कर रहा है : **हार्दिक पांड्या**

## हॉकी इंडिया की महिला 40 सीनियर कोर ग्रुप की संभावितों में 12 नई कोर ग्रुप से बाहर की



**गोलरक्षक** : सविता, बिच्छू देवी खरीबम, बांसुरी सोलंकी, माधुरी किंडो , समीक्षा सक्सेना।
**रक्षापंक्ति** : महिमा चौधरी ,निकी प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता दुहान, इशिका चौधरी, ज्योति छेत्री, ज्योति, अक्षता अबासा ढेकले, अंजना डुंगडुंग, सुमन डेवी थोडम।
**मध्यपंक्ति** : सुजाता कुजूर, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनीलिता टोपो, ललरेमसियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अल्बेला रानी टोपो,पूजा यादव।
**अग्रिम पंक्ति** : दीपिमोनिका टोपो, ऋतिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका सहरावत, ऋतुजा डडासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अनु, चांदना जगदीश,काजल सदाशिव अटपड़कर।

**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने 23 मार्च से साई, बेंगलुरू में शुरु सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए शुरू में से 65 संभावितों में छंटनी के बाद 40 संभावितों को चुना। बीते दो हफ्तों हफ्तों के प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों की छंटनी कर संभावितों की संख्या 40 कर दी गई। छंटनी के बाद मौजूदा कोर ग्रुप की 28 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया और 12 नई कोर ग्रुप से बाहर की गई हैं जिन्हें की उनके 15 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। कोर ग्रुप की संभावितों में रेखांपक्ति में असम हॉकी की समीक्षा सक्सेना को सीनियर राष्ट्रीय हॉकी में दमदार प्रदर्शन के आधार पर बतौर गोलरक्षक, हॉकी बंगाल की अजंना डुंगडुंग और मणिपुर हॉकी की सुमन देवी थोडम , मध्यपंक्ति में चार नई खिलाड़ी हॉकी बंगाल की सुजाता कुजूर, हॉकी झारखंड की अलबेला रानी टोपो व महिमा टोपो और उत्तर प्रदेश हॉकी की पूजा यादव है। वहीं अग्रिम पंक्ति में बतौर फॉरवर्ड में पांच नई खिलाड़ियों को ओडिशा की दीपिमोनिका टोपो,हॉकी मध्यप्रदेश के ऋत्विका सिंह व अनु और हॉकी कर्नाटक व चांदना जगदीश और हॉकी महाराष्ट्र की काजल सदाशिव अटपड़कर हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम के चीफ कोच हरेन्द्र सिंह ने कहा, ' हमारे कुछ बहुत ही अच्छे सत्र हुए और हमने खिलाड़ियों को परखा। चयनकर्ताओं और 40 खिलाड़ियों को चुना है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हमारा विश्वास है कि हमने कुछ अच्छे प्रतिभासम्पन्न खिलाड़ियों को चुना है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये सभी देश की लंबे समय तक सेवा करेगी। मैं वाकई रोमांचित ये लड़कियां शिविर में कैसा प्रदर्शन करेंगी। और भविष्य के लिए कैसा एक बड़ा कदम बढ़ाएंगी।' भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के शिविर के लिए छंटनी के बाद संभावित कोर ग्रुप के लिए चुनी गई 40 खिलाड़ी हैं

## ऑरेंज कैप की रेस में निकोलस पूरन




**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में निकोलस पूरन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए जबरदस्त खेल दिखाया है। वेस्टइंडीज के इस बाएं हाथ के तूफानी बल्लेबाज ने इस सीजन में अपनी पावर हिटिंग से विपक्षी गेंदबाजों की नींद उड़ा रखी है। आईपीएल 2025 में पूरन ने अब तक खेले गए तीन मैचों में दो हाफ सेंचुरी लगाई हैं और उनका सर्वाधिक स्कोर 75 है। पूरन ने कुल 189 रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप की रेस में वह नंबर वन पर बने हुए हैं। इसके अलावा, पूरन अन्य बल्लेबाजों की तुलना में टूर्नामेंट में अब तक तीन मैचों में 32 चौके-छक्के लगाकर सबसे आगे चल रहे हैं। चलिए जानते हैं कि इस टूर्नामेंट में निकोलस पूरन के अलावा किस टीम के किस खिलाड़ी ने चौके-छक्के की बरसात की है। निकोलस पूरन के बाद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 3 मैचों की 3 पारियों में 186 रन बनाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में पूरन के बाद दूसरे नंबर पर हैं। साई सुदर्शन ने आईपीएल 2025 में 25 चौके-छक्के लगाए हैं। गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर के नाम इस सीजन में 23 चौके-छक्के हैं।

## यूटीटी सीजन 6 : द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यम सहित पांच कोच करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। द्रोणाचार्य पुरस्कार जीतने वाले रमन सुब्रमण्यन, जर्मनी के जाने-माने कोच क्रिस फिफर (जिन्होंने शरथ कमल और मनिका बत्रा जैसे बड़े खिलाड़ियों को ट्रेन किया है), सीनियर कोच पावेल रेहोरेक और जूलियन गिरार्ड, और भारत के पहले नंबर के खिलाड़ी रह चुके जुबिन कुमार पहली बार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के छठे सीजन में कोचिंग करते हुए दिखेंगे। ये सभी यूटीटी में कोचिंग डेब्यू करेंगे।

इस बार पहली बार टीमों को अपनी पसंद के कोच चुनने की आजादी दी गई है। पहले उन्हें 'कोच ड्राफ्ट' के जरिए कोच चुनना पड़ता था। वहीं, डेब्यूटेंट्स के साथ, पिछली बार भी कोचिंग कर चुके एलेना तिमिना, पराग अग्रवाल, सुभोजित साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी एक बार फिर यूटीटी खिताब जीतने के इरादे से लौट रहे हैं। यह लीग टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा आयोजित की जाती है। इस बार 29 मई से 15 जून तक पहली बार अहमदाबाद के ईकेए एरीना में यह मुकाबले होंगे। रमन सुब्रमण्यम, जो 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं, अब दबंग दिल्ली टीटीसी का नेतृत्व करेंगे और पहली बार कोचिंग कर रहे जूलियन गिरार्ड के साथ मिलकर नई कोचिंग जोड़ी बनाएंगे। क्रिस फिफर, जो 2022 से भारतीय टेबल टेनिस में योगदान दे रहे हैं, इस बार अहमदाबाद एसजी पिपर्स के कोच होंगे। जबकि रेहोरेक का कोचिंग करियर तीन दशकों से अधिक लंबा है। कोलकाता थंडरब्लेड्स की कोचिंग में पहली बार जुबिन कुमार उतरेंगे। अनुभवी कोचों में एलेना तिमिना, सचिन शेट्टी और वेस्ना ओजस्टेर्सेक लगातार छठी बार यूटीटी में कोचिंग करेंगे। यूटीटी के आयोजकों का कहना है कि इस बार कोचिंग पैनल और भी मजबूत हुआ है। टीमों को खुद अपने कोच चुनने की आजादी मिली है, जिससे वे अपनी रणनीति के अनुसार कोचिंग स्टाफ तैयार कर सकते हैं। इससे मुकाबला और रोमांचक होगा, और खिलाड़ियों को बेहतरीन मार्गदर्शन मिलेगा। गत विजेता गोवा चैलेंजर्स ने अपने सीजन 4 का खिताब जिताने वाले कोचिंग जोड़ी एलेना तिमिना और पराग अग्रवाल को फिर से शामिल किया है।



■ 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद में मुकाबले होंगे

## सार संक्षेप

### लाहौर : पाक महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू

**लाहौर।** ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है।

## एलएसजी के खिलाफ मैच से पहले सूर्यकुमार, तिलक और दीपक ने किए रामलला के दर्शन




**नई दिल्ली**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा जैसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने आईपीएल 2025 में अपने अगले मुकाबले से पहले अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। मुंबई इंडियंस का अगला मैच लखनऊ सुपरजायंट्स से होने वाला है। गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें सूर्यकुमार यादव और दीपक चाहर अपनी पत्नियों देविशा और जया के साथ मंदिर में दिखे। इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपने पहले घरेलू मुकाबले में मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हराकर अपनी लगातार दो हार के सिलसिले को तोड़ दिया। इस जीत में युवा गेंदबाज अश्वनी कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने डेब्यू मैच में 4 विकेट लेकर केकेआर को 16.2 ओवर में सिर्फ 116 रन पर समेट दिया। यह किसी भी भारतीय गेंदबाज का आईपीएल डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। बाद में रियान रिकेल्टन ने नाबाद 62 रन बनाए और टीम को 12.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इस जीत के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने अपनी खुशी जाहिर की थी और एमआई के लिए लगातार दमदार प्रतिभाओं को खोजने के लिए फ्रेंचाइजी के स्काउट्स को श्रेय दिया था।

## आईपीएल 2025 : विलियमसन ने की सिराज की तारीफ

**बेंगलुरु**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर केन विलियमसन ने मोहम्मद सिराज की जबरदस्त गेंदबाजी की तारीफ की, जिसने गुजरात टाइटंस (जीटी) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सिराज ने पूरे जोश और आक्रामकता के साथ गेंदबाजी की और अपनी पूर्व टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। सिराज ने सिर्फ 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी घातक गेंदबाजी का असर ऐसा रहा कि आरसीबी की टीम महज 42 रन पर 4 विकेट गंवा बैठी और 20 ओवर में 169/8 का स्कोर बना पाई। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सिराज को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। विलियमसन ने जियोहॉटस्टार पर कहा स्रष्ठ सिराज को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की परिस्थितियों की अच्छी समझ है। उन्होंने पूरे जोश के साथ गेंदबाजी की, आक्रामक अंदाज में टीम का नेतृत्व किया और बहुत अच्छी गति से गेंदें डालीं। उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब मिलना ही था। वहीं, दूसरी पारी में जोस बटलर अपने बेहतरीन फॉर्म में नजर आए, लेकिन सिराज ने शुरुआती ओवरों में ही मैच की दिशा तय कर दी थी।

## इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप: एडवर्ड्स

■ हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें : लॉर्ड्स



**लंदन**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है। इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय से कप्तान हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा। नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा कि हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें, बार-बार ऐसी परिस्थितियों में आएं और इंग्लैंड के लिए खेलने का मौका पाएं उन्होंने कहा कि किसी के लिए भी दरवाज़ा बंद नहीं हुआ है। उम्मीद है कि काउंटी सीज़न से इसकी शुरुआत होगी, यह वास्तव में एक सकारात्मक बात होगी। मैं अतीत के बारे में बहुत अधिक बात नहीं करने जा रही हूँ। मेरे लिए यह सब भविष्य के बारे में है और मैं जो देखती हूँ वह यह है कि हमारे पास वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है।


**न्यायालय नज़ूल अधिकारी रायपुर, ( सूचना )**

रा.प्र.क्र./202407112800007/262/अ-20(3)/वर्ष 2023-2024

शुभम कुमार पंजवानी पिता सुरेश कुमार पंजवानी, पता-89 टैगोर नगर विधायक टैगोर नगर रायपुर .... आवेदक/आवेदिका बनाम

श्री राजकुमार कृष्णानी पिता दानचंद कृष्णानी एवं अन्य 37.. अनावेदकगण

एतद् द्वारा अनावेदकगण (1) राजकुमार कृष्णानी पिता श्री दानचंद कृष्णानी, निवासी 01, शंकर नगर वी वी विहार, रायपुर छ.ग. (2) श्री अमित कृष्णानी पिता स्व. सुरेश कुमार कृष्णानी, निवासी सी-5/2 आनंद विहार सेक्टर 2 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (क्रमांक-01 द्वारा आ.मु. राजकुमार कृष्णानी पिता श्री दानचंद कृष्णानी) (3) श्रीमती सुनीता सचदेव पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी पति राजकुमार सचदेव निवासी ई-149 देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. (4) श्रीमती कीर्ति योगेश हबलानी पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी पति श्री योगेश हबलानी निवासी दारोगा प्लाट राजापेट रूखमणी नगर अमरावती महाराष्ट्र (5) श्रीमती नीता हर्षदीप अडवानी पिता चन्द्रलाल कृष्णानी पिता हर्षदीप अडवानी निवासी प्लाट नंबर 12 आकाशवाणी के पीछे बाबा हरदासराम सोसायटी जलगांव महाराष्ट्र (कमांक-03 से 05 तक द्वारा आ.मु. कमल कृष्णानी पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी एवं श्री राजेश कृष्णानी पिता चंद्रलाल कृष्णानी) (6) कमल कृष्णानी पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी निवासी म.नं. 117 चिरहुलडीह हनुमान मंदिर के पास रायपुर छ.ग. (7) श्री राजेश कृष्णानी पिता चंद्रलाल कृष्णानी निवासी कृष्णानी निवास समता कॉलोनी रायपुर छ.ग. (8) श्री मोहन लाल कृष्णानी पिता सुंदर लाल कृष्णानी निवासी एच-38, आनंद नगर आनंद विहार सेक्टर 02 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (9) श्री श्याम लाल कृष्णानी पिता सुंदरलाल कृष्णानी निवासी-43, आनंद नगर आनंद विहार सेक्टर 02 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (10) श्री गिरधारी लाल कृष्णानी पिता श्री सुंदर लाल कृष्णानी पता-सी-5/3 आनंद नगर आनंद विहार सेक्टर 01 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (11) रामचंद कृष्णानी पिता सुंदरलाल कृष्णानी पिता सुंदर लाल कृष्णानी निवासी-सी 5/1 आनंद विहार सेक्टर 01 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (12) श्रीमती मायादेवी बजाज पिता सुंदर लाल कृष्णानी पति श्री डी.डी. बजाज निवासी-9 133 मिनोमा कॉलोनी बिलासपुर छ.ग. (13) श्रीमती रीमा गुरबक्षानी पिता श्री सुंदर लाल कृष्णानी पति श्री मोहन गुरबक्षानी पता प्लॉट नंबर 187, ए राधे अपार्टमेंट मेकोसाबाघ बेझोनबाघ नागपुर महाराष्ट्र (क्रमांक-12 से 13 तक द्वारा आ.मु. श्री अर्जुन कृष्णानी पिता श्री भीषम लाल कृष्णानी) (14) श्री अर्जुन कृष्णानी पिता श्री भीषम लाल कृष्णानी पता 134 ईदगाहभांठा काली मंदिर के सामने लाखेनगर रायपुर छ.ग. (15) श्रीमती लता देवी कृष्णानी पति श्री सुरेश कुमार कृष्णानी निवासी सुन्दर ऑटो सेंटर एम जी रोड सिंधी बाजार रायपुर छ.ग. (16) निशा कृष्णानी पिता श्री सुरेश कुमार कृष्णानी निवासी सुन्दर ऑटो सेन्टर एम जी रोड़ सिंधी बाजार रायपुर छ.ग. (17) माधवी कृष्णानी पिता श्री सुरेश कुमार कृष्णानी निवासी सुन्दर ऑटो सेन्टर एम जी रोड सिंधी बाजार रायपुर छ.ग. (18) श्रीमती सुनीता कृष्णानी पति श्री भीषम लाल कृष्णानी पता 134, ईदगाहभांठा काली मंदिर के सामने, लाखेनगर रायपुर छ.ग. (19) विशाल कृष्णानी पिता श्री भीषम लाल कृष्णानी निवासी-134, ईदगाहभांठा काली मंदिर के सामने लाखेनगर रायपुर छ.ग. (20) श्री मेहरचंद कृष्णानी पिता श्री ईदनदास कृष्णानी पता-53/475. ईदगांहभांठा मंगला काली मंदिर हिन्द स्पोर्टिंग मैदान रायपुर छ.ग. (21) श्रीमती आशा खटवानी पिता ईदनदास कृष्णानी पति श्री रमेश कुमार खटवानी निवासी मकान नंबर बी-1. मारूती रेसीडेंसी, नंदेश्वर मंदिर के पास, महावीर नगर अमलीडीह, पुरैना रायपुर छ.ग. (22) श्रीमती उषा हरेश कुंगवानी पिता श्री ईदनदास कृष्णानी पति श्री हरेश कुंगवानी निवासी लक्ष्मी नारायण कॉलोनी होरा पेट्रोल पम्प के सामने, फुलचूरपेठ फुलचूर गोंदिया महाराष्ट्र (23) श्रीमती रजनी मनोहर लाल दुसेजा पिता श्री ईदनदास कृष्णानी पति श्री मनोहर लाल डूसेजा निवासी होरा पेट्रोल पंप श्रीराम कॉलोनी के सामने, फुलचूरपेठ फुलचूर गोंदिया महाराष्ट्र (25) सत्या कृष्णानी पिता ईदनदास कृष्णानी निवासी 53/475, निरंकारी भवन के पास फुटबाल ग्राउंड ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (क्रमांक-21 से 25 तक द्वारा आ.मु. श्रीचंद कृष्णानी पिता श्री ईदन दास) (26) श्रीचंद कृष्णानी पिता श्री ईदन दास निवासी-53/475. ईदगांहभांठा ठाकुर प्यारेलाल वार्ड रायपुर छ.ग. (27) श्री गोपाल कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी निवासी-53/475 फुटबाल गाउण्ड के पास, ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (28) श्री कल्तार कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी निवासी 53/474 ईदगाहभांठा रायपुर 3.ग. (29) श्रीमती विद्या दयालानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी पति श्री घनश्याम दयालानी निवासी मकान नंबर 14, नगर निगम बस्ती समता कॉलोनी रामसागर पारा रायपुर छ.ग. (30) श्रीमती सुलोचना विजय वाधवानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी पति श्री विजय वाधवानी निवासी प्रथम तल वाधवानी कॉम्पलेक्स नेताजी चौक यवतमाल महाराष्ट्र (31) श्रीमती शारदा राजेश कुमार मोटवानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी पति श्री राजेश कुमार मोटवानी निवासी प्लाट नंबर 235 भण्डारा रोड एनएमसी कार्यालय के पास, लकड़गंज नागपुर महाराष्ट्र (32) श्रीमती कंचन डुलानी पिता गुलाब राय कृष्णानी पति श्री संजय डुलानी निवासी-म.नं. एल-10 एम पी एच बी कॉलेनी लालबाग राजनांदगांव छ.ग. (क्रमांक-29 से 32 तक द्वारा आ.मु. - श्री दामोदर कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी) (33) श्री दामोदर कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी निवासी 53/474, निरंकारी भवन के पास, फुटबाल ग्राउंड ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (34) श्रीमती शांति देवी कृष्णानी पति श्री मनोहर लाल कृष्णानी निवासी म.नं. 00 सारथी चौक ईदगांहभांठा रायपुर छ.ग. (35) श्रीमती अनिता वासुदेव आनंदानी पति श्री मनोहर नोहर लाल कृष्णानी पति श्री वासुदेव आनंदानी निवासी-जलाराम मंदिर के पास बिरला कॉलोनी हाउस नेम वरदान अकोला महाराष्ट्र (36) श्रीमती गुंजन वाधवानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी पति श्री मनोज वाधवानी निवासी 21 सहारा परिसर ईदगांहभांठा हिल्स भोपाल हुजूर भोपाल म.प्र. (37) श्रीमती मुस्कान तख्तानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी पति श्री अजय कुमार तख्तानी, निवासी-24, बी डी अ नेवरी मंदिर मार्ग ईदगाह हिल्स हुजुर भोपाल म.प्र. (क्रमांक-35 से 37 तक द्वारा आ.मु. श्री अनिल कृष्णानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी) (38) श्री अनिल कृष्णानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी निवासी म.नं. 00 सारथी चौंक ईदगांहभांठा लाखेनगर रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम कुमार पंजवानी पिता श्री सुरेश कुमार पंजवानी, निवासी- सी-89, टैगोर नगर विधायक भवन टैगोर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा आमापारा स्थित ब्लॉक/शीट नंबर-39, भूखण्ड क्रमांक-1/7, रकबा 4150 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने अनावेदकगण राजकुमार कृष्णानी वगै. से पंजीकृत बैनामा दिनांक 12/06/2024 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदकगण (1) राजकुमार कृष्णानी पिता श्री दानचंद कृष्णानी, निवासी 01, शंकर नगर वी वी विहार, रायपुर छ.ग. (2) श्री अमित कृष्णानी पिता स्व. सुरेश कुमार कृष्णानी, निवासी सी-5/2 आनंद विहार सेक्टर 2 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (कमांक-01 द्वारा आ.मु. राजकुमार कृष्णानी पिता श्री दानचंद कृष्णानी) (3) श्रीमती सुनीता सचदेव पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी पति राजकुमार सचदेव निवासी ई-149 देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. (4) श्रीमती कीर्ति योगेश हबलानी पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी पति श्री योगेश हबलानी निवासी दारोगा प्लाट राजापेट रूखमणी नगर अमरावती महाराष्ट्र (5) श्रीमती नीता हर्षदीप अडवानी पिता चन्द्रलाल कृष्णानी पिता हर्षदीप अडवानी निवासी प्लाट नंबर 12 आकाशवाणी के पीछे बाबा हरदासराम सोसायटी जलगांव महाराष्ट्र (क्रमांक-03 से 05 तक द्वारा आ.मु. कमल कृष्णानी पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी एवं श्री राजेश कृष्णानी पिता चंद्रलाल कृष्णानी) (6) कमल कृष्णानी पिता श्री चंद्रलाल कृष्णानी निवासी म.नं. 117 चिरहुलडीह हनुमान मंदिर के पास रायपुर छ.ग. (7) श्री राजेश कृष्णानी पिता चंद्रलाल कृष्णानी निवासी कृष्णानी निवास समता कॉलोनी रायपुर छ.ग. (8) श्री मोहन लाल कृष्णानी पिता सुंदर लाल कृष्णानी निवासी एच-38, आनंद नगर आनंद विहार सेक्टर 02 तेलीबांधा रायपुर छ. ग. (9) श्री श्याम लाल कृष्णानी पिता सुंदरलाल कृष्णानी निवासी-43, आनंद नगर आनंद विहार सेक्टर 02 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (10) श्री गिरधारी लाल कृष्णानी पिता श्री सुंदर लाल कृष्णानी पता-सी-5/3 आनंद नगर आनंद विहार सेक्टर 01 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (11) रामचंद कृष्णानी पिता सुंदरलाल कृष्णानी पिता सुंदर लाल कृष्णानी निवासी-सी 5/1 आनंद विहार सेक्टर 01 तेलीबांधा रायपुर छ.ग. (12) श्रीमती मायादेवी बजाज पिता सुंदर लाल कृष्णानी पति श्री डी.डी. बजाज निवासी-9 133 मिनोमा कॉलोनी बिलासपुर छ.ग. (13) श्रीमती रीमा गुरबक्षानी पिता श्री सुंदर लाल कृष्णानी पति श्री मोहन गुरबक्षानी पता प्लॉट नंबर 187, ए राधे अपार्टमेंट मेकोसाबाघ बेझोनबाघ नागपुर महाराष्ट्र (क्रमांक 12 से 13 तक द्वारा आ.मु. - श्री अर्जुन कृष्णानी पिता श्री भीषम लाल कृष्णानी) (14) श्री अर्जुन कृष्णानी पिता श्री भीषम लाल कृष्णानी पता 134 ईदगाहभांठा काली मंदिर के सामने लाखेनगर रायपुर छ.ग. (15) श्रीमती लता देवी कृष्णानी पति श्री सुरेश कुमार कृष्णानी निवासी सुन्दर ऑटो सेंटर एम जी रोड सिंधी बाजार रायपुर छ.ग. (16) निशा कृष्णानी पिता श्री सुरेश कुमार कृष्णानी निवासी सुन्दर ऑटो सेन्टर एम जी रोड़ सिंधी बाजार रायपुर छ.ग. (17) माधवी कृष्णानी पिता श्री सुरेश कुमार कृष्णानी निवासी सुन्दर ऑटो सेन्टर एम जी रोड सिंधी बाजार रायपुर छ.ग. (18) श्रीमती सुनीता कृष्णानी पति श्री भीषम लाल कृष्णानी पता 134. ईदगाहभांठा काली मंदिर के सामने, लाखेनगर रायपुर छ.ग. (19) विशाल कृष्णानी पिता श्री भीषम लाल कृष्णानी निवासी-134, ईदगाहभांठा काली मंदिर के सामने लाखेनगर रायपुर छ.ग. (20) श्री मेहरचंद कृष्णानी पिता श्री ईदनदास कृष्णानी पता-53/475, ईदगांहभांठा मंगला काली मंदिर हिन्द स्पोर्टिंग मैदान रायपुर छ.ग. (21) श्रीमती आशा खटवानी पिता ईदनदास कृष्णानी पति श्री रमेश कुमार खटवानी निवासी मकान नंबर बी-1, मारूती रेसीडेंसी, नंदेश्वर मंदिर के पास, महावीर नगर अमलीडीह, पुरैना रायपुर छ.ग. (22) श्रीमती उषा हरेश कुंगवानी पिता श्री ईदनदास कृष्णानी पति श्री हरेश कुंगवानी निवासी लक्ष्मी नारायण कॉलोनी होरा पेट्रोल पम्प के सामने, फुलचूरपेठ फुलचूर गोंदिया महाराष्ट्र (23) श्रीमती रजनी मनोहर लाल डूसेजा पिता श्री ईदनदास कृष्णानी पति श्री मनोहर लाल इसेजा निवासी-होरा पेट्रोल पंप श्रीराम कॉलोनी के सामने, फुलचूरपेठ फुलचूर गोंदिया महाराष (25) सत्या कृष्णानी पिता ईदनदास कृष्णानी निवासी 53/475, निरंकारी भवन के पास फुटबाल ग्राउंड ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (क्रमांक-21 से 25 तक द्वारा आ.मु. - श्रीचंद कृष्णानी पिता श्री ईदन दास) (26) श्रीचंद कृष्णानी पिता श्री ईदन दास निवासी-53/475, ईदगाहभांठा ठाकुर प्यारेलाल वार्ड रायपुर छ.ग. (27) श्री गोपाल कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी निवासी-53/475 फुटबाल ग्राउण्ड के पास, ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (28) श्री कल्तार कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी निवासी 53/474 ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (29) श्रीमती विद्या दयालानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी पति श्री घनश्याम दयालानी निवासी मकान नंबर 14, नगर निगम बस्ती समता कॉलोनी रामसागर पारा रायपुर छ.ग. (30) श्रीमती सुलोचना विजय वाधवानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी पति श्री विजय वाधवानी निवासी प्रथम तल वाधवानी कॉम्पलेक्स नेताजी चौक यवतमाल माल महाराष्ट्र (31) श्रीमती शारदा राजेश कुमार मोटवानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी पत्ति श्री राजेश कुमार मोटवानी निवासी-प्लाट नंबर 235 भण्डारा रोड एनएमसी कार्यालय के पास, लकड़गंज नागपुर महाराष्ट्र (32) श्रीमती कचन डुलानी पिता गुलाब राय कृष्णानी पति श्री संजय डुलानी निवासी-म.नं. एल-10 एम पी एच बी कॉलेनी लालबाग राजनांदगांव छ.ग. (क्र मांक-29 से 32 तक द्वारा आ.मु. श्री दामोदर कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी) (33) श्री दामोदर कृष्णानी पिता श्री गुलाब राय कृष्णानी निवासी 53/474, निरंकारी भवन के पास, फुटबाल ग्राउंड ईदगाहभांठा रायपुर छ.ग. (34) श्रीमती शांति देवी कृष्णानी पति श्री मनोहर लाल कृष्णानी निवासी म.नं. 00 सारथी चौक ईदगाहभांता रायपुर छ.ग. (35) श्रीमती अनिता वासुदेव आनंदानी पति श्री मनोहर लाल कृष्णानी पति श्री वासुदेव आनंदानी निवासी-जलाराम मंदिर के पास बिरला कॉलोनी हाउस नेम वरदान अकोला महाराष्ट्र (36) श्रीमती गुंजन वाधवानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी पति श्री मनोज वाधवानी निवासी 21 सहारा परिसर ईदगाहभांठा हिल्स भोपाल हुजुर भोपाल म. 2. (37) श्रीमती मुस्कान तख्तानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी पति श्री अजय कुमार तख्तानी, निवासी-24. बी डी अ नेवरी मंदिर मार्ग ईदगाह हिल्स हुजुर भोपाल म.प्र. (क्रमांक-35 से 37 तक द्वारा आ.मु श्री अनिल कृष्णानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी) (35) श्री अनिल कृष्णानी पिता श्री मनोहर लाल कृष्णानी निवासी मन के सारथीक ईदगाहमांता लाखेनगर रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आप स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 17.04.2025 को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में दोपहर 12.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त याचा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 28.03.2025 , पेशी दिनाक 17.04.2025

मुहर नजूल अधिकारी, रायपुर


## हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप झांसी में



■ डिवीजन ए में पिछले कुछ वर्षों में टूर्नामेंट में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर भारत की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं

**झांसी**, 3 अप्रैल (एजेंसियां)। चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी। झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट उसी नए डिवीजन आधारित प्रारूप में खेला जाएगा, जैसा कि मार्च में सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेली गई थी। चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें तीन डिवीजनों में विभाजित किया गया है। डिवीजन ए सबसे ऊंचा डिवीजन होगा। यहां टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए भिड़ेंगी जबकि डिवीजन बी में टीमें अगले सीजन में डिवीजन ए में पदोन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। डिवीजन सी में टीमें अगले संस्करण के लिए डिवीजन बी में एक स्थान के लिए लड़ेंगी। डिवीजन ए में पिछले कुछ वर्षों में टूर्नामेंट में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर भारत की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। गत चैंपियन हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और उपविजेता हॉकी हरियाणा भी डिवीजन ए का हिस्सा हैं। टीमों को डिवीजन ए में चार पूल में बांटा गया है जिसमें पूल ए में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी पंजाब, हॉकी मध्य प्रदेश, पूल बी में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड,पूल सी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी बंगाल और पूल डी में मणिपुर हॉकी, हॉकी कर्नाटक, ले पुडुचेरी हॉकी शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी। यह एकमात्र डिवीजन होगा जिसमें नॉकआउट चरण होगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें 12 अप्रैल को निर्धारित क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ेंगी, उसके बाद 13 अप्रैल को सेमीफाइनल और 15 अप्रैल को फाइनल और तीसरा/चौथा स्थान मैच होगा। डिवीजन ए से नीचे की दो टीमों को अगले संस्करण के लिए डिवीजन बी में भेज दिया जाएगा। डिवीजन बी में 10 टीमें डिवीजन ए में पदोन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में हॉकी चंडीगढ़, गोवा हॉकी, तेलंगाना हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, हॉकी उत्तराखंड और पूल बी में दिल्ली हॉकी, हॉकी मिजोरम, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव हॉकी, केरल हॉकी, असम हॉकी को रखा गया है।

### सुब्रमण्यन, फिफर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फ़िफ़र, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं।

### सुडोकू 6872 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पिंकी गोयल पिता इंद्रमन लाल गोयल निवासी हाऊस न. 30 ,32 बंगलों परिसर अशोका रतन शंकर नगर रायपुर जिला रायपुर पिन-492004 ( छ. ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम पिंकी पंडित पति अजय कुमार रख ली हूं |अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम पिंकी पंडित पति अजय कुमार से ही जाना पहचाना जावे|

**पिंकी पंडित**
हाऊस न. 30 ,32 बंगलों परिसर अशोका रतन, शंकर नगर, रायपुर जिला-रायपुर पिन-492004 (छ. ग.)

# अर्थ जगत

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 3.98 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 3.79 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.71 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 3.41 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.64 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 4.34 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 3.26 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.92 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.97 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.82 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,03,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.98 | 90.42 |
| पौड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5550-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# अमेरिका की कार्रवाई के असर व अवसर की जांच कर रहा भारत : वाणिज्य मंत्रालय




- भारत अमेरिका के साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध
- भारत पर 27 प्रतिशत लगाया गया अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी आयात शुल्क लागू करने के कार्यकारी आदेश और अन्य घोषणाओं के संभावित प्रभावाओं की सावधानी पूर्वक जांच कर रहा है और इससे उत्पन्न होने वाले अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणाओं के अनुसार भारत पर अतिरिक्त शुल्क 27 प्रतिशत लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर भारत की यह पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को महत्व देता है और उसके साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध है ताकि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हो।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने अमेरिका के साथ व्यापार करने वाले विभिन्न देशों से होने वाले आयात पर मूल्यानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रशुल्क लगाया है। बुधवार रात (भारतीय समयानुसार) की गयी इन घोषणाओं के अनुसार सामान्य रूप से अमेरिका के व्यापारिक भागीदारों के विरुद्ध आयात पर 10 प्रतिशत का आधारभूत प्रशुल्क पांच अप्रैल (शनिवार) से और अलग-अलग देशों पर अलग-अलग जवाबी प्रशुल्क नौ अप्रैल से प्रभावी होंगे।

वाणिज्य विभाग अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए विभिन्न उपायो के प्रभावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है और स्थिति का आकलन कर रहा है।

### टैरिफ का दूसरे देशों के मुकाबले भारत पर असर कम : उद्योग

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि श्री ट्रंप द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि, भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है।

श्री नायर ने कहा कि भारत को 10 प्रतिशत बेसलाइन ड्यूटी के अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क के साथ मध्य स्तर पर रखा गया है। इसके वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिर भी, कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर तुलनात्मक आधार पर कम असर पड़ेगा। हमारे उद्योग को निर्यात दक्षता और मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए ताकि इन टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके।

एसोचैम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अधिकांश अमेरिकी व्यापार साझेदार देश पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोई भी देश विशेष लाभ की स्थिति में नहीं होगा। इसका परिणाम उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतों के रूप में पड़ सकता है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा।

# केंद्र ने ईपीएफओ के लिए दो नए सुधारों का किया ऐलान




- नए नियम से 7.7 करोड़ से अधिक सदस्यों को होगा लाभ

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस को आसान बनाने के लिए दो नए सुधारों का ऐलान किया है। इससे क्लेम खारिज होने की शिकायतों को दूर करने में मदद मिलेगी। नए सुधारों के तहत ईपीएफओ ने ऑनलाइन क्लेम दाखिल करते समय चेक या सत्यापित बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है, जिससे 7.7 करोड़ से अधिक सदस्यों को लाभ होगा।

सरकार के अनुसार, इस आवश्यकता को शुरू में कुछ केवाईसी-अपडेट करने वाले सदस्यों के लिए पायलट आधार पर शुरू किया गया था। 28 मई, 2024 को इसके लॉन्च होने के बाद से, अब तक 1.7 करोड़ ईपीएफओ सदस्यों को इसका लाभ मिल चुका है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अब इस सुविधा को सभी सदस्यों के लिए लागू कर दिया है। सरकार ने कहा कि किसी सदस्य द्वारा यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) के साथ बैंक खाते को जोड़ते समय खाताधारक का नाम ईपीएफओ के विवरण के साथ पहले से ही सत्यापित हो चुका होता है, इसलिए यह अतिरिक्त दस्तावेजीकरण अब आवश्यक नहीं है। इसके अलावा, यूएएन के साथ बैंक खातों को जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ईपीएफओ ने बैंक सत्यापन के बाद नियोक्ता की मंजूरी की आवश्यकता को भी हटा दिया है। वर्तमान में, प्रत्येक सदस्य को अपने बैंक खाते को यूएएन से जोड़ना आवश्यक है जिससे उनकी पीएफ निकासी को ऐसे खाते में आसानी से जमा किया जा सके। मौजूदा समय में प्रत्येक माह में अंशदान करने वाले 7.74 करोड़ सदस्यों में से 4.83 करोड़ सदस्यों ने अपने बैंक खातों को यूएएन से जोड़ लिया है।

# सरकार ने पीपीएफ खाताधारकों को दी बड़ी राहत




- पीपीएफ खाते में नॉमिनी अपडेट करने के लिए अब नहीं देने होंगे पैसे

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को देशभर के पब्लिक प्रोविडेंड फंड (पीपीएफ) खाताधारकों को बड़ी राहत दी। अब आपको अपने पीपीएफ खाते में नॉमिनी अपडेट या बदलने के लिए किसी प्रकार की कोई फीस नहीं देनी होगी। साथ ही,सरकार ने इससे जुड़े नियमों में बदलाव किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की एक पोस्ट में कहा कि उन्हें पता चला है कि कई वित्तीय संस्थान नॉमिनी अपडेट करने के लिए फीस ले रहे थे, लेकिन अब नियमों में बदलाव करके इसे पूरी तरह से हटा दिया गया है।

यानी अब निवेशकों को पीपीएफ में नॉमिनी बदलने या अपडेट करने के लिए किसी प्रकार का कोई चार्ज या फीस नहीं देनी होगी। वित्त मंत्री ने पोस्ट में आगे कहा कि इसके लिए सरकार ने गवर्नमेंट सेविंग्स प्रमोशन जनरल रूल्स में बदलाव करते हुए 2 अप्रैल 2025 को एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके जरिए नॉमिनी अपडेट या बदलाव के लिए लिया जाने वाला 50 रुपए की फीस समाप्त कर दी गई है।

# एआई अपनाने में दक्षिण एशिया का नेतृत्व करने के लिए भारत तैयार : रिपोर्ट




- भारत के एग्रीकल्चर व हेल्थकेयर सेक्टर के लिए गेम-चेंजर है एआई

**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अपनाने को लेकर दक्षिण एशिया में भारत तेजी से एक लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। देश में उभरती हुई टेक्नोलॉजी के साथ 1.2 मिलियन प्रोफेशनल का एक बड़ा टैलेंट पूल मौजूद है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट के अनुसार, एआई अब उभरता ट्रेंड नहीं है। यह भारत के एग्रीकल्चर और हेल्थकेयर सेक्टर के लिए गेम-चेंजर है। हेल्थकेयर इंडस्ट्री में एआई में चिकित्सा तक पहुंच और अफोर्डेबिलिटी के बीच का अंतर पाटने की क्षमता है। भारत में डॉक्टरों की कमी है, डॉक्टर-टू-पेशेंट अनुपात 1ः900 है, और गैर-संचारी रोग (एनसीडी) देश में 66 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई-संचालित डायग्नोस्टिक्स स्वास्थ्य सेवा को अधिक कुशल बना सकता है, जिससे रेडियोलॉजी में डायग्नोस्टिक रिपोर्टिंग समय 46 प्रतिशत कम हो सकता है।

एआई-संचालित समाधानों ने मैमोग्राफी की लागत में 66 प्रतिशत की कटौती करने में भी मदद की है और ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के निदान को काफी अधिक किफायती बना दिया है।

टेलीमेडिसिन और एआई-सहायता प्राप्त जांच के विस्तार के साथ, ग्रामीण भारत में लाखों लोग अब दूर से ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का उपयोग कर सकते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और भागीदार सिद्धार्थ मदान ने कहा कि एआई अपने इनोवेटिव समाधानों के साथ भारत को बदल रहा है, जो सभी क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा और कृषि में क्रांति ला रहा है। एआई निदान को अधिक स्मार्ट, उपचार को तेज और देखभाल को अधिक सुलभ बनाकर भारत की स्वास्थ्य सेवा को नया रूप दे रहा है।

## सार संक्षेप

### सीमा शुल्क विभाग ने रिलायंस पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड पर सीमा शुल्क विभाग ने 9.75 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि अहमदाबाद के प्रधान आयुक्त (कस्टम) ने 30 मार्च 2025 को जारी एक आदेश में कंपनी पर सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत कुल 9.75 करोड़ रुपए का रिडेम्प्शन (मोचन) जुर्माना लगाया है। आदेश में आरोप लगाया गया है कि कंपनी ने बिल ऑफ एंट्री में आयातित वस्तुओं का गलत असेसमेंट मूल्य घोषित किया, जिससे कम सीमा शुल्क का भुगतान किया गया। यह आदेश कंपनी को 02 अप्रैल 2025 को शाम में ईमेल के माध्यम से प्राप्त हुआ। कंपनी ने इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने तैयारी की है और लगाए गए आरोपों तथा जुर्माने को चुनौती देगी। कंपनी के अनुसार, इस आदेश का वित्तीय प्रभाव केवल मोचन जुर्माना की राशि तक सीमित है।

### भारत के ऑफिस मार्केट में 74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** रियल एस्टेट फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा गुरुवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के टॉप आठ ऑफिस मार्केट में लेन-देन में शानदार वृद्धि देखी गई, जो कि 2025 की पहली तिमाही में 28.2 मिलियन वर्ग फीट तक पहुंच गई, जो किसी एक तिमाही में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है। मजबूत आर्थिक गति से प्रेरित, ऑक्यूपायर आत्मविश्वास ने लेन-देन की मात्रा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है, जो कि 2024 की तीसरी तिमाही में सेट पिछले पीक से 48 प्रतिशत अधिक है। बेंगलुरु ने 2025 की पहली तिमाही में 12.7 मिलियन वर्ग फीट लेन-देन दर्ज कर ऑफिस मार्केट विस्तार का नेतृत्व किया, जो कुल ऑफिस स्पेस अधिग्रहण का 45 प्रतिशत था।

### जीडीपी ग्रोथ वर्ष 26 में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 26 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसकी वजह चक्रीय रिकवरी और मार्केट का मजबूत प्रदर्शन करना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। चक्रीय रिकवरी का मतलब उस चरण से है, जहां अर्थव्यवस्था धीमेपन से उभरती है और इस दौरान आर्थिक गतिविधि, कंज्यूमर खर्च और बिजनेस निवेश में बढ़त देखी जाती है। लाइटहाउस कैंटन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में मजबूत आय वृद्धि देखी गई है और इस दौरान निफ्टी इंडेक्स ने 20 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज की है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी, विकास का अगला चरण सरकारी पूंजीगत व्यय, मध्यम वर्ग को टैक्स में दी गई छूट और बेहतर उपभोक्ता मांग जैसे प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगा।

# ट्रंप के टैरिफ से शेयर बाजार हलकान

- सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 पर रहा
- निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 पर बंद

**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार हलकान रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31 प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया।इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के नौ समूह में गिरावट का रुझान रहा। इससे फोकस्ड आईटी 4.13, आईटी 3.78, टेक 2.85, सीडी 0.24, ऊर्जा 0.38, ऑटो 1.14, धातु 0.99 और तेल एवं गैस 0.59 और रियल्टी समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, हेल्थकेयर 1.82, यूटिलिटीज 2.44 और पावर समूह के शेयर में 1.83 प्रतिशत तेजी रही।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.36, जर्मनी का डैक्स 1.94, जापान का निक्केई 2.77, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 806 अंक का गोता लगाकर 75,811.86 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,807.55 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 76,493.74 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,617.44 अंक के मुकाबले 0.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 76,295.36 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की फायदा उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 3.98, टेक महिंद्रा 3.79, एचसीएल टेक 3.71, इंफोसिस 3.41, टाटा मोटर्स 2.64, कोटक बैंक 0.97, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.95, बजाज फाइनेंस 0.81, टाटा स्टील 0.65, जोमैटो 0.54, भारती एयरटेल 0.52, मारुति 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.21, रिलायंस 0.20, आईसीआईसीआई बैंक 0.18, बजाज फिनसर्व 0.15 और एलटी 0.09 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 4.34, सन फार्मा 3.26, अल्ट्रासिम्को 2.92, एनटीपीसी 1.97, एशियन पेंट 1.82, नेस्ले इंडिया 1.54, इंडसइंड बैंक 1.00, टाइटन 0.88, एक्सिस बैंक 0.45, एसबीआई 0.43, अडानी पोर्ट्स 0.38, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.31 और आईटीसी के शेयर 0.09 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# वर्ष 25 में व्हाइट-कॉलर गिग नौकरियों में हुआ 17 प्रतिशत का इजाफा

- भारत में 68 लाख से अधिक पेशेवर व्हाइट-कॉलर गिग वर्कफोर्स का हिस्सा मौजूद

**बेंगलुरु,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का जॉब मार्केट बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में व्हाइट-कॉलर गिग नौकरियों में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

फाउंडिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में भारत में 68 लाख से अधिक पेशेवर व्हाइट-कॉलर गिग वर्कफोर्स का हिस्सा हैं, जिनमें से अधिकांश (66 प्रतिशत) कॉर्पोरेट, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और स्टार्टअप कंपनियों के माध्यम से काम करते हैं। बाकी के 34 प्रतिशत कंसल्टेंट, स्टाफिंग फर्म्स और फ्रीलांस प्लेटफॉर्म में काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि गिग अर्थव्यवस्था का विस्तार कई उद्योगों में हो गया है, जिसमें आईटी सॉफ्टवेयर और सेवाएं प्रमुख क्षेत्र बने हुए हैं और मार्च में गिग नियुक्तियों में इनका योगदान 32 प्रतिशत रहा। हालांकि, पिछले वर्ष की 46 प्रतिशत की तुलना में इसकी हिस्सेदारी में गिरावट आई है, जो उद्योग की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शिक्षा/एड-टेक क्षेत्र में गिग वर्कर्स की हिस्सेदारी एक वर्ष पहले के 8 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई है।

स्टाफिंग में भी गिग जॉब्स की संख्या में वृद्धि देखी गई है और जो कि बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। गिग हायरिंग में प्रमुख शहर अग्रणी बने हुए हैं, दिल्ली-एनसीआर की कुल गिग नौकरियों में 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, इसके बाद 18 प्रतिशत के साथ मुंबई और 12 प्रतिशत के साथ बेंगलुरु का स्थान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि छोटे शहर जैसे कोयम्बटूर 44 प्रतिशत, पुणे 38 प्रतिशत और बड़ौदा 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत नौकरी बाजार के रूप में उभर रहे हैं।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजार में भारी गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 32 रिंगिट गिरकर 4810 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट के साथ 47.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में चना, दाल चना और अरहर दाल में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# एसबीआई व सिटी ने की भारत में छोटे किसानों के लिए लोन की घोषणा




> हमारा लक्ष्य छोटे व सीमांत किसानों तक पहुंचना है, जो भारत के कृषि क्षेत्र के मूल में हैं : जयति बंसल

**मुंबई,** 3 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और सिटी ने गुरुवार को भारत में छोटे किसानों को सहायता देने के लिए 295 मिलियन डॉलर की सामाजिक ऋण सुविधा की घोषणा की। बैंकों ने एक बयान में कहा कि यह फाइनेंसिंग विशेष रूप से भारत में छोटे किसानों के लिए है, ताकि उन्हें अपनी कृषि उत्पादकता में सुधार करने और वित्तीय रूप से मजबूत बनने में मदद मिल सके।

एसबीआई इस सुविधा का उपयोग अपने किसान क्रेडिट कार्ड लोन पोर्टफोलियो को फाइनेंस करने के लिए करेगा, ताकि कृषि क्षेत्र और इसके अंतर्गत छोटे किसानों की लोन जरूरतों को पूरा किया जा सके। एसबीआई की उप प्रबंध निदेशक (इंटरनेशनल बैंकिंग ग्रुप) जयति बंसल ने कहा कि अपने व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, हमारा लक्ष्य छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचना है, जो भारत के कृषि क्षेत्र के मूल में हैं, लेकिन अक्सर जरूरी ऋण संसाधनों तक उनकी पहुंच नहीं होती।

बंसल ने कहा कि यह पहल इन किसानों की फाइनेंसिंग तक पहुंच बढ़ाएगी और उन्हें सशक्त बनाएगी, जिससे उन्हें उत्पादकता में सुधार करने और स्थायी आजीविका बनाने में मदद मिलेगी। एसबीआई में, हम मानते हैं कि वंचित कृषि समुदाय का समर्थन करना ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने और दीर्घकालिक आर्थिक समावेशन (लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल इंक्लूजन) को बढ़ावा देने की कुंजी है।

छोटे किसान भारत के कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, फिर भी उन्हें सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सीमित आय और ऋण तक सीमित पहुंच उनकी दीर्घकालिक जरूरतों की योजना बनाने की क्षमता को प्रभावित करती है, अक्सर उनकी उत्पादकता और विकास को सीमित करती है और उन्हें व्यापक अर्थव्यवस्था से बाहर कर देती है। इस सुविधा का उद्देश्य इन किसानों के कृषि उत्पादन और आय-सृजन को बढ़ावा देना है।

## आम सुचना

मौजा ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग) में स्थित भूमि खसरा नं. 76/10 शामिल नं. 77/10, 78/11 रकबा 0.0240 हे. भूमि के संबंध में

सर्विदित हो की मेरे पक्षकार ने विक्रेता कल्पेश कुमार ठक्कर पिता श्री हीरालाल ठक्कर निवासी म.नं. 8 सिविल लाइन क्लब जलविहार कॉलोनी रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 76/10 शामिल नं. 77/10, 78/11 रकबा 0.0240 हे. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था निकाय, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सुचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे नीचे लिखे गए कार्यालय में कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें इसके आलावा उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय का सौदा न करें अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सुचना जाने।

दिनाक 04.03.2025

स्थान रायपुर (छ.ग)

**श्री कमलेश कुमार देवांगन**
**(अधिवक्ता) रायपुर छ.ग**
**मो.नं.-91311-65994**

---

## न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202503115000024

अ/6 (अ)/वर्ष 2024-25

ग्राम-घुलघुल, प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामचरण वर्मा पिता स्व. श्री नीलकंठ वर्मा निवासी घुलघुल द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम घुलघुल, प.ह.नं. 18 स्थित भूमि खसरा नंबर 36/3 रकबा 1.250 हे. पर त्रुटिपूर्ण अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हो गया है जिसे दुरूस्त कर आवेदक का नाम दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 09.04.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार तिल्दा-नेवरा**

---

## शपथ-पत्र

मैं ममता राजभर, उम्र 27 वर्ष, पति अनिल राजभर, निवासी-वार्ड नं. 19, माधव सप्रे वार्ड, सिद्धि विनायक अस्पताल, उरकुरा, बीरगांव रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरा पुत्री का वास्तविक नाम अराध्या राजभर (ARADHYA RAJBHAR) है।
वादिनी क्रमांक 1 श्रीमती दामिन साहू पति बिसरू साहू उम्र 49 वर्ष एवं वादिनी क्रमांक 02 नाबा. शिवानी साहू पिता छबीलाल साहू उम्र 15 माह दोनो निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र वादिनी क्रमांक 01 श्रीमती दामिन साहू का पुत्र एवं वादिनी क्रमांक 2 नाबालिग शिवानी साहू के पिता स्व. श्री छबीलाल साहू जो कि अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में कर्मकार के रूप में कार्यरत था जिसकी मृत्यु सडक दुर्घटना में दिनांक 04.11.2024 को एवं उसकी पत्नी की मृत्यु दुर्घटना में हो जाने से वादिनी क्रमांक 2 नाबा. शिवानी साहू के दादी श्रीमती दामिन साहू को नाबा. वादिनी शिवानी साहू के संरक्षक घोषित किये जाने बाबत प्रस्तुत किया गया है। अतः प्रतिवादीगण को इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24.04.2025 को दिन में ठीक 11 बजे दावे के उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए ईशतहार प्रकाशन किया जाता है। आप उक्त तारीख 24.04.2025 को इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और आप उक्त दिवस में सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें। जिस पर आपके प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जें में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज का लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वर्णित की गयी पेशी दिनांक 24.04.2025 को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 24.04.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारण से न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हसताक्षर एवं न्यायालय के मोहर लगाकर जारी किया गया।

सील
( श्रीमती सरोज नंद दास )
न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय
बलौदाबाजार ( छ.ग. )

## न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**ईशतहार**

**रा.प्र.कं. अ/20 ( 1 ) वर्ष 2022-23**
**ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र कुमार पिता स्व. अमरनाथ टिकरिया निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल भूमि पुरानी बस्ती शीट नं. 17 डी प्लाट नं. 51, 52, 53/1, 59/1 क्षेत्रफल 2355, 715, 2052, 220 वर्गफीट कुल क्षेत्रफल 5342 वर्गफीट भूमि भू-भाटक 164.00 रूपये जो कि धारक देवेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, दौलतराम पिता स्व. अमरनाथ टिकरिया सा. देह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीज पट्टा अवधि दिनांक 31.03.2025 को समाप्त होना उल्लेखित करते हुए नवीनीकरण किये जाने हेतु शपथ पत्र एवं मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार से अग्रिम कार्यवाही हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
बलौदाबाजार

## आम सूचना

**विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86, 62 के प्रावधानों सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व अवधारणा हेतु अपनाई जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें) विनियमों के अनुपालन में विद्युत उत्पादन कंपनी मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष के वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.डी.सी.एल.) को विक्रय किए गए ऊर्जा की ऊर्जा प्रभार दर और प्रतिपूर्ति योग्य खर्चो के अनुमोदन हेतु याचिका दायर की गई है। यह याचिका ग्राम-कसाईपाली, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495445 स्थित 2x135 MW वॉशरी रिजेक्ट कोयला आधारित थर्मल पॉवर प्लान्ट जो कि नेट जनरेटेड पॉवर का 5 प्रतिशत पॉवर सी.एस.पी.डी.सी.एल. को आपूर्ति कर रहा है, से संबंधित है। इस याचिका को 13/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है।**

**मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए रु. 2.51/kWh वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए रु. 2.88/kWh वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए रू. 2.79/kWh वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए रू. 1.95/kWh वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए रू 3.21/kWh वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रू. 1.77/kWh तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए रू. 1.83/kWh के ऊर्जा प्रभार दर के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।**

**उपरोक्त याचिका पर सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर-492001, ईमेलः cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष एवं/या वरिष्ठ महाप्रबंधक मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड, ग्राम-कसाईपाली, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495445,ईमेलः rajesh.sonkar@acbindia.com पर भेजी जा सकती है।**

**उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कालोनी, शांति नगर रायपुर 492001 के कार्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रूपये 500/- का भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सायं: 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रूपये 100/- (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त याचिका पर निर्धारित की गई तिथि समय एवं स्थान पर जन-सुनवाई भी की जावेगी, जिसकी सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित की जायेगी।**

**राजेश कुमार सोनकर,**
**वरिष्ठ महाप्रबंधक, मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड**

## कार्यालय नगर पंचायत धमधा जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

**दावा आपत्ति सूचना**

**क्रं./1045/न.पं./नामां./2025**
**धमधा, दिनांक 28.03.2025**

नगर पंचायत धमधा में अपने स्वयं के भवन/भूमियों को मृत्यु उपरांत या क्रय-विक्रय किया जाकर नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन करने हेतु आवेदक हस्तांतरिती सुरेश गुप्ता पिता गंगा प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 05 धमधा द्वारा हस्तांतरणकर्ता देवेन्द्र गुप्ता पिता गंगा प्रसाद गुप्ता वार्ड क्रमांक 04 धमधा में स्थित खसरा नंबर 1719 का टुकडा को विक्रय इकरारनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है उक्त प्रकरणों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने पर यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 30 दिन के अन्तर्गत लिखित में नगर पंचायत धमधा कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत धमधा**
**मुहर जिला - दुर्ग ( छ.ग. )**

## न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )

**ईश्तहार**

**क्रमांक/ना./तह./वा./2024**
**सिमगा, दिनांक 18.03.2025**
**रा.प्र.क्र./ब-121/2024**
**ग्राम-चक्रवाय प.ह.नं. 01**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता चक्रवाय प.ह.नं. 01 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक लालाराम पिता स्व. गणेश उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चक्रवाय तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) ने मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के पिता गणेश ओगरे पिता फिरंता मृत्यु दिनांक 21.04.2023 को स्थान ग्राम चक्रवाय में होने पर भूलवश जन्म/मृत्यु पंजीयन ग्राम/नगर पंचायत चक्रवाय में नहीं करा पाने के कारण जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15.04.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

## आम सूचना

वाके ग्राम सिमगा, प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. हथबंद तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में स्थित खसरा क्रमांक 913, 915/1 रकबा क्रमशः 0.5300, 0.2240 हेक्टेयर के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री यामिनी देवांगन पति शिवधारी देवांगन पता सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में खसरा क्रमांक 913, 915/1 रकबा क्रमशः 0.5300, 0.2240 हेक्टेयर स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय, निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर या दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय मे मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें। समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सिमगा दिनांक 03.04.2025

**टीकाराम देवांगन**
**अधिवक्ता**
**सिमगा**
**मो.नं.-93402-68567**

## न्यायालय प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रायपुर ( छ.ग. ) पीठासीन अधिकारी-नीरज शर्मा

दावा प्र.क्रं.-401/2024 पेशी तारीख 29.04.2024
प्रोसेस क्र. 349/2025
चंद्रशेखर खेलवार आवेदक/आवेदकगण
बनाम
इब्राहिम सोना व अन्य अनावेदक/अनावेदकगण
प्रति,

आवेदक ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 धारा मोटरयान अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति राशि रू. 19,40,000/- (अक्षरी उन्नीस लाख चालीस हजार रूपये) प्राप्त किये जाने हेतु संस्थित किया है। आपसे इस अधिकरण में पेशी तारीख- 29.04.2025 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये नोटिस किया जाता है। आप इस अधिकरण में स्वयं या ऐसे किसी वकील (प्लीडर) द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हों और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपनी प्रतिरक्षा मुजराई का दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है है कि यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जायेगी।

यह आज तारीख 02.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

न्यायाधीश
प्रथम अपर मो.दु.दावा अधिकरण
मुहर रायपुर ( छ.ग. )

## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**धमतरी शाखा:** दूसरी मंजिल, स्टेट हाईवे, गुंदरदेही रोड़, रेस्ट हाऊस के सामने, धमतरी- 493773 (छत्तीसगढ़)
**प्राधिकृत अधिकारी : अश्विन शर्मा संपर्क : 7697112220**

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत बिक्री के लिए संपत्ति**

यह कि, प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) ने वित्तीय संपत्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रवर्तन संपत्ति के प्रसंस्करण के 13 (4) के अंतर्गत निम्न वर्णित सम्पत्ति (प्रतिभूत ऑस्ति) का समस्त शेष एवं सम्पुर्ण भाग को कब्जे मे ले लिया है प्राधिकृत अधिकारी को सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत उपर्युक्त सुरक्षित संपत्ति के खिलाफ कुछ इच्छुक पार्टी से बिक्री की पेशकश प्राप्त हुई है। अब, प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

| लोन एप. नं. /शाखा | ऋणी/सह-ऋणी का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | आरक्षित मूल्य (RP) | कुल बकाया ऋण राशि 25-03-2025 तक | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| (लोन कोड नं. 11100000624/ धमतरी शाखा) | मनोज कुमार वर्मा (ऋणी), लक्ष्मी देवी वर्मा (सह-ऋणी) | 11-07-2023 एवं ₹ 13,48,384/- | ₹ 9,50,000/- | ₹ 17,70,099/- | संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, प.ह.नं. 38, खसरा नं. 576 पी, वार्ड नं. 10 मोऊ पाटन तहसील पाटन, जिला दुर्ग, सुभाष चौक, दुर्ग छत्तीसगढ़ 491111 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व: कांती बाई एवं गैंदी बाई की भूमि, पश्चिम: राधा देवांगन का मकान, उत्तर: अरुण कौशिक की भूमि, दक्षिण: गली |

प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री के लिए "जहां है", "जैसी है", "जो कुछ भी है" के आधार पर नीलाम करेगा। एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण के बिना प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और बिक्री सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि के अधीन होगी। प्रस्तावित खरीदार की पेशकश की स्वीकृति पर, उसे 25% स्वीकृत मूल्य समावेशी समायोजन बयाना राशि जमा करना होगा और सुरक्षित ऋण-दाता द्वारा ऑफ़र की स्वीकृति की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर खरीदार द्वारा शेष राशि का भुगतान करना होगा। प्रस्तावित खरीदार को यह ध्यान रखना है कि निर्दिष्ट समय के भीतर उसके द्वारा शेष राशि के भुगतान की विफलता के मामले में, जमा राशि पहले ही जब्त की जाएगी और संपत्ति तदनुसार फिर से बेची जाएगी।

**यह 15 दिनों का विक्रय नोटिस सरफेसी एक्ट 2002** के तहत आम तौर पर जनता विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं), सह उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(ओं) को दिया जाता है कि उपर वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदारों के पास बंधक/प्रभारित किया गया है। आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) सुरक्षित लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** ले लिया है, जिसे जहां है जैसी है तथा जिस अवस्था में है और आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड की बकाया राशि के आधार पर बेचा जाएगा, बिक्री की तारीख से पहले पूर्ण रुप से, नीलामी विज्ञापन रोके जाने के लिए उत्तरदायी है।

यदि ऋणी (ओं), सह-ऋणी(ओं) के पास कोई खरीदार है, जो दिए गए आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर गिरवी संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो ऋणी (ओं), सह-ऋणी(ओं) को 19-04-2025 को या उससे पहले एएचएफएल को सूचित करना होगा, एएचएफएल उसे प्राथमिकता देगा। यदि ऋणी, सह-ऋणी 19-04-2025 को या उससे पहले सूचित करने में असफल रहते हैं, तो एएचएफएल ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री को आगे बढ़ाएगा।

**नीलामी की तारीख 19-04-2025 तय की गई है।**

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 04-04-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

## कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी ( छ.ग. )

**ईशतहार**

क्रमांक/784/2/राजस्व/न.पं/2025-26
कुरूद, दिनांक 02.04.2025

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक ममता, संगीता. आशीष पिता रमाकान्त चन्द्राकर निवासी कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत् आवेदन पत्र पेंश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्रं. 12 कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 596/21/22/1 का टुकड़ा, रकबा 2900 वर्गफीट भूमि स्थित है जिसे श्री अवध राम चन्द्राकर, श्री घनश्याम चन्द्राकर पिता स्व. गैंदलाल चन्द्राकर निवासी कुरूद से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16/01/2025 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदकों के संयुक्त नाम को नगर पंचायत कुरुद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदकों द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईशतहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद**
**मुहर जिला-धमतरी ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी ( छ.ग. )

**ईशतहार**

क्रमांक / 726 /2/ राजस्व/न.पं. / 2024-25 कुरूद, दिनांक 28.03.2025

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमती देवंतीन विश्वकर्मा पति स्व. जयराम विश्वकर्मा निवासी कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत् आवेदन पत्र पेंश कर उल्लेख किया है कि आवेदिका द्वारा स्थान वार्ड क्रं. 01 कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 237/3 का टुकड़ा, रकबा 1323 वर्गफुट में से 594 वर्गफुट को श्री रामू विश्वकर्मा पिता हरखराम विश्वकर्मा निवासी कुरूद से बंटवारानामा दिनांक 01/02/2025 एवं सहमति पत्र दिनांक 01/02/2025 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को बंटवारानामा एवं सहमति पत्र के आधार पर आवेदिका के नाम को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईशतहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद**
**मुहर जिला-धमतरी ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई जिला- कबीरधाम ( छ.ग. )

**ईश्तहार**

**क्रमांक 12/राजस्व/न.पं./2025-26**
**पाण्डातराई, दिनांक 02/04/2025**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सुचित जाता है कि आवेदिका श्रीमति बतीबाई कुम्भकार पिता स्व. श्री फागूराम कुम्भकार वार्ड क्र. 13 नगर पंचायत पांडातराई में आबादी भुमि खसरा नं. तथा भूखंड क्रमांक 869/262 का एक टुकडा 210 वर्ग मीटर तथा खसरा नं. तथा भूखंड क्रमांक 869/255 का एक टुकडा 63 वर्ग मीटर भूमि अपने माता स्व. बदरा बाई पति फागूराम के मृत्यु उपरांत एकमात्र जीवित संतान होने का दावा किया गया है। प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 11/04/2025 के पूर्व अधो हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगी यह शुन्य माना जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पाण्डातराई**
**मुहर जिला - कबीरधाम ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पंचायत धमधा जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

**दावा आपत्ति सूचना**

**क्रं./1043/न.पं./नामां./2025**
**धमधा, दिनांक 28.03.2025**

नगर पंचायत धमधा में अपने स्वयं के भवन/भूमियों को मृत्यु उपरांत या क्रय-विक्रय किया जाकर नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन करने हेतु आवेदक हस्तांतरिती मणीकांत गोस्वामी पिता बिहारीबन गोस्वामी निवासी वार्ड क्रमांक 10 धमधा द्वारा हस्तांतरणकर्ता संगीता कुम्भार पिता महादेव कुम्भार वार्ड क्रमांक 09 धमधा में स्थित खसरा नंबर 1718/15 को रजिस्ट्रीकरण के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है उक्त प्रकरणों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने पर यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 30 दिन के अन्तर्गत लिखित में नगर पंचायत धमधा कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत धमधा**
**मुहर जिला - दुर्ग ( छ.ग. )**

# नक्सलियों के गढ़ रायगुड़ेम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लगाई जनचौपाल

- शिविर लगाकर ग्रामीणों की हर समस्या का किया जाएगा समाधान : विजय शर्मा
- पेड़ के नीचे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गृहमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्या
- ग्रामीणों की मांग पर सिंचाई के लिए स्टॉपडेम बनाने के दिए निर्देश




**सुकमा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा गुरुवार को अपने एक दिवसीय प्रवास में अति संवेदनशील क्षेत्र रायगुड़म पहुंचे। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई उप मुख्यमंत्री या गृहमंत्री पहली बार इस क्षेत्र में पहुंच हो। लंबे समय से नक्सलियों के कब्जे में रहे इस गांव में पहली बार किसी मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए जनचौपाल लगाई। विजय शर्मा ने कोंटा विकासखंड के रायगुड़ेम कैम्प में पहले सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात की और फिर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी सुन्दराज, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, जिला सीईओ नम्रता जैन, सीईओ नवीन कुमार 223 बटालियन, टू आई सी सुरेश सिंग पायल स्टाफ ऑफिसर डी आई जी रैंक सुकमा, डीआईजी सूरज पाल वर्मा, सीईओ 74 बटालियन हिमांशु पांडे सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इसके बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा बाइक पर सवार होकर बीहड़ इलाकों से होते हुए ग्रामीणों तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर चौपाल लगाई और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। विजय शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही इस क्षेत्र में विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आप सभी लोगों को नमस्ते बोले हैं। मुख्यमंत्री श्री साय का संदेश है कि कलेक्टर स्वयं खड़े होकर आप सभी लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सब कुछ बनायेंगे। गाँव के सभी नौजवान दीदी भैया लोगों को रायपुर घूमाने लेकर जाएँगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मिलवाएँगे। जल्द ही आपके गाँव में बिजली आएगी, सड़क बन ही रहा है। जितना स्टॉपडेम आपके खेत के सिंचाई के लिए होगी ओ सारे स्टॉपडेम बनाये जाएँगे। खेती के लिए बीज भी शासन के द्वारा उपलब्ध कराए जाएँगे। तेंदूपत्ता इस बार सरकार ख़रीदेगी इसलिए सरकार को इस बार तेंदूपत्ता बेचना है। स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क, मोबाइल टावर, टीवी, पीएम आवास और शासकीय पट्टा इन सारे कामों के लिए कुछ भी जरूरत होती है तो कलेक्टर को भी फ़ोन करें और मुझे भी फ़ोन करें। आज तक आपके गाँव में स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, बिजली, सड़क, मोबाइल टावर नहीं आ सका क्योंकि नक्सलियों ने सभी विकास कार्य को रोक रखा था। अब किसी से डरने की जरूरत नहीं है। जगह जगह शासन के द्वारा आपकी सुरक्षा के लिए कैम्प लगाए गए हैं।

### 10 अप्रैल को लगेगा शिविर: कलेक्टर

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा आगामी 10 अप्रैल से शिविर लगाकर सभी लोगों का राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी और पोस्ट ऑफिस बैंक खाता खोला जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच भी किया जाएगा।

### नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार की रणनीति

बस्तर में नक्सलवाद एक लंबे समय से चली आ रही समस्या है। उन्होंने नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है और बिना शर्त शांति वार्ता की पेशकश की है। हालांकि, शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया है कि वार्ता के लिए नक्सलियों को हिंसा छोड़नी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा देश का सबसे अच्छा नक्सल पुनर्वास नीति लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में गृहमंत्री श्री शर्मा के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को उपयोगी सामानों का वितरण किया गया।

# कवर्धा पुलिस ने पकड़ा बिना वैध दस्तावेज के 3 करोड़ का सोना

**कवर्धा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस ने अवैध रूप से बिना बिल और वैध दस्तावेजों के लाए जा रहे लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण सहित 8.40 लाख रुपये नगद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई थाना कवर्धा पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर की गई, जिसमें दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और सोने के परिवहन के संबंध में पूछताछ की गई।



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति बिना दस्तावेजों के भारी मात्रा में सोना लेकर जा रहे हैं। इस पर थाना कवर्धा पुलिस ने नाकाबंदी कर एक वाहन को रोका, जिसमें उमाशंकर साहू (निवासी भगत चौक, टिकरापारा, रायपुर) और जावेद जिवानी (निवासी फव्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर) सवार थे। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो गाड़ी में 4 किलो सोना होना बताया जिस पर पुलिस ने दोनों को वाहन और माल मशरूका सहित थाना लाकर थाना सीसीटीवी और वीडियो कैमरा में समक्ष उनकी तलाशी ली, तलाशी लेने पर उनके कब्जे से सोने के अलग अलग आभूषण जिसका कुल वजन 4000.700 ग्राम था, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये है जप्त किया गया। साथ ही, 8.40 लाख रुपये नगद एवं एक कार भी जप्त किया गया है।

जब पुलिस ने इनसे इस सोने से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो दोनों व्यक्तियों द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज या बिल प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह संदेह उत्पन्न हुआ कि यह अवैध रूप से ले जाया जा रहा सोना हो सकता है।

मामले में अग्रिम कार्यवाही करते हुए धारा 106 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा, पुलिस इस मामले की सूचना आयकर विभाग और राज्य कर (त्रस्ज्ञ) को भी दे रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह मामला अघोषित संपत्ति, कर चोरी या हवाला लेन-देन से तो जुड़ा नहीं है।

# प्रयोगशाला सहायक के पदों के अंतिम परिणाम घोषित

**रायपुर,** 3 अप्रैल(देशबन्धु)। कृषि विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक के पदों की भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 9 मार्च 2025 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के मॉडल उत्तर 13 मार्च को जारी कर 20 मार्च 2025 तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण विषय-विशेषज्ञों द्वारा किया जाकर अंतिम उत्तर जारी कर दिया गया है। परीक्षा के अंतिम उत्तर व्यापम की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। व्यापम की वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ में अभ्यर्थी स्वयं के प्रोफाइल लॉगिन कर परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

# पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**रायपुर,** 3 अप्रैल(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे तक है। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 08 मई 2025 दिन गुरूवार को राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी।

# वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की जरुरत: राज्यपाल डेका

- स्व सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर
- सड़क दुर्घटना एवं मादक पदार्थों के परिवहन सहित बिक्री की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश
- 'राज्यपाल रमेन डेका ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक



**बलौदाबाजार,** 3 अप्रैल(देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका ने बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल संचयन के कार्य, पौध रोपण, पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल डेका ने वर्षा जल संचय और जल एवं वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए वर्षा जल संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं प्रदुषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की बात कही।

राज्यपाल डेका ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल और स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। जल के अत्यधिक दोहन से जल संकट की स्थिति निर्मित होते जा रही है उसी प्रकार पर्यावरण भी प्रदूषित होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला औद्योगिक जिला है यहां बड़े कारखाने के साथ पत्थर खदाने भी हैं, जिससे यहां वर्षा जल क़ो सहेजना और भी ज्यादा जरुरी है। उन्होंने जंगलो की कटाई व नदी-नालों की सफाई पर जोर देते हुए कहा कि प्रति वर्ष वृक्षारोपण बड़े पैमाने पर होता है इन पौधों क़ो लगाने से ज्यादा जरुरी इनकी देखभाल करना हैं। उन्होंने कहा कि यदि जंगल से पेड की कटाई न हो तो जंगल बचाए जा सकते हैं उसी प्रकार नदी-नालों को साफ रखेंगे तों पानी का बहाव नियमित रूप से होता रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर मॉनिटरिंग के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाया जाना चाहिए। जल स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न संरचनाओ का अधिक से अधिक निर्माण हो।

राज्यपाल डेका ने स्व-सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर महिलाओं क़ो सक्षम बनाने कहा। उन्होंने यहाँ के उद्योगों मे स्थानीय युवाओं क़ो रोजगार उपलब्ध कराने आवश्यक पहल करने संबंधित को निर्देश दिए। विशेष पिछडी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजो में अधिक से अधिक छात्रों क़ो एनसीसी के लिए प्रोत्साहित करने कहा ताकि छात्रों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना, बौद्धिक विकास, समयबद्धता सहित शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या मे कमी लाने, छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

श्री डेका ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं शराब तथा अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। राज्यपाल ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। युवाओ क़ो नशा से दूर रहने तथा नशापान से ग्रसित लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने हेतु किए जा रहे सुधारात्मक उपाय तथा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में टी.बी. उन्मूलन अभियान के कार्यों के संबंध जानकारी ली। डेका ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को टी.बी. के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा इसकी रोकथाम हेतु मरीजों का कांउसलिंग कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधि की भी समीक्षा की। डेका ने जिले में रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की।

बैठक कलेक्टर दीपक सोनी, राज्यपाल की उप सचिव हिना अमिनेष नेताम एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# मिस्त्र देश में गूंजी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक ध्वनि, पंथी नृत्य दल ने रचा इतिहास

- पीडी पंथी परिवार ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य का मान बढ़ाया



**कवर्धा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मिस्त्र की ऐतिहासिक भूमि पर जब छत्तीसगढ़ के लोकनृत्यों की अनुगूंज बिखरी, तो पूरा माहौल मंत्रमुग्ध हो उठा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले छत्तीसगढ़ पी.डी. पंथी परिवार ने इस बार 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य का मान बढ़ाया। मिस्त्र देश की ऐतिहासिक धरती पर, जहां कभी प्राचीन सभ्यताओं का विकास हुआ, वहीं आज छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य और बस्तर के आदिवासी नृत्य की जीवंत प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मिस्त्र में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव जिले के युवा शामिल हुए। युवाओं ने छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक पंथी, कर्मा, बस्तर के आदिवासी नृत्य शामिल है। कबीरधाम जिले के कवर्धा में कृषि विभाग में पदस्थ पुनदास जोशी की अगुवाही में पंथी नृत्य का शानदार, मनमोहक प्रस्तुतियां हुई।

इस महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग), ने मिस्त्र के राज्यपाल को संत गुरु घासीदास बाबा जी की स्मृति चिन्ह भेंट कर छत्तीसगढ़ के महान संत के संदेश च्मनखे-मनखे एक समानज्ञ का प्रचार-प्रसार किया। यह अवसर केवल नृत्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारत और मिस्त्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बना। कार्यक्रम के दौरान, मिस्त्र के राज्यपाल ने भी छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक दूत मंडल को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। लोकनृत्यों में भारत का प्रतिनिधित्व कर बेहतर प्रदर्शन कर कबीरधाम वापस लौटने के बाद जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचरियो ने कबीरधाम जिले में पदस्थ पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग) के उज्जव भविष्य के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

इस सांस्कृतिक यात्रा का सबसे गौरवशाली क्षण वह था जब विश्व की सबसे बड़ी और सुंदर नील नदी में भारत का तिरंगा झंडा फहराया गया। यह ऐतिहासिक क्षण केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय था। इस यात्रा में एक और उपलब्धि जुड़ी जब पंथी दल ने दुनिया के पहले अजूबे गीज़ा के ग्रेट पिरामिड के सामने छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य की प्रस्तुत देकर इतिहास रच दिया। हजारों वर्षों से खड़े इन महान पिरामिडों की पृष्ठभूमि में जब छत्तीसगढ़ का परंपरागत पंथी नृत्य प्रस्तुत हुआ, तो मानो यह संस्कृति का एक अद्भुत संगम बन गया।

छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक प्रतिनिधि मंडल में पुनदास जोशी, श्वेता मनहर, रामाधार बंजारे, डॉ. हरेंद्र, मनोज कुमार, डॉ. अल्का मिंज, मुस्कान देशलहरे, आकांक्षा वर्मा एवं आकांक्षा केशवानी शामिल थे। यह पंथी दल भारत के 17 राज्यों में अपनी प्रस्तुतियाँ दे चुका है और तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने की उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस दल ने वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्यपथ, नई दिल्ली पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर अपनी पहचान को और मजबूत किया था।

पंथी नृत्य दल को अब तक इटली, चीन, थाईलैंड, किर्गिस्तान, बैंकॉक और मिस्त्र सहित सात देशों से आमंत्रण मिल चुका है। इस बार 13 से 25 फरवरी 2025 तक मिस्त्र देश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेकर पंथी दल ने भारत का परचम एक बार फिर ऊँचा किया।

इस उपलब्धि पर कृषि विभाग, कबीरधाम के उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोहारा और कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों ने पुनदास जोशी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक जीत के रूप में देखी जा रही है, जिसने राज्य की कला और परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई है।

### पंथी नृत्य दल को सात देशों से आमंत्रण

छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले छत्तीसगढ़ पी.डी. पंथी परिवार का प्रतिनिधत्व कर रहे छत्तीसगढ़ के पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग) ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पी.डी. पंथी परिवार राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कर रहा है। अब तक इस दल को इटली, चीन, थाईलैंड, किर्गिस्तान, बैंकॉक और मिश्र देश सहित सात देशों से आमंत्रण मिल चुका है। तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाले पंथी दल ने 2023 के गणतंत्र दिवस परेड में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार मिस्त्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेकर भारत का परचम ऊँचा किया।

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# अवैध कब्जाधारी के मकान पर चला बुलडोजर



**रायगढ़,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ के किरोड़ीमल नगर में प्रशासन ने अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। बुधवार सुबह 5ः00 बजे राजस्व विभाग की टीम ने शासकीय भूमि पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, किरोड़ीमल नगर के उच्चभीटी क्षेत्र स्थित कोकड़ीतराई जलाशय में पिछले कई वर्षों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया था। इस मामले में कई बार शिकायतें भी दर्ज हुई थीं, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया।

कार्रवाई के दौरान रायगढ़ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (आरआई) और पटवारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने इससे पहले भी कब्जाधारी को नोटिस जारी कर जगह खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, इस सरकारी भूमि की स्टांप पेपर पर अवैध रूप से खरीदी-बिक्री की कई शिकायतें मिल चुकी थीं। प्रशासन ने इन सभी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माण हटाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मध्यान्ह भोजन में मिली मरी छिपकली



- खाना खाने के बाद बिगड़ी 70 बच्चों की तबीयत,
- अस्पताल में करना पड़ा दाखिल

**बलरामपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में बड़ी लापरवाही सामने आई है. छिपकली गिरा मध्यान्ह भोजन खाकर प्राथमिक शाला के 70 बच्चों बीमार पड़ गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा है. मामला बलरामपुर जिले के विकासखंड कुसमी के गजाधरपुर-तुरीपानी स्थित प्राथमिक शाला स्कूल की है, जहां मध्यान्ह भोजन में छिपकली गिर गई, जिसे खाने से करीबन 70 बच्चे बीमार पड़ गए. आनन-फानन में बच्चों को कुसमी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. उपचार के बाद बच्चों की स्थिति सामान्य बताई गई है.।

# कई जिलों में स्पेशलिस्ट डॉक्टरो की हुई नियुक्ति

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में 31 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) व 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) की पदस्थापना की गई है। इससे त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रितु बघमार जिला अस्पताल बलौदा बाजार-भाठापारा, डॉ. गौरव दानी जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ अशफाक हुसैन जिला अस्पताल दंतेवाड़ा, डॉ संतराम चुरेन्द्र व डॉ. ऋचा वर्मा की जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ संजय कुमार सिंह जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ मिलिंद मनोहर देवधर, शहरी सामुदायिक केन्द्र रायपुर व डॉ शिवम जायसवाल की जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है।

NECC

| 04.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 410 | 68 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 200 |
| डिलीवरी | 425 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## बर्ड फ्लू का प्रसार चिंताजनक

दो माह पहले रायगढ़ में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद अब छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में भी इस संक्रमण का प्रसार हो गया है। जिले के बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लुएंजा) की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने उसे प्रतिबंधित क्षेत्र, 10 किमी के दायरे को इन्फेक्टेड जोन तथा 10 किमी के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया है जो अगले तीन महीने तक या आगामी आदेश तक लागू रहेगा। 15 दिन पूर्व यहां कई मुर्गियां व चूजे मरे थे। कलेक्टर ने संक्रमण रोकने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सोमवार की रात को एक अभियान चलाकर कुक्कुट पालन केंद्र में मौजूद 19 हजार से अधिक अंडे, 10 हजार से ज्यादा चूजे, करीब 2500 वयस्क मुर्गियां और इतनी ही बटेरों को नष्ट किया गया है। सभी पक्षियों और अंडों को केंद्र के अंदर ही खोदे गए गड्ढों में दफनाया गया, ताकि संक्रमण न फैले। उन्हें नष्ट करने के बाद कुक्कुट केंद्र को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया है। याद हो कि इसी साल के फरवरी की पहली तारीख के आसपास रायगढ़ के एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने 4300 से ज्यादा मुर्गियां और लगभग 11 हजार चूजों को मारकर दफनाया था। इसके अलावा 26 से अधिक अंडों और 712 क्विंटल कुक्कुट आहार नष्ट किया गया था। इससे संक्रमण रोकने में मदद मिली थी। ये ही कदम अंबिकापुर में भी उठाये गये हैं।

इतनी कम अवधि में दो बड़ी शासकीय पोल्ट्रियों में बर्ड फ्लू का प्रसार बड़ी सतर्कता की मांग करता है। रायगढ़ के बर्ड फ्लू के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिये थे कि इसका प्रसार न हो, इसके लिये पूरी सावधानी बरती जाये। अंबिकापुर पोल्ट्री में भी बर्ड फ्लू के प्रसार के बाद राज्य के सभी जिलों के शासकीय तथा निजी पोल्ट्री फॉर्मों की मुर्गियों एवं चूज़ों के स्वास्थ्य की जांच होनी ज़रूरी है तथा उन पर निरंतर नज़र रखी जानी चाहिये। चूंकि संक्रमित कुक्कुटों के सैंपलों को पुष्टि के लिये बाहर भेजना पड़ता है और उसकी रिपोर्ट अक्सर देर से आती है, इसलिये सभी ऐहतियाती कदम पहले ही उठाये जाने चाहिये। संक्रमण के संदेह वाली पोल्ट्रियों की मुर्गियों, चूजों तथा अंडों को यथाशीघ्र नष्ट करना ही श्रेयस्कर होता है।

उल्लेखनीय है कि ऐसे संक्रमित मुर्गियों या उनके अंडों के सेवन से इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर हो सकता है। वैसे बिना सेवन के भी संक्रमण का प्रसार सम्भव है। किसी को यदि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या हो तो उसे तत्काल चिकित्सकों से सम्पर्क करना चाहिये। शासकीय अस्पतालों में सरकार की ओर से इसके इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। इससे पूरी तरह से सावधान रहने की ज़रूरत है।

उल्टा पुल्टा

मंटू- पापा क्या मैं भगवान की तरह दिखता हूं?
पापा- नहीं, पर तुम ऐसा क्यों पूछ रहे हो बेटा?
मंटू- क्योंकि पापा मैं कहीं भी जाता हूं, तो
सब यही कहते हैं है भगवान फिर आ गया।

# बस्तर की वैभव-गौरवशाली संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहुंचाने की पहल : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उप मुख्यमंत्री और वनमंत्री ने किया बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन



**दंतेवाड़ा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा बस्तर की समृद्ध जनजातीय कला एवं संस्कृति के धरोहर को पुनरजीवित वित कर इसे देश और वैश्विक पटल पर रखने सहित स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों को अमिट पहचान और समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम 2025 यथा बस्तर का उत्सव का भव्य संभागीय स्तरीय कार्यक्रम आयोजन दंतेवाड़ा के हाईस्कूल मैदान में किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने बस्तर पंडुम के संभागीय स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर बस्तर की वैभव-गौरवशाली संस्कृति को सहेजने और संवारने सहित वैश्विक पटल पर पहुंचाने के लिए सरकार ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिससे बस्तर की संस्कृति, परंपरा को दुनिया के लोगों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। बस्तर अद्भुत सांस्कृतिक परम्परा, रीति रिवाज और जनजातीय व्यंजन से समृद्ध है, इस पावन धरा में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। इस क्षेत्र में मेरा जन्म ना होने से यहाँ की संस्कृति और अनेक स्वादिष्ट व्यंजन से मैं वंचित रहा हूँ पर आज इस कार्यक्रम में मुझे बस्तर की सभी स्वाद का अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने बस्तर में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सार्थक प्रयास करने की बात कही।

वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर पंडुम की चर्चा देश-विदेश में हो रही है लोग बस्तर की संस्कृति को समझने के लिए लालायित हो रहे हैं। इसके साथ ही बस्तर क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन, वेशभूषा- आभूषण जो विलुप्तप्राय हैं ऐसी समृद्ध संस्कृति को बचाने की पहल बस्तर पंडुम के माध्यम से की जा रही है।

- **बस्तर पंडुम की चर्चा देश-विदेश में : केदार कश्यप**
- **मंत्रियों ने स्टॉल का अवलोकन करने सहित स्थानीय व्यंजन का स्वाद लेकर की सराहना**
- **रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बस्तर पंडुम का आयोजन**

इस कार्यक्रम में समूचे संभाग के जिलों के प्रतिभागियों द्वारा शानदार प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने दंतेवाड़ा का फाल्गुन मंडई और बस्तर में आयोजित बस्तर दशहरा को सामाजिक समरसता का प्रतीक निरूपित करते हुए कहा कि समाज के लोग इस परंपरा को संवर्धित कर रहे हैं। हमारे बस्तर क्षेत्र में जन्म से मृत्यु तक पंडुम मनाते हैं। इस समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संदेश देने में हमारी परंपरा, रीति - रिवाज की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी संबोधित किया। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

कार्यक्रम के शुरुआत में दोनों मंत्रियों ने प्रदर्शनी में लगे जनजातीय कला स्टॉल का अवलोकन कर प्रदर्शनी में लगे जनजातीय संस्कृति के वाद्य यंत्र का वादन किया और स्थानीय एवं जनजातीय व्यंजन का स्वाद लेकर सराहना किए। इस अवसर पर विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम 2025 के अन्तर्गत सात विधाएं शामिल की गई है। जिसमें संभाग के सातों जिलों के विजेताओं के मध्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, हुलकीपाटा, परब सहित लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत-चौतपरब, लेजा, जगारगीत, धनकुल, हुलकी पाटा (रीति-रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व बस्तर जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा का जगदलपुर एयरपोर्ट में भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा स्टेट प्लेन द्वारा रायपुर से जगदलपुर पहुंचे, स्वागत कार्यक्रम के बाद वह हेलीकॉप्टर से बीजापुर, सुकमा जिला के लिए रवाना हुए।

## संपत्ति कर भुगतान की तिथि बढ़ी



**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरीय निकायों में संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। इस वर्ष भी संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने हेतु अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2024 -25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों का निर्वाचन आदि में आचार संहिता भी प्रभावित रही तथा उक्त कार्यों में निकायों के अधिकारी कर्मचारी भी संलग्न रहे। फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण की कार्रवाई प्रभावित हुई है। इस वर्ष संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने हेतु अंतिम तिथि मे 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान करते हुए दिनांक 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। निकाय के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर संपत्ति कर संग्रहण किया जाए। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जो नागरिक 31 मार्च 2025 तक किसी कारणवश निगम में संपत्ति कर, समेकित

**30 अप्रैल 2025 तक टैक्स जमा कर सकते हैं : संग्राम**

## इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने वन मंत्री से की भेंट



**बस्तर में जल संचयन बढ़ाने, प्रस्तावित बैराज का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने की मांग**

**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)द्य इंद्रावती ज़ल संकट के सन्दर्भ में इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने कल प्रदेश के वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप से मुलाक़ात कर इंद्रावती नदी की ज़ल समस्या के बारे में ज्ञापन सौंपा द्य सदस्यों ने राज्य शासन से इसके स्थायी हल की मांग की द्य इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने माननीय मंत्री से इंद्रावती की ज़ल समस्या के उड़ीसा से विवाद को हल करने, बस्तर में ज़ल संचयन बढ़ाने, प्रस्तावित बैराज का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने आदि सम्बंधित विषयों के शीघ्र समाधान की मांग की द्य वन मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इन मुद्दों पर गंभीर है द्य इस अवसर पर इंद्रावती बचाओ अभियान के दशरथ कश्यप, किशोर पारख, रोहित बैस, चंद्रेश चांडक, प्रकाश बोथरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे द्य

## जनता के सहयोग से जैन समाज समर्पित करेगा एंबुलेंस



**वीर 11 के त्रिलोक बाफना ने की विस्फोटक बल्लेबाजी, खेली 74 रनों की शानदार पारी**

**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सकल जैन समाज और जैन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में चल रहे क्रिकेट में प्रतियोगिता अंतर्गत बुधवार की पहला मैच वीर 11 व क्षमा 11 के मध्य खेला गया, जिसमें वीर 11 ने पहले टॉस जीतकर टीम के बल्लेबाजों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 12 ओवर में ही मात्र 4 विकेट के नुकसान 126 रनों का बड़ा स्कोर विपक्षी टीम के समक्ष खड़ा कर दिया। वीर 11 की ओर से बल्लेबाजी करते हुए त्रिलोक बाफना ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 4 चौके और 7 छक्कों के मदद से 74 रन बनाएं, तो अतुल मिन्नी ने अपनी पारी के दौरान 19 गेंदों में 3 चौके व 1 छक्का लगाकर 31 रनों का योगदान दिया। क्षमा 11 की ओर से गेंदबाजी करते हुए कुशल लुंकड़ ने 2 विकेट लिए और श्रेयांश जैन व महावीर बाफना को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ।

126 रनों का पीछा करते हुए मैच की विपक्षी टीम क्षमा 11 के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवर से पूर्व 10.3 ओवर में वीर 11 को मैच में पटखनी देकर केवल 2 विकेट खोकर 127 रन का लक्ष्य हासिल कर विजय श्री प्राप्त की। टीम की ओर से अक्षय जैन ने केवल 33 बॉल में 5 चौके, 6 छक्के लगाकर 68 रनों की धुआंधार पारी खेली एवं कुशल लुंकड़ ने भी महज 15 गेंद में 1 चौका व 3 छक्के जड़कर 28 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच की समाप्ति पर पुरस्कार की घोषणा की गई, जिसमें टीम के बल्लेबाज अक्षय जैन ने मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।

धैर्य 11 ने संयम 11 को रोमांचक मुकाबले में हराया

आयोजित प्रतियोगिता का दूसरा मैच संयम 11 व धैर्य 11 के बीच खेला गया। संयम 11 ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। किन्तु निर्धारित ओवर से पूर्व ही पूरी टीम 11.3 ओवर खेलकर 83 रनों पर धैर्य 11 के समक्ष धराशायी हो गई। जिसमें निखिल जैन 15 रन, हिमांशु जैन 17 रन और हेमंत कोचर ने 16 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए गौरव बंगानी, सौरभ जैन, विजय रीढ़ ने 2-2 विकेट छटके एवं आयुष जैन को 1 विकेट प्राप्त हुआ।

विपक्षी टीम से मिले लक्ष्य को भेदने धैर्य 11 के सलामी बल्लेबाजों ने अपने खेल का लोहा मनवाते हुए मात्र 2 विकेट के नुकसान पर केवल 9.1 ओवर में ही 84 बनाकर जीत हासिल कर ली, जिसमें विजय रीढ़ ने 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 48 रन की शानदार पारी खेली और 2 विकेट लेने एवं 48 रनों की विस्फोटक इनिंग के लिए विजय रीढ़ दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच भी चुने गए।

## साधकगण कर रहे हैं योग साधना



**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु) द्य जगदलपुर में योग से जुड़े साधकगण गोरखनाथ सरस्वती के मार्गदर्शन में योग साधना कर रहे हैँ द्य शिवम् योग समिति एवं श्री जलाराम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान 1 से 6 अप्रैल तक उच्च योग साधना शिविर का आयोजन हो रहा है जिसमें उच्च योग की अद्भुत साधना करवाई जा रही है द्य बिहार योग के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को जिस योग निद्रा का अभ्यास सिखाया गया है वही आज यहाँ योग साधकों को सिखाया गया कि किस तरह निद्रा की अवस्था में भी मन को जागृत रखा जा सकता है द्य योग निद्रा में बिताया हुआ थोड़ा सा समय कैसे शरीर की निद्रा की जरुरत पूरी कर सकता है द्य स्वामी जी ने बताया कि कैसे स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जी ने 4 वर्ष की उम्र में ही योग निद्रा के माध्यम से योग के कई गूढ रहस्यों को जान लिया था द्य ध्यान के बारे कई जानकारियां देने के साथ उसका अभ्यास करवाया द्य शिविर में पंजीयन हेतु सीमित संख्या ही रखी गई थी जो कि पूर्ण हो चुकी है और 150 योग साधक सुबह 5 बजे से योग साधना में मग्न हैं द्य शिवम् योग समिति के अध्यक्ष किशोर पारख ने बताया कि यह अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक शिविर है जिसमें श्री गोरखनाथ जी जैसे संत योग के गहन रहास्यों व परंपराओं की जानकारियां दे रहे हैं द्य आने वाले दिनों में ऐसे ही और कई विलक्षण अभ्यास व उसकी विस्तृत जानकारी दी जानी है।

साधक दीपेश राजपुरिया ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि आज स्वामीजी ने नाड़ीशोधन प्राणायाम की जो विस्तृत व्याख्या सहित अभ्यास करवाया वह अद्भुत है, ऐसा लगा कि प्राणायाम की गहराई में आज ही उतर पाये हैं।

## आज तक नहीं हुआ 186 पूर्णकालिक स्वीपर कर्मचारियों का वेतन निर्धारण



- **5-6 माह से नहीं मिला वेतन, नियमित रूप से वेतन भुगतान करने की मांग**
- **मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर जिला स्कूल, आश्रम, छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के अधयक्ष प्रभुनाथ पानीग्राही के नेतृत्व में गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सोपा और नियमित रूप से प्रतिमाह वेतन देने की मांग की। आदिम जाति कल्याण विभाग जगदलपुर द्वारा कार्यालय कलेक्टर, जिला बस्तर, द्वारा 199 नियमित, 464 आकस्मिकता निधि व 186 पूर्णकालिक स्वीपर कर्मचारियों को पांचवी अनुसूची के तहत सीधी भर्ती किया गया था। आज तक 186 पूर्णकालिक स्वीपर कर्मचारियों का वेतन निर्धारण नहीं हो पाया है, तथा वर्तमान में 5-6 माह से वेतन नहीं मिलने की स्थिति में संघ द्वारा जगदलपुर शहर के आयुक्त कार्यालय का घेराव करने की सूचना 1 अप्रैल को दिया गया था। सहायक एक्ट कार्यालय द्वारा बताया गया कि आबंटन के अभाव में वेतन नहीं दिया गया। जबकि विभागीय सेटअप में रिक्तियों के तहत् सीधी भर्ती लिया गया है, जिसकी स्वीकृति छ.ग. शासन वित्त विभाग, द्वारा प्रदान की है. फिर भी कार्यालय द्वारा बजट आवंटन न होने का कारण बताना समझ से परे हैं।

**कर्मचारी लगा रहे बिना विज्ञापन के कुछ लोगों को भर्ती किए जाने का आरोप:** कर्मचारियों को सीधी भर्ती 2014 पश्चात् सेवा से पृथक किया गया था, जिसका स्पष्ट उल्लेख है, किन्तु वर्तमान में लगभग 508 कर्मचारियों को श्रम सम्मान निधि की राशि दिया जा रहा है, जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि बिना विज्ञापन जारी किये दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में आश्रम एवं छात्रवासों में बेक डोर एन्ट्री करवाई गई हैं, जिससे सीधी भर्ती के कर्मचारियों के वेतन आबंटन पर अनावश्यक भार आने से सीधी भर्ती के कर्मचारियों को वेतन प्रदान नहीं किया जा रहा है। माह अप्रैल 2024 से माह जनवरी 2025 तक कुल 10 माह का श्रम सम्मान राशि के लिये रायपुर उच्च कार्यालय द्वारा जिलों से जानकारी मांगी गई है, जिसकी श्रम सम्मान राशि कुछ जिलों को प्राप्त हो गई >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## नियुक्त प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों का न्यायिक कर्मचारियों ने किया स्वागत



**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानांतरण पर नियुक्त गोविन्द नारायण जांगडे प्रधान जिला न्यायाधीश, श्रीमती संगीता नवीन तिवारी जिला न्यायाधीश (एफटीएससी), श्रीमती कीर्ति लकड़ा न्यायाधीश परिवार न्यायालय, कु0नीति व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी एवं निहारिका तिवारी व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी द्वारा 1 अप्रैल को अपने पद पर अपना कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् सभी न्यायाधीशों का न्यायिक कर्मचारी संघ जगदलपुर द्वारा स्वागत कर मिलन समारोह आयोजित किया गया। तृतीय वर्ग न्यायिक कर्मचरी संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि नव आगंतुक न्यायाधीशगणों का न्यायिक कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। आयोजित स्वागत समारोह में जिला न्यायिक स्थापना के सभी न्यायाधीशगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं न्यायिक कर्मचारी संघ के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ वित्त आयोग के अध्यक्ष बने श्रीनिवास राव मद्दी



**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष बनने के बाद श्रीनिवास राव मद्दी गुरुवार को जगदलपुर पहुंचे। मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। विदित हो कि बुधवार की रात को प्रदेश के निगम एवं मंडलों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की घोषणा की गई है जिसके अनुसार हम बस्तर के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। उनके नियुक्ति से बस्तर के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है।

## आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 15 तक आमंत्रित

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत 8 नवीन केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-2 निगम भिलाई.चरोदा भिलाई 3 में कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे। नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा के अंतर्गत वार्ड-30 के आंगनबाड़ी केन्द्र शिव चौक उरला, वार्ड-40 के आंगनबाड़ी केन्द्र स्कूल पारा गनियारी, वार्ड-37 के आंगनबाड़ी केन्द्र हरिजन मोहल्ला सिरसाकला, वार्ड -9 के आंगनबाड़ी केन्द्र शीतला पारा भिलाई-3, वाड-6 के आंगनबाड़ी केन्द्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उमदाए वार्ड-2 के आंगनबाड़ी केन्द्र बगीचा पारा हथखोज, वार्ड-17 के आंगनबाड़ी केन्द्र देवनगर जामुल और वार्ड-14 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीनदयाल अटल आवास जामुल में आंगनबाड़ी सहायिका के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन के लिए अर्हताएं. आवेदिका की आयु 18-44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 1 वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिता को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होना चाहिए, जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके कमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

# 30 वर्ष पूर्व किए गए कब्जों को हटाया

## न्यायालय के आदेश पर नगर निगम भिलाई की बड़ी कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई ने उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सस्ता मार्केट क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह बेदखली अभियान आज 3 अप्रैल गुरुवार को सुबह 11 बजे से शुरू किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वार में दिए गए निर्देशों के आधार पर नगर निगम को सस्ता मार्केट क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने का आदेश दिया गया था। इसके तहत पुराने 30 वर्ष से अधिक के कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए आज दुकान खाली कराया गया। शुरू में कब्जे धारी द्वारा विरोध किया गया लेकिन न्यायालय के आदेश मजिस्ट्रेट पुलिस बल देखकर के शांत हो गए।



कब्जाधारी के नाम पर भी पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई के द्वारा दुकान आवंटन किया गया था। अपने आवंटित दुकान पर काबिज थे, लेकिन इसके साथ-साथ दूसरे के नाम से आबंटित स्थल पर कब्जा करके दुकान संचालित कर रहे थे। यह भी देखने में आया कि अवैध कब्जा किए दुकान में कबाड़ सामान भर कर रखे थे। उसके सामने सड़क पर दुकान चला रहे थे। यह दुकान पूर्व साडा से 1994 में क्षेत्रफल गुलाबचंद के नाम पर 3 नंबर, अकराज 5, सुरेंद्र 4 के नाम पर आबंटित था।

आज दुर्ग मजिस्ट्रेट वास्तु मित्र दीवान, जोन 2 आयुक्त सतीश यादव, छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर पुलिस दल के साथ उपस्थित होकर कारवाई करवाएं। कारवाई पश्चात तुरंत मूल आबंटितों को आज जगह नाप कर पजेशन दिया गया। कार्रवाई के दौरान जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगनए तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ताए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारेए तोड़फोड़ दस्ता से मंगल जांगड़े, राजेंद्र सिंह, विष्णु सोनी, ए गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

## विकास कार्यो के लिए 14.62 लाख स्वीकृत

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा वैशाली नगर विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 14 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक श्री रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जुनवानी खम्हरिया भाठा बौली तालाब के पास, फौजीनगर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपये, वार्ड-20 के लोकांगन परिसर में 3 नग वॉटर कूलर विथ आरो के लिए 3 लाख 50 हजार तथा जैन श्वेताम्बर शांतिनगर के सामने सबमर्सिबल पंप 1 नग बोर खनन् हेतु 1 लाख 12 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## आचार्य शर्मा का भोपाल में हुआ सम्मान



**भिलाईनगर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं रामायण केन्द्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन भोपाल में शोध लेख प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है नयी शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में पूरे देश के उच्च शिक्षा संस्थानों एवं सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध संगोष्ठी आदि का दौर जारी है। इस अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में भारत के साथ चीन, श्रीलंका और त्रिनिदाद टोबैगो आदि देशों से आये विद्वानों के बीच आचार्य महेश ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंन बताया कि ऋषि प्रधान और कृषिप्रधान भारतवर्ष की ज्ञान परंपरा श्रीराम के बिना अधूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि विभीषण घर का भेदी नहीं था। परिवार प्रेमी और देशभक्त विभीषण के सुझावों को न मानकर उसका सार्वजनिक अपमान करने से ही रावण और लंका का सत्यानाश हुआ। डा.शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा मूलत: वैदिक साहित्य परक महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास के कालजयी महाकाव्यों रामायण और रामचरितमानस से प्रभावित और प्रेरित है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भारतीय संस्कृति के आदर्श महानायक हैं। रावण वध के पश्चात् वे शिष्टाचार पूर्वक विभीषण को उसके अंतिम संस्कार हेतु कहते हैं, वैर तो उसकी मृत्यु के साथ समाप्त हो गया। श्री राम स्वर्णपुरी लंका से भी बढ़कर जन्मभूमि अयोध्या को मानते हैं। डॉ. शर्मा के शोध पत्र की सभी ने सराहना की। आयोजकों द्वारा शॉल.श्रीफल एवं उत्तरीयम् भेंट कर उनका अभिनन्दन भी किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के कार्य अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य पं.रघुनन्दन शर्मा, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, पं.प्रभुदयाल मिश्र, देवेन्द्र कुमार रावत, डॉ.मोहन तिवारी, श्रीमती डा. साधना बल्वट, कैलाश चन्द्र पन्त पं. गौरी शंकर शर्मा आदि समेत बड़ी संख्या में राम कथा मर्मज्ञ एवं शिक्षाविद् उपस्थित थे।

## मोर संगवारी सेवा से घर बैठे योजना का लाभ लेवे

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की मोर संगवारी सेवा योजना संचालित की जा रही है। मोर संगवारी सेवा योजना से 27 विभिन्न प्रकार की सेवाओं जैसे जन्म-मृत्य, विवाह, आय, जाति, निवासी, राशन कार्ड, दुकान स्थापना, पेन कार्ड, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार एवं मोबाईल नंबर अपडेट कराने जैसे सुविधाओं का लाभ घर बैठे लिया जा सकता है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर, अपाईमेंट बुक कराया जा सकता है। संगवारी सेवा के एजेंट आपके घर आकर आवश्यक दस्तावेज लेगें व प्रमाण पत्र बनाने के उपरांत घर में ही लाकर देगें। उक्त सुविधा सप्ताह के सभी दिवस प्रात: 8 बसे से शाम 8 बजे तक चालू रहेगी। वर्तमान में निगम भिलाई द्वारा कुल 37681 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभ पहुंचाया गया है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फ नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है। बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही है। साथ ही साथ सरकारी काम में तेजी आई है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिको से अपील किये है कि अधिक से अधिक नागरिक शासन की इस मोर संगवारी सेवा योजना का लाभ उठावें। घर बैठे टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके एजेंट को घर बुलाकर मांगे गये दस्तावेजों को देवें। जिससे एजेंसी समय अवधि में सभी प्रमाण पत्र बनाकर आपके घर तक पहुंचाने का कार्य कर सके। इससे आपके आने जाने का समय व अनावश्यक पैसे खर्च से बच सकते है।

## कार वॉशिंग सेंटर का नल कनेक्शन काटा गया



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई के नेशनल हाईवे से लगा हुआ संजय नगर तालाब के पास अवैध रूप से 10 कार वॉशिंग सेंटर चलाया जा रहा था। जिसके कारण वहां पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था। आए दिन दुर्घटना हो रही थी। सड़क जाम हो रहा था। स्थानीय निवासियों की शिकायतें थीं कि संजय नगर क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या गर्मी के दिनों में हो जाता है और एक तरफ 10 से अधिक कार वॉशिंग सेंटर रोड के ऊपर अवैध रूप से पुराने सर्विस रोड के उपर पीने के पानी का दुरूपयोग करके चलाया जा रहा हैं। नगर निगम भिलाई जोन-1 के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर निगम दल के साथ जाकर स्वयं जॉच किए। पता चला कि अवैध कार वासिंग सेंटर चलाने वाले वहां पर टंकी बना लिए हैं और नगर निगम के सप्लाई वाटर के पाईप लाईन से अवैध कनेक्शन खींच करके टंकी में भरते थे उसी से गाड़ियों की धुलाई करते थे। औसतन प्रत्येक दिन वहां पर 100 से अधिक गाड़ियों की धुलाई की जा रही थी। एक तरफ पीने की पानी की समस्या दूसरे तरफ यह लोग पीने के पानी से गाड़ी की धुलाई कर रहे थे। निगम का तोड़फोड़ दस्ता जाकर अवैध नल कनेक्शन का विछेदन किया। इसके साथ ही घुलाई वाली मशीन को जप्ती बनाया गया। पूर्व में अधिक बारिश हो जाने से नाले के उपर अधिक जल भराव हो जाने के कारण सुपेला घड़ी चौक के पास दुर्घटना हो गई थी। नाला चैड़ीकरण का मांग किया जा रहा था। बढ़ते जनसंख्या के दबाव के कारण पूर्व में निर्मित नाले की चौड़ाई कम थी अब उसे कर्मा चैंक से टाटा मोटर्स कोसा नगर तक चौड़ीकरण करते हुए बढ़ाया जा रहा है। सर्विस रोड एवं निर्माणाधीन नाले के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से कार वासिंग का कार्य किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता बंसत साहू, जोन राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, राजस्व निरीक्षक शंशांक शेखर, हरिओम गुप्ता, अनिल, राजेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, मंगल कुर्रे, विष्णु सोनी उपस्थित रहे।

## भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी गठित



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता के नेतृत्व में भिलाई महिला समाज के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। भिलाई निवास में आयोजित अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता व उपाध्यक्ष श्रीमती आशा रानी की अध्यक्षता में इस आमसभा में महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे सहित सभी 10 क्लबों की सचिव, सदस्य, एसोसिएट सदस्य एवं कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सचिव के रूप में श्रीमती सोनाली रथ, संयुक्त सचिव श्रीमती दीपन्विता पाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन व सह.कोषाध्यक्ष में श्रीमती पूनम प्रियदर्शी, शामिल की गई हैं। उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोति मुखोपाध्याय व अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मौली चक्रवर्ती, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती स्मिता गिरी, श्रीमती पूनम कुमार, श्रीमती रेणुका रंगनाथन हैं। श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में भी अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगा। पेट्रोल पंप हेतु श्रीमती सपना सोनी व श्रीमती नीलिमा साहू, दस्ताना इकाई हेतु श्रीमती रुखसाना शेख व श्रीमती सुधा शर्मा तथा मसाला इकाई हेतु श्रीमती रागिनी शर्मा, श्रीमती बबीता सिंह, साथ ही साबुन एवं स्टेशनरी इकाई के प्रभारी के रूप में श्रीमती रीता तिवारी व संयुक्त प्रभारी के रूप में श्रीमती लक्ष्मी पटेल ने कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण की। सहयोगी सदस्यों के रूप में श्रीमती गीता हटोट दस्ताना इकाई व श्रीमती उत्तरा साहू मसाला इकाई को कार्यकारिणी सदस्य का पदभार प्रदान किया गया।

## आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। संपूर्ण विश्व में आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में दुर्ग भिलाई के आर्य समाज के अनुयायियों ने मिलकर यज्ञ किया। यह आयोजन आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रों का उच्चारण करके श्रद्धा पूर्वक यज्ञ में आहुति दी गई। आचार्य जयदेव शास्त्री एवं आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्रों का उच्चारण किया। रवि आर्य ने ऋषि दयानंद सरस्वती की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन परोपकार के लिए समर्पित था। उन्होंने राष्ट्रीय एकता अंधविश्वास और पाखंड उन्मूलन के लिए कार्य किया। संपूर्ण विश्व में उन्होंने वैदिक धर्म संस्कृति और भारत के गौरव को स्थापित करने का कार्य किया। प्रवीण गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भारती जैन ने ईश्वर भक्ति के भावपूर्ण सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। अंकित शर्मा शास्त्री ने बताया कि आज का दिन आत्म चिंतन का दिन है हम सभी को आत्म मूल्यांकन करना चाहिए कि हम स्वामी दयानंद सरस्वती के बताए मार्गों पर चलकर लोक कल्याण का कितना कार्य कर रहे हैं। कमलेश आर्य ने भिलाई आर्य समाज के इतिहास को दर्शाते हुए कविता पढ़ी जिसमें उन्होंने आर्य समाज में लोगों को आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा. महिला जाति का उद्धार करके महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने संपूर्ण विश्व के सामने नारियों के अधिकार शिक्षा और सम्मान की आधारशिला रखी थी। आचार्य डा. अजय आर्य ने बताया. आर्य समाज, आधुनिक हिंदू धर्म का सशक्त सुधार आंदोलन, जिसकी स्थापना 1875 में दयानंद सरस्वती द्वारा की गई थी। जिसका उद्देश्य सबसे प्रारंभिक हिंदू धर्मग्रंथों, वेदों को प्रकट सत्य के रूप में पुनर्स्थापित करना था । पंजाब केसरी लाला लाजपत राय का कहना था कि स्वामी दयानन्द मेरे गुरु है मैने संसार में केवल उन्ही को गुरु माना है वे मेरे धर्म के पिता है और आर्य समाज मेरी धर्म की माता है। इन दोनो की गोदी मे मै पला हूँ, मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे गुरु ने मुझे स्वतन्त्रता का पाठ पढ़ाया। कांग्रेस के संस्थापक ए .ओण्ह्यूम का मानना था कि महर्षि दयानंद बहुत बड़ी हस्ती हैं। लोकमान्य तिलक, वीर सावरकर, स्वामी श्रद्धानंद, रामप्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, बाल गंगाधर तिलक जैसे अनेक क्रांतिकारियों और देशभक्तों ने स्वामी दयानंद से प्रेरणा प्राप्त की थी। उपस्थित जनों में प्रवीण गुप्ता मंत्री, अंकित शर्मा पुरोहित, श्री ग्रोवर, आशीष तायल, डॉक्टर मेहरोत्रा, सुषमा सोनी 90 वर्षीया जानकी देवी व पुराने सदस्यो ने भी भाग लिया।

## बच्चों में प्रमाण की आदत डालनी चाहिए : आचार्य



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व पर हर रोज जस गीत, माता सेवा एवं भक्ति संगीत का कार्यक्रम किया जा रहा है। परमेश्वरी मंदिर में माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। संध्या समय मां परमेश्वरी की महाआरती में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने घरों से दीयों से सजा कर लाए आरती की थालियों से आरती की। परमेश्वरी मंदिर में 154 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा में पंचमी के दिन कथा व्यास आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने महिषासुर संहार, रक्तबीज उद्धार एवं मां चंद्रघंटा की कथा सुनायी। आज कथा में भगवान शिव एवं पार्वती के विवाह के प्रसंग पर प्रस्तुत किया गया। शालेय बच्चों में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं नैतिक संस्कार डालने हेतु देवी भागवत कथा श्रवण करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। आचार्य नीलेश ने कहा कि बच्चों में बड़े बुजुर्गो तथा गुरूजनों का प्रणाम एवं सम्मान करने का संस्कार डालना चाहिए। अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। नारी का सम्मान घर किया जाना चाहिए। जो पत्नी अपने पति एवं परिवार को धर्म की ओर ले जाएं वह धर्म पत्नी है। आचार्य नीलेश शर्मा ने कहा कि ऋग्वेद में वर्णित है कि सभी प्राणी जिनके भीतर स्थित हैं और जिनसे सम्पूर्ण जगत प्रकट होता है तथा जिन्हें परम तत्त्व कहा गया है, वे साक्षात स्वयं भगवती ही हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बस्तर की वैभव-गौरवशाली...

आदि) जनजातीय नाट्य श्रेणी में भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेशभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषय-वस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन के तहत धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोड़ी, अकुम, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुङ; मुंडाबाजा, चिकारा शामिल रहे। जिन्हें संयोजन, पारंगता, प्रकार, प्राचीनता के आधार पर अंक दिए गए। जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन विधा में लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बाहूंटा, बिछिया. ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल, नांगमोरी, खोचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, नकबेसर जैसे आभूषण में एकरूपता, आकर्षकता, श्रृंगार, पौराणिकता को महत्व दिया गया। जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन विधा के अंतर्गत घड़वा, माटी कला, काष्ठ, ढोकरा, लौह प्रस्तर, गोदना, भित्तीचित्र, शीशल, कौड़ी शिल्प, बांस की कंघी, गीकी (चटाई), घास के दानों की माला प्रदर्शन प्रस्तुतियां हुई। साथ ही जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन- सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, लांदा, कोसरा, जोन्धरा एवं मड़िया पेज, चापड़ा चटनी, सुक्सी पुड़गा,मछरी पुड़गा,मछरी झोर, आमट साग, तिखुर, बोबो इत्यादि के बनाने की विधि, स्थानीय मसाले, स्वाद, प्रकार का प्रस्तुतिकरण बस्तर पंडुम 2025 के मुख्य आकर्षण हैं।

### आज तक नहीं हुआ 186...

है, किन्तु बस्तर जिला में श्रम सम्मान राशि आज दिनांक तक अप्राप्त है। हमें संदेह है उक्त जानकारी त्रुटिपूर्वक भेजा गया है। इसके पूर्व भी दिनांक 30/08/2024 को भेजी गई जानकारी उच्च कार्यालय रायपुर द्वारा अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण बताकर वापस कर दी गई थी। सीधी भर्ती के तहत् नियुक्त हुये कर्मचारियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुये इनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र करने की कर्मचारियों ने मांग की है ।

## सेंट थॉमस में सफल कैम्पस ड्राइव का आयोजन



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज में अग्रणी आईटी समाधान कंपनी टेक्नोटास्क द्वारा आयोजित एक उल्लेखनीय कैम्पस भर्ती अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने अंतिम वर्ष के छात्रों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और आशाजनक नौकरी के प्रस्ताव हासिल करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। कैम्पस ड्राइव की शुरुआत टेक्नोटास्क के प्रतिनिधियों द्वारा एक परिचयात्मक सत्र के साथ हुई। जिन्होंने छात्रों को कंपनी के विजन, कार्य संस्कृति और कैरियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। भर्ती प्रक्रिया में एक योग्यता परीक्षण, तकनीकी साक्षात्कार और मानव संसाधन साक्षात्कार शामिल थे। विभिन्न विषयों के कुल 13 छात्रों ने उत्साह और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए ड्राइव में भाग लिया। इनमें से 10 छात्रों ने पहले राउंड को सफलतापूर्वक पास किया और एचआर साक्षात्कार के बाद टेक्नोटास्क से आफर लेटर प्राप्त होगा। चयनित उम्मीदवारों ने एक प्रतिष्ठित संगठन के साथ अपना करियर शुरू करने के अवसर के लिए अपना उत्साह और आभार व्यक्त किया। कॉलेज के प्रशासक रेव.फादर डॉ. पी.एस.वर्गीस, प्रिंसिपल डॉ. डॉ एम जी रोईमोन और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस की संयोजक डॉ. सुनीता क्षत्रिय ने चयनित छात्रों को बधाई दी और कॉरपोरेट जगत में युवा स्नातकों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए टेक्नोटास्क की सराहना की। अग्रणी कंपनियों के साथ यह सहयोग शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है, यह सुनिश्चित करता है कि हमारे छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए अच्छी तरह से तैयार हों।

## आंध्र महिला मंडली ने मनाया उगादी पर्व



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आंध्र महिला मंडली ने उगादी पर्व आंध्रा भवन सेक्टर-5 में मनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी टैलेंट दिखाया। डांस से लेकर एक्टिंग के लिए यहां मंच मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ों का स्टेट वाईस डांस, बच्चों का सेमी क्लासिकल डांस एवं सीनियर सिटिजन का मोनो एक्टिंग रखा गया था। इसमें बच्चों के डांस में फस्ट पूर्णिमा वसुधा, द्वितीय जयशिका, निकिता, खुशी, जिज्ञासा, अक्षया, राशी, गायत्री, अंकिता रही। मोनो एक्टिंग में प्रथम स्थान शुभा लक्ष्मी, द्वितीय.अहिल्या जी रहीं। बड़ों के डांस में प्रथम पंजाबी बांग में सेक्टर-5 की मंडली, द्वितीय छत्तीसगढ़ी डांस में सिंधिया नगर की मंडली एवं तृतीय ओडिशा नृत्य में सेक्टर-1 के मंडली ने पुरस्कार जीते कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिक्षिका जया रेड्डी रही। वे 30 वर्ष से भरतनाठाम सीखा रही हैं। जज के रूप में डांसर, समाजसेविका, राजनीतिज्ञ, इंस्ट्रक्टर ममता उपस्थित रहीं। वी राम्याची भरतनाट्यम, डांसर एम श्रेया भरतनाट्यम डांसर और बी. मेधा भरतनाम डांसरद्ध आदि ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष पेरी पद्मा, उपाध्यक्ष पावनी मोहन, सचिव अनंत लक्ष्मी, सह सचिव तुप्ति लक्ष्मी, नागकुमारी कोषाध्यक्ष वर लक्ष्मी एवं कार्यकारिणी सदस्य विजय निर्मला एवं समस्त सदस्य शामिल हुए। मंच संचालन एम पद्मजा व विजया निर्मला ने किया।

# नवोदय में 21 बच्चों के चयन पर सम्मान कार्यक्रम

**चारामा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखंड चारामा से नवोदय प्रवेश परीक्षा में पास हुए विकासखंड के सभी 21 बच्चों और उनके परिजनों और शिक्षकों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी के आशोक पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी केशव राम साहू, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भावना नरेटी, खंड स्रोत समन्वयक राम कमल सुखदेव, सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक भानूराम गावड़े, चंद्रशेखर यादव प्रधानाचार्य सेजेस चारामा के करकमलो से सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं उनके शिक्षकों और परिजनों को बधाई दी गई। विकासखंड में नवोदय प्रवेश परीक्षा में पास हुए छात्र-छात्राओं में रामाधीन कुलदीप, पिता श्री शिवकुमार कुलदीप शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा परसोदा, उन्नति सलाम, पिता श्री जनक सलाम शासकीय प्राथमिक शाला चपेली,लक्ष्मी यादव, पिता श्री राजेन्द्र कुमार यादव शासकीय प्राथमिक शाला चुंचरूगपुर,आयुष कुमार यादव, पिता श्री जेठूराम यादव शासकीय प्राथमिक शाला चुचरूंगपुर,जिज्ञांस सिन्हा, पिता श्री इन्दल सिन्हा शासकीय प्राथमिक शाला ऊंकारी, मोनिका नागराज, पिता श्री हरि नारायण नागराज शासकीय प्राथमिक शाला जुनवानी,ओजस्वी साहू, पिता श्री मधुकांत साहू शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा, गगन साहू, पिता श्री गंगाधर साहू शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा, वाशनी कोड़ोपी, पिता श्री एमेश्वर कोडोंपी कन्या आश्रम शाला कोटेला, जीवांश कुमार मंडावी पिता - श्री राजेन्द्र कुमार मंडावी शासकीय प्राथमिक शाला खाउडन पारा खैरवाही, फैजल खान पिता ,श्री फिरोज खान शासकीय प्राथमिक शाला आवासपारा जैसाकर्रा, दुर्गा प्रसाद साहू, पिता श्री वीरेन्द्र कुमार साहू , शासकीय प्राथमिक शाला मधुबन पारा, गोटीटोला, ऐजश्री सिन्हा पिता अनिरुद्ध सिन्हा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हल्बा, रेयांस नागवंशी, पिता श्री ओमप्रकाश नागवंशी सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा,अनन्या ध्रुवे, पिता श्री कैलाश ध्रुवे सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा,प्रतीक साहू, पिता श्री पार्थ साहू सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा,प्रखर गंजीर, पिता श्री प्रखर



गंजीर सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा,शिखर पटेल, पिता श्री भाखेश पटेल सेंट अल्फोंसा स्कूल रतेसरा,समीर देवांगन पिता श्री संजय देवांगन शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल नाका पारा चारामा, हरीश कुमार जैन पिता श्री भुनेश्वर जैन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हल्बा,पूर्वी शोरी पिता हिरामन शोरी डिजनी पब्लिक स्कूल चारामा का चयन हुआ हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह आपके जीवन का पहला पड़ाव है,आप सभी ने इस परीक्षा को पास कर यह साबित कर दिया कि आपके अंदर प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है, जिसे तरासने की जरूरत है, आप अपनी इस सफलता पर और अधिक मेहनत करें, ताकि आगे आने वाली हर परीक्षा में आप सफल हो सके,शासन प्रशासन भी चाहती है कि ऐसे बच्चे जिनके पास पर्याप्त सुविधा नहीं है वे शासन के सहयोग से नीट, जे ए ई एवं अन्य बड़ी परीक्षाओं में सफल सके, इसके लिए शासन प्रशाशन भी समय-समय पर निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था करती है, कांकेर जिले में वर्तमान में नीट और जे ए ई परीक्षा हेतु कोचिंग संचालित है जो छात्र-छात्राएं जे ए ई और नीट परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे हैं,वह इन कोचिंग संस्था में आकर निशुल्क कोचिंग ले सकते हैं,वहीं उन्होंने बच्चों के पीछे मेहनत करने वाले सभी शिक्षकों और उनके पालकों को भी धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि आपका सहयोग से ही बच्चे इस मुकाम पर पहुंच पाए हैं क्योंकि कहीं ना कहीं घर का वातावरण जब बच्चों को पढ़ने लायक मिलता है तभी बच्चे अच्छे वातावरण में पढकर आगे बढ़ पाते हैं और प्रत्येक शिक्षकों का यह कर्तव्य होता है कि वह अपने बच्चों को परखकर उनके पीछे अपने आप को खपाए, ताकि उसका परिणाम इस तरह से हमें मिल सके। वही इस वर्ष आयोजित उल्लास परीक्षा में विकासखंड चारामा में 3189 लोगों ने परीक्षा दिलाई और सभी पास हुए हैं जिसमें विकासखंड चारामा प्रथम स्थान पर है, वही नवोदय परीक्षा में इस वर्ष चारामा विकासखंड प्रथम स्थान पर रहा, जो कि पिछले वर्ष प्रथम स्थान पर था। वही खंड शिक्षा अधिकारी ने भी इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए संबोधन दिया। और छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस आयोजन को सफल करने में सभी संकुल समन्वयक एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों का सहयोग रहा।

# शहीद आरक्षक रामदास कोर्राम की प्रतिमा का अनावरण, वीरता को किया गया नमन

**कोण्डागांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान रामदास कोर्राम की स्मृति में आज ग्राम बनजुगानी में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम शहीद परिवार और भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (आईपीएस), जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।



**शहीद की वीरता को किया गया याद**

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने उद्बोधन में शहीद जवान की वीरता और अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीद रामदास कोर्राम ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने शहीद परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि यदि उन्हें पुलिस से संबंधित कोई भी सहायता की आवश्यकता हो, तो वे तत्काल संपर्क करें।

**भव्य आयोजन, सैकड़ों लोग हुए शामिल**

इस मौके पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार, थाना प्रभारी कोंडागांव सौरभ उपाध्याय, प्रआर 227 पन्नालाल देहारी, 90 नरेंद्र देहारी, आर. 757 बुधसन कुलदीप, जीएस योगेश साहू समेत अन्य पुलिसकर्मी, भूतपूर्व सैनिक, ग्राम सरपंच और बन जुगानी के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया।

**कर्तव्य पथ पर बलिदान**

शहीद रामदास कोर्राम वर्ष 2011 में पुलिस विभाग में आरक्षक के रूप में भर्ती हुए और एसटीएफ बघेरा जिला दुर्ग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। 3 अप्रैल 2021 को कर्तव्य निर्वहन के दौरान एक नक्सली मुठभेड़ में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

शहीद परिवार, ग्रामवासियों और भूतपूर्व सैनिकों के इस आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों की स्मृति सदा जीवंत रहेगी।

# कभी फटे जूतों की करते थे सिलाई, अब बने छग चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष



**आरंग,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी में पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की तकदीर कब बदल जाए ये कोई नहीं बता सकता। बुधवार देर रात भाजपा द्वारा जारी निगम मंडल और आयोग की सूची में कई चौंकाने वाले नाम सामने आए।इनमें से एक नाम है वरिष्ठ भाजपा नेता और वर्तमान में आरंग नगर पालिका के पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा का।भाजपा ने आरंग नगर पालिका के 05 बाद के पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा को छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है।मिर्धा के अध्यक्ष बनने के बाद आरंग में खुशी की लहर है।पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति आभार जताया है। आपको बता दे कि एक समय ऐसा था जब ध्रुव कुमार मिर्धा आरंग में घूम घूमकर लोगों के फटे हुए जूते और चप्पल की सिलाई करते थे।हमेशा से भाजपा पार्टी के लिए समर्पित रहने वाले ध्रुव कुमार मिर्धा अपनी कार्यशैली और मिलनसार व्यक्तित्व से प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके है। छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष बनने पर ध्रुव कुमार मिर्धा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल,आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेश संगठन पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

# ज्योति चंद्राकर की सक्रियता से नपं कुरूद विकास की ओर अग्रसर

**कुरुद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते ही ज्योति भानू चंद्राकर नगर विकास के लिए किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए अभी से सक्रिय हो गई है।वह शहर को नशा एवं कचरा मुक्त बनाने के लिए एक ओर महिला कमांडो का गठन कर एक सार्थक पहल की है।तो वहीं दूसरी ओर नगर के सभी वार्डो का निरीक्षण कर सभी सार्वजनिक शौचालय का रंग रोगन एवं मरम्मत करने के साथ-साथ व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में डस्टबिन का वितरण किया है। इतना ही नहीं शिक्षण संस्थानों में भी साफ सफाई को विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपने लगभग एक माह के कार्यकाल में एक नया किर्तीमान स्थापित करते हुए नगर पंचायत कुरूद को विकास की ओर ले जाने का काम किया। ( एक माह के अंदर किए गए कार्य ) नगर की पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने वंदे मातरम् परिवार कुरूद द्वारा 2 अप्रैल को नगर पंचायत को दो टैंकरों का लोकार्पण किया। (2) निस्तार के लिए नगर के सभी तालाबों को नहर के पानी से भरने के लिए तालाबों से लगे छोटे-छोटे नालियों का साफ सफाई करायी गई। (3) गर्मी को देखते हुए समस्त कार्यालय, सार्वजनिक संस्थानों, में स्थित वाटर कूलरों की मरम्मत करवाया गया। (4) नगर के सभी वार्डों में नल का पानी सुचारु रूप से वार्डों के घरों तक पहुंचे इस हेतु पाइपलाइन विस्तार वाल चेकिंग कराया गया। (5) 2 अप्रैल को स्वच्छ भारत अभियान के तहत ,नवरात्रि के पावन अवसर पर, नगर पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, एवं सभी पार्षदों की उपस्थिति में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं वार्डों के घरों में डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। (6) जर्जर अवस्था में पड़े नगर के सभी सार्वजनिक शौचालयों का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार एक माह में कई उपलब्धि भरा कार्य करा रहे हैं। श्रीमती ज्योति भानू चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद ने संवाददाता से चर्चा में बताया परिषद की बैठक के बाद आगामी रूपरेखा तैयार किया जाएगा।



# चारामा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**चारामा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजक श्री श्री नवरात्रि के पावन पर्व पर धर्मानुयायी आत्मीय स्वजन परम् आराध्य शीतला माता आप सभी के सकारात्मक सहयोग से परम् पूज्य गुरुदेव प्रवचन कर्ता पंडित तिलेश्वर शास्त्री के मुखारविंद से विश्व कल्याणार्थ ज्ञान मय व संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रवण करने एवं ज्ञान यज्ञ रुपी गंगा में डुबकी लगा कर भवसागर से पार उतर कर अपने जीवन काल कल्याण करें। इस कार्यक्रम का आयोजक शितला मंदिर समिति एवं समस्त नगरवासी के सौजन्य एवं समस्त महिला समिति शितला मंदिर किया जा रहा है। देवी भागवत कथा दिन बुधवार को चौथे दिन की कथा में श्री कृष्ण जी की चरित्र, शांभवी कथा, महिषासुर वध, देवी कालिका चरित्र का वाचन किया गया। तथा दिन गुरुवार को राजा सुरथ समाधि आख्यान,दक्ष चरित्र शताक्षी शाकांमरी आख्यान, शक्तिपीठ आख्यान, एवं शिव पार्वती विवाह मंगलमयी कथा प्रसंग बताया जायेगा। आज कार्यक्रम में शितला मंदिर समिति के सदस्य एवं शितला मंदिर के पुजारी के द्वारा कथा वाचक का स्वागत किया गया।

# एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 8 को लाईवलीहुड कॉलेज में

**कोण्डागांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवक-युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तथा मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव द्वारा 8 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को लाईवलीहुड कॉलेज जिला कोण्डागांव में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में कुल 77 पदों पर कार्य करने हेतु भर्ती ली जाएगी। इसमें प्रोग्राम मैनेजर, कलस्टर मैनेजर, स्कूल सपोर्ट ऑफिसर और ट्रेनिंग मैनेजर के पद शामिल हैं। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक एवं पात्र युवक एवं युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, अपडेटेड सी.व्ही., रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार एवं पैनकार्ड आदि मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# राजस्व पखवाड़ा का आयोजन 7 से

**कोण्डागांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए माहवार तिथि निर्धारित की गई है, जिसके तहत राजस्व पखवाड़ा का आयोजन माह अप्रैल में 7 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इसी प्रकार मई माह में 13 मई 2025 से 27 मई 2025 तक और जून माह में 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक आयोजित होगा। इस दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत राजस्व प्रकरणों पर समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। इस पखवाड़े में अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, विवादित नामांतरण विवादित खाता विभाजन, अभिलेख त्रुटि सहित अन्य प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। शिविर स्थल पर ही बी वन, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आवेदनों का लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि एवं समय सीमा में शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।

# अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपियों को भेजा न्यायिक रिमांड पर

**कोण्डागांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध षराब तस्करी के आरोपियों से अंग्रेजी शराब किंगफिशर बियर 24 नग बॉटल और मेक्डॉवेल नं. 1 का 96 नग क्वाटर जुमला 32 लीटर 880 एमएल जप्त करके पर्याप्त अपराध सबुत पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजे गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया कि पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के आदेषानुसार एवं अति.पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के निर्देशन पर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण नेताम के पर्यवेक्षण में क्षेत्र में लगातार अवैध शराब रेड की कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अप्रैल को जुर्म जरायम पतासाजी ईलाकाहाजा भ्रमण के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि उडीसा राज्य से छत्तीसगढ़ की ओर दो व्यक्ति मोटर सायकल से षराब लेकर आ रहे हैं। सुचना की तस्दीकी हेतु बताये गये रास्ते में ग्राम मारंगपुरी जंगल भारतमाला रोड के पास एम.सी.पी.लगाकर मोटर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी समय एच.एफ.डिलक्स मोटर सायकल क्र.सीजी 5 बी 9185 मे दो व्यक्ति आए, उन्हें नियमानुसार रोककर पुछताछ किया गया और संदेह के आधार पर जांच किया गया। मोटर सायकल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम प्रेम पिता चैतराम कुंजाम 22 वर्ष साकिन हात्मा बन्नुपारा थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अतीन पिता नबीराम नेताम 23 वर्ष हत्मा उपरपारा थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव (छ.ग.) का होना बताया। मोटर सायकल में सीट के बीच रखे दो जूट बोरी की तलाषी लेने पर बोरी में दो कार्टुन में कुल 24 नग किंगफिषर अंग्रेजी षराब बियर का बाटल कुल मात्रा 15 लीटर 600 एम.एल.कीमत 4080 रूपए तथा दो कार्टुन में कुल 96 नग मेकडॉवेल नं. 01 का क्वार्टर कुल मात्रा 17 लीटर 280 एम.एल.कीमती 17280 रूपए जुमला मात्रा 32 लीटर 880 एम.एल.कुल कीमती 21360 रूपए एवं अवैध षराब परिवहन करते वाहन एच.एफ. डिलक्स मोटर सायकल क्र.सीजी 05 बी 9185 के संबंध में धारा 94 बी.एन.एस.एस. का नोटिस दिया गया जो उक्त नोटिस में षराब रखने व परिहन करने के संबंध में आरोपियों के द्वारा कोई दस्तावेज नहीं होना लिखकर दिया गया कि अवैध षराब व मोटर सायकल व आरोपियों का 02 नग मोबाईल को जप्त किया गया है। आरोपियों का कृत्य आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई व न्यायालय के समक्ष पेष कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक के आदेषानुसार आगे भी अवैध षराब तस्करी करने वालों पर कार्यवाही जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बांसकोट निरीक्षक रोषन कुमार कौषिक, प्रआर. 224 रामकृष्ण सोम, आरक्षक 995 मनोज मरकाम, आरक्षक 2002 भुनेष्वर साहु, आरक्षक 458 चंद्रप्रभाष नेताम, आरक्षक 865 संजय पाण्डे का विषेष योगदान रहा।



# सेवानिवृत्त सैनिक मुकेश साहू का घर वापसी पर भव्य स्वागत

**बिलाईगढ़,** 3 अप्रैल (देशबंधु)। जिले के गांव बिलासपुर टाटा के ग्रामवासियों ने सेना में सेवा देकर लौटे मुकेश साहू को उनके सेना की सेवा कार्य पूर्ण कर घर वापसी पर भव्य स्वागत किया। ग्रामवासी, इष्ट मित्र एवं परिवार वाले सभी बाजे-गाजे के साथ सरसीवां बस स्टेण्ड पहुंचे जहां मुकेश साहू का रंग-गुलाल, फूल माला व फटाकों से भव्य स्वागत एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। तत्पश्चात् सरसीवां से ग्राम बिलासपुर -टाटा तक रैली निकाली गई। जगह-जगह ग्राम वासियों द्वारा उनका स्वागत-सत्कार किया गया। अंत में उनके निवास स्थान पर स्वागत सभा का आयोजन किया गया।

सेना में 20 साल सेवा दे चुके मुकेश साहू सरल स्वभाव के व्यक्ति होने के कारण हर छोटे बड़े लोगों से मित्रता है। इन्होंने सन 2005 से 2025 तक का सफर पूरा किया जहां ग्वालियर, कारगिल, जयपुर, असम, नागपुर और चंडीगढ़ में अपनी सेवाएं दी। समारोह में मुकेश ने समस्त ग्रामवासियों एवं अन्य सदस्यों को उनको दिए सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में गोदभराई कार्यक्रम



**नगरी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सुपोषण चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में 3 माह के गर्भवती महिलाओं की अच्छी सेहत, पोषण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। उपस्थित महिलाओं को हरी सब्जियों से भरी टोकरी भेट की गई। इस मौके पर वार्ड पंच वरूण देव नेताम, सुमित्रा नेताम, भाजपा बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, मोनिका नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजिनी नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# समितियों में खाद का भंडारण प्रारंभ, किसान शीघ्र करें उठाव

**बिलाईगढ़,** 3 अप्रैल (देशबंधु)। आगामी जून जुलाई की खरीफ फसल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के किसान मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। इस फसल में प्रमुख खाद यूरिया एवं डीएपी का बहुतायत में उपयोग किया जाता है। जिले के किसानों को सुगमतापूर्वक रासायनिक खाद उपलब्ध कराने हेतु अग्रिम उठाव करने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष डी.ए.पी. की अल्प आपूर्ति संभावित है, जिसको देखते हुए उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव ने जिले के किसानों को अन्य विकल्प के खादों का उपयोग करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि सभी कृषि साख समितियों में खाद का भंडारण किया जा रहा है। सभी किसान अपने समिति में जाकर खाद की उपलब्धता पर खाद का उठाव अपनी सुविधा अनुसार शीघ्र कर लें। यूरिया एसएसपी का उपयोग डीएपी के विकल्प के रुप में किया जा सकता है जो कि विपणन संघ के डबल लॉक में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायी जा रही है। प्रारंभिक डोज के रुप में पौधों को फॉस्फोरस की आवश्यकता होती है जो एसएसपी में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। यह जड़ों के विकास के लिए आवश्यक है। एसएसपी के उपयोग से 16 प्रतिशत फॉस्फोरस,11 प्रतिशत सल्फर तथा 18-21 प्रतिशत कैल्शियम प्राप्त होता है। एक बोरी डीएपी से मिलने वाले तत्वों की पूर्ति हेतु आधा बोरी यूरिया तथा तीन बोरी एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का प्रयोग किया जा सकता है। अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का अनुशंसित मात्रा उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

**खरीफ फसल में डीएपी के बदले यूरिया एसएसपी खाद का उपयोग करे किसान**

# महेन्द्र के परिवार को मिला सुरक्षित आशियाना

**कोण्डागांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कई जरूरतमंद परिवारों का सपना होता है कि उनका अपना पक्का मकान हो, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण हर कोई इस सपने को साकार नहीं कर पाता। ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना किसी वरदान से कम नहीं है। जिले के कई गरीब परिवारों के इस सपने को यह योजना साकार कर रही है। ऐसे ही हितग्राही ग्राम पीपरा निवासी महेन्द्र पटेल है, जो आज अपने परिवार के साथ पक्के मकान में सुखद जीवन यापन कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी व केशकाल विकास खण्ड मुख्यालय से 12 कि.मी. दूर स्थित ग्राम पंचायत पीपरा के हितग्राही महेन्द्र पटेल सब्जी बेचकर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहा था। रोज सुबह वह बाजार में सब्जी बेच कर कुछ रुपये कमाते हैं, जिसे बच्चों की पढ़ाई के खर्चों में और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में लगते हैं। कच्चे मकान में रहते हुए उनकी पत्नी और बच्चों के मन में हमेशा खुद का पक्का घर होने की ख्वाहिश उमड़ती रहती थी। जो घर था वह मिट्टी के कच्चे दीवारों एवं खपरैल छत का बना पुराना सा था, उसकी भी स्थिति ऐसी थी कि बारिश के दिनों में उस घर में रहना दूभर हो जाता था। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्के आवास के सपने को सच करने में खुद सक्षम नहीं था।

**प्रधानमंत्री आवास योजना से सपना हुआ पूरा**

महेंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना योजना के बारे में जानकारी मिलने पर आवेदन करने का फैसला किया। उसे उम्मीद थी कि शायद यह योजना उसके परिवार की जिंदगी बदल देगी। ग्राम पंचायत पीपरा के महेन्द्र को इस योजना में अपना नाम पाकर और उसके नाम से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना अंतर्गत उन्हें सरकार की ओर से कुल राशि 01 लाख 20 हजार रूपये व महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी अधिनियम के तहत् 90 दिवस का मेहनताना मिला, जिससे वह अपने परिवार के लिए एक छोटा सा पक्का मकान बनाया। अब उसके पास एक पक्का घर है, जहां वह अपने परिवार के साथ खुद को सुरक्षित व सहज महसूस करता है।



**बारिश के दिनों की परेशानियों से मिली राहत**

**आवास के साथ कई योजनाओं का मिला लाभ**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने से महेंद्र की जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया। अब उसे बारिश के मौसम में पानी टपकने की चिंता नहीं करनी पड़ती, अब उसके पास एक सुरक्षित और मजबूत जगह है, जहां वह अपने परिवार के साथ रह सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिलते ही उन्हें स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण व महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी अधिनियम के तहत शौचालय का लाभ मिला। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् गैस कनेक्शन मिला, जिससे रसोई घर धुंए से मुक्त हुआ। इसके साथ ही सौभाग्य-प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के तहत बिजली के एकल बत्ती कनेक्शन का लाभ मिला। इस प्रकार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से महेंद्र का जीवन पहले से बेहतर हुआ है और वे सपरिवार सुकून के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। पक्का आवास मिलने पर खुशी जताते हुए महेन्द्र और उसके परिवार ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।

CMYK

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

जंगलू- जब शादीशुदा आदमी कहे कि वो सोचकर बताएगा। इसका क्या मतलब?
मंगलू- इसका सीधा-सीधा मतलब होता है कि वो अपनी पत्नी को पूछकर बताएगा।

## संपादकीय

### बर्ड फ्लू का प्रसार चिंताजनक

*दो माह पहले रायगढ़ में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद अब छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में भी इस संक्रमण का प्रसार हो गया है। जिले के बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लुएंजा) की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने उसे प्रतिबंधित क्षेत्र, 10 किमी के दायरे को इन्फेक्टेड जोन तथा 10 किमी के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया है जो अगले तीन महीने तक या आगामी आदेश तक लागू रहेगा। 15 दिन पूर्व यहां कई मुर्गियां व चूजे मरे थे। कलेक्टर ने संक्रमण रोकने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सोमवार की रात को एक अभियान चलाकर कुक्कुट पालन केंद्र में मौजूद 19 हजार से अधिक अंडे, 10 हजार से ज्यादा चूजे, करीब 2500 वयस्क मुर्गियां और इतनी ही बटेरों को नष्ट किया गया है। सभी पक्षियों और अंडों को केंद्र के अंदर ही खोदे गए गड्ढों में दफनाया गया, ताकि संक्रमण न फैले। उन्हें नष्ट करने के बाद कुक्कुट केंद्र को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया है। याद हो कि इसी साल के फरवरी की पहली तारीख के आसपास रायगढ़ के एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने 4300 से ज्यादा मुर्गियां और लगभग 11 हजार चूजों को मारकर दफनाया था। इसके अलावा 26 से अधिक अंडों और 712 क्विंटल कुक्कुट आहार नष्ट किया गया था। इससे संक्रमण रोकने में मदद मिली थी। ये ही कदम अंबिकापुर में भी उठाये गये हैं।*

*इतनी कम अवधि में दो बड़ी शासकीय पोल्ट्रियों में बर्ड फ्लू का प्रसार बड़ी सतर्कता की मांग करता है। रायगढ़ के बर्ड फ्लू के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिये थे कि इसका प्रसार न हो, इसके लिये पूरी सावधानी बरती जाये। अंबिकापुर पोल्ट्री में भी बर्ड फ्लू के प्रसार के बाद राज्य के सभी जिलों के शासकीय तथा निजी पोल्ट्री फॉर्मों की मुर्गियों एवं चूज़ों के स्वास्थ्य की जांच होनी ज़रूरी है तथा उन पर निरंतर नज़र रखी जानी चाहिये। चूंकि संक्रमित कुक्कुटों के सैंपलों को पुष्टि के लिये बाहर भेजना पड़ता है और उसकी रिपोर्ट अक्सर देर से आती है, इसलिये सभी ऐहतियाती कदम पहले ही उठाये जाने चाहिये। संक्रमण के संदेह वाली पोल्ट्रियों की मुर्गियों, चूजों तथा अंडों को यथाशीघ्र नष्ट करना ही श्रेयस्कर होता है।*

*उल्लेखनीय है कि ऐसे संक्रमित मुर्गियों या उनके अंडों के सेवन से इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर हो सकता है। वैसे बिना सेवन के भी संक्रमण का प्रसार सम्भव है। किसी को यदि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या हो तो उसे तत्काल चिकित्सकों से सम्पर्क करना चाहिये। शासकीय अस्पतालों में सरकार की ओर से इसके इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। इससे पूरी तरह से सावधान रहने की ज़रूरत है।*

# जोन अध्यक्षों के सभी पदों पर भाजपा काबिज

## अधिकांश पहली बार के पार्षद, सभी चुने गए निर्विरोध



**रायपुर**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम के जोन अध्यक्षों के चुनाव में भाजपा को बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को जितने भी जोन के लिए चुनाव हुआ, सभी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। सात जोन अध्यक्ष के चुनाव हुए हैं, एक में सभापति पदेन अध्यक्ष हैं और एक का चुनाव बाकी रह गया है। गुरुवार को जोन 1 से पार्षद गज्जू साहू, जोन 4 से मुरली शर्मा, जोन 5 से अम्बर अग्रवाल, जोन 6 से बद्रीप्रसाद गुप्ता, जोन 7 से श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 से प्रीतम ठाकुर और जोन 9 से गोपेश साहू और जोन 10 से सचिन मेघानी को जोन अध्यक्ष चुन लिया गया है। जोन 2 में सभापति सूर्यकांत राठौड़ अध्यक्ष हैं।

गुरुवार को नगर निगम के जितने जोन के चुनाव हुए, इनमें जोन कमिश्नर पीठासीन अधिकारी थे। सभी जोन में एक-एक ही नामांकन दाखिल हुए थे, अर्थात चुनाव की नौबत ही नहीं आई। दरअसल नगर निगम के जितने भी जोन हैं, उनमें जितने वार्ड होते हैं, उसमें बहुमत के आधार पर जोन अध्यक्ष चुना जाता है। कांग्रेस और समर्थक पार्षदों का किसी भी जोन में बहुमत नहीं है, इसलिए विपक्ष ने अपने आपको इस चुनाव से पूरी तरह अलग रखा। निर्वाचन की घोषणा के बाद जोन कमिश्नरों ने सभी नवनिर्वाचित जोन अध्यक्षों को प्रमाणपत्र भी बांट दिए। अब केवल जोन 3 का चुनाव बचा है, जो कल 4 अप्रैल को निगम मुख्यालय में ही करवाया जाएगा।

## नगर निगम जोन 3 में अध्यक्ष चुनाव को लेकर बड़े नेताओं में खींचतान

नगर निगम के जोन 3 के अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा नेताओं के बीच सियासी रस्साकशी जोरों पर है। नगर निगम के कुल 10 में से 8 जोनों में अध्यक्षों के नाम पर सहमति बन चुकी है और पार्टी के जिला अध्यक्षों ने इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी है। जोन 2 में सभापति सूर्यकांत राठौर पदेन हैं, लेकिन रायपुर उत्तर विधानसभा के जोन 3 में मामला अब भी उलझा हुआ है। इस सीट पर दावेदारों के बीच जोरदार राजनीतिक खींचतान चल रही है, जिससे अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है।

इस चुनावी जंग में पहली बार पार्षद बने कैलाश बेहरा पूरंदर मिश्रा के करीबी हैं। उत्कल समाज से आने वाले कैलाश बेहरा बैकडोर से अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। अगर मिश्रा खुलकर बेहरा का समर्थन करते हैं, तो समीकरण पूरी तरह बदल सकता है। वहीं, दूसरी ओर रायपुर दक्षिण से विधायक सुनील के करीबी पूर्व पार्षद प्रमोद साहू की पत्नी साधना साहू अध्यक्ष पद की दावेदार मानी जा रही हैं। उन्होंने चुनाव जीतकर अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है, लेकिन नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव इसके पक्ष में नहीं दिख रहे।

**आपसी सहमति नहीं बनने से चुनाव निरस्त**

सूत्रों के मुताबिक, संजय श्रीवास्तव ने जोन 3 के ही दो बार के पार्षद प्रदीप वर्मा का नाम आगे बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अपीलीय समिति के सदस्य राजेश गुप्ता भी इस दौड़ में शामिल हैं, लेकिन उन्हें पद से इस्तीफा देना होगा, जिससे संगठन की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

चर्चा है कि पूरंदर मिश्रा के विधानसभा में जोन अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर दूसरे विधानसभा के नेताओं की रुचि गले से नहीं उतर रही है। सुनील सोनी दक्षिण विधानसभा के विधायक हैं, लेकिन उत्तर में अपने समर्थक को जोन अध्यक्ष बनाने की पैरवी कर रहे हैं। उत्तर विधायक मिश्रा ने दबी जुबान से आला नेताओं को अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। यही वजह है कि जोन 3 के अध्यक्ष का चयन नहीं हो सका है। आखिर समय में चुनाव को निरस्त करना पड़ा।

# गृहमंत्री अमित शाह आज रात आएंगे

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार 4 अप्रैल की रात रायपुर आएंगे और शनिवार को दिन में दंतेवाड़ा का दौरा करेंगे और शाम को फिर रायपुर आ जाएंगे। राजधानी में शनिवार की शाम वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ के तमाम मंत्रियों और आला पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक नक्सल मोर्चे को लेकर काफी अहम मानी जा रही है। केंद्र तथा राज्य सरकार की नक्सलियों की युद्धविराम पेशकश पर प्रतिक्रिया स्पष्ट हो जाएगी। गृह के साथ-साथ शनिवार को ही रायपुर में सहकारिता संबंधी मुद्दों पर भी बैठक होगी। इसके बाद गृहमंत्री शाह शनिवार की रात रायपुर से दिल्ली लौट जाएंगे।

गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास का कार्यक्रम मिला है। उसके अनुसार श्री शाह शुक्रवार को शाम साढ़े 7 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर आएंगे और वहां से सीधे मेफेयर जाएंगे। रात में



- सीएम के साथ शनिवार को दंतेवाड़ा जाएंगे
- राजधानी में नक्सल मुद्दे पर लेंगे बैठक

ही मुख्यमंत्री साय तथा मंत्रियों के साथ उनकी प्रदेश की राजनैतिक परिस्थितियों तथा सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा हो सकती है। अगले दिन शनिवार, 5 अप्रैल को गृहमंत्री शाह सुबह साढ़े 10 बजे रायपुर एयरपोर्ट से जगदलपुर के लिए उड़ान भरेंगे। सुबह साढ़े 11 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट से वे दंतेवाड़ा रवाना होंगे। दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करेंगे और वहां से सर्किट हाउस जाएंगे। अमित शाह दोपहर डेढ़ से तीन बजे तक दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम समापन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद दंतेवाड़ा से जगदलपुर जाएंगे और वहां से विशेष विमान से शाम 5 बजे माना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से मे-फेयर जाएंगे, जहां गृह और सहकारिता विभाग की उच्चस्तरीय बैठकें होंगी। रात करीब 7.45 बजे गृहमंत्री शाह एयरपोर्ट जाएंगे और दिल्ली रवाना हो जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्य गृहमंत्री शाह के साथ रहेंगे। श्री साय के साथ गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन और डीजीपी अरुणदेव गौतम के भी दंतेवाड़ा जाने की संभावना है।

# नवा रायपुर के स्टेडियम में भारत दक्षिण अफ्रीका का डे नाइट मैच

**रायपुर**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच डे-नाइट वन डे मैच 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा. इसकी अधिकृत घोषणा बीसीसीआई ने कर दी है। देश में वर्ष 2025 में होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच की समय सारणी की घोषणा करते हुए बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका के साथ होने वाले इस मैच की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को दी है।

14 नवंबर 2025 से दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा प्रारंभ हो रहा है, जिसमें 2 टेस्ट मैच, 3 वनडे मैच तथा 5 टी- 20 मैचों की श्रृंखला खेली जायेगी। इसमें तीन दिसंबर को दूसरा वन डे मैच रायपुर में होगा। इससे पूर्व 21 जनवरी 2023 को भारत विरुद्ध न्यूजीलैंड वनडे मैच तथा 1 दिसंबर 2023 को भारत विरुद्ध आस्ट्रेलिया टी-20 मैच के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय मैचों का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ कर चुका है। चर्चा यह भी है कि इसी साल सितंबर से भारत में शुरू होने वाले महिला वर्ल्ड कप क्रिकेट के दो मैच की मेजबानी रायपुर को मिल गई है।



3 दिसंबर को होगा मैच

# प्रदेश में पहली बार सरकारी खर्च पर विदेश में पढ़ेंगे विद्यार्थी, प्रस्ताव को मिली मंजूरी

## सैंडविच प्रोग्राम देगा विदेश में रिसर्च और इंटर्नशिप का अवसर

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में कृषि शिक्षा को नए आयाम देने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। पहली बार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थी और मेंटोर अध्यापक विदेशों में पढ़ाई और रिसर्च के लिए जाएंगे। 'सैंडविच प्रोग्राम' के तहत छात्र उन्नत कृषि तकनीकों, बागवानी और आधुनिक टेक्नोलॉजी की बारीकियां सीखेंगे, जिससे राज्य की कृषि को नई दिशा मिलेगी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति गिरीश चंदेल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सैंडविच प्रोग्राम प्रारंभ किया गया है। इस प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की पहल से इस साल पहली बार कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शोधार्थी विदेशों में अपने मेंटोर के साथ पढ़ाई और रिसर्च के नए आयाम सीखेंगे।

**प्रस्ताव को मिली अनुमति**

इस वर्ष नवीन मद में विश्वविद्यालय की ओर से राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। प्रस्ताव को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है और अलग से फंड की व्यवस्था की गई है। इस फंड का उपयोग प्रत्येक वर्ष चयनित छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में आधुनिक पढ़ाई में लगाया जाएगा।

**इन देशों में जा सकते हैं विद्यार्थी**

आधुनिक समय में खेती का रकबा कम हो रहा है। छत्तीसगढ़ कृषि के क्षेत्र में समृद्ध है, लेकिन आधुनिक टेक्नोलॉजी, आधुनिक तरीका, आधुनिक विधि और शोध सीखने के लिए विद्यार्थी अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, चीन, रूस जैसे अन्य देशों में जा सकते हैं।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 18 विभाग संचालित हैं। इसमें अध्यापक और विद्यार्थी ही सैंडविच प्रोग्राम में पीजी और पीएचडी के शोधार्थी के रूप में शामिल हो सकते हैं। सैंडविच कोर्स एक माह से लेकर दो-तीन साल तक का प्रोग्राम होता है, जिसमें स्नातकोत्तर डिग्री के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप भी शामिल होती है। प्लेसमेंट पर काम करने के लिए विश्वविद्यालय छोड़ना पड़ता है। यह एक साल का कोर्स हो सकता है या प्रोग्राम की अवधि में फैली कुछ इंटर्नशिप के साथ सैंडविच डिग्री हो सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय देश-विदेश के प्रतिष्ठित कृषि विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर सैंडविच प्रोग्राम संचालित करने की योजना बना रहा है।




**मापदंड बनाने के लिए कमेटी गठित**

कुलपति गिरीश चंदेल ने बताया कि प्रस्ताव को अनुमति मिलने के बाद चयन प्रक्रिया और मापदंड तैयार करने के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। जैसे ही कमेटी नीति बनाकर प्रस्तुत करेगी, उसके आधार पर चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# निगम-मंडल में नियुक्तियों पर नाराजगी आई तो पार्टी सुलझाएगी : जायसवाल

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निगम-मंडल की नियुक्तियों को लेकर नेताओं की नाराजगी पर उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात हमारे ध्यान में नहीं आई है। अगर कोई विषय आएगा तो पार्टी इसे बैठकर सुलझाएगी। हमारी पार्टी बहुत बड़ी है और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का काम कर रही है। गौरीशंकर श्रीवास के फेसबुक पोस्ट पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत अभिमत है, लेकिन पार्टी इस पर अंतिम निर्णय लेती है।

**बेरोजगारी भत्ते पर कांग्रेस के बयान पर किया पलटवार**

बेरोजगारी भत्ता को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का बयान हास्यास्पद है। उन्होंने अपने पांच साल के कार्यकाल में युवाओं को कुछ नहीं दिया, बल्कि आखिरी समय में ऊंट के मुंह में जीरा देने जैसा दिखावा किया। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार 2 फीसदी बेरोजगारों को भी भत्ता नहीं दे पाई। उन्होंने सिर्फ कुछ लोगों को लॉलीपॉप की तरह छलावा दिया। कांग्रेस को इस मुद्दे पर बोलने का कोई हक नहीं है।



**'महतारी वंदन योजना' से महिलाओं को आर्थिक संबल**

श्री जायसवाल ने 'महतारी वंदन योजना' को लेकर कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में महिलाओं को 500 रुपए तक भी नहीं दिए, जबकि भाजपा सरकार वास्तविक रूप से महिलाओं के हित में काम कर रही है।

बस्तर पंडुम महोत्सव को लेकर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है और वहां की संस्कृति, कला, खानपान और आभूषणों को संजोने और बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के जरिए बस्तर के लोगों को एक बड़ा मंच दिया जा रहा है। समापन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

# बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक ने निकाली 2621 फीट लंबी चुनरी यात्रा



**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक समायोजन की मांग को लेकर पिछले तीन माह से धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने एक अनूठा आयोजन किया। बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों ने 2621 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकालकर मां महामाया को अर्पित की और सेवा सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। बस स्टैंड भाटागांव स्थित मां शीतला माता मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर सरकार से अपने अधिकारी के लिए गुहार लगाई।

विनोद जयसवाल बर्खास्त सहायक शिक्षक ने कहा, आज नवरात्रि के छठा दिन बर्खास्त शिक्षकों ने अपने आंदोलन को आध्यात्मिक शक्ति के साथ जोड़ते हुए रायपुर स्थित महामाया देवी मंदिर में 2621 फीट लंबी चुनरी अर्पित की। साथ ही नया बस स्टैंड भाटागांव स्थित मां शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सेवा सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। देवी मां के चरणों में यह अर्पण न्याय की आस, हक की पुकार और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक मन्नत रूपी संकल्प था। आस्था और संघर्ष के इस अनूठे संगम में हजारों शिक्षकों ने भाग लिया, जो वर्षों तक शिक्षा देने के बाद अब अन्यायपूर्ण फैसलों के कारण रोजगार से वंचित हो चुके हैं।

- **समायोजन के लिए मां महामाया से की प्रार्थना**

**महिला शिक्षिकाओं ने नवदुर्गा के रूप में किया सांकेतिक प्रदर्शन**

नवरात्रि के पंचमी दिवस पर महिला शिक्षिकाओं ने नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में प्रदर्शन कर अपने अस्तित्व की लड़ाई को देवी शक्ति से जोड़ा. यह प्रदर्शन सिर्फ एक सरकारी नीति के खिलाफ नहीं, बल्कि एक शिक्षिका, एक माँ, एक गृहिणी और एक समाज निर्माता के सम्मान की रक्षा के लिए था। शिक्षिकाओं ने देवी माँ की संध्या आरती का आयोजन कर सरकार से न्याय की गुहार लगाई और प्रार्थना की कि उनकी सेवाएं बहाल की जाए।

# दाउ कल्याण सिंह के नाम पर किसी चौक का नाम रखेंगे

## अग्रवाल समाज का दानवीर सम्मान समारोह 100 से अधिक दानवीर और समाजसेवकों का हुआ सम्मान

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की जयंती पर रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित दाऊ अग्रवाल भवन में दानवीर सम्मान समारोह का आयोजन कियाण् इस कार्यक्रम में 100 से अधिक दानवीर और समाज सेवकों का सम्मान किया गयाण् कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे इस मौके पर अग्रवाल समाज ने सीएम से नया रायपुर में कोई चौक चौराहा या बिल्डिंग दाऊ कल्याण सिंह के नाम पर करने की मांग कीण् साथ ही कोई एक राज्य अलंकरण सम्मान भी दाऊ कल्याण सिंह के नाम पर करने की मांग की इस पर सीएम साय ने विचार करने की बात कही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम साय ने छत्तीसगढी अग्रवाल समाज की जमकर तारीफ की उन्होंने कहा विकसित भारत के लिए सबका योगदान जरूरी है सभी समाज के लोग अपना योगदान देंण् अग्रवाल समाज उद्योग व्यापार से जुड़ा होता है नई उद्योग नीति हम लेकर आए ह सेमी कंडक्टर उद्योग जिसका



भूमिपूजन होगा देश का दूसरा इंडस्ट्रीज होगा जो छत्तीसगढ़ में बनेगा कार्यक्रम में रायपुर के विधायक सुनील सोनी पुरंदर मिश्रा और महापौर मीनल चौबे भी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को अपने पूर्वजों के दिए दान के बारे में या तो जानकारी कम है यह बिल्कुल भी नहीं पता है आज भौतिकवादी युग के पीछे भागते युवा को शायद यह नहीं पता है कि उनको उनके पूर्वजों ने आज की कीमत के हिसाब से 1000 करोड़ से ऊपर की संपत्ति दान की और अपने शहर और समाज में स्वास्थ्य शिक्षा स्वच्छ पेयजल आदि के लिए अस्पताल कॉलेज तालाब और कुआं का निर्माण करवाया अनुराग अग्रवाल ने आगे बताया कि आज शहर के लोगों को याद नहीं है कि दानी कन्या शाला का निर्माण मराठी समाज के सदस्य ने करवाया शहर के दो बड़े महाविद्यालय दुर्गा महाविद्यालय व आयुर्वैदिक महाविद्यालय का निर्माण ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध लोगों ने करवाया जिस स्थान पर स्वामी विवेकानंद जी ठहरे थे उस डे भवन को एक बंगाली समाज के व्यक्ति ने स्मारक बनाने के लिए दान किया सिंधी समाज के एक व्यक्ति ने सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की जिसे लोग आज बढ़ते कदम के नाम से जानते हैं पंचवटी परिवार और गोयल परिवार ने प्रदेश के सिरपुर और महासमुंद में बड़े धार्मिक और दर्शनीय स्थल का निर्माण करवाया और यह सब कार्य उन महानुभाव ने बिना जाति धर्म पंथ के भेदभाव के लिए सर्वहित के लिए किया आज के कार्यक्रम में सम्मान के माध्यम से उन लोगों को सामने लाने का प्रयास किया गया जो वर्तमान में भी धर्म सेवा के बड़े.बड़े कार्य कर रहे हैं।

**पीएम आवास योजना में छूटे पात्रों का सर्वे शुरू, आवेदन 15 तक**

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत छूटे पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए आवास प्लस 2.0 के जरिए सर्वे शुरू हो गया है। यह सर्वे हर ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। पात्र हितग्राही 15 अप्रैल 2025 तक अपना नाम सर्वे सूची में जुड़वा सकते हैं।



# प्रधानमंत्री ने भारत की प्राचीन विधा योग को विश्वपटल पर किया स्थापित : विष्णुदेव साय



## स्वस्थ तन-मन के लिए योग को करें अपनी दिनचर्या में शामिल : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 3 अप्रैल(देशबन्धु)। योग आत्मा, मन और शरीर को संतुलित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्वपटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विधा को अपनाकर आरोग्य की प्राप्ति कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के पदभार ग्रहण हेतु अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री साय ने संतों का अभिवादन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री साय ने योग आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिन्हा को छत्तीसगढ़ को जोड़ने और स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जनसेवा को समर्पित उनका सामाजिक जीवन और सांगठनिक दायित्वों के लंबे अनुभव का लाभ योग आयोग के साथ ही प्रदेशवासियों को भी मिलेगा। 2017 में स्थापित योग आयोग की अब तक की यात्रा शानदार रही है और सिन्हा के नेतृत्व में यह नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही योग रूपी इस चेतना का विश्वभर में विस्तार हुआ और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को मान्यता दी। साय ने कहा कि योग विश्वभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ तन-मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और भावी पीढ़ी को योग से जोड़कर इसका महत्व समझाना चाहिए।

योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग सभी के लिए है और सभी को जोड़ने का काम करता है। संगठन में काम करते हुए सदैव मैंने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है और आज मुझे योग आयोग के माध्यम से सभी को जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

# परिवारजन ने अधिवक्ता साहू को दी शुभकामनाएं

**बालोद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। तोरण लाल देशमुख के द्वारा पेश परिवाद के अनुसार अपने कृषि भूमि से प्राप्त उपज 75.41 द्यद्द धान को राजेश राठी को 1750 रु प्रति चिंटल की दर से दिनांक 10 जून 2019 को विक्रय कर, रकम 132000 रु की मांग करने पर दिसंबर 2019 तक भुगतान करने की बात कह कर, नियत समय पर व्यवस्था नहीं होना बता कर 2त्न ब्याज सहित जून 2020 तक देने का वादा कर भुगतान करने से इंकार करने पर, हताश हो कर 21 नवंबर 2022 को अर्जुन्दा थाना में रिपोर्ट कर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतीतोष आयोग में शिकायत उक्त रकम ब्याज सहित दिलाने की मांग किया था। परिवाद के लंबन अवस्था में राजेश राठी की देहांत हो जाने पर उसके विधिक वारिसान उनकी पत्नी और नाबालिक बेटे से उक्त रकम को दिलाए जाने की मांग करने पर राजेश राठी के वारिसान की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू के द्वारा विधिसम्मत बचाव करते हुए फोरम को बताया कि राजेश राठी के वारिसान च्च्उपभोक्ताज्ज की श्रेणी में नही आते है।

# स्वामी आत्मानंद का नाम बदलना छग के महापुरूषों का अपमान : कांग्रेस

## साय सरकार केवल नाम बदलने में लगी अपनी कोई मौलिक योजना नहीं

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना का नाम बदल कर पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर किये जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्वामी आत्मानंद का नाम बदलना छत्तीसगढ़ के महापुरूषों का अपमान है। यह छत्तीसगढ़ियों के प्रति भाजपा की दुर्भावना को दिखाता है। छत्तीसगढ़ के महापुरूषों, साधु संतो के नाम पर शुरू की गयी किसी भी योजना का नाम बदलने का कांग्रेस कड़ा विरोध करती है। साय सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने में लगी है। सवा साल में भाजपा सरकार अपनी कोई मौलिक योजना शुरू नहीं कर पाई है। यह सरकार केवल नेम चेंजर सरकार बनकर रह गयी है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ने इसके पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम पर शुरू की गयी योजना राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर योजना, राजीव गांधी स्वावलंबन योजना का राजीव गांधी आजीविका केंद्र का नाम बदलकर पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर किया था। नाम बदलना भाजपा की पुरानी फितरत रही है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदलकर पीएमश्री करने की तैयारी भी भाजपा सरकार ने किया था, व्यापक विरोध के बाद कदम पीछे लिया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने महापुरुषों के नाम पर योजना चालू करना ही चाहती है तो नई योजनाएं शुरू कर उसका नामकरण अपने महापुरुषों के नाम पर कर ले किसी को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन पूर्व में शुरू योजनाओं का नाम बदली किया जाता है तो विरोध होगा।

# परपोड़ी में 5वीं व 8वीं की परीक्षा संपन्न



**परपोड़ी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। वीरांगना अवंती बाई मेमोरियल स्कूल परपोड़ी में केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं एवं 8वीं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ द्व शासकीय निर्देशानुसार राज्य के समस्त प्राइवेट स्कूलों को यह स्वतंत्रता थी कि वे इस साल चाहे तो 5वी व 8वी का अपना खुद का एग्जाम ले सकते थे द्व मगर सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल ने केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा देने का साहसिक निर्णय लिया और बच्चों की तैयारी और बोर्ड एग्जाम देने के उनके जूनून ने उनका यह राह आसान कर दिया द्व सभी बच्चों और शिक्षकों ने शुरुआती दौर से ही बोर्ड परीक्षा के मुताबिक अपनी पढ़ाई जारी रखी थी जिसका परिणाम यह हुआ कि सरकार के अचानक बोर्ड एग्जाम लेने के फैसले का कोई नकारात्मक प्रभाव देखने को नहीं मिला द्व स्कूल प्रिंसिपल का कहना है कि एक सही रणनिति और भरपूर मेहनत से हर बाधा को पार किया जा सकता है। बालक, पालक और चालक (शिक्षक) के बेहतर संतुलन से बोर्ड एग्जाम बहुत ही अच्छे तरीके से संपन्न हुआ। आगामी वर्ष नवीन कक्षा 9वीं हेतु स्कूल इस बार *साइंस और कंप्यूटर लैब तैयार रही है जो बच्चों के लिए एक उत्सुकता का विषय बना हुआ है।

# अल्पसंख्यकों के हित में है वक्फ बोर्ड बिल संशोधन : तौकीर रजा

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा में पारित और राज्यसभा में प्रस्तुत होना अल्पसंख्यकों के हित में एक बड़ा कदम है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। श्री रजा ने कहा कि आज पूरा देश और अल्पसंख्यक समुदाय इस संशोधन विधेयक के समर्थन में खड़ा है, सिर्फ कांग्रेस अपने साम्प्रदायिक तुष्टीकरण के एजेंडे के चलते इस विधेयक का विरोध कर रही है। कांग्रेस नहीं चाहती कि ऐसा कठोर प्रावधान हो।

श्री रजा ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध करके कांग्रेस देश और अल्पसंख्यक समुदाय को गुमराह कर विपरीत माहौल बनाने की साजिश कर रही है। कांग्रेस अपने मंसूबों में कतई कामयाब नहीं होगी क्योंकि जब यह कानून बनेगा, तब उसकी स्थिति अलग होगी। श्री रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वक्फ़ संपत्तियों के अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक सख्त कदम उठाया है। अतिक्रमण कर जमीनों पर कब्जा जमाने वालों को हटाने की कोशिश प्रधानमंत्री मोदी ने की है, और इसी उद्देश्य से वक्फ का यह बिल लाया गया है। राजस्व मामलों को कलेक्टर से बेहतर कोई नहीं समझ सकता, इसलिए इस बिल में उनकी भूमिका भी अहम होगी। इसी प्रकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दो महिलाओं को बोर्ड में शामिल करने का निर्णय भी स्वागत योग्य है। इससे अल्पसंख्यक महिलाओं का न केवल उत्थान होगा अपितु सामाजिक सरोकारों से वह सीधे जुड़ेंगी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आई थी, लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू करने की कोई कोशिश नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपानीत केन्द्र सरकार ने यह क्रांतिकारी कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। हमारा नारा च्सबका साथ, सबका विश्वासज्ज इसी भावना को चरितार्थ करता है। श्री मोदी के नेतृत्व में देश के अल्पसंख्यक समुदाय के विकास की गाथा लिखी जा रही है। कांग्रेस ने कभी भी अल्पसंख्यकों की शिक्षा और विकास के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। श्री रजा ने कहा कि आज पूरे देश में वक्फ संपतियों से मात्र 163 करोड़ रुपए की ही आवक हो रही है जबकि वक्फ़ संपत्तियों से अतिक्रमण हटने के बाद 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक आवक वक्फ़ बोर्ड की होगी। इस बड़ी राशि से अल्पसंख्यकों का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास होगा। इस बिल का छत्तीसगढ़ में मुस्लिम समुदायों के साथ साथ सभी वर्गो ने स्वागत किया है।

# अब आरटीओ का नए वित्तीय वर्ष में नया वसूली शुरू

## नए नंबर के नाम पर जनता लूट रही : विजय झा



**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य कर्ज में डूबी हुई एक राज्य है। छत्तीसगढ़ राज्य में 1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष लागू हुआ है और सरकार जनता को चूसना प्रारंभ कर दी है। आम आदमी पार्टी के कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया है कि अब आरटीओ दो पहिया वाहन जो वर्ष 2019 से पंजीकृत है, उनमें नए नंबर के नाम पर प्रति दो पहियां वाहन मालिक से ?365/- लेकर नंबर दे रही है। सरकारी कर्मचारियों में इस बात की चिंता है कि जिस प्रकार बिना हेलमेट के कलेक्टर कार्यालय स्थित विभिन्न कार्यालयों में प्रवेश वर्जित था। वैसे ही कल अंतिम दिन बताकर लोगों से नए नंबर आबंटित किया जा रहा है। कल शुक्रवार सप्ताह का अंतिम कार्य दिवस है। इसके बाद यदि कड़ाई होगी तो पुन: जनता के साथ कर्मचारियों में भी लड़ाई होगी। श्री झा ने परिवहन मंत्री से मांग की है कि जनता और कर्मचारियों को सुविधा दें ? प्रदेश की जनता को दुधारू गाय न समझा जाए।

# जिले में खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई, राजस्व प्राप्ति में बड़ा इजाफा

**बेमेतरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। जिले को इस वित्तीय वर्ष में शासन से 250 लाख रुपये के राजस्व का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जबकि प्रशासन ने 605 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो लक्ष्य का 242 प्रतिशत है। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई। खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत अवैध परिवहन के 62 मामलों में कुल 15,36,350 रुपये, अवैध उत्खनन के 9 मामलों में 5,26,250 रुपये और अवैध भंडारण के 1 मामले में 2,25,000 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। जिला प्रशासन ने अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई से न केवल सरकारी राजस्व में वृद्धि हुई है।

# वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने रेरा ने 17 बैंकों को किया सूचीबद्ध

**रायपुर,** 3 अप्रैल(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने और प्रोजेक्ट में भूमि - मकान आदि सम्पत्तियां खरीदने वाले लोगों के हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से रेरा ने रियल एस्टेट में वित्तीय अनुशासन और पादर्शिता लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में एक बैंक एम्पैनलमेंट इवेंट में रेरा ने 17 बैंकों को सूचीबद्ध किया और रियल एस्टेट प्रमोटरों के साथ अपने नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल को साझा किया।




कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल का मुख्य उद्देश्य आबंटियों के निवेश को सुरक्षित रखना और धनराशि के दुरुपयोग को रोकना है। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

रेरा के अध्यक्ष शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल के अंतर्गत अब किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में आबंटियों से प्राप्त कुल राशि का 70 प्रतिशत भाग एक रेरा नामित बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। रियल एस्टेट सेक्टर में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए रेरा ने बैंकों को इस प्रक्रिया में शामिल किया है। सरकार द्वारा इस प्रणाली को अपनाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

रेरा के अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत आबंटियों से प्राप्त धनराशि स्वचालित रूप से 70 प्रतिशत रेरा खाते में और 30 प्रतिशत अन्य आवश्यकताओं के लिए सुरक्षित होगी। यह राशि केवल परियोजना के वास्तविक विकास कार्य और उसके अनुपात में ही खर्च की जा सकेगी। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

## रियल एस्टेट परियोजनाओं समय पर होंगी पूरी, खरीदारों को मिलेगा समय घर

**हर प्रोजेक्ट के लिए मिलेगा रियल-टाइम अपडेट**

रेरा के इस पहल से बैंकों, प्रमोटरों और रियल एस्टेट के खरीदारों को लाभ होगा। इसके तहत सूचीबद्ध बैंकों को अब भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे संचालन सुगम होगा। हर प्रोजेक्ट के लिए रियल-टाइम अपडेट मिलेगा, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी। बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे निधियों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित होगी। रियल एस्टेट प्रमोटरों और डेवलपर्स को अब बार-बार दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे क्योंकि अब सभी दस्तावेज़ डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगे जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी। इसी तरह रियल एस्टेट खरीदारों को भी लाभ होगा। खरीदारों की जमा की गई धनराशि सुरक्षित रहेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनका पैसा सही ढंग से उपयोग हो। साथ ही परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने के लिए प्रमोटरों पर दबाव बनेगा, जिससे खरीदारों को घर मिलने में देरी नहीं होगी। वित्तीय अनुशासन मजबूत होने से रियल एस्टेट क्षेत्र में भरोसा बढ़ेगा।

# सेवानिवृत हुए पंचायत सचिव को हड़ताल स्थल से दिया गया बिदाई




**सहसपुर लोहारा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। 17 मार्च से जारी पंचायत सचिव की हड़ताल अनिश्चित कालिन चल रहा है। इसी बीच जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम छ ग के पंचायत सचिव नरेश दुबे 31/03/25 को सेवानिवृत हुए जिसकी आज हड़ताल स्थल से पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई सहसपुर लोहारा द्वारा भाव भीनी विदाई दी गई जिसमे सभी पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने कहाँ की मोदी गारंटी के नाम से झुनझुना दे रहे सरकार की गतिविधि समझ से परे है आज 30 वर्ष से अधिक सेवा दे रहे पंचायत सचिवों का सेवानिवृत होने की झड़ी लग गई है कई साथी असमय काल की गाल में समा गए द्य दुख की बात है। एक दिन के लिए विधायक मंत्री बनते है जिसे आजीवन पेंशन मेडिकल सभी प्रशानिक सुविधा मिलता है लेकिन 30 वर्ष 35 वर्ष तक सर्विस देने के बाद पंचायत सचिव को पेंशन की पात्रता तो दूर पंचायत से आम नागरिक को मिलने वाला पेंशन की पात्रता भी नही रहता है।पंचायत सचिवों की मांग जायज है जो अधिकार भी है। पंचायत सचिव संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि शुक्ला ने भी अपने विचार इस अवसर पर रखे सेवानिवृत नरेश दुबे की आगे की जीवन सुखमय सुखद गुजरे ऐसा कामना देते हुए बिदाई दिया गया। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष नीमा लाल जंघेल, सहित समस्त 92 पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# हेयर ड्रेसिंग सैलून से आत्मनिर्भर बना पदमलोचन

## हर माह कमा रहे हैं 30 से 35 हजार रुपए

**रायपुर,** 3 अप्रैल(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, इससे युवा आत्मनिर्भर हो रहे हैं। महासमुंद जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मदद लेकर सरायपाली के पदमलोचन बारिक हेयर ड्रेसिंग सेलून शुरू किया जो चल निकला है। वे न केवल आत्मनिर्भर हुए हैं बल्कि अन्य युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं।




सरायपाली के पदमलोचन बारिक ने बताया कि वे स्नातकोत्तर तक शिक्षित हैं उन्होंने स्वरोजगार के लिए छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग विभाग से संपर्क किया। उन्हें वहां प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। इस योजना का लाभ लेकर उन्होंने हेयर ड्रेसिंग एवं सैलून व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। भारतीय स्टेट बैंक, सरायपाली शाखा से पदमलोचन बारिक को 3,68,400 रुपए की राशि मंजूर की गई, जिसमें से 25 प्रतिशत अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने आवश्यक उपकरण और सामग्रियां खरीदा और अपना हेयर ड्रेसर सैलून का व्यवसाय शुरू किया। इस योजना के माध्यम से न केवल उन्हें स्वरोजगार मिला, बल्कि अब वे हर महीने नियमित रूप से 30 से 35 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं और अपनी किश्तें भी समय पर चुका रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत संचालित एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है, जिससे लोग अपने व्यवसाय की शुरुआत कर सकें।

# असम में आयोजित सतनामी अधिवेशन में भाग लेकर राजधानी लौटे सतनामी प्रतिनिधि

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल असम सतनामी कल्याण परिषद के तत्वाधान में असम प्रांत के नगांव जिला स्थित चिकनीपथार मे तीन दिवसीय 34 वें केंद्रीय सतनामी अधिवेशन आयोजित हुआ जहां असम प्रांत के दौलगांव में जन्मी छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता जी के नाम से निर्मित प्रथम 'मिनीमाता स्मृति भवन' का विधिवत लोकार्पण राजधानी से गए गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष के.पी. खण्डे ने पूजा अर्चना, मंगल आरती के साथ रिबन काटते हुए श्रीफल तोड़कर किया।इस दौरान कसडोल विधायक श्री संदीप साहू, अकादमी के महासचिव डॉ.जे.आर. सोनी, प्रवक्ता चेतन चंदेल, एम.डी.माहिलकर, असम प्रांत अध्यक्ष मानसिंह महिलांग, सचिव दीपचंद सतनामी, पूर्व अध्यक्ष मदन सतनामी, विमल सतनामी, राजकुमार सतनामी भी वंहा मौजूद थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री खण्डे ने कहा कि लगातार काफी संघर्ष व मेहनत के बाद छ.ग. शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया के विशेष प्रयास से छ.ग.की पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा द्वारा 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी उसी से भवन का निर्माण किया गया उन्होंने आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से असम सतनामी समाज को बधाई प्रेषित किया।

**अधिवेशन में असम के कैबिनेट मंत्री केशव महंत पहुंचे, सौपा गया मांग पत्र.**

अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि असम प्रांत में प्रवासी सतनामी समाज के लगभग 2 लाख से भी अधिक जनसंख्या है जो गरीब और मजदूर तबके से हैं ?, सम्मेलन में सामाजिक एकता व रीति- रिवाज पर चर्चा करते हुए बच्चों को उच्च शिक्षित करने, व्यवसाय को अपनाने, सरकारी नौकरियों व राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने तथा रोटी- बेटी का रिश्ता सदैव कायम रखने आदि पर मंथन हुआ इस दौरान वहां पंथी,छत्तीसगढ़ी व असमिया नृत्यों की शानदार प्रस्तुति भी हुई। अधिवेशन में सभी अतिथियों व छ.ग.के प्रमुख प्रतिनिधियों को फूलान गमछा, जैतखाम का मॉडल, प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।



## असम में मिनीमाता स्मृति भवन का हुआ लोकार्पण

इसके पूर्व जय- जय सतनाम की जयघोष के साथ चिकनीपाथर में गुरु घासीदास जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

अधिवेशन में असम प्रांत के कैबिनेट मंत्री श्री केशव महंत पहुंचे उन्हें समाज की ओर से मांग पत्र सौपा गया जिसमें सतनामी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल कर आरक्षण का लाभ देने, सभी सतनामी बाहुल्य बस्तियों में मिनीमाता के नाम से भवन बनाने, स्कूल व महाविद्यालय का नामकरण करने, चाय बगान में कार्यरत मजदूरों की मेहनताना राशि बढ़ाने, दाह संस्कार के लिए पृथक से जमीन आरक्षित करने तथा प्रधानमंत्री आवास के तहत उन्हें पक्के मकान उपलब्ध कराने संबंधी ज्ञापन सौपा गया जिस पर मंत्री श्री महंत ने अपने संबोधन में आश्वासन देते हुए सभी मांगों पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होकर सतनामी समाज के प्रतिनिधि आज राजधानी लौट आए है जिनमें अध्यक्ष के. पी.खण्डे, डॉ. जे. आर. सोनी, जी.आर. बाघमारे,चेतन चंदेल, एम.डी. माहिलकर ,सरजू प्रसाद घृतलहरे ,आर.के. गेंदले, डॉ. के. आर. सोनवानी, सुंदर लहरे, सुरेंद्र बंसल,चंपादेवी गेंदले, अंजली बरमाल, छगन लाल सोनवानी ,नीलकमल आजाद, जगदीश कुर्रे ,खेदु बंजारे,सी.एल.रात्रे, हृदय प्रकाश अनंत, मुंबई सतनामी समाज अध्यक्ष एच.आर. पाटले , उड़ीसा सतनामी समाज अध्यक्ष ज्योतिलाल बंजारे सहित देश के कई राज्यों ? के प्रतिनिधि, लोक व पंथी कलाकार आदि शामिल हैं।

# भारतीय रेल का नया कीर्तिमान पिछले वित्त वर्ष में बनाए 7,134 कोच




**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)।रायपुर। भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024.25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है।इससे रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी।जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव मिलेगा। भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं।जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने वर्ष 2024.25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है।इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई तमिलनाडु कोच उत्पादन वर्ष 2023.24 2,829 वर्ष 2024.25,.3,007 कोच उत्पादन में वृद्धि 178,रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला पंजाब कोच उत्पादन ;वर्ष 2023.24 1,901,वर्ष 2024.25 .2,102,कोच उत्पादन में वृद्धि.201 मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली उत्तर प्रदेश कोच उत्पादन ;वर्ष 2023.24 1,684,वर्ष 2024.25,.2,025,कोच उत्पादन में वृद्धि.341,पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने कोच निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। वहीं 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गयाए जिसका औसत 5ए481 कोच रहा है।कोच निर्माण क्षेत्र में यह वृद्धि भारतीय रेल द्वारा आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में निर्णायक है। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माण क्षमता को मजबूत करना आयात पर निर्भरता को कम करना और रेलवे संरचना में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना है। रेल कोच निर्माण में भारतीय रेल की यह उपलब्धि मेक इन इंडिया पहल को नया आयाम देती है। साथ ही विश्व पटल पर भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करती है।

कोच उत्पादन में भारतीय रेल की सफलता ष्मेक इन इंडियाष् पहल का हिस्सा हैए जो रेल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आरामए अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इससे यात्रा का अनुभव और ज्यादा आरामदायक बन रहा है। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# छग से गुजरने वाली 8 ट्रेनों में लगेगी अतिरिक्त कोच




लंबी वेटिंग लिस्ट से मिलेगा छुटकारा

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 8 एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को लंबी वेटिंग लिस्ट से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।क्योंकि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने इन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला किया है। जिससे यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिल सकेगी।

इन ट्रेनों में लगेगी अतिरिक्त कोच: हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22867/22868 ङ्क दुर्ग–निजामुद्दीन–दुर्ग में एक अतिरिक्त एसी–3 कोच जोड़ा जाएगा। दुर्ग से 11 अप्रैल और निजामुद्दीन से 12 अप्रैल को चलेगी। बिलासपुर–नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) इंटरसिटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12855/12856) एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा। बिलासपुर से 14 अप्रैल से नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) से 15 अप्रैल को ट्रेन चलेगी। शिवनाथ एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18239/18240 ङ्क कोरबा–नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी)–कोरबा) में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा। कोरबा से यह गाड़ी14 अप्रैल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) से14 अप्रैल को चलेगी। जनशताब्दी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12070/12069 ङ्क गोंदिया–रायगढ़–गोंदिया में एक अतिरिक्त चेयरकार कोच जोड़ा जाएगा।यह गाड़ी गोंदिया से 13 अप्रैल और रायगढ़ से 14 अप्रैल को चलेगी।

**15 से 24 अप्रैल तक रद्द रहेगी कई ट्रेनें :** ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल के मेरामण्डली–हिन्दोल रोड सेक्शन में तीसरी और चौथी रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली कई यात्री गाड़ियां प्रभावित होंगी। रेलवे के इस फैसला से छत्तीसगढ़ के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**इन ट्रेनों को रेलवे ने किया रद्द :** जोधपुर ङ्कपुरी एक्सप्रेस 20814 ङ्क 19 अप्रैल को जोधपुर से रवाना होने वाली ट्रेन रद्द रहेगी उसी तरह पुरी से जोधपुर तक चलने वाली16 अप्रैल को नहीं चलेगी। 13 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से रवाना होने वाली और 15 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली ट्रेन रद्द रहेगी। 18 अप्रैल को गांधीधाम से रवाना होने और पुरी से 21 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली ट्रेन रद्द की गई है। इसी तरह 15 और 22 अप्रैल को इंदौर से रवाना होने वाली पूरी के लिए ट्रेन रद्द और 17 और 24 अप्रैल को पूरी से इंदौर के लिए रवाना होने वाली ट्रेन रद्द की गई है।

# लोन व फाइनेंस करने के नाम पर लोगों से ठगी

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर में ठगी का मामला सामने आया है। छोटापारा स्थित आलीगुवाई के संचालक कर्मी पर धोखाधडी का आरोप लगा है। पुलिस ने अभय गुप्ता रागिक हुसैन मनोज प्रधान सुरेंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में 318.48.5 कर अपराध दर्ज किया है। इन्होनें लोन दिलाने और फाइनेस करने का झांसा देकर चार लोगों के नाम से पांच बैंकों से लेकर बाकी 1, 3,08,198 को अपने में विभुवन सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अनुपन गर्डन जी ई रोड के पास रहता है वर्षभर पहले उसने छोटापारा स्थित आल्बी हुए सर्मा एडवाइजर से लीन के लिए तम्पर्यालय में जाकर चर्च की थी। इस दौरान अभय गुप्ता ने उसे लोन को मात देकर ही अब जमा करने कहा थी।

# बार में आधी रात तक मिल रही शराब

## बंद कराने लोगों ने किया थाने का घेराव

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)।गणपति नगर और चंगोराभाठा के लोगों ने इसी मामले में डीडी नगर थाने का घेराव किया। तकरीबन 1 घंटे प्रदर्शन के बाद सीएसपी ने क्षेत्रवासियों से चर्चा की। एक हफ्ते के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भाठागांव में ओवरब्रिज के नीचे आधी रात तक शराब बेचने के विरोध में लोगों ने डीडी नगर थाने का घेराव किया। यहां शराबियों के जमावड़े से लोग पहले ही तंग आ चुके हैं। बीते दिनों शहीद के छोटे भाई अनिल पांडेय रिंक और उनके दोस्तों ने इसका विरोध किया तो बार वालों ने पुलिस बुलाकर उन्हीं की पिटाई करवा दी। इसे अवैध कारोबार को पुलिसिया संरक्षण बताकर लोगों ने एसएसपी के नाम ज्ञापन सौंपा है। देर रात तक शराब बेचने वाले बार को बंद कराने और रिंकू से मारपीट करने वाले डीडी नगर थाने के तीन आरक्षकों पर कार्रवाई की मांग की गई है। गणपति नगर और चंगोराभाठा के लोगों ने इसी मामले में डीडी नगर थाने का घेराव किया। तकरीबन 1 घंटे प्रदर्शन के बाद सीएसपी ने क्षेत्रवासियों से चर्चा की। एक हफ्ते के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घेराव से पहले लोग पीड़ित रिंकू के साथ प्रेस क्लब पहुंचे थे। वे नक्सल हमले में शहीद हुए किशोर पांडेय के छोटे भाई हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया बार के बगल में उनका घर है। बार में देर रात तक तेज आवाज में गाने बजते हैं। शराबियों की हो.हुल्लड़ से पूरा इलाका परेशान है। 11 बजे के बाद बार का गेट बंद हो जाता है और सड़कों पर खुलेआम शराब बेची जाती है। माहौल खराब होने के चलते उनका घर भी किराए पर नहीं चढ़ रहा है। यही हाल आसपास में रहने वाले दूसरे लोगों का भी है। उन्होंने इसका विरोध किया तो बार संचालक ने डीडी नगर थाने से अभिजीत गुप्ता समेत तीन आरक्षकों को बुलवाकर उनकी खूब पिटाई करवाई। बुरी तरह मारने के बाद वे उन्हें रिंग रोड पर छोड़ गए थे।

**बैक डोर से बेची जा रही शराब :** इतने विवाद के बाद भी भाठागांव में शराब का अवैध धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को ग्राउंड की पड़ताल में रिंग रोड से लगे एक और बार में देर रात तक शराब बिकती मिली। यहां जिलेट बार का दरवाजा बाहर से बंद हो गया था लेकिन बाहर में बैठा गार्ड लोगों को 50 से 100 रुपए ज्यादा लेकर बीयरध्शराब मुहैया करवा रहा था।

एसएसपी से की शिकायत

**घटना सीसीटीवी में कैद :** बताते हैं कि कुशालपुर चौक पर पुलिसवालों ने जिस बेरहमी से रिंकू को पीटाए वह सबकुछ कबीर सभा भवन और एक दुकान के सीसीटीवी में कैद है। आरोप है कि इस कैमरे को तोड़ने की कोशिश हुई। प्रकाश साहू आकाश तिवारीए पप्पू वर्मा ने इसे देखने की बात कही। पीड़ितों ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की है।

# सीसीएस पेंशन नियमों के सत्यापन में बदलाव

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सीसीएस ;पेंशन नियमों के सत्यापन के नाम परए केंद्र सरकार ने सीत्तीएस पी नियमों में संशोधन को अपनाया है और इसे वित्त विधेयक 2005 का हिस्सा बना था है। इसे लोक सभा और राज्यसभा ने पारित कर दिया है। कानून के माध्यम से केंद्र सरकार को वेतन आयोगों के लाभों से वंचित करने के लिए देशनों को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख के आधार पर विभिद्र वर्गों में विभेदित करने का अधिकार है। सरकार यह भी तय कर सकती है कि वेतन आयोगों की सिधर्रोशे किस तारीख से लागू की जायेगी। इस कानून के माध्यम से भूतपूर्वध्वर्तमान पेंशनरों को लाभ से वंचित करने की सरकार की मंशा पूरी तरह उजागर हो गई है। इसके विरोध में एनसीसीपी ने प्रथम कदम के रूप में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया है। राजधानी के दूरसंचार भवन के सामने रिटायर्ड और सेवारत कर्मियों ने नाराजी कर विरोध किया। जिला अध्यक्ष हरिराम पाल के नेतृत्व में कर्मियों ने प्रधानन्त्री के नाम एक अपन कार्यालय प्रमुख को सौंपा।

# तीन ओवरब्रिज से ट्रैफिक दौड़ाने की कवायद

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर के भनपुरी चौक से टाटीबंध के बीच तीन ओवरब्रिज से ट्रैफिक दौड़ेगा। राज्य बनने के बाद रिंग.1 और 2 शहर के बीच में आ चुकी है। इस वजह से दोनों तरफशॉपिंग मॉलए ट्रैफिक दबाव का दबाव ज्यादा बढ़ा है। भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान सबसे अधिक खतरा छोटे वाहन चालकों को होता है। ओवरब्रिज बन जाने से रायपुर दुर्ग तरफसे बिलासपुर जाने वाले वाहन सीधे ओवरब्रिज से निकलेंगे। ऐसा ही बिलासपुर तरफका ट्रैफिक भी टाटीबंध पहुंचेगा।

**टेंडर फाइनल होने की प्रक्रिया में :** शहर के बीच रिंग रोड.2 की दोनों तरफ बसावट के साथ ही व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इसलिए 5 से 7 किमी सड़क पर भनपुरी चौक जहां से वाहन टाटीबंध तरफटर्निंग लेते हैंए वहां से हीरापुर चौक तक तीन ओवरब्रिज बनाने का प्लान लोक निर्माण विभाग ने किया है। पहला ओवरब्रिज बंगाली होटल के सामने 15 करोड़ 42 लाख में बनेगा। इसका टेंडर ब्रिज का टेंडर 13 32 प्रतिशत बिलो दर पर फाइनल हो गया है। इसी रोड पर हीरापुर चौक के पास और सरोना चौक में ओवरब्रिज का टेंडर फाइनल होने की प्रक्रिया में है। ये काम पूरा हो जाने पर वर्कऑर्डर जारी होगा।

**पिछले दो साल से एक भी नया निर्माण नहीं :** लोक निर्माण विभाग में पिछले दो सालों से एक भी प्रोजेक्ट पर काम नहीं हुआ है। पहला निर्माण टाटीबंध चौक से भनपुरी रोड के बीच रिंग रोड 2 पर ही शुरू होने जा रहा है। शहर की यह ऐसी सड़क हैं जिस पर ओवरब्रिज निर्माण होने से हर दिन लगभग डेढ़ लाख वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से होगी। क्योंकि इसी रोड से भाठागांव बस टर्मिनल और दुर्ग तरफकी तरफसे बिलासपुर तरफकी बसें चलती हैं। ट्रकों की भी आवाजाही लगातार होती है।

**एक साल के अंदर प्रोजेक्ट पूरा होगा :** रिंग रोड.2 पर तीनों ओवरब्रिज एक साल के अंदर तैयार होंगे। इससे आसपास के लोगों को बड़ी सुविधा होगी। क्योंकि अभी इस रोड पर सबसे अधिक दुर्घटना का खतरा बना रहता हैं। क्योंकि लोगों को ट्रकों और बसों की रफ्तार के बीच आवाजाही करनी पड़ती है। रिंग रोड.1 पर तो तेलीबांधा चौक से निकलते ही न्यू राजेंद्रनगरए शैलेंद्रनगर.टैगोरनगरए पचपेड़ीनाकाए संतोषीनगर भाठागांव कुशालपुर और रायपुरा चौक में ओवरब्रिज की सुविधा हैए लेकिन टाटीबंध चौक से भनपुरी चौक बिलासपुर से आने और जाने वाले वाहनों के लिए ऐसी सुविधा नहीं थी।

**डूमरतराई में बनेगा फुट ओवरब्रिज :** रिंग रोड2 पर तीन ओवरब्रिज बनाने के साथ ही लोक निर्माण विभाग डूमरतराई में 2 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से एक फुट ओवरब्रिज का भी निर्माण कराएगा। ताकि कॉलोनी और मोहल्ले के लोगों को पटरी पार न करना पड़े। इस प्रोजेक्ट पर ही प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर काम शुरू होगा।

**निर्माण कराने की प्रक्रिया तेजी से**

टाटीबंध चौक से भनपुरी चौक के बीच रिंग रोड .2 पर ओवरब्रिज निर्माण कराने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। एक ओवरब्रिज का टेंडर फाइनल हो गया है। दो प्रक्रिया में है। ये काम होने से शहर के लोगों को काफी सुविधा होगी।

**एसके कोरी**
**मुख्य अभियंता**
**ब्रिज पीडब्ल्यूडी**

# बादल घिरे, कम हुई गर्मी



गरज चमक के साथ बारिश की संभावना

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर और दुर्ग जिला जो मध्य क्षेत्र कहलाता है में आज सुबह से हल्के बादलों के साथ तपिश कुछ कम महसूस हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर ढाई बजे जगदलपुर में 35.6 रायपुर में 36.2 बिलासपुर में 36. पेंड्रा 33.0 अंबिकापुर में 34.2 डिग्री दर्ज किया गयााव ?हीं मौसम विग्यानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पश्चिम दिशा की और आगे बढ़ते हुए 5.8 किलोमीटर पर 68 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित हैए यहां से एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है प्रदेश में कल 4 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ते की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि होनेए वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है प्रदेश के मध्य और दक्षिण भाग में यह गतिविधि मुख्यत: केंद्रित रहने की संभावना है। 5 अप्रैल को बस्तर सभाम और उसके आसपास वर्षा की गतिविधि होने की सम्भावना है।

# गजानंद एप से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते सटोरिया गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 06 स्थित एक मकान में एक व्यक्ति आई.पी.एल क्रिकेट मैच के दौरान ऑन लाईन सट्टा संचालित कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान स्थित मकान में जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान कमरे में 01 व्यक्ति उपस्थित था जिसने पूछताछ में अपना नाम हर्ष पंजवानी निवासी तिल्दा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा कमरे को चेक करने पर सटोरिये द्वारा अलग . अलग कंपनियों के स्मार्टफोन में सेट.अप तैयार कर गजानंद एप से ऑन.लाईन सट्टा संचालित करना पाया गया एवं साथ ही पैसो के लेन.देन हेतु विभिन्न बैंक के पासबुक ए टी एम् कार्ड तथा चेकबुक रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी हर्ष पंजवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 04 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 60,000, रूपये तथा विभिन्न कम्पनी के चेकबुक, पासबुक एवं ए टी एम कार्ड एवं सट्टा के पैसों का हिसाब. किताब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 4;क जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# स्थापना दिवस पर भाजपा पखवाड़ेभर आयोजित करेगी कई कार्यक्रम




10 से 12 तक पार्टी गांव चलो अभियान चलाएगी

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर पखवाड़े भर कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर 6 अप्रैल को स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस दौरान एक तरफ जहां भाजपा गांव–गांव तक पहुंचेगी, वहीं दूसरी ओर ध्वज फहराकर और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में कार्यकर्ता अपलोड करेंगे।

इस बात की जानकार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि भाजपा फॉर विकसित भारत टैग का सोशल मीडिया में उपयोग किया जाएगा।7 और 8 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे। वहीं 9 और 10 अप्रैल मंडल में संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके अलावा कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि 10, 11 और 12 अप्रैल को बीजेपी गांव चलो अभियान चलाएगी। स्वच्छता मिशन के तहत गांव में अभियान चलाया जाएगा. 13 और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के दौरान मूर्तियों की साफ–सफाई की जाएगी. 15 अप्रैल को संगोष्ठी में अंबेडकर की जीवनी बताई जाएगी, इसमें कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का जो अपमान किया था, उसका भी जिक्र होगा।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने आज अंतिम मौका




नहीं तो देना पड़ेगा 10 हजार तक चालान

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर परिवहन विभाग ने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एचएसआरपी लगाने के लिए वाहन चालकों को 3 अप्रैल तक मौका दिया गया है। निर्धारित अवधि के बाद वाहन चालकों को 15 अप्रैल तक समझाइश दी जाएगी। इसके बाद प्रदेशभर में 16 अप्रैल से अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई होगी। जांच के दौरान पकड़े जाने पर 500 से 10 हजार रुपए का चालान होगा। बता दें कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अभिसूचना के अनुसार, केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत 1 अप्रैल 2019 के पहले के वाहनों में एचएसआरपी लगाया जाना अनिवार्य है। परिवहन आयुक्त डी रविशंकर ने बताया कि 60 हजार से ज्यादा वाहनों में एचएसआरपी लगाए जा चुके है। वहीं, 35000 वाहनों का पंजीयन कराया गया है। लेकिन करीब 40 लाख वाहनों में इसे लगाया जाना है। इसके लिए रोसमार्टा सेटी और रियल मेजान इंडिया लिमिटेड कंपनी के साथ ही ऑटोमोबाइल डीलरों को नंबर प्लेट लगाने की जिमेदारी दी गई है। इतना शुल्क दोपहिया ट्रैक्टर और ट्रेलर का शुल्क जीएसटी सहित 365.80 रुपए, तीन पहिया के लिए 427.16 हल्की मोटरयान पैसेंजर कार के लिए 656.08 और 705.64 रुपए निर्धारित किया गया है। सभी भुगतान डिजिटल मोड माध्यम से किए जा रहे हैं। ऑटोमोबाइल डीलरों द्वारा एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिह्न प्रत्येक इंस्टालेशन के लिए 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाना है।

# अलग–अलग घटनाओं में ट्रक टेलर बाइक व बिजली वायर की चोरी

**रायपुर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। अलग.अलग घटनाओं में ट्रक ट्रेलर से बाइक और बिजली के वायर चोरी कर लिए गए। खमतराई पुलिस के मुताबिक कृष्णा नगर सुपेला निवासी बी करीत ;22 ने अपनी ट्रक ट्रेलर नंबर सीजी 04 एचएम 9811 के सिलतरा फेज 2 से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। करीत ने हरप्रीत कुमार व अन्य पर संदेह जताया है। धरसींवा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इधर मोवा ब्रिज के पास निर्माणाधीन अस्पताल परिसर से एक कमरे का ताला तोडकर 13 बंडल वायर 1 हेमर मशीन कुल कीमत 88 हजार रूपए चोरी कर लिया गया। 29.30 गार्च के बीच हुई चोरी की अविवा गार्डन दलदल शिवनी निवासी लोकेश्वरं वर्मा ने मोवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। कनकी खरोरा निवासी मुकेश चर्मा ;30 की बाइक होंडा शाइन सीजी 04 एमयू 8098 रायपुर निगम गार्डन के सामने से चोरी कर ली गई। उधर श्याम नगर निवासी विवेक कुशवाहा की बाइक केटीएम सीजी 04 एनडी 1501 तारू सिंह चौक से चोरी कर ली गई। आकाश नगर बीर गांव निवासी राजकुमार नाहक की मोटर साइकिल सीजी 04. एचताई 3949 ट्रांसपोर्ट नगर के जैन परिवहन की पार्किंग से चोर ले भागे। पुलिस ने मामले दर्ज कर लिए है।

उल्टा पुल्टा

जंगलू- जब शादीशुदा आदमी कहे कि वो सोचकर बताएगा। इसका क्या मतलब?

मंगलू- इसका सीधा-सीधा मतलब होता है कि वो अपनी पत्नी से पूछकर बताएगा।

## संपादकीय

### बर्ड फ्लू का प्रसार चिंताजनक

*दो माह पहले रायगढ़ में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद अब छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में भी इस संक्रमण का प्रसार हो गया है। जिले के बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लुएंजा) की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने उसे प्रतिबंधित क्षेत्र, 10 किमी के दायरे को इन्फेक्टेड जोन तथा 10 किमी के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया है जो अगले तीन महीने तक या आगामी आदेश तक लागू रहेगा। 15 दिन पूर्व यहां कई मुर्गियां व चूजे मरे थे। कलेक्टर ने संक्रमण रोकने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सोमवार की रात को एक अभियान चलाकर कुक्कुट पालन केंद्र में मौजूद 19 हजार से अधिक अंडे, 10 हजार से ज्यादा चूजे, करीब 2500 वयस्क मुर्गियां और इतनी ही बटेरों को नष्ट किया गया है। सभी पक्षियों और अंडों को केंद्र के अंदर ही खोदे गए गड्ढों में दफनाया गया, ताकि संक्रमण न फैले। उन्हें नष्ट करने के बाद कुक्कुट केंद्र को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया है। याद हो कि इसी साल के फरवरी की पहली तारीख के आसपास रायगढ़ के एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने 4300 से ज्यादा मुर्गियां और लगभग 11 हजार चूजों को मारकर दफनाया था। इसके अलावा 26 से अधिक अंडों और 712 क्विंटल कुक्कुट आहार नष्ट किया गया था। इससे संक्रमण रोकने में मदद मिली थी। ये ही कदम अंबिकापुर में भी उठाये गये हैं।*

*इतनी कम अवधि में दो बड़ी शासकीय पोल्ट्रियों में बर्ड फ्लू का प्रसार बड़ी सतर्कता की मांग करता है। रायगढ़ के बर्ड फ्लू के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिये थे कि इसका प्रसार न हो, इसके लिये पूरी सावधानी बरती जाये। अंबिकापुर पोल्ट्री में भी बर्ड फ्लू के प्रसार के बाद राज्य के सभी जिलों के शासकीय तथा निजी पोल्ट्री फॉर्मों की मुर्गियों एवं चूज़ों के स्वास्थ्य की जांच होनी ज़रूरी है तथा उन पर निरंतर नज़र रखी जानी चाहिये। चूंकि संक्रमित कुक्कुटों के सैंपलों को पुष्टि के लिये बाहर भेजना पड़ता है और उसकी रिपोर्ट अक्सर देर से आती है, इसलिये सभी ऐहतियाती कदम पहले ही उठाये जाने चाहिये। संक्रमण के संदेह वाली पोल्ट्रियों की मुर्गियों, चूजों तथा अंडों को यथाशीघ्र नष्ट करना ही श्रेयस्कर होता है।*

*उल्लेखनीय है कि ऐसे संक्रमित मुर्गियों या उनके अंडों के सेवन से इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर हो सकता है। वैसे बिना सेवन के भी संक्रमण का प्रसार सम्भव है। किसी को यदि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या हो तो उसे तत्काल चिकित्सकों से सम्पर्क करना चाहिये। शासकीय अस्पतालों में सरकार की ओर से इसके इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। इससे पूरी तरह से सावधान रहने की ज़रूरत है।*

# बरसात से पूर्व शहर की सड़क विद्युत व्यवस्था सुधार ली जाये

## विद्युत यांत्रिकी, अग्निशमन विभाग की समीक्षा बैठक में दिये महापौर ने निर्देश



**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम की विद्युत एवं यांत्रिकी अग्निशमन विभाग की बैठकलेकर आज महापौर अलका बाघमार एवं समिति के प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए बरसात से पहले शहर की सभी स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत करने, वाहनों की टेस्टिंग कर चालू हालत में रखने के निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में राज्यशासन को विद्युत कार्य के लिये मैनपावर बढ़ाने तथा बढ़ते हुए वाहनों की संख्या को देखते हुए ईधन व्यय के लिये शासन से राशि मांगने के लिये पत्र लिखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में बताया गया कि ईई एसआई के कर्मचारियों के हड़ताल में रहने से शहर की विद्युत व्यवस्था वर्तमान में कुछ ज्यादा प्रभावित हुई है। इसे गंभीरता से लेते हुए महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त से चर्चा कर जल्दी से जल्जी इश समस्या के निराकरण के लिये कहा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को बनाये रखने अतिरिक्त कर्मचारी कुछ समय पर नियुक्त कर कार्य कराया जाये। इसके लिये कलेक्टर दर पर या ठेके जैसे भी संभव हो कर्मचारियों को कुछ समय के लिये नियुक्त कर सड़क बत्ती की व्यवस्था सुधारी जायें। बैठक में शहर में विद्युत व्यवस्था देख रही एजेंसी के अनुबंध को निरस्त कर मेटेनेंस कार्य विभाग से कराये जाने शासन को पत्र लिखकर अनुमति मांगने का निर्णय लिया गया।

प्रभारी श्री ताम्रकार ने कहा कि पुरानी गाड़ियों की नीलामी हेतु नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए कार्य करें, तथा उन्होंने वाहन शाखा के सभी कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी कर्मशाला अधीक्षक को दिये। बैठक में कार्यपालन अभियंता आर.के.जैन, सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, सबइंजीनियर श्री मांझी, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, विद्युत विभाग के अभ्युदय मिश्रा एवं सूरज सारथी उपस्थित थे।

महापौर ने किया बंद पड़े उद्यान का निरीक्षण : गायत्री मंदिर वार्ड के नागरिकों की मांग पर आज महापौर अलका बाघमार ने गायत्री मंदिर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## जलकार्य प्रभारी लीना देवांगन ने पूजा पाठ के साथ किया कार्यभार ग्रहण

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। मेयर इन काउंसिल की जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने आज जलघर स्थित अपने चेम्बर में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार सम्हालने से पूर्व महापौर एवं पार्षदों की उपस्थिति में आचार्य पं. नीलेश शर्मा एवं पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ कराया।

पदभार ग्रहण करने के बाद श्रीमती देवांगन ने कहा कि शहर की जलप्रदाय व्यवस्था पूरा तरह चाक चौबंद करने की वे पूरी कोशिश करेंगी। जल प्रदाय से संबंधित समस्याएं जो प्रति वर्ष आती है उनके वर्षाकाल शुरू होने से पहले ही ट्रेस करके समाधान निकालने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी के प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, कांशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, दिनेश देवांगन, शिवेन्द्र परिहार, सहित अनेक पार्षदगण, वरिष्ठ भाजपा नेता कार्यकर्ता, नगर निगम के कर्मचारी अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित होकर श्रीमती देवांगन को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## निगम ने की इस वर्ष 40 करोड़ की डिमांड के सामने 39 करोड़ की वसूली

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के इस वर्ष बदले परिवेश का सकारात्मक प्रभाव राजस्व वसूली पर भी पड़ा है। इस वर्ष नगर निगम ने कुल 40 करोड़ रूपयों की राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिस पर 31 मार्च 25 तक 39 करोड़ रूपयों की वसूली की जा चुकी है। वसूली की तारीख एक माह 30 अप्रेल 25 तक के लिये बढ़ा दी गई है। इस अवधि में टेक्स जमा करने पर कोई सरचार्ज, जुर्माना इत्यादि नहीं वसूली जायेगी।

कुल वसूले गये राजस्व में संपत्ति कर, समेकित कर, यूजर चार्ज इत्यादि शामिल है। इसी में बाजार विभाग द्वारा वसूले गये राजस्व की राशि 6 करोड़ 61 लाख 7 हजार रूपये भी शामिल है। बाजार विभाग द्वारा कुल 6 करोड़ 61 लाख 97 हजार की वसूली का लक्ष्य रखा गया था। यह जानकारी प्रभारी राजस्व शुभम गोईर, बाजार प्रभारी श्री सिंग तथा कार्यालय अधीक्षक आर.के.बोरकर ने महापौर अलका बाघमार व राजस्व समिति के प्रभारी चंद्रशेखर चंद्राकर को विभाग की समीक्षा बैठक में दी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष स्पैरो कंपनी के माध्यम से नगर निगम द्वारा 26 करोड़ की वसूली के लक्ष्य के विरूद्ध 22 करोड़ रूपयों की वसूली की गई थी। इस वर्ष स्पैरो कंपनी का अनुबंध निरस्त कर विभागीय स्तर पर वसूली की गयी है। इससे वसूली भी गत वर्ष की तुलना में ज्यादा आने के साथ ही स्पैरो कंपनी को दिये जाने वाले कमीश्न की भी बचत हुई है।

## लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी की आकांक्षा बनी नई अध्यक्ष




**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। लायंस क्लब ऑफदुर्ग सिटी की आकांक्षा मिश्रा अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैए वहीं मोहम्मद अली हिरानी प्रथम उपाध्यक्ष चुने गए है। यह निर्वाचन क्लब के वार्षिक चुनाव बैठक में किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पूर्व अध्यक्ष सुमन पांडे ने स्वागत किया और बधाई दी। बैठक में हरमीत सिंह भाटिया, अमर सिंह गुप्ता, लक्ष्मी चंद्राकर सुरेंद्र पाल दुलइ, सतीश सुराना, अनीता तिवारी के अलावा अन्य लायन सदस्य मौजूद रहे।

## गीतादेवी साहू के नेत्रों से अब दो लोगों की संवरेगी दुनिया

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। गंजपारा निवासी गीतादेवी साहू के निधन उपरांत उनके पति साहू टायर्स के संचालक चंद्रभूषण साहू ने श्रीमती साहू के नेत्रदान कर दिये। श्री साहू पूर्व में अपने भतीजे की किडनी दान कर समाजसेवा का एक उदाहरण प्रस्तुत कर चुके है। अब उनकी पत्नी गीतादेवी के नेत्रों से दो लोग दुनिया को देख सकेगें। उन्होनें नेत्रदान नवदृष्टि फाउण्डेशन के माध्यम से किया।



■ इस परिवार ने पूर्व में भी किया था भतीजे की किडनी का दान

श्री साहू ने बताया कि वे मुस्कान फाउण्डेशन के सदस्य भी है जहां उन्हें प्रतिदिन सुबह अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही समाज के प्रति जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाता है। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने किडनी व नेत्रदान जैसे सकारात्मक निर्णय लिये। नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के डॉ. संदीप, डॉ. उत्कर्ष एवं नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्ट किया।

श्रीमती साहू के निधन की सूचना मिलते ही नवदृष्टि फाउण्डेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, मुकेश राठी, हरमन ढुलाई, रितेश जैन, अनिल बल्लेवार, राज आढ़तिया, मुकेश आढ़तिया, सहित फाउण्डेशन के कार्यकर्तागण साहू निवास पहुंचे व नेत्रदान की प्रक्रिया में सहयोग किया।

## हेमचंद विवि उड़नदस्ता टीम ने वार्षिक परीक्षाओं में एक दर्जन कॉलेजों से 48 नकल प्रकरण किए दर्ज

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि. की वार्षिक परीक्षा 2024.25 विभिन्न महाविद्यालयों में जारी हैं जिसमें नकल प्रकरणों के रोकथाम एवं परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु वि.वि. द्वारा दो उ ?नदस्ता टीम की गठन किया गया हैं। जिसमें खेल संचालक डा. दिनेश कुमार नामदेव, डॉ. नरेशधर दिवान क्रीड़ाधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, जामगांव.आर, अमरिक सिंह पूर्व क्रीड़ाधिकारी, डा. ॠतु दुबे क्रीड़ाधिकारी, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, डॉ. रमेश त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी, शासकीय महाविद्यालय भिलाई.03, डा.अल्का मिश्रा सहायक प्रोफेसर, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग हैं। डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय उड़नदस्ता टीम ने लगातार निरीक्षण कर रहे है। अभी तक नकल प्रकरणों में शासकीय आचार्य पंथ श्री गृथमुनी नामसाहेब महाविद्यालय कवर्धा में 05, शासकीय विश्वनाथ तामस्कर यादव महाविद्यालय दुर्ग 05, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में 03, शासकीय महाविद्यालय साजा में 03, भिलाई महिला महाविद्यालय में 03, शासकीय रश्मिदेवी महाविद्यालय खैरागढ़ में 03, शासकीय जवाहर लाल नेहरू पीजी महाविद्याल बेमेतरा 02 शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में 02 श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में 02 सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग 02, शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा में 02, सेजम मॉडल कॉलेज सोमनी में 02ए शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी में 02ए शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई में 02 तथा विभिन्न महाविद्यालयों में 1-1 नकल पकड़ा गया। इस प्रकार कुल 48 नकल प्रकरण बनाया गया। उड़नदस्ता समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश छात्र छात्राएं प्रवेश पत्र में विषय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## बीआईटी के एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने जूनियर को दिए सफलता के टिप्स

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। बी आईटी दुर्ग के प्रबंधन विभाग ने 2009-11 बैच के पूर्व छात्रों के लिए एक एलुमनी मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र शामिल हुए। जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान को वर्तमान छात्रों के साथ साझा किया। पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित हुआ।

इस मीट का प्रमुख आकर्षण इंटरैक्टिरैक्टिव सत्र था, जिसमें पूर्व छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान बाजार प्रवृत्तियों, भिलाई, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर में उपलब्ध रोजगार के अवसरों और कैंपस भर्ती में सफल होने की रणनीतियों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस चर्चा का उद्देश्य छात्रों को उद्योग ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना था, जो उनके करियर को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।



इस एलुमनी मीट का समन्वय बीआईटी दुर्ग के प्रोफेसर डॉ. श्रवण पांडेय और किशोर कुमार डेका ने किया। प्रबंधन विभाग के प्रमुख डा.सत्यवर्धन तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

डॉ.श्रवण पांडेय ने स्वागत भाषण दिया, जिससे पूरे आयोजन में जोश और ऊर्जा बनी रही। प्रबंधन विभाग के प्रमुख डॉ. सत्यवर्धन तिवारी ने पूर्व छात्रों की भागीदारी के महत्व और उनके योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन संवाद और ज्ञान आदान.प्रदान के लिए एक प्रभावी मंच बना।

बी आई टी दुर्ग के प्राचार्य डॉ अरुण अरोरा ने बताया कि एलुमनी मीट पूर्व छात्रों और वर्तमान बैच के छात्रों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। पूर्व छात्रों के लिए यह अपने संस्थान से फिर से जुड़न, अपनी व्यावसायिक यात्रा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## चंडी मंदिर में 26 सौ ज्योति कलश स्थापित, लगा श्रद्धालुओं का मेला



**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर में नवरात्रि का पर्व अत्यंत भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। मां चंडिका मंदिर मठपारा में 26 सौ ज्योतिकलश स्थापित किये गये है। प्रतिदिन यहां सुबह शाम सैकड़ों श्रद्धालुगण आकर देवी दर्शन कर पूजापाठ कर रहे है। मंदिर में दर्शनार्थियों के लिये इस बार पूर्व की अपेक्षा बेहतर व्यवस्था की गई है।

चंडिका मंदिर के साथ ही शहर के सभी देवी मंदिर मां शीतला मंदिर बैगापारा, मां सतरूपा शीतला मंदिर, संतोष मंदिर इत्यादि मंदिरों में भी श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है। सभी मंदिरों में शाम के बाद जसगीत का गायन शुरू होता है। इसके अलावा भी विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में जसगायन स्पर्धा के कार्यक्रम किये जा रहे है। चंडी मंदिर के आसपास मेला जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया है जिससे यातायात की समस्या ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## 30 जून मानसून आने तक की अवधि के लिए दुर्ग जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में आगामी ग्रीष्म ॠतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने 30 जून अथवा मानसून के आगमन तक (दोनों में से जो बाद में आये उस तिथि तक) की अवधि के लिए दुर्ग जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। शासकीय अर्धशासकीय नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। जो संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नगरीय निकाय तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे।

■ पेयजल अथवा अन्य प्रयोजन हेतु नलकूप खनन के लिए पूर्वानुमति अति आवश्यक

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला दुर्ग के संपूर्ण नगर निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग होंगे। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग दुर्ग ग्रमीण क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग को, छावनी भिलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी भिलाई को, राजस्व अनुविभाग ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं, अधोसंरचना के विकास कृषि पद्धति से अर्थव्यवस्था में आया सुधार : डॉ. अंशुमाला



**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे ं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्षन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथि डॉ. अंशुमाला चंदनगर सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा "भारतीय अर्थव्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के नये आयाम" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ मे ं विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में षिक्षा एवं कौशल विकास पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है उन्होने ं छात्राओं को बताया कि मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना, लोक सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, ई-पंचायत, एमएसएमई आदि योजनाओं से भारत का ग्रामीण परिवेश बदल रहा है। भारत मे ं सड़क एवं संचार माध्यम के विकास ने भारत के ग्रामों को बदल कर आधुनिक बना दिया है। प्राचार्य डॉ.रंजना श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का विकसित भारत भारतीय ग्रामीण विकास के बदलते ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## आरटीई के तहत प्रवेश के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक 9 को

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के संबंध में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 9 अप्रैल को प्रात: 9.30 बजे लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में शासकीय हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभी नोडल प्राचार्यों को निर्धारित समय में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## केन्द्रीय जेल में 2 सौ से अधिक बंदी नवरात्रि में उपवास कर भक्ति में लीन

**दुर्ग**, 3 अप्रेल (देशबन्धु)। नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्ग का केंद्रीय जेल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। मां दुर्गा की आराधना में लीन यहां के 166 पुरुष और 36 महिला बंदियों ने पूरे नौ दिनों का उपवास रखा है, जबकि 68 अन्य बंदियों ने पहले दिनए पंचमी और नवमी का उपवास किया। जेल परिसर में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जस गीतों की गूंज और प्रज्वलित ज्योत.जवारे से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है। धार्मिक आस्था का सम्मान रखते हुए खास इंतजाम जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है।

उपवास रखने वाले बंदियों को पौष्टिक फलाहार उपलब्ध कराया



जा रहा है, ताकि उनकी सेहत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि उपवास करने वाले सभी बंदियों का मेडिकल चेकअप किया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत की निगरानी कर रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है।

जेल में गूंज रहे भजन, आध्यात्मिकता से बदला माहौल नवरात्र के दौरान जेल परिसर में भक्ति की धारा बह रही है। सुबह-शाम होने वाले जस गीतों में बंदी पूरे श्रद्धाभाव से हिस्सा ले रहे हैं। मां दुर्गा की पूजा.अर्चना के लिए जेल प्रशासन ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 15 तक आमंत्रित

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत 8 नवीन केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-2 निगम भिलाई.चरोदा भिलाई 3 में कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे। नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा के अंतर्गत वार्ड-30 के आंगनबाड़ी केन्द्र शिव चौक उरला, वार्ड-40 के आंगनबाड़ी केन्द्र स्कूल पारा गनियारी, वार्ड-37 के आंगनबाड़ी केन्द्र हरिजन मोहल्ला सिरसाकला, वार्ड -9 के आंगनबाड़ी केन्द्र शीतला पारा भिलाई-3, वाड-6 के आंगनबाड़ी केन्द्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उमदाए वार्ड-2 के आंगनबाड़ी केन्द्र बगीचा पारा हथखोज, वार्ड-17 के आंगनबाड़ी केन्द्र देवनगर जामुल और वार्ड-14 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीनदयाल अटल आवास जामुल में आंगनबाड़ी सहायिका के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन के लिए अर्हताएं. आवेदिका की आयु 18-44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 1 वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिता को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होना चाहिए, जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके कमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

# 30 वर्ष पूर्व किए गए कब्जों को हटाया

## न्यायालय के आदेश पर नगर निगम भिलाई की बड़ी कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई ने उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सस्ता मार्केट क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह बेदखली अभियान आज 3 अप्रैल गुरुवार को सुबह 11 बजे से शुरू किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वार में दिए गए निर्देशों के आधार पर नगर निगम को सस्ता मार्केट क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने का आदेश दिया गया था। इसके तहत पुराने 30 वर्ष से अधिक के कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए आज दुकान खाली कराया गया। शुरू में कब्जे धारी द्वारा विरोध किया गया लेकिन न्यायालय के आदेश मजिस्ट्रेट पुलिस बल देखकर के शांत हो गए।



कब्जाधारी के नाम पर भी पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई के द्वारा दुकान आवंटन किया गया था। अपने आवंटित दुकान पर काबिज थे, लेकिन इसके साथ-साथ दूसरे के नाम से आबंटित स्थल पर कब्जा करके दुकान संचालित कर रहे थे। यह भी देखने में आया कि अवैध कब्जा किए दुकान में कबाड़ सामान भर कर रखे थे। उसके सामने सड़क पर दुकान चला रहे थे। यह दुकान पूर्व साडा से 1994 में क्षेत्रफल गुलाबचंद के नाम पर 3 नंबर, अकराज 5, सुरेंद्र 4 के नाम पर आबंटित था।

आज दुर्ग मजिस्ट्रेट वास्तु मित्र दीवान, जोन 2 आयुक्त सतीश यादव, छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर पुलिस दल के साथ उपस्थित होकर कारवाई करवाएं। कारवाई पश्चात तुरंत मूल आबंटितों को आज जगह नाप कर पजेशन दिया गया। कार्रवाई के दौरान जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगनए तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ताए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारेए तोड़फोड़ दस्ता से मंगल जांगड़े, राजेंद्र सिंह, विष्णु सोनी, ए गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

# विकास कार्यो के लिए 14.62 लाख स्वीकृत

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा वैशाली नगर विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 14 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक श्री रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जुनवानी खम्हरिया भाठा बौली तालाब के पास, फैजीनगर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपये, वार्ड-20 के लोकांगन परिसर में 3 नग वॉटर कूलर विथ आरो के लिए 3 लाख 50 हजार तथा जैन श्वेताम्बर शांतिनगर के सामने सबमर्सिबल पंप 1 नग बोर खनन् हेतु 1 लाख 12 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आचार्य शर्मा का भोपाल में हुआ सम्मान



**भिलाईनगर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं रामायण केन्द्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन भोपाल में शोध लेख प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है नयी शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में पूरे देश के उच्च शिक्षा संस्थानों एवं सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध संगोष्ठी आदि का दौर जारी है। इस अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में भारत के साथ चीन, श्रीलंका और त्रिनिदाद टोबैगो आदि देशों से आये विद्वानों के बीच आचार्य महेश ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंन बताया कि ऋषि प्रधान और कृषिप्रधान भारतवर्ष की ज्ञान परंपरा श्रीराम के बिना अधूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि विभीषण घर का भेदी नहीं था। परिवार प्रेमी और देशभक्त विभीषण के सुझावों को न मानकर उसका सार्वजनिक अपमान करने से ही रावण और लंका का सत्यानाश हुआ। डा.शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा मूलत: वैदिक साहित्य परक महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास के कालजयी महाकाव्यों रामायण और रामचरितमानस से प्रभावित और प्रेरित है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भारतीय संस्कृति के आदर्श महानायक हैं। रावण वध के पश्चात् वे शिष्टाचार पूर्वक विभीषण को उसके अंतिम संस्कार हेतु कहते हैं, वैर तो उसकी मृत्यु के साथ समाप्त हो गया। श्री राम स्वर्णपुरी लंका से भी बढ़कर जन्मभूमि अयोध्या को मानते हैं। डॉ. शर्मा के शोध पत्र की सभी ने सराहना की। आयोजकों द्वारा शॉल.श्रीफल एवं उत्तरीयम् भेंट कर उनका अभिनन्दन भी किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के कार्य अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य पं.रघुनन्दन शर्मा, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, पं.प्रभुदयाल मिश्र, देवेन्द्र कुमार रावत, डॉ.मोहन तिवारी, श्रीमती डा. साधना बल्वट, कैलाश चन्द्र पन्त पं. गौरी शंकर शर्मा आदि समेत बड़ी संख्या में राम कथा मर्मज्ञ एवं शिक्षाविद् उपस्थित थे।

# मोर संगवारी सेवा से घर बैठे योजना का लाभ लेवे

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की मोर संगवारी सेवा योजना संचालित की जा रही है। मोर संगवारी सेवा योजना से 27 विभिन्न प्रकार की सेवाओं जैसे जन्म-मृत्य, विवाह, आय, जाति, निवासी, राशन कार्ड, दुकान स्थापना, पेन कार्ड, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार एवं मोबाईल नंबर अपडेट कराने जैसे सुविधाओं का लाभ घर बैठे लिया जा सकता है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर, अपाईमेंट बुक कराया जा सकता है। संगवारी सेवा के एजेंट आपके घर आकर आवश्यक दस्तावेज लेगें व प्रमाण पत्र बनाने के उपरांत घर में ही लाकर देगें। उक्त सुविधा सप्ताह के सभी दिवस प्रात: 8 बसे से शाम 8 बजे तक चालू रहेगी। वर्तमान में निगम भिलाई द्वारा कुल 37681 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभ पहुंचाया गया है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फ नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है। बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही है। साथ ही साथ सरकारी काम में तेजी आई है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिको से अपील किये है कि अधिक से अधिक नागरिक शासन की इस मोर संगवारी सेवा योजना का लाभ उठावें। घर बैठे टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके एजेंट को घर बुलाकर मांगे गये दस्तावेजों को देवें। जिससे एजेंसी समय अवधि में सभी प्रमाण पत्र बनाकर आपके घर तक पहुंचाने का कार्य कर सके। इससे आपके आने जाने का समय व अनावश्यक पैसे खर्च से बच सकते है।

# कार वॉशिंग सेंटर का नल कनेक्शन काटा गया



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई के नेशनल हाईवे से लगा हुआ संजय नगर तालाब के पास अवैध रूप से 10 कार वॉशिंग सेंटर चलाया जा रहा था। जिसके कारण वहां पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था। आए दिन दुर्घटना हो रही थी। सड़क जाम हो रहा था। स्थानीय निवासियों की शिकायतें थीं कि संजय नगर क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या गर्मी के दिनों में हो जाता है और एक तरफ 10 से अधिक कार वॉशिंग सेंटर रोड के ऊपर अवैध रूप से पुराने सर्विस रोड के उपर पीने के पानी का दुरूपयोग करके चलाया जा रहा हैं। नगर निगम भिलाई जोन-1 के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर निगम दल के साथ जाकर स्वयं जॉच किए। पता चला कि अवैध कार वासिंग सेंटर चलाने वाले वहां पर टंकी बना लिए हैं और नगर निगम के सप्लाई वाटर के पाईप लाईन से अवैध कनेक्शन खींच करके टंकी में भरते थे उसी से गाड़ियों की धुलाई करते थे। औसतन प्रत्येक दिन वहां पर 100 से अधिक गाड़ियों की धुलाई की जा रही थी। एक तरफ पीने की पानी की समस्या दूसरे तरफ यह लोग पीने के पानी से गाड़ी की धुलाई कर रहे थे। निगम का तोड़फोड़ दस्ता जाकर अवैध नल कनेक्शन का विछेदन किया। इसके साथ ही घुलाई वाली मशीन को जप्ती बनाया गया। पूर्व में अधिक बारिश हो जाने से नाले के उपर अधिक जल भराव हो जाने के कारण सुपेला घड़ी चौक के पास दुर्घटना हो गई थी। नाला चैड़ीकरण का मांग किया जा रहा था। बढ़ते जनसंख्या के दबाव के कारण पूर्व में निर्मित नाले की चौड़ाई कम थी अब उसे कर्मा चैंक से टाटा मोटर्स कोसा नगर तक चौड़ीकरण करते हुए बढ़ाया जा रहा है। सर्विस रोड एवं निर्माणाधीन नाले के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से कार वासिंग का कार्य किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता बंसत साहू, जोन राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, राजस्व निरीक्षक शंशांक शेखर, हरिओम गुप्ता, अनिल, राजेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, मंगल कुर्रे, विष्णु सोनी उपस्थित रहे।

# भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी गठित



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता के नेतृत्व में भिलाई महिला समाज के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। भिलाई निवास में आयोजित अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता व उपाध्यक्ष श्रीमती आशा रानी की अध्यक्षता में इस आमसभा में महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे सहित सभी 10 क्लबों की सचिव, सदस्य, एसोसिएट सदस्य एवं कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सचिव के रूप में श्रीमती सोनाली रथ, संयुक्त सचिव श्रीमती दीपन्विता पाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन व सह.कोषाध्यक्ष में श्रीमती पूनम प्रियदर्शी, शामिल की गई हैं। उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोति मुखोपाध्याय व अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मौली चक्रवर्ती, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती स्मिता गिरी, श्रीमती पूनम कुमार, श्रीमती रेणुका रंगनाथन हैं। श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में भी अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगा। पेट्रोल पंप हेतु श्रीमती सपना सोनी व श्रीमती नीलिमा साहू, दस्ताना इकाई हेतु श्रीमती रुखसाना शेख व श्रीमती सुधा शर्मा तथा मसाला इकाई हेतु श्रीमती रागिनी शर्मा, श्रीमती बबीता सिंह, साथ ही साबुन एवं स्टेशनरी इकाई के प्रभारी के रूप में श्रीमती रीता तिवारी व संयुक्त प्रभारी के रूप में श्रीमती लक्ष्मी पटेल ने कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण की। सहयोगी सदस्यों के रूप में श्रीमती गीता हटोट दस्ताना इकाई व श्रीमती उत्तरा साहू मसाला इकाई को कार्यकारिणी सदस्य का पदभार प्रदान किया गया।

# आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। संपूर्ण विश्व में आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में दुर्ग भिलाई के आर्य समाज के अनुयायियों ने मिलकर यज्ञ किया। यह आयोजन आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रों का उच्चारण करके श्रद्धा पूर्वक यज्ञ में आहुति दी गई। आचार्य जयदेव शास्त्री एवं आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्रों का उच्चारण किया। रवि आर्य ने ऋषि दयानंद सरस्वती की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन परोपकार के लिए समर्पित था। उन्होंने राष्ट्रीय एकता अंधविश्वास और पाखंड उन्मूलन के लिए कार्य किया। संपूर्ण विश्व में उन्होंने वैदिक धर्म संस्कृति और भारत के गौरव को स्थापित करने का कार्य किया। प्रवीण गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भारती जैन ने ईश्वर भक्ति के भावपूर्ण सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। अंकित शर्मा शास्त्री ने बताया कि आज का दिन आत्म चिंतन का दिन है हम सभी को आत्म मूल्यांकन करना चाहिए कि हम स्वामी दयानंद सरस्वती के बताए मार्गों पर चलकर लोक कल्याण का कितना कार्य कर रहे हैं। कमलेश आर्य ने भिलाई आर्य समाज के इतिहास को दर्शाते हुए कविता पढ़ी जिसमें उन्होंने आर्य समाज में लोगों को आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा. महिला जाति का उद्धार करके महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने संपूर्ण विश्व के सामने नारियों के अधिकार शिक्षा और सम्मान की आधारशिला रखी थी। आचार्य डा. अजय आर्य ने बताया. आर्य समाज, आधुनिक हिंदू धर्म का सशक्त सुधार आंदोलन, जिसकी स्थापना 1875 में दयानंद सरस्वती द्वारा की गई थी। जिसका उद्देश्य सबसे प्रारंभिक हिंदू धर्मग्रंथों, वेदों को प्रकट सत्य के रूप में पुनर्स्थापित करना था । पंजाब केसरी लाला लाजपत राय का कहना था कि स्वामी दयानन्द मेरे गुरु है मैने संसार में केवल उन्ही को गुरु माना है वे मेरे धर्म के पिता है और आर्य समाज मेरी धर्म की माता है। इन दोनो की गोदी मे मै पला हूँ, मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे गुरु ने मुझे स्वतन्त्रता का पाठ पढ़ाया। कांग्रेस के संस्थापक ए .ओण्ह्यूम का मानना था कि महर्षि दयानंद बहुत बड़ी हस्ती हैं। लोकमान्य तिलक, वीर सावरकर, स्वामी श्रद्धानंद, रामप्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, बाल गंगाधर तिलक जैसे अनेक क्रांतिकारियों और देशभक्तों ने स्वामी दयानंद से प्रेरणा प्राप्त की थी। उपस्थित जनों में प्रवीण गुप्ता मंत्री, अंकित शर्मा पुरोहित, श्री ग्रोवर, आशीष तायल, डॉक्टर मेहरोत्रा, सुषमा सोनी 90 वर्षीया जानकी देवी व पुराने सदस्यो ने भी भाग लिया।

# बच्चों में प्रमाण की आदत डालनी चाहिए : आचार्य



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व पर हर रोज जस गीत, माता सेवा एवं भक्ति संगीत का कार्यक्रम किया जा रहा है। परमेश्वरी मंदिर में माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। संध्या समय मां परमेश्वरी की महाआरती में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने घरों से दीयों से सजा कर लाए आरती की थालियों से आरती की। परमेश्वरी मंदिर में 154 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा में पंचमी के दिन कथा व्यास आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने महिषासुर संहार, रक्तबीज उद्धार एवं मां चंद्रघंटा की कथा सुनायी। आज कथा में भगवान शिव एवं पार्वती के विवाह के प्रसंग पर प्रस्तुत किया गया। शालेय बच्चों में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं नैतिक संस्कार डालने हेतु देवी भागवत कथा श्रवण करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। आचार्य नीलेश ने कहा कि बच्चों में बड़े बुजुर्गो तथा गुरूजनों का प्रणाम एवं सम्मान करने का संस्कार डालना चाहिए। अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। नारी का सम्मान घर किया जाना चाहिए। जो पत्नी अपने पति एवं परिवार को धर्म की ओर ले जाएं वह धर्म पत्नी है। आचार्य नीलेश शर्मा ने कहा कि ऋग्वेद में वर्णित है कि सभी प्राणी जिनके भीतर स्थित हैं और जिनसे सम्पूर्ण जगत प्रकट होता है तथा जिन्हें परम तत्त्व कहा गया है, वे साक्षात स्वयं भगवती ही हैं।

# सेंट थॉमस मे सफल कैम्पस ड्राइव का आयोजन



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज में अग्रणी आईटी समाधान कंपनी टेक्नोटास्क द्वारा आयोजित एक उल्लेखनीय कैम्पस भर्ती अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने अंतिम वर्ष के छात्रों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और आशाजनक नौकरी के प्रस्ताव हासिल करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। कैम्पस ड्राइव की शुरुआत टेक्नोटास्क के प्रतिनिधियों द्वारा एक परिचयात्मक सत्र के साथ हुई। जिन्होंने छात्रों को कंपनी के विजन, कार्य संस्कृति और कैरियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। भर्ती प्रक्रिया में एक योग्यता परीक्षण, तकनीकी साक्षात्कार और मानव संसाधन साक्षात्कार शामिल थे। विभिन्न विषयों के कुल 13 छात्रों ने उत्साह और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए ड्राइव में भाग लिया। इनमें से 10 छात्रों ने पहले राउंड को सफलतापूर्वक पास किया और एचआर साक्षात्कार के बाद टेक्नोटास्क से आफर लेटर प्राप्त होगा। चयनित उम्मीदवारों ने एक प्रतिष्ठित संगठन के साथ अपना करियर शुरू करने के अवसर के लिए अपना उत्साह और आभार व्यक्त किया। कॉलेज के प्रशासक रेव.फादर डॉ. पी.एस.वर्गीस, प्रिंसिपल डॉ. डॉ एम जी रोईमोन और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस की संयोजक डॉ. सुनीता क्षत्रिय ने चयनित छात्रों को बधाई दी और कॉरपोरेट जगत में युवा स्नातकों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए टेक्नोटास्क की सराहना की। अग्रणी कंपनियों के साथ यह सहयोग शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में मदद करता है, यह सुनिश्चित करता है कि हमारे छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए अच्छी तरह से तैयार हों।

# सेंट थॉमस में 15 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर आरंभ

**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय में 15 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। इस शिविर में एनआईएस कोच अशोक गोंडाले द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं इसमें खिलाड़ियों को फुटबाल की विभिन्न बारीकियां एवं स्किल्स को सिखाते हुए उनके हुनर को तराशा जायेगा। यह शिविर 15 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस एवं प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी कैलाश नारायण वमा अन्य प्राध्यापक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता से फुटबॉल के बेहतर खिलाड़ी को एक मंच मिल सकेगा।



# आंध्र महिला मंडली ने मनाया उगादी पर्व



**भिलाईनगर,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आंध्र महिला मंडली ने उगादी पर्व आंध्रा भवन सेक्टर-5 में मनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी टैलेंट दिखाया। डांस से लेकर एक्टिंग के लिए यहां मंच मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ों का स्टेट वाईस डांस, बच्चों का सेमी क्लासिकल डांस एवं सीनियर सिटिजन का मोनो एक्टिंग रखा गया था। इसमें बच्चों के डांस में फस्ट पूर्णिमा वसुधा, द्वितीय जयशिका, निकिता, खुशी, जिज्ञासा, अक्षया, राशी, गायत्री, अंकिता रही। मोनो एक्टिंग में प्रथम स्थान शुभा लक्ष्मी, द्वितीय.अहिल्या जी रहीं। बड़ों के डांस में प्रथम पंजाबी बांग में सेक्टर-5 की मंडली, द्वितीय छत्तीसगढ़ी डांस में सिंधिया नगर की मंडली एवं तृतीय ओडिशा नृत्य में सेक्टर-1 के मंडली ने पुरस्कार जीते कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिक्षिका जया रेड्डी रही। वे 30 वर्ष से भरतनाठाम सीखा रही हैं। जज के रूप में डांसर, समाजसेविका, राजनीतिज्ञ, इंस्ट्रक्टर ममता उपस्थित रहीं। वी राम्याची भरतनाट्यम, डांसर एम श्रेया भरतनाट्यम डांसर और बी. मेधा भरतनाम डांसरद्ध आदि ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष पेरी पद्मा, उपाध्यक्ष पावनी मोहन, सचिव अनंत लक्ष्मी, सह सचिव तुप्ति लक्ष्मी, नागकुमारी कोषाध्यक्ष वर लक्ष्मी एवं कार्यकारिणी सदस्य विजय निर्मला एवं समस्त सदस्य शामिल हुए। मंच संचालन एम पद्मजा व विजया निर्मला ने किया।

**पीएम आवास योजना में छूटे पात्रों का सर्वे शुरू, आवेदन 15 तक**

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत छूटे पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए आवास प्लस 2.0 के जरिए सर्वे शुरू हो गया है। यह सर्वे हर ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। पात्र हितग्राही 15 अप्रैल 2025 तक अपना नाम सर्वे सूची में जुड़वा सकते हैं।



# पिथौरा उत्कल समाज को 21 लाख देने की घोषणा विधायक संपत ने किया

**पिथौरा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्कल दिवस के उपलक्ष्य में करण उत्कल महिला मंच के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। स्थानीय अग्रसेन भवन में सर्व प्रथम समाज के प्रमुख महिलाओं द्वारा भगवान जगन्नाथ के छाया चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उत्कल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के प्रथम चरण में करण उत्कल समाज पिथौरा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमे नव नियुक्त अध्यक्ष नंद कुमार महंती, उपाध्यक्ष घनश्याम महंती, सचिव आकाश महंती, कोसा अध्यक्ष सतीश पटनायक, संघठन प्रभारी देवा महंती को समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवशंकर पटनायक के द्वारा समाज के प्रति निष्ठा एवं समर्पित रूप से कार्य करने सलाह दिलाई गई।

द्वितीय चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शिव शंकर पटनायक विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, मनोहर महंती, नंद कुमार महंती, अर्चना महंती, स्नेहा महंती, अमित महंती मंचासीन थे अतिथियों के स्वागत पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा उड़ीसा राज्य के वंदे उत्कल जननी छत्तीसगढ़ राज गीत अरपा पैरी के धार के पश्चात समाज के सदस्य अनिल पटनायक द्वारा गणेश वंदना गीत गाया गया। सर्व प्रथम करण उत्कल महिला मंच की अध्यक्षा अर्चना महंती स्वागत भाषण प्रस्तूत की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित स्नेहा महंती, अमित महंती, एवं मनोहर महंती ने कार्यक्रम को संबोधित किए। समाज की सदस्या लीना महंती और लोपामुद्रा महंती ने उड़िया संस्कृति उत्कल दिवस एवं उत्कल समाज पिथौरा इकाई के बारे में उड़िया एवं हिंदी भाषा में कार्यक्रम को संबोधित किया साथ ही बागबहरा से आये सामाजिक सदस्य सुरेश महंती ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में पिथौरा नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की




उड़िया नृत्य उड़ीसा की कला पूरे देस में प्रसिद्ध है छत्तीसगढ़ का पड़ोसी राज्य से लगे छत्तीसगढ़ में इसका प्रभाव देखने को मिलता है पिथौरा नगर की समस्त जानता को उत्कल दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। करण उत्कल समाज पिथौरा के अध्यक्ष नंद कुमार महंती मंच के माध्यम से उत्कल दिवस की बधाई देते हुए माँग पत्र का पठन किया। कार्यक्रम को अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार शिवशंकर पटनायक ने उड़िया संस्कृति, उड़ीसा राज्य एवं उत्कल दिवस के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि डॉक्टर संपत अग्रवाल विधायक बसना ने कार्यक्रम को संबोधित समस्त समाज जनों को उत्कल दिवस की बधाई दी। डॉक्टर अग्रवाल ने कहा की मैं स्वयं भगवान जगन्नाथ जी का परम भक्त हूँ। मैं आज जो कुछ भी हूँ भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से हूँ। मैंने विगत बीस वर्षों से उड़ीसा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लगातार प्रभु की सेवा की है। आज पर्यंत तक उड़ीसा राज्य में मेरा व्यवसाय संचालित है।उड़िया संस्कृति और संस्कारों से मैं भलीभांति परिचित हूँ।करण उत्कल समाज पिथौरा की माँग पर बसना विधायक डॉक्टर सम्पत अग्रवाल ने सामाजिक भवन हेतु 21 लाख एवं बोर खनन और मोटर पंप की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन आकाश महंती, देवा महंती ने किया। नगर के अन्य समाज से आये सदस्यों नगर के विभिन्न समित्ति एवं पत्रकार संघ को मंच से सम्मानित किया गया ! कार्यक्रम के अंतिम चरण में समाज के बच्चो ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी, एवं उड़िया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, समाज के युवा सदस्य के साथ-साथ महिलाओं ने भी भजन हिंदी एवं उड़िया गीतों से समा बांध दिया।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य बीजू पटनायक ने प्रति वर्ष के भांति स्वय प्रतिदिन अपने आमदनी से बचाकर गुल्लक में एकत्रित किए पैसों को समाज को भेंट किया इस सराहनीय कार्य के लिए समाज ने बीजू पटनायक को धन्यवाद दिया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन रश्मि महंती, राधा महंती, अनिता महंती पूजा महंती ने किया। इस कार्यक्रम में पिथौरा के साथ - साथ महासमुंद, बागबहरा, आरंग, रायपुर, झलप, बसना, ढाबाखार एवं सराईपाली के सामाजिक जन सामिल हुए।आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ सदस्य मधु महंती ने किया।

# कन्या दो कुल को तारती है इसलिए शिक्षा जरूरी : महंत रामसुंदर दास



**पलारी**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बालाजी बाडा पेंड्री में बालाजी मंदिर परिसर के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन करते हुए राजेश्री महंत राम सुदरदास जी ने कहा कि ग्राम पंचायत पेण्ड्री का नाम पूरे भारत में प्रसिद्ध हो गया है क्यूंकि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने दूधाधारी मठ बजरंग दास गुरु के नाम से काली बाड़ी रायपुर में कन्या महाविद्यालय स्थापित किया गया 1958 में जब कन्या को पढ़ाना बड़ा दूभर था तब कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई और इसमें ग्राम पंचायत पेंड्री से 301 एकड़ ट्रस्ट की जमीन कन्या महाविध्यालय को संचालित करने दान में दी गई है और यहां की दो कन्या को पढ़ाई के खर्च सहित नि:शुल्क व्यवस्था रहती है।

महंत ने कहा कि राजा जनक जी ने कहा था कि च्पुत्रि पवित्र किए कुल दोउज्अर्थात् पुत्री दो कुल को तारती है इसलिए उनके पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए, उन्होंने सभी को आपसी सदभाव से रहना चाहिए और कहा कि च्जहाँ सुमति तहाँ सम्पत्ति नाना जहाँ कुमती तहाँ विपत्ति नाना च्च इस बाडा में सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक वैवाहिक मरनी हरनी छट्ठी के लिए नि:शुल्क दिया जाता है। पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि परम श्रद्धेय महंत रामसुंदर दास ने जीर्ण शीर्ण हो चुके मंदिर परिसरो को सभी जगह नया बनाया है इसी क्रम मे आज पेंड्री बाडा का भी पूजन किया है मैं पूरे छेत्र की तरफ़ से इन्हें और सभी ट्रस्टी को साधुवाद देता हूँ। कार्यक्रम को ट्रस्टी विजय पाली, दाऊ मंगल विनोद अग्रवाल, श्रीराम पाली, डॉ अयाज अहमद फ़ारूक़ी, भूनेश्वर वर्मा ने भी संबोधित किया आभार व्यक्त करते हुए सरपंच प्रतिनिधि दलेनड़ा निषाद ने कन्या महाविद्यालय में सीट बढ़ाने की मांग की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुजारी नाग जी महाराज, सुखदास जी, हेमंत दुबे, राम छबि दास, राम तीरथ दास, चंद्रिका मिश्रा, संतोष चंद्राकर, संदीप पांडे, पिकेश जायसवाल, कामता फ़ेकर, सरपंच सुनीता निषाद, उप सरपंच ईश्वरी निषाद, सुखी राम बांधे, खेदन दास, तिजाऊ राम यादव, देव कुमार बघेल सहित माता बहने ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# सेवानिवृत हुए पंचायत सचिव को हड़ताल स्थल से दिया गया बिदाई




**सहसपुर लोहारा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। 17 मार्च से जारी पंचायत सचिव की हड़ताल अनिश्चित कालिन चल रहा है। इसी बीच जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम छ ग के पंचायत सचिव नरेश दुबे 31/03/25 को सेवानिवृत हुए जिसकी आज हड़ताल स्थल से पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई सहसपुर लोहारा द्वारा भाव भीनी विदाई दी गई जिसमे सभी पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने कहाँ की मोदी गारंटी के नाम से झुनझुना दे रहे सरकार की गतिविधि समझ से परे है आज 30 वर्ष से अधिक सेवा दे रहे पंचायत सचिवों का सेवानिवृत होने की झड़ी लग गई है कई साथी असमय काल की गाल में समा गए द्य दुख की बात है। एक दिन के लिए विधायक मंत्री बनते है जिसे आजीवन पेंशन मेडिकल सभी प्रशानिक सुविधा मिलता है लेकिन 30 वर्ष 35 वर्ष तक सर्विस देने के बाद पंचायत सचिव को पेंशन की पात्रता तो दूर पंचायत से आम नागरिक को मिलने वाला पेंशन की पात्रता भी नही रहता है।पंचायत सचिवों की मांग जायज है जो अधिकार भी है। पंचायत सचिव संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि शुक्ला ने भी अपने विचार इस अवसर पर रखे सेवानिवृत नरेश दुबे की आगे की जीवन सुखमय सुखद गुजरे ऐसा कामना देते हुए बिदाई दिया गया। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष नीमा लाल जंघेल, सहित समस्त 92 पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# पंचायत सचिवों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की बनाई रूपरेखा

**बालोद**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बालोद जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत कर्मी हड़ताल पर हैं। पूर्व से ही अनिश्चितकालीन आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई थी। जिस पर फेरबदल करते हुए पंचायत सचिव कर्मियों द्वारा नई रूपरेखा तैयार की गई है। जिस संबंध में शासन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है। गुरुर ब्लॉक के सचिवों ने कहा कि 2 से 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल करेंगे। 7 अप्रैल 2025 को जिला स्तर पर रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाडा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 10 अप्रैल को जनपद स्तर पर हडताल में पंडाल में महावीर जंयती मनाई जाएगी। इसी क्रम में 11 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भुख हडताल शुरू होगी। 12 अप्रैल को जनपद स्तर पर सरकार को सद्बुद्धि हेतु हनुमान चालिसा पाठ किया जाएगा 13 अप्रैल को पुन: जनपद स्तर पर क्रमिक भुख हडताल होगी। 14 अप्रैल को जनपद स्तर पर हडताल परिसर में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाया जाएगा। 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भुख हडताल जारी रहेगी। 20 अप्रैल को प्रदेश के समस्त सचिव जंतर-मंतर मैदान दिल्ली हेतू रवाना होंगे। 21 अप्रैल से मांग पुरा होने तक जंतर-मंतर मैदान, दिल्ली में अनिश्चित कालिन हडताल करेंगे।

पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने बताया कि पंचायत सचिवो की मांग पूरी नही होने के कारण अब प्रदेश के समस्त पंचायत को सचिव जंतर मंतर दिल्ली में जाकर धरना के प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। शासन की चेतावनी का हड़ताली पंचायत सचिवों पर कोई असर नही हो रहा है। बल्कि प्रदेश की सचिव संघ की बैठक करके आंदोलन को गति देने आगामी रणनीति तैयार की गई है। विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-2024 में हुए चुनाव में भाजपा के जन घोषणा पत्र व मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवो की मांग शासकीयकरण को 100 दिवस के भीतर लागू करने का वादा किया गया है। पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से पंचायतों में सेवारत है व 29 विभाग के 200 प्रकार के योजनाओं को जन मानस व पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा रहे है। गारंटी को पूर्ण कराने के सम्बंध में 07 जुलाई 2024 को रायपुर इनडोर स्टेडियम के सभागार में शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री ने मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी का गठन करने की घोषणा करके शासकीयकरण करने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सम्बंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिसपर पंचायत सचिव को पूर्ण आशा और विश्वास था कि बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाएगा। बजट सत्र में नही आने और इस विषय पर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार से पहल नही करने से प्रदेश पंचायत सचिव क्षुब्ध एवम आक्रोशित है, इसलिए प्रदेश के समस्त पंचायत सचिव 17 मार्च के विधानसभा घेराव के साथ अनिश्चित कालीन आंदोलन पर है। जिस पर शासन प्रशासन द्वारा हड़ताल अवधि के मध्य पंचायत सचिवों को पुन: छले जाने का प्रयास करते हुए पुन: समिति का गठन कर दिया गया है। जिसमे समय सीमा का कोई जिक्र भी नही किया गया है।

## जिले में खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई, राजस्व प्राप्ति में बड़ा इजाफा

**बेमेतरा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। जिले को इस वित्तीय वर्ष में शासन से 250 लाख रुपये के राजस्व का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जबकि प्रशासन ने 605 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो लक्ष्य का 242 प्रतिशत है। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई। खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत अवैध परिवहन के 62 मामलों में कुल 15,36,350 रुपये, अवैध उत्खनन के 9 मामलों में 5,26,250 रुपये और अवैध भंडारण के 1 मामले में 2,25,000 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। जिला प्रशासन ने अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई से न केवल सरकारी राजस्व में वृद्धि हुई है, बल्कि अवैध खनन गतिविधियों पर भी प्रभावी रोकथाम संभव हुई है।

# घोरदा में कर्मा जयंती संपन्न

## अपनी संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी



**डोंगरगांव**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास खंड के ग्राम घोरदा में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां मुख्य अतिथी के रूप सम्मलित जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संरक्षक अमरनाथ साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की रीति नीति, संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, भावी पीढी को इससे अवगत करा कर एक सभ्य व सुसंस्कारिक समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू ने समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरूतियो को दूर करने का आव्हान किया। कार्यक्रम को विशेष अतिथी संरक्षक चेतन दास साहू व चुनेश्वर साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए मां कर्मा के जीवन गाथा का बखान किया।

इसके पूर्व ग्राम मे बाजे गाजे के साथ विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई, तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक पूजा आरती की गई तथा सामाजिक ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम मे प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम मे हिरदे साहू, खरगेश साहू, उमा साहू, दीना साहू, तीरथ साहू, छबिलाल साहू, बसंत साहू, यादराम साहू, लिखन साहू, भूषण साहू, सूर्यकांत साहू, राकेश साहू सहित नवनिर्वाचित पंचगण, व सामाजिकजन सम्मिलित हुए।

# रामनवमीं को निकलेगी नगर में भव्य शोभायात्रा

**डोंगरगांव**, 3 अप्रैल। रामनवमीं के पावन अवसर पर नगर में भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। सनातन समाज द्वारा इसकी व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही है। इससे पहले नवरात्र के अवसर पर नगर को भगवा तोरण पताकाओं से सजाया गया है। इसके अलावा अलग अलग जगहों पर रामनवमीं को भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया है। जानकारी के अनुसार शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय पुरातन श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण किल्लापारा से दोपहर 3 बजे होगा। पश्चात् यात्रा सदर लाईन, चौकी रोड, मेन रोड, पुराना बस स्टैण्ड होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी, जहां पर भंडारा का आयोजन होगा। शोभायात्रा को व्यापक और भव्य बनाने के लिए युवाओं की टोली द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की गई है। श्रीराम शोभायात्रा संगीतमय तथा गाजे बाजे के साथ निकाली जावेगी। इसमें आदिवासी नृत्य तथा प्रसिद्ध ढोल ग्रुप आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहेंगे।



**जगह -जगह भंडारे का आयोजन भी**

**रामनवमीं को जगह जगह पूर्णाहूति व भोजन भंडारा**

इस बार आठ दिनों की नवरात्रि पड़ रही है। विद्वानों व ज्योतिषों के अनुसार इसका अलग ही महत्व है। इसको देखते हुए अंचल के अनेक मंदिरों व देवालयों में इस वर्ष अष्टमी का हवन व पूर्णाहूति 5 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया है। घर घर में मान्यता के साथ लगाये गये जग जंवारा का विसर्जन भी शनिवार को देर शाम तक होगा। लेकिन कई मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों की महापूर्णाहूति रविवार श्रीराम नवमीं के दिन होगा। इस दिन भोजन भंडारा भी आयोजित किया गया है।

## आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में गोदभराई कार्यक्रम



**नगरी**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सुपोषण चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में 3 माह के गर्भवती महिलाओं की अच्छी सेहत, पोषण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। उपस्थित महिलाओं को हरी सब्जियों से भरी टोकरी भेट की गई। इस मौके पर वार्ड पंच वरूण देव नेताम, सुमित्रा नेताम, भाजपा बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, मोनिका नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजिनी नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बरसात से पूर्व शहर की...

वार्ड स्थित उद्यान का निरीक्षण किया। वार्ड के निवासियों ने उन्हें उद्यान में निर्मित डोमशेड की वजह से आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि इसकी वजह से गायत्री मंदिर वार्ड का एकमात्र उद्यान सूख रहा है। जीर्णोद्धार की मांग करते हुए नागरिकों ने डोमशेड निर्माण का विरोध किया। इस पर महापौर ने स्थल निरीक्षण कर साथ चल रहे अधिकारियों को निर्देश दिया कि सही स्थल का चयन कर डोमशेड का स्थल परिवर्तन किया लिये एमआईसी की अलगी बैठक में प्रस्ताव रखने के निर्देश संबंधित उपअभियंता को दिये। उन्होंने उद्यान के आसपास स्थित अतिक्रमण ठेले खोमचे इत्यादि हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

इस निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती बाघमार के साथ एमआईसी प्रभारी कांशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, उपअभियंता अर्पणा मिश्रा भी थे।

### हेमचंद विवि उड़नदस्ता टीम ने ...

से संबंधित उत्तर लिखे हुए मिले, बोर्ड में पेंसिल से लिखे मिले, रूमाल में संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे मिले, हथेली में प्रश्न से संबंधित उत्तर लिखे मिले, पुराने प्रश्न पत्र के अंदर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे मिले व जेब में पर्ची तथा मोबाईल से भी नकल करते पाया गया। उड़नदस्ता समिति द्वारा आगे भी विभिन्न महाविद्यालयों की निरीक्षण जारी रहेगें।

### बीआईटी के एलुमनी मीट में ..

को साझा करने और नवोदित प्रबंधकों के विकास में योगदान देने का एक शानदार अवसर होता है। वही, वर्तमान छात्रों को इन बातचीतों से उद्योग की अपेक्षाओं, करियर के अवसरों और वास्तविक चुनौतियों की गहन जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने अध्ययन को बाजार की मांग के अनुसार ढाल सकते हैं।

एलुमनी मीट का एक प्रमुख उद्देश्य शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटना होता है। ऐसे सत्र यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र उद्योग की आवश्यकताओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार हों, जिससे उनकी रोजगार क्षमता और समस्या .समाधान क्षमताएं बढ़ें।

पूर्व छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, विशेष रूप से भिलाई, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर में। उन्होंने उभरते करियर रुझानो, उद्यमशीलता के अवसरों और नेटवर्किंग के महत्व पर भी चर्चा की, जिससे छात्रों को अपने करियर के बारे में निर्णय लेने और अपने व्यावसायिक लक्ष्यों की रणनीतिक योजना बनाने में सहायता मिली।

पूर्व छात्र अनंत जैन, कावेरी, अमरीश सिंह, अर्णब भट्टाचार्य, लोकेश साहू, सौरभ सिन्हा, विवेक राठी, नितिन, भूमिका जैन, वीरेन्द सिंह, जसबीर सिंह, जोजी चेरियन एवं वर्तमान छात्र ऋषभ और पृथ्वी का सराहनीय योगदान रहा।

### चंडी मंदिर में ...

भी देखने को मिल रही है। चारों तरफ नारीयल चुनरी के साथ ही अन्य खेल खिलौने खाने पीने के सामानों के स्टाल लगा दिये गये है। नवरात्रि पर इस भक्तिमार्ग पर मां कंकालिन मंदिर से ही मंदिरों का श्रृंखला शुरू हो जाती है। इसी के साथ ही भीड़ व यातायात की समस्या भी आ जाती है जो चंडी मंदिर तक चलते रहती है।

### 30 जून मानसून आने तक..

धमधा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी धमधा को, राजस्व अनुविभाग पाटन के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी,पाटन को, राजस्व अनुविभाग भिलाई.3 के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी भिलाई.3 को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त प्राधिकृत अधिकारी अपने.अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करते पाए जाने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में...

आयाम का ही परिणाम है। ग्रामीण विकास पर ही देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है क्योंकि देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ग्रामों में निवास करता है। आमंत्रित अतिथि डॉ. अंशुमाला चंदनगर ने अपने व्याख्यान मे पूर्व की ग्रामीण अर्थव्यवस्था जिसमें परम्परागत कृषि एवं पशुपालन तथा मानवीय श्रम शक्ति के अधिकाधिक प्रयोग की चर्चा की और उसकी तुलना वर्तमान समय में कृषि मे नई तकनीक का प्रयोग, मषीनों का अधिकाधिक प्रयोग, सौर ऊर्जा का प्रयोग आदि का उल्लेख किया।

उन्होनें अपने व्याख्यान में विभिन्न सरकारी योजनाओं का उल्लेख किया जिससे जीडीपी बढ़कर 45.76 प्रतिशत तक बढ़ गई है। ग्रामीण गरीबी में कमी आई है। अधोसंरचना के विकास ने भी ग्रामों की संरचना को बदलकर रख दिया है। जिससे सतत् एवं समावेशी विकास में सहयोग मिला है। कृषि पद्धति में भी एवं समावेशी विकास में सहयोग मिला है। कृषि पद्धति में भी अत्यधिक परिवर्तन दिखाई दे रहा है, अब कृषकों का ध्यान नगदी फ़सल की ओर बढ़ा है, जैविक कृषि का प्रयोग हो रहा है, कवर क्रॉपिंग, फ़सल चक्र, एकीकृत कीट प्रबंधन, जल प्रबंधन पर ध्यान दिया जा रहा है जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्ता बाखला के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्षन डॉ. दीपक कश्यप के द्वारा किया गया। व्याख्यान में एम.ए. अर्थशास्त्र की समस्त छात्राओं के साथ अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय जेल में 2 सौ से ...

विशेष स्थान निर्धारित किया है, जहां बंदी भजन.कीर्तन में शामिल हो रहे हैं। पूजा के लिए सभी आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं। जेल प्रशासन का मानना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन बंदियों को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हैं।

# परिवारजन ने अधिवक्ता साहू को दी शुभकामनाएं

**बालोद**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। तोरण लाल देशमुख के द्वारा पेश परिवाद के अनुसार अपने कृषि भूमि से प्राप्त उपज 75.41 द्भद्द धान को राजेश राठी को 1750 रु प्रति च्ंिटल की दर से दिनांक 10 जून 2019 को विक्रय कर, रकम 132000 रु की मांग करने पर दिसंबर 2019 तक भुगतान करने की बात कह कर, नियत समय पर व्यवस्था नहीं होना बता कर 2त्न ब्याज सहित जून 2020 तक देने का वादा कर भुगतान करने से इंकार करने पर, हताश हो कर 21 नवंबर 2022 को अर्जुन्दा थाना में रिपोर्ट कर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतीतोष आयोग में शिकायत उक्त रकम ब्याज सहित दिलाने की मांग किया था। परिवाद के लंबन अवस्था में राजेश राठी की देहांत हो जाने पर उसके विधिक वारिसान उनकी पत्नी और नाबालिक बेटे से उक्त रकम को दिलाए जाने की मांग करने पर राजेश राठी के वारिसान की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू के द्वारा विधिसम्मत बचाव करते हुए फोरम को बताया कि राजेश राठी के वारिसान च्उपभोक्ताज्ज की श्रेणी में नही आते है। दूसरा शिकायतकर्ता के द्वारा पेश परिवाद मर्यादा विधि के प्रतिकूल है। इस कारण सुनवाई योग्य नहीं है। उक्त विधि सम्मत बचाव के बाद फोरम के अध्यक्ष श्री पाणीग्राही और सदस्य श्री राकेचा के द्वारा निर्णय पारित कर उक्त परिवाद को खारिज किया है। उक्त निर्णय से जहां राजेश राठी के परिवारजन न्याय की जीत बताते हुए अधिवक्ता साहू को शुभ कामनाएं दी है।

# परपोड़ी में 5वीं व 8वीं की परीक्षा संपन्न



**परपोड़ी**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। वीरांगना अवंती बाई मेमोरियल स्कूल परपोड़ी में केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं एवं 8वीं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ द्ब शासकीय निर्देशानुसार राज्य के समस्त प्राइवेट स्कूलों को यह स्वतंत्रता थी कि वे इस साल चाहे तो 5वी व 8वी का अपना खुद का एग्जाम ले सकते थे द्ब मगर सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल ने केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा देने का साहसिक निर्णय लिया और बच्चों की तैयारी और बोर्ड एग्जाम देने के उनके जूनून ने उनका यह राह आसान कर दिया द्ब सभी बच्चों और शिक्षकों ने शुरुआती दौर से ही बोर्ड परीक्षा के मुताबिक अपनी पढ़ाई जारी रखी थी जिसका परिणाम यह हुआ कि सरकार के अचानक बोर्ड एग्जाम लेने के फैसले का कोई नकारात्मक प्रभाव देखने को नहीं मिला द्ब स्कूल प्रिंसिपल का कहना है कि एक सही रणनिति और भरपूर मेहनत से हर बाधा को पार किया जा सकता है। बालक, पालक और चालक (शिक्षक) के बेहतर संतुलन से बोर्ड एग्जाम बहुत ही अच्छे तरीके से संपन्न हुआ। आगामी वर्ष नवीन कक्षा 9वीं हेतु स्कूल इस बार *साइंस और कंप्यूटर लैब तैयार रही है जो बच्चों के लिए एक उत्सुकता का विषय बना हुआ है।

# तारालीम मे भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुईं योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम तारा लीम में साहू समाज द्वारा भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर जिला योगेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण एवं भक्तमाता कर्मा का आशीर्वाद लिया और समस्त साहू समाज व ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



भक्तमाता कर्मा जी का जीवन निस्वार्थ सेवा, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें समाज में एकता, परोपकार और सशक्तिकरण की प्रेरणा देते हैं। समाज की उन्नति के लिए हमें शिक्षा, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। मैं आपके सहयोग से साहू समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगा

समारोह में साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने योगेश तिवारी का भव्य स्वागत किया और उनके समाज उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर उपस्थित सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।सरपंच सिंपू परगनिहा जी , उपसरपंच दानीराम साहू, राजकुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज, कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, खेमराज साहू सुरुजपूरा सरपंच, बीरेंद्र साहू सिलघट सरपंच, पायल साहू लोक कला मंच,लच्छीराम साहू, लक्ष्मण साहू, कुलदीप सेन, राजू साहू, पंचुराम साहू, रोहित साहू, तुकेश साहू, देवकुमार साहू, कुलेश्वर साहू,, रमेश परगनिहा, पवन साहू, तोसू साहू, खेमुराम साहू, विष्णु साहू।

अंत में योगेश तिवारी ने साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा समाज के विकास और कल्याण के लिए तत्पर रहेंगे ।उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे

# नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

## बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के प्रयास से होगा नगर का विकास

**बेमेतरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने वार्ड 13 और वार्ड 16 में बी टी सड़क निर्माण के लिए 11 लाख का किया भूमिपूजन।



बेमेतरा पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बेमेतरा नगर में विकास कार्यों को दिशा प्रदान करते अधोसंरचना मद से दो वार्डो में सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाया है ।विधायक के प्रयास से अधोसंरचना मद से बनने वाली सड़क की लागत 11 लाख रुपए की होगी। सड़क निर्माण होने से यहां के रहवासी नागरिकों को आने जाने में सुविधा मिलेगी।

विजय सिन्हा ने कहा यह निर्माण कार्य बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के प्रयास से नगर की अधोसंरचना फंड द्वारा नगर के विकास के लिए किया जा रहा है ।हम बेमेतरा विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

जहां से भी मिले फंड की व्यवस्था होगी, हम व्यवस्था लेकर बेमेतरा में विकास कार्य करेंगे। जिसकी शुरूआत अभी दो वार्डो में सड़क बनाने के लिए भूमिपूजन से हुआ है।

आज के भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति पंचू साहू,विकास तम्बोली, महेश साहू, आकीब मलकानी, लक्की साहू,रीता पांडेय सहित पालिकाअधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, तीन हाईवा जब्त

**बेमेतरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्ती जारी है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन हाईवा वाहन जब्त किए। ये वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे थे।




जब्त किए गए वाहनों में छ्त्र25 क्क8118 (मालिक ङ्क सिद्दीकी खान), छ्त्र25 रू2229 (मालिक ङ्क प्रतीक सिंघानिया) और छ्त्र04 क्ष्ठ 1063 (मालिक ङ्क दिनेश यदु) शामिल हैं। इन वाहनों को पटका और बसनी राका गांव के पास पकड़ा गया और बेमेतरा थाने में रखा गया है।

इसके अलावा, डगनिया शिवनाथ नरी घाट पर अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने जांच की, लेकिन वहां कोई वाहन नहीं मिला।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने खनिज एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

## नगर के माई मंदिर में 71 ज्योत प्रज्वलित की गई

**थान खम्हरिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर में स्थित वार्ड क्रमांक 2 में विगत सैकड़ो साल से प्राचीन दुर्गा (माई) मंदिर के नाम से विख्यात है। यहां पर प्रतिदिन भक्त लोग दर्शन के लिए आते हैं। यहां पर दुर्गा माता का मंदिर स्थापित है। जहां दोनों नवरात्र चैत्र नवरात्र में और क्वार नवरात्र में श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योत प्रज्वलित की जाती है ।वर्तमान में मंदिर में 71 ज्योत प्रज्वलित की गई हैं ।भेंट वार्ता के दौरान पंडित रामविलास शर्मा ने बताया। प्रतिदिन मां की पूजा, आरती व विशेष श्रृंगार किया जाता है। आगे आपने बताया, चैत्र नवरात्रि को हिंदू नव वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन भर या पूरे वर्ष भर में जो भी कार्य करते हैं। थक जाते हैं। तो इससे मुक्त होने के लिए इन नौ दिनों में शरीर के शुद्ध मन की शुद्धि और बुद्धि में शुद्धिकरण करने का पवित्र होने का पर्व है। यह नवरात्र का पर्व बुराइयों से दूर रहने का प्रतीक है। आगे आपने बताया, हिंदू धर्म में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है। और नवरात्रि के अंतिम दिनों में नौ कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया जाता है। यह परंपरा हमें यह संदेश देती है, कि हर नारी में देवी का वास है। उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।



## छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक को विधायक दीपेश साहू ने दी शुभकामनाएं

**बेमेतरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में निगम-मंडलों और अयोगो की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें बेमेतरा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।



भाजपा के वरिष्ठ नेता और क्र्स्स के सदस्य प्रहलाद रजक को छत्तीसगढ़ रजककाज विकाश बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, इन नियुक्तियों को लेकर जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने बरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद रजक को रजककार विकाश बोर्ड के अध्यक्ष बनायें जाने पर खुशी जाहिर करते हुए माला पहनाकर मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनायें दी द्य इस दौरान विधायक साहू ने कहा की जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि हमारे वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रहलाद रजक जी को छत्तीसगढ़ रजककाज कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह सम्मान उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, परिश्रम और जनसेवा की भावना का परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से करेंगे तथा समाज व प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे ।मैं अपनी ओर से और पूरे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता की तरफ से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

## प्रहलाद रजक बनाए गए रजक बोर्ड के अध्यक्ष, समर्थकों में हर्ष का माहौल

**बेमेतरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा प्रहलाद रजक को राज्य रजक बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि देश के आजादी के बाद किसी सरकार ने पहली बार बेमेतरा के किसी नेता को यह प्रतिनिधित्व प्रदान किया है,ज्ञात हो कि प्रहलाद रजक जमीनी नेता रहे हैं, और प्रारंभ से आर एस एस एवं भाजपा से जुड़े रहे हैं, वैसे भाजपा ने अपने पिछले सरकार में इन्हें पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य भी बनाया था। लेकिन इस बार इन्हें विष्णु देव साय की सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए रजक कर्मकार बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।



### धोबी समाज के लोगों ने मनाई जयंती

# संत गाडगे ने अपना जीवन मानव कल्याण की सेवा में समर्पित कर दिया: विधायक

**थान खम्हरिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। समीप ग्राम खपरी (धोबी) राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ संत गाडगे जयंती एवं सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माननीय तुलसी कौशिक जी निज सहायक मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन अध्यक्षता ईश्वर साहू जी विधायक साजा, प्रदेश राष्ट्रीय रजक महासंघ अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर जी, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी जी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल जी, साजा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा जी, अनिल सिंघानिया जी, सरपंच गिरधारी निर्मलकर जी के सानिध्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



ग्राम धोबी खपरी में समाज की ओर से संत गाडगे जयंती पर एक दिवसीय कार्यक्रम आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू, निज सहायक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तुलसी कौशिक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के द्वारा सभा को संबोधित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा भगवान भोलेनाथ, मां धोबिन दाई व संत गाडगे के चित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहायक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तुलसी कौशिक जी ने कहा भारत संतों का देश कहा जाता है। जहां कई महान संत हुए, जिन्होंने समाज कल्याण के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिए। ऐसे ही एक संत की हम सभी जयंती मनाने एकत्रित हुए हैं। जिन्होंने गांव गांव जाकर स्वच्छता अभियान चलाया था। उन्होंने कहा संत गाडगे महाराज का महाराष्ट्र, अमरावती, देबू की झिंगुरा जानोरकर के रूप में जन्म हुआ। बाबा संपूर्ण जीवन पर्यंत समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए संघर्ष करते रहे। संत गाडगे ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण की सेवा में समर्पित किया। संत गाडगे का लक्ष्य समाज सेवा था। दिन, दुखियों की सेवा को ही ईश्वर भक्ति मानते थे। धोबी समाज संत गाडगे के मार्ग पर चलकर समाज सेवा में लगा हुआ है। आगे आपने 3 फरवरी सन 2026 को रायपुर में विशाल धोबी समाज का जयंती मनाने की बात कही। और शासन से धोबी समाज के लिए सामुदायिक भवन के लिए अपने स्तर से पूरा करने का प्रयास करूंगा, की बात कही। वही ईश्वर साहू ने धोबी समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, उग्रसेन कनौजिया, राष्ट्रीय रासधानी बिलहा, ललित निर्मलकर, राधेश्याम रजक, ईश्वर पटेल, रूप चंद निर्मलकर, नेहरू रजक, धर्मेंद्र निर्मलकर, शिव रजक, राजेंद्र निर्मलकर, प्रदीप निर्मलकर, तोप सिंह निर्मलकर, परमेश्वर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य तोसु राम वर्मा, श्री मति भारती निर्मलकर ( पार्षद ), केशव पटेल, मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव, चंद्रशेखर राजपूत, दौलत नाथ योगी, कार्यक्रम के अंतिम में अतिथियों का साल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन धनेश निर्मलकर शिक्षक ने किया।

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से जिले में गौ अभ्यारण्य का हो रहा तेजी से निर्माण

**कवर्धा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौ अभ्यारण्य का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यह अभ्यारण्य जिले के बोड़ला विकासखंड के ग्राम जैतपुरी और सरेखा में चिन्हांकित भूमि पर बनाया जा रहा है, जहां गौ माता के लिए सुरक्षित आवास और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गौ माता के संरक्षण की दिशा में इस कदम को एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस अभ्यारण्य का उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाना है।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार विगत दिवस कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों द्वारा निर्देशों का पालने करते हुए त्रीव गति से कार्य किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि भूमि के चिन्हांकन और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ फेसिंग, शेड, जल आपूर्ति की व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इन कार्यों के पूरा होने के बाद, गौ अभ्यारण्य का संचालन सुचारू रूप से किया जाएगा, ताकि गौवंश के संरक्षण की दिशा में अधिक प्रभावी कदम उठाए जा सकें। जिला प्रशासन द्वारा इस परियोजना को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि जल्द से जल्द गौ माता को प्राकृतिक और सुरक्षित आवास मिल सके। इससे ना केवल गौवंश का संरक्षण होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्र में कृषि और पर्यावरणीय संतुलन भी बेहतर होगा।

कबीरधाम जिले के स्थानीय निवासियों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्थानीय गौपालकों और किसानों को भी बहुत फायदा होगा, क्योंकि गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान मिलने से उनका पालन-पोषण बेहतर तरीके से हो सकेगा। इसके साथ ही, यह अभ्यारण्य अन्य जिलों के लिए एक आदर्श बन सकता है, जो गौवंश संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं। गौवंश संरक्षण के लिए यह कदम जिले में एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जो राज्य और देशभर में गौ माता के संरक्षण को बढ़ावा देगा।

# चैत्र नवरात्रि पर्व पर सिद्ध शक्तिपीठ मां चंडी धाम करमू में 911 ज्योति प्रज्वलित हुए

**थान खम्हरिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य नरसिंह प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि मां के धाम में मनोकामना हेतु प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी दुर्ग जिले के सांसद माननीय श्री विजय बघेल जी साजा के विधायक माननीय श्री ईश्वर साहू जी माननीया पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा जी पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय श्री रविंद्र चौबे जी के ज्योत प्रज्वलित की गई हैं मां के दरबार में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी माननीय विधायक श्री ईश्वर साहू जी की अनुशंसा पर 'चिन्हारी लोक मंजीरा' आकाश चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4 /4/.2025 को किया गया है इस अवसर पर प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री डॉ ममता चंद्राकर और फिल्म निर्माता, संगीतकार डायरेक्टर माननीय श्री प्रेम चंद्राकार जी विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की तैयारी समिति के सदस्यों द्वारा वृहद रूप से की जा रही है।



कार्यक्रम को सफल बनाने समिति के अध्यक्ष दाऊ रामानुज जी, कोषाध्यक्ष श्री महेंद्र वीरदी, समिति के सचिव श्री हेमचंद पाटिल जी घनश्याम आदिवासी रामानुज साहू बबलू निषाद पंडित संजय मिश्रा मंदिर पुजारी सरपंच श्री लोकनाथ पटेल करमू सरपंच प्रतिनिधि तोरण लाल यादव दर्री थानेश्वर पटेल गंगाराम आदिवासी जलेश्वर पटेल सनत पाटिल लोकेश अग्रवाल राजेश ठाकुर कृष्णा बैगा मिलाप साहू नवरात्रि की तैयारी एवं संस्कृति कार्यक्रम की तैयारी के लिए विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र के जागरूक लोक कला प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# जिला अधिकारी/कर्मचारी फेडरेशन ने पंचायत सचिवों को दिया समर्थन

**खैरागढ़,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला अधिकारी/कर्मचारी फेडरेशन केसीजी के पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का पंडाल स्थल में पहुंचकर समर्थन दिया और ब्लॉक सचिव संघ खैरागढ़ को संघर्ष शुल्क के रूप में 1000 सहयोग राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक प्रखर शरण सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों की मांग जायज़ है। सचिव ग्राम पंचायत की रीढ़ है, उनके बिना किसी भी ग्राम पंचायत का विकास संभव नहीं है। उन्होंने सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के किसी भी प्रकार के तुगलकी फरमान से डरना नहीं है, हड़ताल में डटकर रहना है जब तक मांग पूरी न हो जाए। हमारा फेडरेशन हर संभव सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि जब भाजपा ने अपने विधानसभा 2023 के घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत सचिवों के शासकीयकरण करने का वादा किया था तो सरकार को अब सचिवों के साथ वादाखिलाफी नहीं करनी चाहिए। हम ग्राम पंचायत सचिव संघ खैरागढ़ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अपनी जायज मांग के लिए बैठे सचिवों को अपना पूरा समर्थन देते है। हड़ताल पंडाल में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला केसीजी के जिला संयोजक प्रखर शरण सिंह, दिलीप सिंह बैस, हर्ष बहादुर सिंह, ध्रुव कुमार सोनी , सीआर कुंजाम, जेएन सरिया, मुकेश भट्ट, नवीन महोबे,रूप कुमार यदु, दयालु खुतेरे, नूतन साहू, हेमराज वर्मा, गौतम साहू, संजय कुमार वर्मा, जीवन यादव, प्रकाश यादव, खेमराज वर्मा, प्रेमचंद सेन, होम लाल रजक, थानसिंह वर्मा, ललिता यादव, अनुराधा ध्रुवे, खिलेश्वरी पटेल, साधना महोबिया, कांति जांगड़े, गूंजा राणा, खेलन ध्रुवे उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी ब्लॉक सचिव संघ खैरागढ़ की उपाध्यक्ष नाजनीन नियाज़ी के द्वारा दी गई।



# डिप्टी कमिश्नर यादव ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया



**थान खम्हरिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कमिश्नर पी. एल. यादव राजस्व अभियान के तहत तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर नामंतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरण की फाइलों का अवलोकन किया। कमिश्नर ने कहा राजस्व प्रकरण के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें और तहसीलदार के. आर. वासनिक को समय प्रकरण की समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया गया। लंबित प्रकरण पर नाराजगी जताई। कमिश्नर ने कहा, जिन प्रकरणों की सुनवाई पूरी हो गई है। उनका आदेश तत्काल जारी करें। कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कहा, कि तहसील भवन के साफ-सफाई, पुताई नियमित रूप से कराए। तहसीलदार न्यायालय में जिले और तहसील का अनिवार्य रूप से नक्शा प्रदर्शित करें। और प्रत्येक पटवारी के कार्यों का साप्ताहिक अवलोकन करे। और राजस्व प्रकरणों की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध ना कराने वाले लापरवाह पटवारियों पर करवाई करने की बात की। कमिश्नर के द्वारा कार्यालय में नस्तियों, पंजीयो एवं अन्य दस्तावेज, संधारण, नायब कानूनगो, नजीर का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

## चैत्र नवरात्रि रानी मंदिर में दीप प्रज्वलित कर महिला रामायण मंडली द्वारा भक्तों को दी गई नववर्ष की बधाई

**खैरागढ़,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर विक्रम संवत 2082 रविवार 30 मार्च 2025 को रानी मंदिर छुईखदान में दीप जलाकर भगवान लक्ष्मी नारायण से नववर्ष में सभी भक्तों के जीवन में सुख शांति समृद्धि खुशियां सौभाग्य की प्रार्थना की गई। मंदिर समिति के संरक्षक लतारानी लाल जेके वैष्णव ने बताया कि मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। भक्तों द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व एवं नववर्ष 2082की बधाई शुभकामनाएं दी गई। महिला रामायण मंडली द्वारा सभी को सौभाग्य तिलक लगाकर हिन्दू नववर्ष की बधाई देते हुए दीप-दान के पश्चात भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर पुजारी अनिल सहित किरण गुप्ता, रेखा वैष्णव, मिथिला शिवकाति भट्ट, सत्या सोनी, सावित्री सोनी, उषा चन्द्राकार, आशा महोबिया, लतारानी वैष्णव, निशा नामदेव, तृप्ति वैष्णव ,पार्वती महोबिया, मिथिला महोबिया, संगीता वैष्णव, प्रणिता दास सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे। भगवान लक्ष्मीनारायण जी को भोग लगाकर लतारानी वैष्णव को जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं देकर प्रसाद वितरण किया गया। छोटे बच्चों को तिलक लगाकर मंदिर परिसर में जय माता दी जयकारे के साथ नववर्ष आनंद उत्सव मनाया गया।




## रश्मि देवी महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा महादेवी वर्मा की जयंती मनाई

**खैरागढ़,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के हिंदी विभाग में छायावाद के आधार स्तंभों में से एक महादेवी वर्मा की जयंती मनाई गई। डॉ.ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.यशपाल जंघेल के कुशल संयोजन से यह कार्यक्रम सकारात्मक रहा ।कार्यक्रम की शुरुआत महादेवी वर्मा के छायाचित्र एवं माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ गुलाल लगाकर किया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर वर्मा जी की कविताओं का पाठ किया जिसमें टिकेन्द्र, लीना और जागृति रही। मुख्य वक्ता डॉ.उमेंद कुमार चंदेल ने महादेवी वर्मा के जन्म, संघर्ष, विषय, लोकप्रियता और ज्ञानपीठ पुरस्कार के विषय में विस्तार से बताया साथ ही छत्तीसगढ़ के एकमात्र साहित्य शिल्पी ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का भी जिक्र किया। डॉ.परमेश्वरी व कुभंज टांडिया ने उनकी कविता पढ़ी। अंजली ने सुनने के महत्व को बताया कि ये सब परीक्षा में याद आता है। कार्यक्रम का संचालन टिकेन्द्र वर्मा एवं आभार प्रदर्शन गौकरण साहू ने किया। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थी सुनिल, मिथलेश, विक्की, गौरी, पूजा, तुलेश्वरी, खुलेश्वरी, भोजेश्वरी, गायत्री, मधु, चांदनी, बबीता, कामनी, पायल, रजनी सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्रा उपस्थित रहे।



# भंवरमरा निवासी युवक की पुलिस रिमांड में मौत, परिजनों ने पुलिस को बताया हत्यारा







## पुलिस हिरासत में ठगी के आरोपी की संदिग्ध मौत

परिजनों ने पुलिस पर लगाया हत्या का आरोप

धमतरी, 1 अप्रैल (देशबन्धु)। राजनांदगांव के एक युवक को धमतरी पुलिस ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया जिसे न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया गया, लेकिन पुलिस हिरासत में युवक की संदिग्ध मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर खूब हंगामा किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये, जिसे देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी ने अर्जुनी थाना प्रभारी एवं सायबर सेल प्रभारी सनी दुबे को निलंबित कर दिया है।

**राजनांदगांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के भंवरमरा निवासी युवक की पुलिस की रिमांड में मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। धमतरी पुलिस की रिमांड में युवक दुर्गेन्द्र कठोलिया की मौत हो गई। दुर्गेन्द्र की मौत के बाद 2 मासूम बच्चियों और बूढ़े माँ-बाप समेत 5 सदस्यों का परिवार अनाथ हो गया और पूरे परिवार की जिम्मेदारी दुर्गेन्द्र की पत्नी दुर्गा के ऊपर आ गई है। वहीं दुर्गेन्द्र कठोलिया के परिजनों का दावा है कि उसकी मौत के लिए न सिर्फ थाना प्रभारी बल्कि पुलिस महकमे के आला अधिकारी भी जिम्मेदार हैं।

राजनांदगांव के भंवरमरा का निवासी दुर्गेन्द्र कठोलिया के खिलाफ धमतरी जिले के अर्जुनी थाना में धोखधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि दुर्गेन्द्र ने किसानों से उंचे दामों पर धान खरीदी का झांसा दिया और पैसे नहीं लौटाए। इसके बाद उसे दुर्ग से गिरफ्तार किया गया। दुर्गेंद्र की पत्नी का आरोप है कि जिस समय दुर्गेंद्र को गिरफ्तार किया गया, उस समय उसकी पत्नी और बच्चियां भी दुर्गेन्द्र के साथ मौजूद थे। दुर्गेन्द्र को गिरफ्तार करने के साथ उसके वाहन को भी मौके से जब्त कर लिया गया। दुर्गेन्द्र की पत्नी और बच्चों को वहीं असहाय छोड़ दिया गया। जैसे-तैसे कर एक महिला अपनी बच्चियों को साथ लेकर राजनांदगांव पहुंची। इसके बाद तमाम जद्दोजहद करने के बाद उसे पता चला कि दुर्गेन्द्र को धमतरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है और वह अर्जुनी थाने में है।

थाने में दुर्गेंद्र से बहुत मारपीट की गई, जब उसके परिजन उसे देखने पहुंचे तो उनके होश फाख्ता हो गए। इसके बाद पुलिस दुर्गेन्द्र को लेकर उनके घर पहुंची और लाकर मामले से संबंधित दस्तावेज और रुपयों की खोजबीन करने के लिए घर की तलाशी ली गई। तलाशी लेते वक्त भी दुर्गेंद्र के साथ पुलिसकर्मियों ने जमकर मारपीट की। इस समय थाना प्रभारी सनी दुबे भी वहां पर मौजूद थे। दुर्गेंद्र के परिजनों का आरोप है कि एक मोटी जंजीर से भी दुर्गेंद्र को उनके सामने पीटा गया। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे लेकर फिर धमतरी लौट गया, जहां लगातार उससे मारपीट की गई, जब दुर्गेंद्र से मिलने हम लोग थाने गए तो उसकी आँखों मे खून उतरा हुआ था। दुर्गेंद्र के शरीर में 32 जगहों पर चोट के निशान थे, हमें पोस्टमार्टम से पहले उसकी फोटो तक नहीं लेने दिया गया। दुर्गेंद्र के परिजनों की मांग है कि जब तक दुर्गेंद्र के थाने में रखा गया था, तब तक की सीसीटीवी फुटेज उन्हें उपलब्ध करवाई जाए। इसके अलावा दुर्गेंद्र की मौत के लिए जो भी जिम्मेदार है चाहे वह अधिकारी हो या कर्मचारी उन्हें जेल भेजा जाए और उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाए।

### परिजनों को डर है कहीं सीसीटीवी फुटेज न हटा ले

परिजन डरे सहमे हुए हैं जिस पुलगांव के पास डी मार्ट से उठा कर ले जाया गया उससे इस बात को लेकर परिजनों का आरोप है कि पुलिस बाकायदा घर लेकर आई और बेदम पीटा हालात काफी चिंताजक थी पुलिस की मार से वह चल भी नहीं पा रहा था। मां को पानी मांगा पर निष्ठुर पुलिस जिस आक्रामक तेवर से आईं थीं किसी की भी एक न सुनी। परिजन कर्जे की बात से इंकार नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिस बेरहमी से पीटने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सबूतों को मिटा मत दे इस बात को लेकर चिंता जता रहे है। परिजनों ने बड़े उच्च अधिकारियो से शिकायत कर इस मामले में दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाने की गुहार परिजन लगा रहे हैं।

### मामले की उच्च स्तरीय जांच हो, आखिर करोड़ो का धान किस मिल में ले जाया जाता रहा होगा!

मृतक को निश्चित रूप से किसानों को बड़ी राशि देनी थी किसानों के राशि वसूली का ठेका क्या पुलिस के किसी बड़े अधिकारी ने लिया था? सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि न ही दुर्ग थाने में और न ही राजनांदगांव थाने में धमतरी (अर्जुनी) पुलिस ने दुर्गेंद्र को ले जाने की सूचना दी बल्कि डी मार्ट से सीधे घर की तलाशी लिए जाने के सनसनी खेज आरोप परिजन धमतरी पुलिस पर लगा रहा है। यहां यह सवाल सबसे बड़ा है की कौन सा मिल मालिक है जिसके गोदाम में धान खाली किया जाता था और उसके द्वारा ही धान खरीदी करने बड़ी राशि देता था। यही कड़ी पुलिस को या जांच अधिकारियों की टीम को कस्टोडियल डेथ की सच्चाई तक ले जा सकती है।

इस मामले में परिजनों के साथ गांव के लोगों की सहानभूति भी है। पुलिस आखिर इस बड़ी दागदार घटना से क्या सीखती है और क्या होगा इस मामले को लेकर इस घटना से पुलिस आखिर किन्हें दोषी मानते यह देखने वाली बात होगी है।

# प्रहलाद रजक रजककार बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त, बधाई



**थान खम्हरिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सभी समुदाय के लोगो मे खुशी की लहर प्रहलाद रजक जी को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा रजककार बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर राजेन्द्र निर्मलकर जिला उपाध्यक्ष धोबी समाज व किसान मोर्चा थान खम्हरिया मण्डल उपाध्यक्ष ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐ दी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के लिए अभार व्यक्त करते हुए राजेन्द्र निर्मलकर ने कहा कि प्रहलाद रजक जी के द्वारा शासन की सभी योजनाओं का जनता तक पहुचानें एवं लाभ दिलाने का काम किया,प्रहलाद रजक जी भाजपा के कर्मठ एवं योग्य व्यक्ति आचार, विचार,मिलनसार हैं, प्रहलाद जी को रजककार बोर्ड की नियुक्ति होने पर केवल धोबी समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोगों मे खुशी की लहर है, हर्ष व्यक्त करने वालो में राजेन्द्र निर्मलकर गिरधारी निर्मलकर सरपंच ग्रामपंचायत धोबी खपरी,उपसरपंच श्रीमती सुरतिया असदेव निर्मलकर, तारकेश्वर निर्मलकर पूर्व सरपंच, प्रदीप निर्मलकर,नेमू निर्मलकर पंच, संतोष निर्मलकर, धनेश निर्मलकर,पंच मिथुन पटेल,धनुष सिन्हा,नरेश सिन्हा, उत्तम यादव, जीवन यादव, भूपेन्द्र सेन,तखत सेन,नरेश विश्वकर्मा, योगेश मानिकपुरी,बलराम पटेल,भुनेश्वर वर्मा आदि लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाऐ दी।

# फार्म हाउस शराब होलोग्राम कांड का मुख्य आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम सहित आठ गिरफ्तार

- फार्म हाउस में सीसीटीव्ही कैमरा व वाईफाई लगा कर रखा था , मोबाईल में पुलिस रेड को देखकर फरार हुआ था आरोपी
- शराब बेचने के लिए इस्तेमाल करने वाले 5 नग वाहन स्कुटी जप्त



**राजनांदगांव/डोंगरगढ़** 3 अप्रैल (देशबन्धु )( फार्म हाउस शराब होलोग्राम कांड का मुख्य आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम सहित कुल आठ आरोपी गिरफ्तार। जिसकी जानकारी आज पुलिस संवाद कक्ष में पुलिस अधीक्षक रोहित गर्ग ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए विस्तार से बताया।

दिनांक- 29.03.2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू का फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छ0ग0 का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है कि सूचना पर कार्यवाही करते हुये फार्म हाउस से कुल 3888 बल्क लीटर शराब कीमती 27,32670/- रूपये एवं घटना स्थल में स्थित मकान के अंदर बने तल घर से भारी मात्रा में खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त किया गया था। आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू अपने घर से फरार हो गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण के आरोपी के पता तलाश हेतु एक विषेष टीम (एसआईटी) टीम का गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया जिस पर गठित विशेष टीम द्वारा अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशानिर्देशन पर कार्य करते हुये घटना स्थल से जप्त सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का जांच किया। जांच पर अन्य संदिग्ध व्यक्तियों का भी इस घटना में संलिप्तता पाये जाने से गठित टीम द्वारा आरोपीगण के पता तलाश हेतु अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई जिस पर आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू पिता स्व0 रमेश नेताम उम्र- 25 साल निवासी थाना चौक डोंगगरढ़, वार्ड न0-21, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0, अन्य 07 आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ किया तो पता चला कि मोहारा निवासी छोटा कट्टी नन्द कुमार वर्मा एवं उसके साथी जिसको हड्डी के नाम से जाना जाता है जो दिनांक- 27.03.2025 को रात्रि में शराब को आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम के फार्म हाउस में लाकर डम्प कर रखा गया था। जिसे आरोपीगण द्वारा मिलकर 20-30 पेटी रात्रि के समय में निकालकर अपने साथियों के साथ स्कुटी वाहन ज्युपीटर से लेकर बेचने के लिये आरोपी रोहित उर्फ सोनू अपने स्थायी निवास थाना चौक घर पर रखते थे। आरोपी रोहित नेताम के निवास स्थान में एक छोटा सा किराना दुकान खोला हुआ है जिसमें शराब को छोटे प्लास्टिक की बोतल में डालकर बिक्री करता था। आरोपीगण के विरूद्ध धारा सदर का साक्ष्य सबुत पाये जाने से थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 127/25 पंजीबद कर सभी आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों का पूर्व में अपराधिक रिकार्ड थाना डोंगरगढ दर्ज होना पाया गया है।

जप्त समाग्री:- 432 पेटी शराब, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल।

# नरेगा योजना में 1 अप्रैल से 261 का होगा मजदूरी भुगतान

## अकुशल श्रमिकों के मजदूरी दर में हुई बड़ी वृद्धि

**कवर्धा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्य करने वाले पंजीकृत अकुशल श्रमिकों को 1 अप्रैल 2025 से 261 रुपए का मजदूरी भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा मजदूरी दरो में वृद्धि की अधिसूचना जारी की गई है जो तत्काल प्रभाव से जिला कबीरधाम में भी लागू किया गया है।



मजदूरी दर में हुई वृद्धि के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए पूरे देश में नई अकुशल दरो की घोषणा की गई है। इसी क्रम में राज्य के पंजीकृत अकुशल श्रमिकों को भी इसका बड़ा फायदा मिलेगा। ज्ञात हो कि मनरेगा अंतर्गत बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण मजदूरी मूलक कार्य में नियोजित किए जाते हैं जिन्हें प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी भुगतान किया जाता है। दिए गए टास्क के आधार पर कार्य के दौरान प्रत्येक सप्ताह मजदूरी भुगतान श्रमिकों के बैंक खाते में सीधे जारी किया जाता है। ज्ञात हो की इसके पहले 243 रुपए प्रतिदिन मजदूरी भुगतान होता था जिसमें भारत सरकार द्वारा बड़ी वृद्धि करते हुए 261 रुपया कर दिया गया है। मजदूरी भुगतान में वृद्धि होने से ग्रामीण परिवारों को सीधे आर्थिक लाभ होगा।

# श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन

**कवर्धा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कबीरधाम द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल और छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पंजीयन, नवीकरण और योजनाओं के आवेदन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक श्रमिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र, स्वयं का पंजीयन पत्र, राशन कार्ड, मोबाइल आदि के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुँचकर शिविर का लाभ उठाएँ। जिला श्रम पदाधिकारी श्री देवेन्द्र देवांगन ने कहा कि ये शिविर श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। अधिक से अधिक श्रमिक इन शिविरों में भाग लें और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि 04 अप्रैल 2025 को न्यू सर्किट हाउस के पास, चावड़ी स्थल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंडरिया विकासखंड में 07 अप्रैल 2025 को ग्राम अमरपुर, 08 अप्रैल 2025 को ग्राम कोदवागोड़ान, 09 अप्रैल 2025 को ग्राम सरईपतेरा, 15 अप्रैल 2025 को ग्राम पर्थरा, 16 अप्रैल को कुम्ही, 17 अप्रैल 2025 भगतपुर, 21 अप्रैल को न्यू सर्किट हाउस चावड़ी स्थल कवर्धा, 22 अप्रैल 2025 को ग्राम कांपा, 23 अप्रैल 2025 को ग्राम मोहतरा खुर्द, 28 अप्रैल 2025 को ग्राम माकरी,, 29 अप्रैल 2025 को ग्राम कुआंमालगी, और 30 अप्रैल 2025 को ग्राम अमलीमालगी, विकासखंड पंडरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# जिला पंचायत कबीरधाम के स्थायी समितियों का हुआ गठन

**कवर्धा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत कबीरधाम के स्थायी समितियों का गठन सर्व सम्मति से जिला पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया गया जिसमे कुल 8 समितियों का गठन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईशवरी साहू पदेन अध्यक्ष की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का गठन किया गया। इसी तरह कृषि स्थायी समिति के लिए श्री राम कुमार भट्ट, शिक्षा स्थायी समिति के लिए उपाध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम श्री कैलाश चंद्रवंशी पदेन, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति के लिए श्री वीरेंद्र साहू,सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के लिए श्रीमती दीपा धुर्वे, वन समिति के लिए श्री राजकुमार मेरावी, महिला एवं बाल विकास समिति के लिए श्रीमती सुमित्रा पटेल एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति के लिए श्रीमती पूर्णिमा साहू सभापति के रूप में निर्वाचित हुए हैं।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 47 सहपठित छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन कार्यकाल और कामकाज के संचालन से संबंधित) नियम 1994 के नियम 12 (ख) के अंतर्गत जिला पंचायत कबीरधाम के स्थायी समितियो के सदस्यों एवं सभापति निर्वाचन की कार्यवाही सर्वसम्मति द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मुकेश रावटे द्वारा जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष में सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सभी सदस्यों सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक संचालक शिक्षा एम के गुप्ता,उप संचालक पंचायत राज तिवारी के साथ जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'राज्य स्तरीय युवा संसद मे महाविद्यालय छुईखदान का प्रतिनिधित्व करेंगे दुर्गेश्वर जंघेल'



**छुईखदान,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा देशभर की युवाओं के विकसित भारत के संबंध में विचार जानने हेतु दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन एक देश एक चुनाव के टॉपिक पर दिनांक 19 एवं 20 मार्च 2025 को कि मेरी माता पॉलिटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित किया गया था, जिसमें राजनंदगांव, खैरागढ़ छुई खदान गंडई, मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी जिला से लगभग 146 विद्यार्थियों का चयन हुआ था, जिसमें 101 विद्यार्थियों ने युवा संसद में भाग लिया, जिसमें वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय छुई खदान के धर्मेंद्र पटेल, ममता यादव, सिद्धि, मनीषा, प्रतीक्षा, रानी, पूजा, खेमिन, नीता, हर्ष, फत्तू, चन्दन, आशू, दुर्गेश्वर, दिव्या ने भाग लिया उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम में टॉप 10 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए किया गया

राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए हमारे महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर दुर्गेश्वर जंघेल का चयन किया गया है चयनित छात्र को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जयती विश्वास, कार्यक्रम अधिकारी श्री विजय कुमार, श्रीमती निरूपा वैष्णव, प्रीति मेश्राम, प्रेम प्रताप नेताम, देवेश जोशी तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

# सड़क किनारे बिल्डिंग मटेरियल का ढेर

## सड़क तक पहुंच रहा बालू का ढेर, हो रही दिक्कत

**गंडई पंडरिया,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। गंडई क्षेत्र के इरिमकासा और नांदिया चौराहे पर बिल्डिंग मटेरियल का दुकान संचालित करने वाले दुकानदार सड़क किनारे अतिक्रमण किया गया है। सड़क के किनारे ही बिल्डिंग मटेरियल का ढेर लगाया गया जो सड़क तक फैल गई है जो किसी बड़ी दुर्घटना को बुलावा दे रहा है। इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान नहीं है।

गौरतलब है कि स्टेट हाइवे क्रमांक 05 राजनांदगांव कवर्धा रोड के नांदिया चौराहे से नरोधी के बीच मटेरियल सप्लायर सड़क को घेर कर बालू का ढेर लगाए रहने से आए दिन दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती है। वहीं हवा चलने पर राहगीरों के आंखों में बालू पड़ जाता है। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो लोगों का सड़क पर बिखरे बालू से फिसल कर गिरने की संभावनाएं बनी रहती है। लोगों ने ऐसे अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# नीलू शर्मा पर्यटन मंडल और योगेश दत्त मिश्रा को श्रम कल्याण मंडल की जिम्मेदारियां



**राजनांदगांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने कल निगम, मंडल, बोर्ड और आयोग में अध्यक्ष पदों की सूची जारी कर दी है। कुल छत्तीस लोगों को निगम और मण्डल में जगह दी गई है। सरकार बनने के बाद निगम मंडलों की नियुक्तियों को लेकर काफी इंतजार रहता है। उसी इंतजार की बेसब्री को खतम करते हुए नवरात्रि के पावन अवसर पर भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा को पर्यटन मंडल अध्यक्ष और योगेश दत्त मिश्रा को श्रम कल्याण मंडल की जिम्मेदारीयां दी गई है। भाजपा के प्रवक्ता की बड़ी जिम्मेदारी उठाने वाले नीलू शर्मा एक बड़ा युवा चेहरा है पूर्ववर्ती डॉक्टर रमन सिंह सरकार मे भी उन्हें सत्ता में भागीदारी के बतौर अध्यक्ष के रूप में लाल बत्ती भी दी गई थी वहीं भारतीय मजदूर संघ में लंबे समय से जिम्मेदारियो को उठाने वाले योगेश दत्त मिश्रा को श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है वे अनेकों मजदूर आंदोलनों का नेतृत्व कर चुके है वहीं सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों ही नेता एक दूसरे के पड़ोसी है।

# वैष्णव समाज ने डॉ रमन सिंह से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपकर राजगामी संपदा के अध्यक्ष महेंद्र वैष्णव को बनाने की मांग किया

**राजनांदगांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों द्वारा आज दिनांक 03/04/2025 को विधानसभा अध्यक्ष निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह से प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन पत्र सौंपकर मांग किया गया कि राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद पर महेंद्र वैष्णव को बनाने की माँग की हैं। पूर्व में भी लगातार समाज द्वारा राजगामी सम्पदा का अध्यक्ष बनाने की मांग करते आ रहे है। महेंद्र वैष्णव जी विगत 30 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं अपनी सामाजिक सेवा देते आ रहे हैं। समाज द्वारा वैष्णव समाज की भवन निर्माण के अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए 30 लाख की राशि विधायक निधि से माननीय डॉ रमन सिंह जी मांग की गई हैं। उक्त दोनों मांगो को गंभीरता से लेते डॉ साहब के द्वारा वैष्णव समाज को आश्वस्त किया गया हैं। मुलाक़ात में प्रदेश सलाहकार देव कुमार निर्वाणी, जिला अध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला प्रभारी शिव कुमार वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला संरक्षक महेंद्र वैष्णव, मण्डल अध्यक्ष अनूप दास वैष्णव, सलाहकार मेघदास वैष्णव, सचिव तजेंद्र वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, दीपक वैष्णव (उपसरपंच अचानकपुर भाटापारा) , सुरेन्द्र वैष्णव, कमलेश वैष्णव, मनोज निर्वाणी( जिला संयोजक, झुग्गी झोपड़ी)साकेत वैष्णव, श्रीमती मिथलेश्वरी वैष्णव, साकेत वैष्णव (जनपद सदस्य) , नारायण दास, राजू वैष्णव एवं अन्य वैष्णव बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**उल्टा पुल्टा**

मंटू- पापा क्या मैं भगवान की तरह दिखता हूं?
पापा- नहीं , पर तुम ऐसा क्यों पूछ रहे हो बेटा?
मंटू- क्योंकि पापा मैं कहीं भी जाता हूं, तो
सब यही कहते हैं हे भगवान फिर आ गया.

## संपादकीय

### बर्ड फ्लू का प्रसार चिंताजनक

दो माह पहले रायगढ़ में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद अब छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में भी इस संक्रमण का प्रसार हो गया है। जिले के बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लूएंजा) की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने उसे प्रतिबंधित क्षेत्र, 10 किमी के दायरे को इन्फेक्टेड जोन तथा 10 किमी के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया है जो अगले तीन महीने तक या आगामी आदेश तक लागू रहेगा। 15 दिन पूर्व यहां कई मुर्गियां व चूजे मरे थे। कलेक्टर ने संक्रमण रोकने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सोमवार की रात को एक अभियान चलाकर कुक्कुट पालन केंद्र में मौजूद 19 हजार से अधिक अंडे, 10 हजार से ज्यादा चूजे, करीब 2500 वयस्क मुर्गियां और इतनी ही बटेरों को नष्ट किया गया है। सभी पक्षियों और अंडों को केंद्र के अंदर ही खोदे गए गड्ढों में दफनाया गया, ताकि संक्रमण न फैले। उन्हें नष्ट करने के बाद कुक्कुट केंद्र को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया है। याद हो कि इसी साल के फरवरी की पहली तारीख के आसपास रायगढ़ के एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने 4300 से ज्यादा मुर्गियां और लगभग 11 हजार चूजों को मारकर दफनाया था। इसके अलावा 26 से अधिक अंडों और 712 क्विंटल कुक्कुट आहार नष्ट किया गया था। इससे संक्रमण रोकने में मदद मिली थी। ये ही कदम अंबिकापुर में भी उठाये गये हैं।

इतनी कम अवधि में दो बड़ी शासकीय पोल्ट्रियों में बर्ड फ्लू का प्रसार बड़ी सतर्कता की मांग करता है। रायगढ़ के बर्ड फ्लू के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिये थे कि इसका प्रसार न हो, इसके लिये पूरी सावधानी बरती जाये। अंबिकापुर पोल्ट्री में भी बर्ड फ्लू के प्रसार के बाद राज्य के सभी जिलों के शासकीय तथा निजी पोल्ट्री फॉर्मों की मुर्गियों एवं चूज़ों के स्वास्थ्य की जांच होनी ज़रूरी है तथा उन पर निरंतर नज़र रखी जानी चाहिये। चूंकि संक्रमित कुक्कुटों के सैंपलों को पुष्टि के लिये बाहर भेजना पड़ता है और उसकी रिपोर्ट अक्सर देर से आती है, इसलिये सभी ऐहतियाती कदम पहले ही उठाये जाने चाहिये। संक्रमण के संदेह वाली पोल्ट्रियों की मुर्गियों, चूजों तथा अंडों को यथाशीघ्र नष्ट करना ही श्रेयस्कर होता है।

उल्लेखनीय है कि ऐसे संक्रमित मुर्गियों या उनके अंडों के सेवन से इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर हो सकता है। वैसे बिना सेवन के भी संक्रमण का प्रसार सम्भव है। किसी को यदि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या हो तो उसे तत्काल चिकित्सकों से सम्पर्क करना चाहिये। शासकीय अस्पतालों में सरकार की ओर से इसके इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। इससे पूरी तरह से सावधान रहने की ज़रूरत है।

## चंद्रहास को बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई



**महासमुंद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर को छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड का अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा शहर मण्डल के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पर मिलकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, महामंत्री एम् आर विश्वनाथन, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महिलामोर्चा पूर्व जिलाध्यक्षगण सुजाता विश्वनाथन, मीना वर्मा, हनीश बग्गा, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, माखन पटेल, राकेश सचदेवा, होमांशु चंद्राकर, शरद राव, गोविंदसिंह ठाकुर, सूर्यप्रताप सिंह, सुरेंद्र दास, विजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद चन्दू लाल को किशोर देवांगन ने दी बधाई



**नवापारा राजिम,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने आज गुरुवार सुबह श्री साहू के राजिम स्थित निवास पहुंचकर श्री साहू को उनकी नियुक्ति पर बुके भेंटकर बधाई देते हुए उनसे आशीर्वाद लिया। श्रीसाहू ने भी किशोर को पुत्रवत आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

देवांगन ने बताया कि चंदूलाल जी छत्तीसगढ़ की राजनीति में अजेय योद्धा हैं। अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में उन्होंने दिग्गज अमितेश शुक्ल को पराजित कर हर किसी को हैरान करते हुए राजिम विधानसभा में कमल खिलाया था। इसके बाद अपने पहले सांसद चुनाव में साहू समाज के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साहू को, तो दूसरे चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी को पराजित कर अपने राजनीतिक कौशल का परिचय दिया। इन सबके अलावा पार्टी संगठन द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी, उस पर भी वे विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खरा उतरते आए हैं। यानि कुल मिलाकर कहा जाय तो चंदूलाल जी शायद ऐसे नेता हैं, जिन्होंने पार्टी को कभी निराश नहीं किया है। देवांगन ने उम्मीद जताते हुए कहा चंदूलाल को राज्य वेयरहाउस का अध्यक्ष बनाया जाना, निश्चित तौर पर राज्य वेयर हाउस प्रशासन के लिए सकारात्मक साबित होगा।

## महुआ बिनने गए बुजुर्ग पर जंगली सुअर ने किया हमला



**धमतरी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सिंगपुर रेंज में ग्राम अंजोरा में महुआ बिनने गए बुजुर्ग पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया, जिसे गंभीर अवस्था में धमतरी जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अंजोरा निवासी बैसाखूराम 70 वर्ष पिता मानसिंह गुरुवार सुबह 7 बजे महुआ बिनने अपने खेत में गया हुआ था। इसी दौरान अचानक एक जंगली सूअर ने हमला कर दिया। जैसे तैसे वह बचकर पैदल नाला तक वापस लौटा और वहीं पर गिर गया। इसी दौरान गांव का ही एक युवक जितेंद्र बाइक से गुजर रहा था, उसने उठाकर उसे घर तक पहुंचा। परिजन उसे सिंगपुर अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराए। महिला फॉरेस्ट गार्ड एसएस दुग्गा ने बताया कि महुआ बिने गए बैसाखू पर जंगली सूअर ने हमला किया है। तात्कालिक 1000 की आर्थिक सहायता दी गई है आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## चंदूलाल साहू को बधाई देने वालों का लगा तांता



**राजिम,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लगातार दो बार महासमुंद लोकसभा के सांसद रहे और राजिम विधानसभा से विधायक रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंदूलाल साहू को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम (वेयर हाउस) का अध्यक्ष बनाये जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर देखी जा रही है. राजिम स्थित श्री साहू के निवास स्थान पर आज सुबह से ही उन्हें दिनभर बधाई देने आने वालो का ताता लगा रहा. समर्थकों और प्रसंशको के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजुम उन्हें आज बधाई देने पहुंची जिससे अरसे बाद पूर्व सांसद चंदूलाल साहू के निवास में रौनक देखा गया. समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया.

घटारानी-जतमई-झरझरा तीर्थ क्षेत्र और पर्यटन स्थल से लगे अनेक गावों के कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम मुरमुरा के पार्टी कार्यकर्ता नारायण साहू, नारद साहू, खोवाराम, रोहित साहू, किशन साहू एवं समाजसेवी गणेश साहू भी आज प्रात: नवनियुक्त अध्यक्ष श्री साहू को बधाई देने उनके निवास पहुंचे जिन्होंने पूर्व सांसद श्री साहू को एक सभ्य और कर्मठ नेता बताया. उनके पार्टी के प्रति समर्पण को इस प्रतिसाद का प्रतिफल बताते हुए ग्रामीणों ने कहा की चाहे पद में रहे या ना रहे वे सदैव कार्यकताओं को सर्व सुलभ रहे है. आमजन के सुख-दु:ख में श्रीसाहू बराबर भागीदार रहते आये है. ग्रामीणों ने उनके उम्दा व्यव्हार कुशलता की तारीफकरते हुए बताया कि पूर्व सांसद संत पवन दीवान के बाद राजिम और महासमुंद क्षेत्र में इतने सभ्य, शालीन, शांत और कर्मठ राजनेता का क्षेत्र में होना गौरव की बात है.।

## धारदार बटंची चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



**धमतरी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था तभी विंध्यवासिनी मंदिर के पास मुखबिर से सूचना मिला कि पूजा राईस मिल सिहावा रोड धमतरी में एक युवक धारदार बटंची चाकू को लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार पूजा राईस मिल सिहावा रोड धमतरी के पास पहुंचकर देखे मुखबिर के बताये व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार बटंची चाकू को अपने हाथ लेकर आम जगह पर लहरा रहा था जिसे देखकर आने जाने वाले लोगो में भय व्याप्त था।

पुलिस द्वारा उक्त युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गुलशन उर्फ पिन्टू साहू पिता धनी राम साहू उम्र 25 साल साकिन दानी टोला बरपारा धमतरी का रहने वाला बताया। आरोपी के कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफतार कर आरोपी से धारदार लोहे का बटंची चाकू जप्त कर उनके विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी गुलशन उर्फ पिन्टू साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। धमतरी पुलिस द्वारा धमतरी शहर में ऐसे घटनाओं को रोकने के लिये ऐसे असामाजिक तत्वों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से प्रआर. जामवंत देशमुख, आरक्षक रंजित कुर्रे, संतोष ठाकुर, डायमंड यादव, भूपेंद्र पदमशाली का विशेष योगदान रहा।

## नवनिर्वाचित नपा उपाध्यक्ष कल करेंगे पदभार ग्रहण



**महासमुंद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा शहर मंडल की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व पार्षद संदीप घोष, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महिला नेत्री पूर्व पार्षद मीना वर्मा सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई। बैठक में भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा आगामी 5 अप्रैल को नगरपालिका के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के पदभार ग्रहण की भी जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल की सुबह 11 बजे सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं को जिला भाजपा कार्यालय में उपस्थित होना है, जहां से महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में रैली के रूप में नगर पालिका में 12 बजे विधिवत पदभार ग्रहण किया जाएगा। भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रमों के तहत 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिकाए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठीए पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप घोष ने कहा कि शहर मंडल के सभी 46 बूथों में 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर सार्वजनिक उपयोगी स्थलों में स्वच्छता अभियानए रंगोलीए झंडा तोरण साज सज्जा, संगोष्ठी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान की जानकारी दी गई। बैठक का संचालन और आभार मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद माखन पटेल, निश्चय चंद्राकर, पीयूष माधुरी यादव, पवन पटेल, हाफिज कुरैशी, मुन्ना साहू, हिमांशु, राकेश सचदेवा, अशोक साहू, नईम खान, अशोक साहू आदि मौजूद थे।

## सशिमं नवापारा में केंद्राध्यक्ष प्रियंका साहू का आत्मीय अभिनंदन




**नवापारा राजिम,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में कक्षा पांचवी और आठवीं शिक्षा सत्र 2024-25 का बोर्ड परीक्षा सफलता पूर्वक आयोजित हुआ। केंद्राध्यक्ष सुश्री प्रियंका साहू व्याख्याता शास.कन्या शाला गोबरा नवापारा को विधिवत निर्विघ्न परीक्षा संपन्न कराने के लिए समारोह पूर्वक उनका आत्मीय स्वागत अभिनंदन कर उन्हें श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर बिदाई दी गई। इस अवसर पर प्रियंका साहू ने कहा कि- केंद्राध्यक्ष एक प्रशासनिक पद हैं, लेकिन अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच मंच सजाकर सम्मान देना आपके संस्कार- त्याग और समर्पण को दर्शाता हैं। यहां से जाने के बाद जब फिर मुलाकात होगी तब एक आत्मीयता का भाव विकसित होंगे। यह पल मेरे लिए गौरव पूर्ण हैं। शिशु मंदिर की पूरे देश में एक अलग पहचान हैं। मुझे हार्दिक प्रसन्नता हैं मै आप सभी के साथ एक यादगार लम्हें संजोकर जा रही हूं। इस शुभ अवसर पर शिक्षिका सरोज कंसारी ने अपनी रचना संसार पुस्तक विद्यालय और प्रियंका मैडम को भेंट किया। वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव ने पूरे विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात हैं एक साहित्यकार विद्यालय परिवार का हिस्सा हैं सरोज कंसारी का पुस्तक प्रकाशन एक बड़ी उपलब्धि हैं। हमारी यही अपेक्षा हैं आप बहुत आगे बढ़े और खूब नाम रोशन करे। निरंतर लिखते रहना आपकी कलम कभी रुके नहीं। परीक्षा प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक, नरेश यादव, कृष्ण कुमार वर्मा दीपक देवांगन, रेणु निर्मलकर, नरेंद्र साहू, नंद साहू, तामेश्वर साहू, नारायण पटेल संजय सोनी वाल्मीकि धीवर,, ममता साहू, मंजू साहू, परमेश्वर सिन्हा, हुलेश्वरी साहू लोमेश साहू, चेतन साहू, प्रतिभा यादव, खिलेश साहू उपस्थित रहें।

## राज्य को नशे में डुबाने का काम कर रही सरकार : कृष्णा



**महासमुंद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कहा कि सरकार द्वारा शराब के दामों में गिरावट करना प्रदेश को नशे में डुबोने जैसा निर्णय है। भाजपा सरकार द्वारा स्कूलों में उपयोग होने वाली स्टेशनरी सामग्रियों में लगातार बढ़ोतरी करना और शराब जैसे जहर के दामों को कम करना छत्तीसगढ़ प्रदेश को नशे का आदि बनाने वाला कार्य है। पूर्ण शराब बंदी का दावा करने वाली ये सरकार लगातार गांव.गांव में शराब का करोबार कर रही है। जिस गति से प्रदेश में शराब के कारोबार का विस्तार भाजपा की सरकार कर रही है। उस गति से अगर वह मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम करती तो प्रदेश की जनता का भला होता। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा कि शराब का दाम कम कर आखिर सरकार किसे लाभ दिलाना चाहती है, इस बात को प्रदेश की जनता को समझने की आवश्यकता है। आज लगातार शराब के नशे के चलते प्रदेश का माहौल बिगड़ता जा रहा है। घर. परिवार शराब के नशे में बर्बाद हो रहे हैं। ऐसे में शराब के दामों को कम करना शराबखोरी को बढ़ावा देना है। श्री चंद्राकार ने कहा कि मोदी की गारंटी के खोखले वादों के दम पर सत्ता प्राप्त करने वाली सरकार को सिलेंडर के दाम कम करने बात नहीं सूझी। बेरोजगारी की मार झेलने वाले हजारों युवाओं को रोजगार देने की याद नहीं आई। उन्होंने कहा कि शराब के दाम में कटौती करना यह संदेश देता है कि प्रदेश के युवा नशे में डूब जाए और सरकार से सवाल करना छोड़ दें।

## रामनवमी पर इमलीभाठा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में होगी प्रसादी वितरण

**महासमुंद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। इमली भाठा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा रामनवमी के अवसर पर सुबह 9 बजे से पूजा अर्चना रामचरितमानस पाठ एवं प्रसादी वितरण के साथ विविध कार्यक्रम संपन्न होंगे। जानकारी देते हुए समिति के सांस्कृतिक प्रभारी टेकरामसेन ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति के द्वारा रामनवमी का कार्यक्रम उल्लास मय वातावरण में संपन्न होगा। इस अवसर पर अलग.अलग मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुतियां होगी एवं भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से मोहल्ला एवं शहर वासियों से अपील की गई है कि उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति देकर अपने जीवन को धन्य करें एवं भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए इस आध्यात्मिक आयोजन में शिरकत करें। आयोजन समिति के अध्यक्ष दुर्जन राम सॉरी, सचिव जीएस ठाकुर, कोषाध्यक्ष महावीर पवार, नीलमणि चंद्राकर, उपाध्यक्ष जीएस गौर, सुदामा मिश्रा, बंसी साहू, विजय चंद्राकर, पार्षद गण माखन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पंचमी महोत्सव, धीवर समाज ने शहर में निकाली भव्य चुनरी यात्रा




**धमतरी,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। धीवर समाज में नवरात्र महोत्सव की धूम है। मां शीतला मंदिर परिसर में रोजाना छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गो और महिलाओं के विविध प्रतियोगिताएं भी हो रही है। बुधवार को महापंचमी पर भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मां दंतेश्वरी, मां बम्बलेश्वरी, मां विंध्यवासिनी और मां शीतला दाई को चुनरी, प्रसादी चढ़ाकर सबकी खुशहाली की कामना की।

नवरात्र महोत्सव के महापंचमी पर धमतरी शहर में देवी मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन के लिए तांता लगा रहा। बुधवार की शाम 6 बजे मकई गार्डन से धीवर समाज ने भव्य चुनरी यात्रा निकाली। समाज के संरक्षक परमेश्वर फूटान, अध्यक्ष नर्मदा जगबेड़हा की अगुवाई में निकली इस चुनरी यात्रा में समाज की महिलाएं सिर में चुनरी और प्रसादी की टोकरी धारण कर चल रही थी। आगे-आगे धुमाल की धुन पर बच्चों और युवाओं की टोली नाचते-गाते चल रहे थे। बड़े-बुजुर्ग हाथों में धर्म ध्वजा लेकर देवी मां के प्रति आस्था जताते चल रहे थे। जैसे-जैसे यह शोभायात्रा रास्ते में आगे बढ़ते गई, विभिन्न बस्तियों से आए समाजजन इसमें जुड़ते गए। शोभायात्रा के पूर्व मां दंतेश्वरी माई रिसाईपारा पहुंचकर देवी मां चुनरी चढ़ाया। ब्राम्हणपारा स्थित मां बम्लेश्वरी देवी तथा नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में चुनरी चढ़ाया। अंत में मां शीतला मंदिर पहुंचकर चुनरी-प्रसादी चढ़ाकर धीवर समाज व शहरवासियों की निरोगी काया, सुख-समृद्धि की कामना की। चुनरी यात्रा में धीवर महिला समाज की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी, समाज प्रमुख होरीलाल मत्स्यपाल, सोहन धीवर, सोनूराम सपहा, भुवन लाल धीवर, फिरोज हिरवानी, कोमल सार्वा, अजय मीनपाल, कृष्णा हिरवानी, यशवंत कोसरिया, राजू ओझा, गणेश कोसरिया, खूबलाल धरमगुड़ी, चेतन धरमगुड़ी, ओमप्रकाश नाग, हरीश मत्स्यपाल, पवन हिरवानी, आशा धीवर, मीना बैगा नाग, धृति हिरवानी, रेणुका हिरवानी, मोतीलाल धीवर, प्रकाश नाग, केशव सपहा, जागेश्वर नाग, दुर्गेश रिगरी, बलराम हिरवानी, दिलीप नाग, हेमंत धरमगुड़ी, रेवती ओझा, कीर्तन मीनपाल, बसंत नाग, शेषनारायण धरमगुड़ी, शैलेन्द्र नाग, लेखराम नाग, उत्तम धीवर समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

**करते हैं कुटुम्बजन सामूहिक पूजा**

समाज के संरक्षक परमेश्वर फूटान ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि माता शीतला को दही, भीगा हुआ चनादाल, कच्ची हल्दी, नीम की पत्ती चढ़ाने पर सभी प्रकार के चर्म रोगों जैसे चेचक, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पीएम आवास योजना में छूटे पात्रों का सर्वे शुरू, आवेदन 15 तक

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत छूटे पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए आवास प्लस 2.0 के जरिए सर्वे शुरू हो गया है। यह सर्वे हर ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। पात्र हितग्राही 15 अप्रैल 2025 तक अपना नाम सर्वे सूची में जुड़वा सकते हैं।



# पिथौरा उत्कल समाज को 21 लाख देने की घोषणा विधायक संपत ने किया

**पिथौरा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्कल दिवस के उपलक्ष्य में करण उत्कल महिला मंच के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। स्थानीय अग्रसेन भवन में सर्व प्रथम समाज के प्रमुख महिलाओं द्वारा भगवान जगन्नाथ के छाया चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उत्कल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के प्रथम चरण में करण उत्कल समाज पिथौरा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सपथ ग्रहण समारोह हुआ जिसमे नव नियुक्त अध्यक्ष नंद कुमार महंती, उपाध्यक्ष घनश्याम महंती, सचिव आकाश महंती, कोसा अध्यक्ष सतीश पटनायक, संघठन प्रभारी देवा महंती को समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवशंकर पटनायक के द्वारा समाज के प्रति निष्ठा एवं समर्पित रूप से कार्य करने सप्ताह दिलाई गई।

द्वितीय चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शिव शंकर पटनायक विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा, मनोहर महंती, नंद कुमार महंती, अर्चना महंती, स्नेहा महंती, अमित महंती मंचासीन थे अतिथियों के स्वागत पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा उड़ीसा राज्य के वंदे उत्कल जननी छत्तीसगढ़ राज गीत अरपा पैरी के धार के पश्चात समाज के सदस्य अनिल पटनायक द्वारा गणेश वंदना गीत गाया गया। सर्व प्रथम करण उत्कल महिला मंच की अध्यक्षा अर्चना महंती स्वागत भाषण प्रस्तूत की विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित स्नेहा महंती, अमित महंती, एवं मनोहर महंती ने कार्यक्रम को संबोधित किए। समाज की सदस्या लीना महंती और लोपामुद्रा महंती ने उड़िया संस्कृति उत्कल दिवस एवं उत्कल समाज पिथौरा इकाई के बारे में उड़िया एवं हिंदी भाषा में कार्यक्रम को संबोधित किया साथ ही बागबहरा से आये सामाजिक सदस्य सुरेश महंती ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में पिथौरा नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की




उड़िया नृत्य उड़ीसा की कला पूरे देस में प्रसिद्ध है छत्तीसगढ़ का पड़ोसी राज्य से लगे छत्तीसगढ़ में इसका प्रभाव देखने को मिलता है पिथौरा नगर की समस्त जानता को उत्कल दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। करण उत्कल समाज पिथौरा के अध्यक्ष नंद कुमार महंती मंच के माध्यम से उत्कल दिवस की बधाई देते हुए माँग पत्र का पठन किया। कार्यक्रम को अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार शिवशंकर पटनायक ने उड़िया संस्कृति, उड़ीसा राज्य एवं उत्कल दिवस के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि डॉक्टर संपत अग्रवाल विधायक बसना ने कार्यक्रम को संबोधित समस्त समाज जनों को उत्कल दिवस की बधाई दी। डॉक्टर अग्रवाल ने कहा की मैं स्वयं भगवान जगन्नाथ जी का परम भक्त हूँ। मैं आज जो कुछ भी हूँ भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से हूँ। मैंने विगत बीस वर्षों से उड़ीसा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लगातार प्रभु की सेवा की है। आज पर्यंत तक उड़ीसा राज्य में मेरा व्यवसाय संचालित है। उड़िया संस्कृति और संस्कारों से मैं भलीभांति परिचित हूँ। करण उत्कल समाज पिथौरा की माँग पर बसना विधायक डॉक्टर सम्पत अग्रवाल ने सामाजिक भवन हेतु 21 लाख एवं बोर खनन और मोटर पंप की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन आकाश महंती, देवा महंती ने किया। नगर के अन्य समाज से आये सदस्यों नगर के विभिन्न समित्ति एवं पत्रकार संघ को मंच से सम्मानित किया गया! कार्यक्रम के अंतिम चरण में समाज के बच्चो ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी, एवं उड़िया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, समाज के युवा सदस्य के साथ-साथ महिलाओं ने भी भजन हिंदी एवं उड़िया गीतों से समा बांध दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य बीजू पटनायक ने प्रति वर्ष के भांति स्वय प्रतिदिन अपने आमदनी से बचाकर गुल्लक में एकत्रित किए पैसों को समाज को भेंट किया इस सराहनीय कार्य के लिए समाज ने बीजू पटनायक को धन्यवाद दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन रश्मि महंती, राधा महंती, अनिता महंती पूजा महंती ने किया। इस कार्यक्रम में पिथौरा के साथ - साथ महासमुंद, बागबहरा, आरंग, रायपुर, झलप, बसना, ढाबाखार एवं सराईपाली के सामाजिक जन सामिल हुए। आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ सदस्य मधु महंती ने किया।

# कन्या दो कुल को तारती है इसलिए शिक्षा जरूरी : महंत रामसुंदर दास

**पलारी**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बालाजी बाडा पेंड्री में बालाजी मंदिर परिसर के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन करते हुए राजेश्री महंत राम सुदरदास जी ने कहा कि ग्राम पंचायत पेण्ड्री का नाम पूरे भारत में प्रसिद्ध हो गया है क्यूंकि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने दूधाधारी मठ बजरंग दास गुरु के नाम से काली बाड़ी रायपुर में कन्या महाविद्यालय स्थापित किया गया 1958 में जब कन्या को पढ़ाना बड़ा दूभर था तब कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई और इसमें ग्राम पंचायत पेंड्री से 301 एकड़ ट्रस्ट की जमीन कन्या महाविध्यालय को संचालित करने दान में दी गई है और यहां की दो कन्या को पढ़ाई के खर्च सहित नि:शुल्क व्यवस्था रहती है।



महंत ने कहा कि राजा जनक जी ने कहा था कि च्पुत्रि पवित्र किए कुल दोउज्अर्थात् पुत्री दो कुल को तारती है इसलिए उनके पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए, उन्होंने सभी को आपसी सदभाव से रहना चाहिए और कहा कि च्जहाँ सुमति तहाँ सम्पत्ति नाना जहाँ कुमती तहाँ विपत्ति नाना च इस बाडा में सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक वैवाहिक मरनी हरनी छट्ठी के लिए नि:शुल्क दिया जाता है। पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि परम श्रद्धेय महंत रामसुंदर दास ने जीर्ण शीर्ण हो चुके मंदिर परिसरो को सभी जगह नया बनाया है इसी क्रम मे आज पेंड्री बाडा का भी पूजन किया है मैं पूरे छेत्र की तरफ़ से इन्हें और सभी ट्रस्टी को साधुवाद देता हूँ। कार्यक्रम को ट्रस्टी विजय पाली, दाऊ मंगल विनोद अग्रवाल, श्रीराम पाली, डॉ अयाज अहमद फ़ारूकी, भूनेश्वर वर्मा ने भी संबोधित किया आभार व्यक्त करते हुए सरपंच प्रतिनिधि दलेनड्रा निषाद ने कन्या महाविद्यालय में सीट बढ़ाने की मांग की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुजारी नाग जी महाराज, सुखदास जी, हेमंत दुबे, राम छबि दास, राम तीरथ दास, चंद्रिका मिश्रा, संतोष चंद्राकर, संदीप पांडे, पिकेश जायसवाल, कामता फ़ेकर, सरपंच सुनीता निषाद, उप सरपंच ईश्वरी निषाद, सुखी राम बांधे, खेदन दास, तिजाऊ राम यादव, देव कुमार बघेल सहित माता बहने ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कभी फटे जूतों की करते थे सिलाई, अब बने छग चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष



**आरंग**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी में पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की तकदीर कब बदल जाए ये कोई नहीं बता सकता। बुधवार देर रात भाजपा द्वारा जारी निगम मंडल और आयोग की सूची में कई चौंकाने वाले नाम सामने आए। इनमें से एक नाम है वरिष्ठ भाजपा नेता और वर्तमान में आरंग नगर पालिका के पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा का। भाजपा ने आरंग नगर पालिका के 05 बाद के पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा को छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मिर्धा के अध्यक्ष बनने के बाद आरंग में खुशी की लहर है। पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति आभार जताया है। आपको बता दे कि एक समय ऐसा था जब ध्रुव कुमार मिर्धा आरंग में घूम घूमकर लोगों के फटे हुए जूते और चप्पल की सिलाई करते थे। हमेशा से भाजपा पार्टी के लिए समर्पित रहने वाले ध्रुव कुमार मिर्धा अपनी कार्यशैली और मिलनसार व्यक्तित्व से प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके है। छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष बनने पर ध्रुव कुमार मिर्धा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेश संगठन पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

## ज्योति चंद्राकर की सक्रियता से नपं कुरूद विकास की ओर अग्रसर

**कुरुद**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते ही ज्योति भानू चंद्राकर नगर विकास के लिए किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए अभी से सक्रिय हो गई है। वह शहर को नशा एवं कचरा मुक्त बनाने के लिए एक ओर महिला कमांडो का गठन कर एक सार्थक पहल की है। तो वहीं दूसरी ओर नगर के सभी वार्डो का निरीक्षण कर सभी सार्वजनिक शौचालय का रंग रोगन एवं मरम्मत करने के साथ-साथ व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में डस्टबिन का वितरण किया है। इतना ही नहीं शिक्षण संस्थानों में भी साफ सफाई को विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपने लगभग एक माह के कार्यकाल में एक नया किर्तीमान स्थापित करते हुए नगर पंचायत कुरूद को विकास की ओर ले जाने का काम किया। ( एक माह के अंदर किए गए कार्य ) नगर की पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने वंदे मातरम् परिवार कुरूद द्वारा 2 अप्रैल को नगर पंचायत को दो टैंकरों का लोकार्पण किया। (2) निस्तार के लिए नगर के सभी तालाबों को नहर के पानी से भरने के लिए तालाबों से लगे छोटे-छोटे नालियों का साफ सफाई करायी गई। (3) गर्मी को देखते हुए समस्त कार्यालय, सार्वजनिक संस्थानों, में स्थित वाटर कूलरों की मरम्मत करवाया गया। (4) नगर के सभी वार्डों में नल का पानी सुचारु रूप से वार्डों के घरों तक पहुंचे इस हेतु पाइपलाइन विस्तार वाल चेकिंग कराया गया। (5) 2 अप्रैल को स्वच्छ भारत अभियान के तहत, नवरात्रि के पावन अवसर पर, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, एवं सभी पार्षदों की उपस्थिति में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं वार्डों के घरों में डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। (6) जर्जर अवस्था में पड़े नगर के सभी सार्वजनिक शौचालयों का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार एक माह में कई उपलब्धि भरा कार्य करा रहे हैं। श्रीमती ज्योति भानू चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद ने संवाददाता से चर्चा में बताया परिषद की बैठक के बाद आगामी रूपरेखा तैयार किया जाएगा।



## करंट की चपेट में आने से एक की जान बची, दो की गई



**नगरी**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। करंट के चपेट में आने से दो बकरियों की जान चली गई वहीं एक व्यक्ति को समय रहते बचा लिया गया, नहीं तो उसके साथ भी बड़ा हादसा हो सकता था। जनपद सदस्य दुर्गेश नंदिनी साहू ने बताया कि जोहन यादव बकरी चराने गया था, बांधा तालाब के पास अचानक एक व्यक्ति और दो बकरी करेंट की चपेट में आ गए, राहगीरों के मदद से मानव जान तो बचा ली गई पर दो मूक जानवर की जान चली गई। घटना करीब 4 बजे शाम की है, गुरुवार को दोपहर बाद नगर सहित क्षेत्र के कई जगहों पर रिमझिम बारिश हुई, हों सकता है करंट लगने का ये बड़ा कारण हो। विद्युत एवं पुलिस विभाग में फोन के माध्यम से सूचना दी गई थी, सूचना मिलते ही विद्युत कर्मचारी पहुंचकर करंट सप्लाई बंद किया। दुर्गेश नंदिनी द्वारा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करा दिया गया है, पुलिस जांच में जुट गई है।

## आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में गोदभराई कार्यक्रम



**नगरी**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सुपोषण चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में 3 माह के गर्भवती महिलाओं की अच्छी सेहत, पोषण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। उपस्थित महिलाओं को हरी सब्जियों से भरी टोकरी भेट की गई। इस मौके पर वार्ड पंच वरूण देव नेताम, सुमित्रा नेताम, भाजपा बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, मोनिका नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजिनी नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राजेंद्र, अजय ने दी बधाई



**नगरी**, 3 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा वरिष्ठ नेता, जिला भाजपा मंत्री धमतरी राजेंद्र गोलछा और पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा उनके रायपुर स्थित निवास पहुंच कर बधाई दी।

## आरंग नपा परिषद की बैठक नहीं होने से नाराज कांग्रेस पार्षदों में सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**आरंग**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लंबे समय से आरंग नगर पालिका परिषद की बैठक नहीं होने से नाराज कांग्रेस पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द परिषद की बैठक बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि लगभग 4 माह से आरंग नगर पालिका परिषद की बैठक आहुत नहीं कि गई है। आम जनता के मूलभूत कार्य जैसे वृद्ध पेंशन, पेंशन, विकास कार्यों की दर स्वीकृति हेतु, नामांतरण हेतु, नगर विकास संबंधी सभी विकास अन्य कार्य का निर्णय नगर पालिका परिषद की बैठक में लिया जाता, बैठक न होने की वजह से सभी काम लंबित है जिसे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्षदों मुख्य नगर पालिका अधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द नगर पालिका परिषद की बैठक कराई जाए ताकि आम जनता के रुकी हुए कार्यों को जल्दी कराया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद खिलावन निषाद, पार्षद ईश्वर पटेल, पार्षद समीर गोरी, पार्षद शरद जीतू गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि सूरज सोनकर उपस्थित रहे।

## सोनकर समाज द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान



**आरंग**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कु. खुशबू सोनकर पिता मदन सोनकर को छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के महाधिवेशन 2025 में बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के रूप में ट्रॉफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वर्गीय रतनु सोनकर की स्मृति में अजय सोनकर द्वारा वाणिज्य संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर कुमारी खुशबू सोनकर पिता मदन सोनकर को ट्रॉफी प्रदान की गई। चि.रामेश्वर सोनकर पिता श्री मोहित सोनकर को कला संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर समाज ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समाज के सभी पदाधिकारी गण, शाला विकास समिति के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छात्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। विद्यालय की प्राचार्य यशोदा योगी, उपप्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन ने हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

# सेवानिवृत्त सैनिक मुकेश साहू का घर वापसी पर भव्य स्वागत

**बिलाईगढ़**, 3 अप्रैल (देशबंधु)। जिले के गांव बिलासपुर टाटा के ग्रामवासियों ने सेना में सेवा देकर लौटे मुकेश साहू को उनके सेना की सेवा कार्य पूर्ण कर घर वापसी पर भव्य स्वागत किया। ग्रामवासी, इष्ट मित्र एवं परिवार वाले सभी बाजे-गाजे के साथ सरसीवां बस स्टेण्ड पहुंचे जहां मुकेश साहू का रंग-गुलाल, फूल माला व फटाकों से भव्य स्वागत एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। तत्पश्चात् सरसीवां से ग्राम बिलासपुर -टाटा तक रैली निकाली गई। जगह-जगह ग्राम वासियों द्वारा उनका स्वागत-सत्कार किया गया। अंत में उनके निवास स्थान पर स्वागत सभा का आयोजन किया गया।

सेना में 20 साल सेवा दे चुके मुकेश साहू सरल स्वभाव के व्यक्ति होने के कारण हर छोटे बड़े लोगों से मित्रता है। इन्होंने सन 2005 से 2025 तक का सफर पूरा किया जहां ग्वालियर, कारगिल, जयपुर, असम, नागपुर और चंडीगढ़ में अपनी सेवाएं दी। समारोह में मुकेश ने समस्त ग्रामवासियों एवं अन्य सदस्यों को उनको दिए सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## संकुल प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा ने किया औचक निरीक्षण

**आरंग**, 3 अप्रैल। गुरुवार को संकुल केंद्र गुल्लू के संकुल प्रभारी प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा (प्राचार्य.उ.मा. विद्यालय गुल्लू) ने जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा 2025 के अंतिम दिन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकोलीकला (भाऊ) औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। आज संस्कृत विषय की परीक्षा थी, निरीक्षण के दौरान खेमलाल ठाकुर व्याख्याता, शास.उ.मा.विद्यालय गुल्लू, विनोद कुमार बंसोर केंद्राध्यक्ष, एवं शिक्षकगण विमलचंद सोनवानी, पन्ना लाल खूंटे उपस्थित रहे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### रामनवमी पर इमलीभाठा स्थित ...

पटेल, श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर, जय देवांगन, समिति के सदस्य गण राजेश सोनी, ओमप्रकाश देवांगन, छेदी लाल राठौर, संतोष देवांगन, नेमीचंद, पुराण देवांगन, गोवर्धन साहू, एम आर रौतिया, लालाराम साहू, जगदीश साहू, संरक्षक गण राहुल चंद्राकर, दीनू बेहरा, पप्पू ठाकुर, हनीश बग्गा, हीरा सिंह साहू, एम आर विश्वनाथन, देवी चंद राठी, राजेश चंद्राकर, संजीव कर्मकार, धर्मेंद्र महोबिया सहित समस्त पदाधिकारी ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है

### पंचमी महोत्सव, धीवर समाज ...

सेंदरी माता आदि से जल्द राहत मिलती है। धीवर समाज की ओर से हर साल चैत्र और कुंवार नवरात्र महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। समाजजन शीतला माता मंदिर में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना, साधना करते हैं, ताकि कुटुम्बजनों के साथ ही धमतरीवासियों में सुख-समृद्धि हो।

**स्वच्छता-स्वास्थ्य की देवी दाई शीतला**

समाज के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नाग, लेखराम नाग, उत्तम धीवर ने कहा कि माता शीतला को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। इसलिए धमतरी नगर के निवासियों की हर प्रकार की रोगों से रक्षा की कामना को लेकर माता शीतला के मंदिर की स्थापना धीवर समाज की ओर से किया गया है। मंदिर परिसर में सैकड़ों साल पुरानी बावली भी है, जिसे समाज की ओर से संरक्षित कर इसका सौंदर्यीकरण किया गया है। माता और बावली का दर्शन करने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।

## विधायक चातुरी नंद ने किया पंचायत सचिवों की मांगों का समर्थन



**सरायपाली**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद हड़ताली पंचायत सचिवों के धरना स्थल पहुंचकर पंचायत सचिवों की मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से जल्द शासकीयकरण की मांग की। इस संबंध मे मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था परंतु सत्ता में आते ही भाजपा अपने वादे को भूल गई और सालभर के बावजूद आज तक पंचायत सचिवों की मांगो को पूरा करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है जिससे प्रदेश के पंचायत सचिव अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

## तोषगांव में मनाई गई गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम




**बागबाहरा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आज महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण चौपाल आंगनबाड़ी केंद्र तोषगांव में गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कुमारी भास्कर शामिल हुई। इस दौरान महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

## दुकालू यादव का सांस्कृतिक कार्यक्रम बोडरीदादर में आज



**बागबाहरा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत सम्राट गायककार दुकालू राम यादव का सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्राम पंचायत बोडरीदादर के श्री चंडी देव मंदिर में आज 4 अप्रैल शुक्रवार की रात्रि में रखा गया है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील ग्रामवासियों ने की है।

## युवा भाजपा नेता गिरीश चक्रधारी का मनाया गया जन्मदिवस




**बागबाहरा**, 3 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जांबाज युवा नेता ग्राम पंचायत बकमा निवासी गिरीश चक्रधारी का जन्मदिवस केक काटकर कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। श्री चक्रधारी को उनके जन्मदिवस पर बधाई देने वालो में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रवि साहू, लोकनाथ बारी, श्रीमती कुमारी भास्कर, जनपद सदस्य लोचन पटेल, धनंजय साहू, ग्राम पंचायत पाली के सरपंच भुनेश्वर लोधी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, भाजयुमो मंडल महामंत्री हीरा लाल साहू, दुबेलाल साहू, मूलचंद साहू, कलाराम नायक, ग्राम पंचायत भीमखोज के सरपंच भेखराम बघेल आदि शामिल हैं।

# समितियों में खाद का भंडारण प्रारंभ, किसान शीघ्र करें उठाव

**बिलाईगढ़**, 3 अप्रैल (देशबंधु)। आगामी जून जुलाई की खरीफ फसल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के किसान मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। इस फसल में प्रमुख खाद यूरिया एवं डीएपी का बहुतायत में उपयोग किया जाता है। जिले के किसानों को सुगमतापूर्वक रासायनिक खाद उपलब्ध कराने हेतु अग्रिम उठाव करने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष डी.ए.पी. की अल्प आपूर्ति संभावित है, जिसको देखते हुए उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव ने जिले के किसानों को अन्य विकल्प के खादों का उपयोग करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि सभी कृषि साख समितियों में खाद का भंडारण किया जा रहा है। सभी किसान अपने समिति में जाकर खाद की उपलब्धता पर खाद का उठाव अपनी सुविधा अनुसार शीघ्र कर लें। यूरिया एसएसपी का उपयोग डीएपी के विकल्प के रुप में किया जा सकता है जो कि विपणन संघ के डबल लॉक में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायी जा रही है। प्रारंभिक डोज के रुप में पौधों को फॉस्फोरस की आवश्यकता होती है जो एसएसपी में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। यह जड़ों के विकास के लिए आवश्यक है। एसएसपी के उपयोग से 16 प्रतिशत फॉस्फोरस, 11 प्रतिशत सल्फर तथा 18-21 प्रतिशत कैल्शियम प्राप्त होता है। एक बोरी डीएपी से मिलने वाले तत्वों की पूर्ति हेतु आधा बोरी यूरिया तथा तीन बोरी एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का प्रयोग किया जा सकता है। अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का अनुशंसित मात्रा उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

**खरीफ फसल में डीएपी के बदले यूरिया एसएसपी खाद का उपयोग करे किसान**

# सिविल अस्पताल कुरुद में इलाज कराने वाले मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ की साजिश

## अब बीएमओ कुरुद पैरा मेडिकल कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी से स्टाफ नर्स का करवाएंगे काम





**कुरुद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। सिविल अस्पताल कुरुद में जीवन दीप समिति से स्टॉफ नर्स की नियुक्ति के लिये कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद ने इश्तहार प्रकाशन किया है जिसमें जानकारों के अनुसार बहुत बड़ी खामी नजर आ रहा है और यदि तत्काल इन खामियों में सुधार नहीं किया गया तो सिविल अस्पताल कुरूद में ईलाज करवाने वाले मरीजों की अब खैर नहीं, चूंकि क्क्ष्ह कुरूद ने स्टाफ नर्स के लिए पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी को भी स्टाफ नर्स बनने के लिए योग्य मानकर उन्हें भी स्टाफ नर्स के लिए आमंत्रित किया है।

अवगत हो कि स्टाफ नर्स कार्य के लिए क्स्ष्ट नर्सिंग उत्तीर्ण अभ्यर्थी को ही पात्रता देने का प्रावधान है लेकिन सिविल अस्पताल कुरूद में दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 03 अप्रैल 2025 तक तीन स्टाफ नर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है जिसमें योग्यता पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी को भी प्राथमिकता दिया गया है। जानकारों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन ने विज्ञापन चस्पा किया गया है जिसमे तीन अस्थायी स्टॉफ नर्स रखा जाना है, पर उसके लिये बीएमओ को नर्सिंग और पैरामेडिकल का शैक्षणिक योग्यता में अंतर का पता नहीं होना बड़े ही चिंता की बात है। वहीं अभ्यर्थियों को आवेदन प्रस्तुत करने के लिए मात्र तीन दिन का ही समय सीमा निर्धारित करना भी कई सवालों को जन्म दे रहा है। जबकि नियमानुसार किसी भी ईस्तहार प्रकाशन उपरांत कम से कम सप्ताह भर का समय सीमा दिए जाने का प्रावधान है जिसका पालन नहीं किया गया है।

मामले में लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे लगने लगा है कि बीएमओ एक जिम्मेदार पद में रहते हुए गलत विज्ञापन जारी कर योग्य उम्मीदवारों को गुमराह करना चाहता है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिम्मेदारों ने अपने अपात्र करीबियों को नियुक्ति देने के लिए ही ऐसा साजिश के तहत किया गया हो जो कि जांच का विषय है। वहीं मामले में जीवन दीप समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को बताया जा रहा है लेकिन इस मामले में उनका भी खामोश रहना कई संदेहों को जन्म देता है। मामले में पत्रकारों ने उनके मोबाइल नंबर 8818883390 पर काल कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन स्ष्ठरू महोदय पत्रकारों के सवालों से बचने के लिए फोनकाल ही स्वीकार नहीं किया। जिससे ऐसा लगता है कि शायद यह विज्ञापन व्यक्ति विशेष को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए ही निकाला गया है। वहीं मामले पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी यू एस नवरत्न ने चूक स्वीकार करते हुए कहा कि अस्पताल में अचानक स्टाफ नर्सों की कमी हो जाने के कारण आनन फानन में स्टाफ नर्सों की नियुक्ति किया जाना अति आवश्यक था इसलिए अभ्यर्थियों को अल्प समय ही दिया गया है। तथा स्टाफ नर्सों के पद पर क्स्ष्ट ह्क्रस्ड्डहृत्र कोर्स वालों का ही चयन किया जाएगा। इस्तहार प्रकाशन के समय लिपिकीय त्रुटि के कारण पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण लिखा गया था जिसे विलोपित कर आवेदन करने की समय सीमा को बढ़ाया जाएगा।

हालांक उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उपरोक्त निविदा जीवन दीप समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के आदेशानुसार ही प्रकाशित किया गया है। उन्होंने अध्यक्ष के आदेशों का पालन किया गया है। वहीं जीवन दीप समिति के पदेन अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी कुरूद ने पत्रकारों के सवालों से बचने के लिए पत्रकारों का फोन काल ही स्वीकार नहीं किया। अब देखना होगा कि सिविल अस्पताल कुरूद में स्टाफ नर्स के पदों पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा या उच्च अधिकारीयों के द्वारा अपने करीबी लोगों को उपकृत करते हुए अयोग्य लोगों पर मेहरबान होंगे।

# वाटरशेड यात्रा को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी, 42 गांवों में जागरूकता



**गरियाबंद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जलग्रहण विकास इकाई 2.0 के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा अभियान की शुरुआत की गई है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम ने गुरूवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से प्रचार रथ और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह यात्रा गरियाबंद और देवभोग के 42 गांवों में जाएगी। लोगों को जल और मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रचार वैन गांवों में जाकर वीडियो के माध्यम से जानकारी देगी। भ्रमण के बाद ग्राम सढ़ौली में पानी की पाठशाला, नुक्कड़ नाटक, भूमि पूजन, श्रमदान, कलश पूजा, शपथ ग्रहण और कलश यात्रा जैसे कार्यक्रम हुए।

उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय ने बताया कि गरियाबंद और देवभोग विकासखंड में वर्षा जल संरक्षण के लिए कई गतिविधियां चल रही हैं। किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की जगह दलहन-तिलहन फसलें लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया गया कि पीएम आशा योजना के तहत दलहन-तिलहन की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हो रही है। किसान नजदीकी सहकारी समिति में पंजीयन कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। बीज प्रक्रिया केंद्र गरियाबंद में एमएसपी से अधिक मूल्य पर बीज बेचकर लाभ कमा सकते हैं।

इसके अलावा प्रचार प्रसार के दौरान भूजल के अत्यधिक दोहन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जा रही है। जल संरक्षण के उपाय बताए जा रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. प्रवीण जामरे ने पानी की पाठशाला में जल और मृदा संरक्षण पर व्याख्यान दिया। एग्रोकेट सोसायटी फॉर रूरल डेवेलपमेंट के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने जलग्रहण के सिद्धांतों की जानकारी दी।

# पूर्व मंत्री के हाथों अभिज्ञान ज्वेलर्स का उद्घाटन



**लवन,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। लवन नगर के बस स्टैंड में आज 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के मुख्य अतिथि में अभिज्ञान ज्वेलर्स का फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस अवसर पर संचालक मृत्युंजय पांडे पार्षद नगर पंचायत लवन पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामेश्वर पांडे सतीश पांडे अनुराग पांडे अनूप पांडे अखिलेश जोशी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव धर्मेंद्र खुटे महादेव कोसले प्रवीण टंडनआदि उपस्थित थे इस अवसर पर डॉ डहरिया ने कहा कि लवननगर का यह प्रतिष्ठान बहुत पुरानी है सिर्फ स्थान बदलकर नया प्रतिष्ठान का संचालन हो रहा है बताया गया कि लवन नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय बच्चा महाराज के सुपुत्र पार्षद मृत्युंजय पांडे द्वारा अभिज्ञान ज्वेलर्स का संचालन कर रहे हैं इसके अलावा नगर के विकास में एवं कांग्रेस के विचारधारा से उनके परिवार लंबे समय तक जुड़े हुए हैं।

# खरोरा में गणगौर उत्सव की धूम





**खरोरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खरोरा नगर में गंगौर पूजा अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। गणगौर पूजा पूरे विधि विधान के साथ अनेकों घरों में मनाया जाता है। शादीशुदा एवं कुमारी कन्याओं के द्वारा गणगौर को पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाता है सुबह-शाम पूजा अर्चना की जाती है। गंगौर पर्व प्रत्येक वर्ष होली के दिन से शुरू होकर चैत्र नवरात्रि के तीज तक मनाया जाता है द्य इसमें ईसर और गौरा माता की पूजा की जाती है इनको शिवजी और पार्वती जी का स्वरूप समझा जाता है कुंवारी कन्या अच्छे वर के लिए और सुहागने अमर सुहाग के लिए ये पूजा और व्रत करती है। मारवाड़ी समुदाय के द्वारा 16 दिन की इस पूजा का विशेष महत्व होता हैं। शिव पार्वती की आराधना कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष मांगा जाता है खासतौर नवविवाहित एवं युवतियां माता पार्वती सौभाग्य मांगती है। जिसमे मारवाड़ी समाज की महिलाएं और लड़कियां शामिल थी।

गणगौर पूजा राजस्थान का प्रमुख त्यौहार है इस वर्ष यह पूजा डॉक्टर खुशबू अग्रवाल त्यौहार है इस वर्ष यह पूजा डॉक्टर खुशबू अग्रवाल जी, पिता श्री सत्यनारायण अग्रवाल जी माया अग्रवाल जी अग्रसेन चौक खरोरा के निवास स्थान पर आयोजित की गई।

डॉ खुशबू अग्रवाल जी ने बताया इस पर्व में शिव पार्वती के रूप में ईश्वर गौर की पूजा होली के दिन से शुरू होकर 16 दिन किया जाता है या पूजा अमर सुहाग एवं परिवार की सुख शांति समृद्धि के लिए की जाती है ईश्वर गौरव को बेटी दामाद के रूप में पूजा जाता है इसमें माता जी का जवारा भी बोया जाता है अंतिम दिन गणगौर माता जी की बेटी की तरह धूमधाम से विदाई की जाती है इस पूजा का उद्यापन भी नव विवाहित महिला करती है। इस पूजा में अधिक से अधिक संख्या में मारवाड़ी समाज खरोरा एवं रायपुर की महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

# ग्राम पंचायत तुलसी में भक्त राज गुहा निषाद की जयंती मनाया गया



**सिमगा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत तुलसी में धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ भक्त राज गुहा निषाद की जयंती मनाया गया। ग्राम तुलसी में शिवनाथ नदी तट किनारे स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में सर्वप्रथम पूजा अर्चना के उपरांत भगवान श्रीराम जानकी लक्ष्मण एवं भक्त राज गुहा की झांकी सजाकर बाजे गाजे के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गो में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंचने पर सामाजिक लोगों के द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर स्वागत किया गया। ततपश्चात विभिन्न मानस मंडलियों के द्वारा भगवान श्रीराम एवं भक्त गुहा निषाद के बीच संवाद की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही सुमधुर स्वर से भगवान श्रीराम का भजन गायनकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। वहीं संध्या काल में पूरे मंदिर परिसर में 1100 सौ दीप प्रज्वलित किया गया। साथ ही दीपों से श्रीराम लिखा गया जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा।

इस अवसर मानस मंडली दामाखेड़ा के सदस्य ललित धीवर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम भगवान श्रीराम के सच्चे मित्र भक्त राज गुहा निषाद के वशंज है। हम लोग भक्त और भगवान की कथा श्रवण करने पहुंचते है परंतु हमारा मन कथा में नहीं रहता है। हमारा कल्याण तभी हो सकता है जब हम भगवान के कथा को श्रवण कर अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। भक्त राज गुहा निषाद जयंती के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निषाद समाज के अध्यक्ष कलीराम निषाद ग्राम के सरपंच चंद्रमणि तिवारी पंच पंचराम उपाध्यक्ष अनिल निषाद संचालक आजुराम निषाद मार्गदर्शक रामखिलावन निषाद सचिव उत्ताराकुमार निषाद बड़कू निषाद रितेश निषाद बाबूलाल निषाद भाईराम निषाद गोवर्धन निषाद डां डी डी निषाद प्रहलाद निषाद सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में गोदभराई कार्यक्रम



**जी जामगांव,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में गोदभराई का कार्यक्रम हुआ।

महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा सांचालित सुपोषण चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजनी नेताम ने पोषण रेडी टू इट पैकेट व हरी सब्जी भेंट कर जच्चा बच्चा की स्वस्थ,कुशलता के कामना करते हुए मंगल आरती ली गई। आंगनबाड़ी में 3 माह के गर्भवती महिलाओं को अच्छे सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता व महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही हरी सब्जियों का टोकरी भी दिया गया। इस मौके पर वार्ड पंच वरूण देव नेताम ,सुमित्रा नेताम ,भाजपा बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी ,मोनिका नेताम ,आंगनबाड़ी सहायिका हेमलता मरकाम,नीतू यादव,पिंकी ध्रुव, तमन्ना नेताम,दुर्गेश्वरी,एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# निगम अध्यक्ष बनाए जाने पर चंदूलाल साहू को हार्दिक बधाई



**बागबाहरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके शुभचिंतकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं रुपेश साहू अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण एवं भाजयुमो मंडल महामंत्री हीरा लाल साहू ने बताया कि पूर्व सांसद श्री साहू को निगम मंडल में अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की जा रही थी। जो आज पूरा हो गया। श्री साहू को निगम अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे निगरानी बदमाश गिरफ्तार



**खरोरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार दिनांक 02.04.2025 को मुखबिर से सूचना मिलने पर एक व्यक्ति सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम कुंदरू जलसो की ओर जा रहा है। कि सूचना मिलने पर मौका में नेवरा पुलिस पहुॅचकर घेराबंदी कर मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्ति को पकडा गया जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम पन्ना लाल पारधी पिता बारेलाल पारधी उम्र 40 वर्ष निवासी जलसो का रहने वाला बताया जिसके पास रखे प्लास्टिक थैले की तलाशी लेने पर थैले के अंदर एक सफेद पॉलिथीन में मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 200 ग्राम कीमती 10000/रू का बरामद हुआ। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 124 / 2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्यवाही कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय रवाना किया गया।

# कलेक्टर से मिले जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी



**बागबाहरा,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी ने आज गुरुवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से सौजन्य भेट कर क्षेत्र में पानी की समस्या सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा किया गया। कलेक्टर ने उनके सभी मांगों को गंभीरता से सुना एवं कार्यवाही का आश्वासन दिया।

तत्तापश्चत बीज विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर का पुष्पहार से स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए



**गरियाबंद,** 3 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और बीएमओ को निर्देश दिए कि मैदानी अमले से समन्वय बनाकर जिले की स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पाल, सभी विकासखंडों के बीएमओ, नोडल अधिकारी, बीपीएम और अन्य प्रभारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सभी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सेवा हर हाल में उपलब्ध होनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत जाँच और परामर्श, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और बाल पोषण योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार प्रगति हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को अस्पताल की व्यवस्था के अनुसार इलाज मिले।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों के भवन जल्द पूरा करने और जर्जर भवनों को तोड़ने के निर्देश दिए। संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी एक्सप्रेस, मुक्तांजलि एक्सप्रेस, सरकारी एम्बुलेंस और मोबाइल मेडिकल यूनिट की स्थिति की जानकारी ली। पुराने वाहनों को राइट-ऑफ करने और जिन यूनिटों में डॉक्टर नहीं हैं, उनकी एजेंसी का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अस्पताल में सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण, एएनसी जाँच और जरूरी दवाएँ जैसे आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड उपलब्ध कराई जाएँ। कम प्रगति वाले स्वास्थ्य केंद्रों के जिम्मेदार कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। फिंगेश्वर के बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।

कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन पंचायत स्तर पर गर्भवती महिलाओं की जानकारी जुटाएँ और उन्हें जागरूक करें। मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और परिवार नियोजन में सुधार लाने के निर्देश दिए। बच्चों का पूरा टीकाकरण हो, कोई बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। सिकल सेल, एनीमिया जैसी बीमारियों की जाँच और इलाज हो। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाओं का भंडारण हो और हितग्राहियों को वितरित किया जाए।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु टीम स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों की नियमित जाँच करे। सभी अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त भंडारण हो। बीएमओ अपने क्षेत्र के अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें और अधोसंरचना का बेहतर उपयोग करें। अस्पतालों में सफाई बनी रहे ताकि मरीजों को परेशानी न हो। मैदानी अमले को मुख्यालय में रहकर सेवा देने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें। जहाँ बीमारी फैलने की आशंका हो, वहाँ पहले से टीम भेजकर रोकथाम की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की सभी योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। सभी स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी रोज़ाना बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करें।